दोषाश्च कथम्? [दुष] चित्तवैचित्ये। दूषयन्तीति दोषाः। दूषयन्ति यस्मादध्ययनध्यानादिनिष्ठं साधकं विचित्तं कुर्वन्तीति दोषाः। दोषाणाम् इति षष्ठीबहुवचनम्। आह-किं दोषाणामेव दोषेभ्य एव वा छेत्तव्यमुक्तम्?। न। यस्मादाह-**हेतुः**। अत्र हेतुरधर्मः। कस्मात्?। चित्तच्युतिहेतुत्वात्। यस्मात् तेनाविष्टः साधकोऽध्ययनस्मरणादिभ्यश्च्यवतीत्यतोऽत्राधर्मो हेतुः। धर्मस्तु स्थित्यादिहेतुः। आह-कस्यायं हेतुः?। उच्यते-**जालस्य**। अत्र यदा अधर्मः कूटस्थो नारब्धकार्यस्तदा हेतुरित्युच्यते। यदा त्वज्ञानवासनावशाद्वृत्या स्थित्यादिभावमापन्नस्तदा जालाख्यां लभते। कस्मात्?। जालादिवत् समूहस्येत्यर्थः [ ]। अन्यस्य तन्मयकारणस्याभावात्। जालस्येति षष्ठी छेदनशेषत्वे वर्तते। अतश्छिन्नमेव भवति। कस्मात्?। दोषचित्तसन्निपातप्रभवत्वाद्धेतुजालयोः। आह-किं प्रतिसम्बन्धि दोषहेतुजाल-संश्लिष्टं भवति। तदा कथमभिलप्यते। तदुच्यते-**मूलम्**। अत्र मूलमित्युक्ते कस्येति भवति? दोषचित्तसन्निपातप्रभवत्वाद्धेतुजालयोः प्रवृत्तेरित्यतोऽवगम्यते संयोग-मूलमेवात्र मूलमिति ॥३५॥

आह-केनायं छेत्ता मूलच्छेदं करोति?। तदुच्यते-

बुद्ध्या ॥ ३६॥

अन्तःकरणाख्या **बुद्धिरित्युक्ता**। तया धर्मस्मृतिचोदनादिसहितया विद्यागृहीतया बुद्ध्या छेद्यं स्थाप्यं चेत्यर्थः ॥३६॥

आह-किं दोषादिसहगतवधादिविश्लिष्टमपि तत् परतन्त्रमुच्यते?। न। यस्मादाह-मूलाख्यायां निवृत्तायां,

संचित्तम् ॥ ३७॥

अत्र सम् इति दोषादिविश्लिष्टं स्वयमेव स्वगुणत्वेन परिगृह्यते, अग्न्युष्णत्ववन्नित्यानुबन्धित्वाच्चेत्यर्थः। आह-किं तद् इति?। उच्यते **चित्तम्**। अत्र चिती संज्ञाने, चेतयति चिनोति वा अनेनेति चित्तम्। चेतयति सुखं दुःखं पदार्थान्, चिनोति धर्माधर्मौ अर्जयतीत्यतः चेतयति चिनोति वा अनेनेति चित्तम्। चित्तं मनोऽन्तःकरणमित्यर्थः। अत्र त्वेतेभ्यो दोषहेतुत्वादिभ्यो युगपच्छेत्तव्यं, विद्यमानेभ्यस्तु क्रमशः क्षणमिति ॥३७॥

आह-छित्त्वा तच्चित्तं किं कर्तव्यम्?। उच्यते-रुद्रस्थम्। यस्मादाह-

स्थापयित्वा च रुद्रे ॥ ३८॥

अत्र **ष्ठा** गतिनिवृत्तो। चित्तस्य रुद्रादव्यवधानं स्थितिरित्युच्यते। **त्वा** इति श्मशानाद्यवस्थस्य स्मृतिकर्मणो निष्ठा। **च** शब्दः समुच्चये। न केवलं छित्त्वा, स्थेयं, किन्तु स्थापयितव्यं चेत्यर्थः। **रुद्रे** इति कारणापदेशे। रुद्रस्य रुद्रत्वं पूर्वोक्तम्। रुद्र इत्यौपश्लेषिकं सन्निधानम्। रुद्रे चित्तमुपश्लेषयितव्यं नान्यत्रेत्यर्थः। एवं विषयेभ्यः इन्द्रियाणां जयः कर्तव्यः। अत्र यो जेता?, आत्मा। यया जेतव्यानि?, बुद्धया। यथा जेतव्यानि?, क्रमश्च। यत्प्रयोजनं जेतव्यानि?, चित्तस्थित्यर्थम्। यस्मिंश्च जिते जितानि भवन्ति?, चित्तं [?त्ते] इत्येतदपि व्याख्यातम्। एवं जपयन्त्रण-धारणात्मकच्छेदादिष्वपि योज्यम्। तथान्तःकरणवृत्तिमास्थाय कालविशेषनिमित्त-रश्मिममणिदीपवत्, तथात्प्रवृत्तिरध्ययनध्यानस्मरणादीनि चित्तस्थितिश्च व्याख्याता [?]। श्लोको निर्वचनः ॥३८॥

आह-कार्यकरणं च तच्चित्तस्थितिसमकालमेव रुद्रे स्थितानि तानि युक्तानि [?]। अथ किं तान्येव युक्तस्य लक्षणानि इति?। उच्यते-न। यस्मादाह-

एकः क्षेमी सन् वीतशोकः ॥३९॥

अत्र धर्माधर्मयोर्वृत्त्योरुपरमे अवसितप्रयोजनत्वात् पक्वफलवत् सर्पकञ्चु-कवद् गतप्रायेषु कार्यकरणेषु रुद्रे स्थितचित्तो निष्कल **एक**[१] इत्यभिधीयते। तथा योगव्यासङ्गकरेऽधर्मे निवृत्ते दोषादिविश्लिष्टो निस्तीर्णकान्तारवदवस्थितो रुद्रे स्थितचित्तः2 **क्षेमी**[२] इत्यभिधीयते। तथा सूक्ष्मस्थूलसवाहायाभ्यन्तरसलक्षण-विलक्षाणासु क्रियासु विनिवृत्तासु रुद्रे स्थितचित्तो निष्क्रय[३]: **सन्** इत्यभिधीयते। आह-अथ निष्क्रियोऽयमिति कथमवगम्यते?। किं चात्र युक्तस्य लक्षण्यात्रयमेव?। उच्यते-न। यस्मादाह-**वीतशोक**[४]: अत्र शोकश्चिन्तेत्यनर्थान्तरम्। सा च चिन्ता द्विविधा भवति। कुशला चाकुशला च। तत्र कुशला नाम अध्ययनध्यानस्मरणाद्या। अकुशला नाम अनध्ययनाध्यानास्मरणाद्या। एवं जपयन्त्रणधारणादींश्च करिष्यामि

---

१. ''शरीरादिवियुक्तत्वम् एकत्वम्।

२. सर्वाशङ्कास्थानातिक्रान्तत्वं क्षेमित्वम्।

३. बाह्याध्यात्मिकक्रियाशून्यत्वं निष्क्रियत्वम्।

४. समस्तचिन्तारहितत्वं वीतशोकत्वम्।'' --गणकारिकाव्याख्या, पृष्ठ १६

न करिष्यामीत्येवमनेकविधायामपि चिन्तायां विनिवृत्तायां व्यपगतशोको वीतशोक इत्यभिधीयते ।।३९।।

एवमत्र योगपदार्थः समाप्तः। कस्मात्?। अर्थानां निर्वचनत्वात्। यस्मादस्याध्यायस्यादावुद्दिष्टा ये पदार्थास्ते दोषच्छेदासङ्गस्थित्यादिषु व्याख्याताः। एवमनेन युक्तेन ब्रह्मादयो देवा देवा विशेषिता भवन्ति। तदसङ्गादिवचनात्।

आह-अथ सांख्ययोगमुक्ताः किं न विशेषिताः?। उच्यते-विशेषिताः। कथम्?। तद्ज्ञानातिशयात्। कथम्?। सांख्ययोगमुक्ताः कैवल्यगताः स्वात्मपरात्म-ज्ञानरहिताः समूर्छितवत् स्थिताः। अस्य तु ज्ञानमस्ति। यस्मादाह-

अप्रमादी गच्छेद् दुःखानामन्तम् ईशप्रसादात् ।।४०।।

इति। एवं कुर्वन् सर्वज्ञो स्थासंमोहं ज्ञापयति। उक्तं हि-

''कार्यकरणाञ्जनेभ्यो निरञ्जनेभ्यश्च सर्वपुरुषेभ्यः।
अप्राप्तान्तं पुरुषं योऽभ्यधिकं वर्णयत् स बुधः।।''

आह-गतं यद् गन्तव्यम्। अथ किमयमुपचारः?। उच्यते-न। अपरिज्ञानान्नास्माकं योगनिष्ठं तन्त्रम्। अपितु तत्कैवल्यव्यतिरिक्तोऽपि सर्वज्ञेनोच्यते [ ]। अप्रमादाद् गच्छेद् दुःखानामन्तमीशप्रसादात्। अत्र प्रमादशब्दो-ऽनागतानवधानगतत्वं पारतन्त्र्यं च ख्यापयतीत्यर्थः। तदङ्कुरपरिरक्षणवद-नागतकालप्रतीकारकारेण चैवायम् **अप्रमादी** शब्दो द्रष्टव्यः तस्माद् युक्तेनैवाप्रमादिना स्थेयम्। तथा वर्तमानेन माहेश्वरमैश्वर्य प्राप्तमेवेत्युक्तम्। **गच्छेद्** इति। गतिः प्राप्तिर्भवति। गम्लृ सृप्लृ गतौ। प्राप्नोतीत्यात्मेति, पत्रपाण्डुताफलपाकवत्। कथम्?। तस्मिन्नेव प्रवर्ततो योऽयं दुःखापोहो गुणस्तत्रेयं गतिरिति संज्ञा क्रियते इत्यर्थः। **दुःखानाम्** इत्यत्र प्रसिद्धानि दुःखान्याध्या-त्मिकाधिभौतिकाधिदैविकानि। तत्राध्यात्मिकं द्विविधं दुःखं शारीरं मानसं च। तत्र मनसि भवं मानसं क्रोधलोभमोहभयविषादेर्ष्यासूया द्वेष- मदमानमात्सर्यारत्याद्य-विशेषादर्शनादिनिमित्तं तद् दुःखम्। तथा शारीरमपि शिरोरोग- दन्तरोगाक्षि-रोगज्वरप्रतिमत्स्यातिसारकासश्वासोदरामयादिनिमित्तोत्पन्नं दुःखम्।

तथान्यदपि पञ्चविधं दुःखं भवति। तद्यथा-गर्भजन्माज्ञानजरामरणमिति। तत्र गर्भे तावद्-यदायं पुरुषो मातुरुदरे न्यस्तगात्रः खण्डशकटस्थ इव पुमान् नियमश्रम-मनुभवमानोऽवकाशरहितः आकुञ्चनप्र[illegible]णादिष्वपर्याप्तावकाशः सर्वक्रियासु

निरुद्ध इत्येवमद्धारके अन्धतमसि मूढो बन्धनस्थ इव पुमान् अवश्य समनुभवति। कस्मात्?। चेतनत्वाद् भोक्तृत्वात् तन्मयत्वाच्च। न तु कार्यकरणानि। कस्मात्?। अचेतनत्वादभोक्तृत्वादतन्मयत्वाच्च।

तथा जन्मदुःखमपि। यदायं पुरुषो जायमानः पुरीषपङ्कमग्नवदनो मूत्रधाराभिरभिषिंच्यमानो देहे संवृतद्वारके योनिनिस्सरणसङ्कटेत्यर्थं पीड्यमानोऽस्थिमर्मबन्धनैः प्रघृष्यमाणो विक्रोशन् निनदंश्च जायते। पश्चात् पुनस्तस्यानुचितेन बाह्येन वायुना जननावर्तेन स्पृष्टस्य तीव्रं दुःखमभिव्यज्यते। राजपुष्टकादिवत्। तेन चास्य जात्यन्तरादिस्मृतिहेतुसंस्कारलोपो भवति। एवं जन्मदुःखं पुरुष एवानुभवति। कस्मात्?। चेतनत्वाद् भोक्तृत्वात् तन्मयत्वाच्च। न तु कार्यकरणानि। कस्मात्। अचेतनत्वादभोक्तृत्वादतन्मयत्वाच्च।

तथा अज्ञानदुःखमपि। अहङ्कारसात्कृतगात्रो नजानन् कोऽहं कुतोऽहं कस्याहं केन वा बन्धनेन बद्धोऽहमिति, किं कारणं किमकारणं किं भक्ष्यं किमभक्ष्यं किं पेयं किमपेयं किं सत्यं किमसत्यं किं ज्ञानं किमज्ञानम् इत्यज्ञानदुःखं पुरुष एवानुभवति। कस्मात्?। चेतनत्वाद् भोक्तृत्वात् तन्मयत्वाच्च। न तु कार्यकरणानि। कस्मात्?। अचेतनत्वादभोक्तृत्वादतन्मयत्वाच्च।

तथा जरादुःखमपि। यदायं पुरुषो जराजर्जरितः कृशशरीरः शिथिलीकृतनयनकपोलनासिका भूर्दशनावरणः क्रौञ्चजानुरिव निर्वण्णोऽक्षिदूषिकादिष्वपकर्षणादिष्वसमर्थो विहङ्ग इव लूनपक्षो लङ्घन प्लवनधावनादिष्वसमर्थः पूर्वातीतानि भोगव्यायामशिल्पकर्माण्यनुस्मरमाणः स्मृतिवैकल्यमापन्नो वश्यं क्लेशमनुभवति। कस्मात्?। चेतनत्वाद् भोक्तृत्वात् तन्मयत्वाच्च। न तु कार्यकरणानि। कस्मात्?। अचेतनत्वादभोक्तृत्वादतन्मयत्वाच्च।

तथा मृत्युदुःखमपि। यदायं पुरुषो मरणसमये श्लथकरणः शिरोधरमवलम्बमानः श्वासनोच्छ्वसनतत्परः खुरुखुरायमाणकण्ठः स्वोपार्जितमणिकनकधनधान्यपत्नीपुत्रपशुसङ्घातः कस्य भविष्यतीत्यनुतप्यमानः विषयाननुदोदूयमानः सलिलादि याचमानो विरक्तवदनो मर्मभिश्छिद्यमानैरवश्यं क्लेशमनुभवति। कस्मात्?। चेतनत्वाद् भोक्तृत्वात् तन्मयत्वाच्च। न तु कार्यकरणानि। कस्मात्?। अचेतनत्वादभोक्तृत्वादतन्मयत्वाच्च। उक्तं हि-

''गर्भे प्रविशन् दुःखं निवसन् दुःखं विनिष्क्रमन् दुःखम्।
जातश्च दुःखमृच्छति तस्मादपुनर्भवः श्रेयान्।।''

इति। तथान्यदपि पञ्चविधं दुःखं भवति। तद्यथा-इहलोकभयं परलोकभयम् अहितसंप्रयोगः हितविप्रयोगः इच्छाव्याघातश्चेति। तथान्यदपि त्रिविधं दुःखं भवति। आध्यात्मिकमज्ञानं पुरुषे, आधिभौतिकं विषयित्वम्, आधिदैविकं च पशुत्वं त्रिविधम् अपरं प्राहुः। इत्येवमादीनि बाधनाया अप्रीतिफलाया जन्मनिमित्तत्वाद् दुःखानीत्युपचर्यन्ते। आह-चरणाधिकारेऽनतिप्रसादादशिवत्वसंज्ञके सर्वाण्यनति-प्रसादबीजत्वात् कुतो नात्यन्तनिवृत्तानि भवन्ति?। कस्मात् [?]। संहारं प्राप्तस्य निगळमुक्ताधिकारवन्मुक्तावतिशयितगुणप्राप्त्यर्थम् उच्यते-**गच्छेद् दुःखाना-मन्तम्**। दुःखानामत्यन्तं परमापोहो गुणावाप्तिश्च परं भवतीति। तदुभयमपि इत एव भवतीति। तदाह-**ईशप्रसादात्**। अत्रेश इत्येतद् भगवतो नामधेयम्। ईशः कस्मात्?। विद्यादिकार्यस्येशनादीशः। प्रसादो नाम सम्प्रदानेच्छा। तस्मात् प्रसादात् सर्वदुःखपोहो गुणावाप्तिश्चदिमुपाध्यन्तरात् परपरिवादादिवचनात् शुद्धिरिव युगपदित्यर्थः []। एवमयमथशब्दः, पशुपतेरित्युद्दिष्टयोर्दुःखान्तप्रसादयोर्गच्छेद् दुःखानामन्त-मीशप्रसादादिति दुःखान्तं परिसमाप्तमिति ॥४०॥

एवमध्यायपरिसाप्तिं कृत्वा युक्तं वक्तुम्-

अत्रेदं ब्रह्म जपेत् ॥४१॥

इति। अस्य पूर्वोक्तोऽर्थः। विधिनैव पूर्वोक्तेन विधिना जप्तव्यम्। न तु दुःखान्तगतेन गणपतिवदि [अ० १, सू० ३८] त्यर्थः ॥४१॥

आह-कामित्वात् कृपया भगवता दुःखान्तो दत्तः स्वेच्छयैव, न पुनरदुःखान्तं करिष्यति। अथाशक्तस्तथाप्यस्य शक्तिव्याघातः पाचकवदकर्मापेक्षत्वं चोच्यते [?]। अत्र यथा नित्यो दुःखान्तस्तथा वक्ष्यामः। यथा च काङ्क्षतो लिप्सतश्च साधकाधिकारनिवृत्तिस्तथा वक्ष्यामः। पदार्थनिगमनार्थे चोच्यते-

ईशानः सर्वविद्यानाम् ॥४२॥

अत्र ईशनाद् **ईशानः**। अत्रेशनादीशान इत्युक्तं कारणम्। ईशानः प्रभुः धातेत्यर्थः। आह-कस्यायमीशानः?। तदुच्यते-सर्वस्येशानः। **सर्व**शब्दो विद्याप्रकृते-र्निरवशेषवाची द्रष्टव्यः। **विद्यानां** धर्मार्थकामकैवल्यतत्साधनपराणाम् ईशानः। विद्यानामिति षष्ठीबहुवचनम् ॥४२॥

आह किं विद्यानामेवेशानः?, न तु विद्याभिर्ये विदन्ति?। उच्यते

ईश्वरः सर्वभूतानाम् ॥४३॥

अत्र निरतिशय ऐश्वर्येण **ईश्वरः**। पुरुष चैतन्यवदित्यर्थः [?]। आह-कस्यायमीश्वरः। तदुच्यते-**सर्वभूतानाम्**। अत्र चेतनाचेतनेषु सर्वशब्दः न केवलं पृथिव्यादिषु, किन्तु सिद्धेश्वरवर्जं चेतनेष्वेव सर्वभूतप्रकृतेर्निरवशेषवाची सर्वशब्दो द्रष्टव्यः। कस्माद् भूतानि। भावनत्वाद् भूतानीत्युक्तम्। भूतानामिति षष्ठीबहुवचनम् ॥४३॥

आह-अत्र केचिद् विद्याभूतव्यतिरिक्तं ब्रह्माणमिच्छन्ति। तस्यायं किं प्रभुर्भवति अनेति?। उच्यते-प्रभुः। यस्मादाह-

[१]ब्रह्मणोऽधिपतिर्ब्रह्मा ॥४४॥

अत्र यो यं विरञ्चिः परमः पतिः सर्वचेतनव्यतिरिक्तः क्षेत्रज्ञः तस्मिन् **ब्रह्मसंज्ञा**। न तु प्रधानादिषु। कस्मात्?। अधिपतिवचनविरोधात्। ब्रह्म च कस्मात्?। बृंहणत्वाद् बृहत्त्वाद् ब्रह्मा। बृंहयते यस्माद् विद्याकलाभूतानि, बृहच्च तेभ्य इत्यतोऽधिपतिर्ब्रह्मा। ब्रह्मण इति षष्ठी। अधिरधिष्ठातृत्वे। तत्स्वाभाव्यात् संहते चासंहते च कार्य इत्यर्थः। पत्युः पतिः **अधिपतिः**। राजराजवत्। पतिः पालने, पतिर्दशने भोगे च। पालयते यस्माद् ब्रह्मादीन् ईश्वरः। पाति ब्रह्मादिकार्यम्। अधिपतिः ब्रह्मा। अधिपतिरीश्वरः। एवं बृंहयते यस्माद् विद्यादिकार्यं, बृहच्च तेभ्य इत्यतोऽधिपतिर्ब्रह्मा भगवानिति ॥४४॥

आह-अत्र कार्यकरणमहाभाग्यमेवात्र ब्रह्ममणि, चिन्त्यते, न तु साधकस्य लिप्सा लाभो वेति?। उच्यते-न। यस्मादाह-

शिवो मे अस्तु ॥४५॥

अत्र येषां साधिकारत्वादनतिप्रसन्नस्तेषामशिवत्वं दृष्ट्वा दुःखान्तं गतेषु च शिवत्वं दृष्ट्वा आह-**शिवो मे अस्तु** इति। मे इत्यात्मापदेशे। ममेत्यर्थः। अस्त्विति काङ्क्षायाम्। काङ्क्षति लिप्सति मृगयतीत्यर्थः ॥४५॥

आह-कियन्तं कालं भगवानस्य शिवो भवति?। तदुच्यते-नित्यम्। यस्मादाह-

---

१. "ब्रह्माधिपतिर्ब्रह्मणोऽधिपतिर्ब्रह्मा" इति तैत्तिरीयपाठः।

सदा ॥४६॥

अत्र सदा नित्यं सन्ततमव्युच्छिन्नमित्यर्थः ॥४६॥

आह-कमेवमाह?। को वास्य शिवो भवतीति?। उच्यते-

शिवः ॥४७॥

अत्र शिव इत्येतदपि भगवतो नाम। शिवः कस्मात्?। परिपूर्णपरितृप्तत्वाच्छिवः। तस्मात् सदाशिवोपदेशान्नित्यो दुःखान्तः। कारणाधिका- रनिवृत्तिः। तदर्थं नित्यो दुःखान्त इति सिद्धम् ॥४७॥

एवमेते पञ्च पदार्थाः कार्यकारणयोगविधिदुःखान्ताः समासविस्तरविभागविशेषोपसंहारनिगमनतश्च व्याख्याताः। उक्तं हि-

"आदौ यद् भवति समासोक्तं मध्ये तस्य विस्तरतश्च विभागतश्चोपनयनिगमनेन सतामप्येष निश्चयः"

इति। अत्र तावत् पतिरिति कारणपदार्थस्योपदेशः समासेन। विस्तरस्तु-वामो देवो ज्येष्ठो रुद्रः कामो शङ्करः कालः कलविकरणो बलविकरणोऽघोरो घोरतरः सर्वः शर्वः तत्पुरुषो महादेव ओङ्कार ऋषिर्विप्रो महानीश ईशान ईश्वरोऽधि- पतिर्ब्रह्मा शिव इत्येवमाद्यो विस्तरः। विभागोऽपिअन्यत् पतित्वम् अन्यदजातत्वम् अन्यद् भवोद्भवत्वमित्याद्यो भगवानीश्वरः। कारणाधिकारे यस्मादाह-ईश्वर सर्वभूतानामिति। एष उपसंहारः-सार्वकामिक इत्याचक्षते। निगमनम्-ईश ईशान ईश्वरोऽधिपतिर्ब्रह्मा शिव इति।

तथा पशुरिति कार्यपदार्थस्योद्देशः। तस्य विस्तरो-विद्या कला पशवः। उत्पाद्या अनुग्राह्यास्तिरोभाव्यकाल्प्यविकार्यमरुपदस्य बोध्यधिष्ठेयत्वे चेत्येवमाद्यः सूत्रविद्याधर्मार्थकामैर्भेदैर्दुःखान्तः विद्या [?]। कला द्विविधाः। कार्याख्याः करणाख्याश्च। तत्र कार्याख्याः पृथिव्याद्याः। करणाख्या बुद्ध्याद्याः। पशवश्च त्रिविधाः। देवा मनुष्यस्तिर्यञ्चः। तत्र देवा अष्टविधा ब्रह्माद्याः। मानुष्यं चानेकविधं ब्राह्मणाद्यम्। तिर्यग्योनि च पञ्चविधं पशुमृगाद्यम्। पशवः साञ्जना निरञ्जनाश्च। एवमाद्यो विस्तरः। विभागोऽपि-अन्या विद्या अन्याः कलाः अन्ये च पशवः इत्येवमाद्यो विभागः। विशेषः-अन्येषां प्रधानादीनि कारणानि, तानीह शास्त्रे कार्यत्वेन व्याख्यातानि। तत्र प्रधानं कारणमन्येषां, तदिह शास्त्रे पश्यनात् पाशकत्वात्

कार्यत्वेन व्याख्यातम्। तथा पुरुषः कारणमन्यत्र, इह शास्त्रे पशुत्वात् कार्यत्वेन व्याख्यातः। तथा कर्ममध्यत्वात् कालः स्वभावः उपसंहारवत् [?]। भूतानि विकार्यत्वात् कार्यत्वेन व्याख्यातानि। इत्येष विशेषः। उपसंहारः-सार्वकामिक इत्यर्थः। निगमनं-विद्याकलाभूतानि ब्रह्ममेति।

तथा योगमिति योगपदार्थस्योद्देशः। तस्यैवं, चरतः, योगः प्रवर्तते [अ० १, सू० १९, २०] उभयथा यष्टव्यः [अ० २, सू० ९] अत्यागतिं गमयते [अ० २, सू० १७] नान्यभक्तिस्तु शङ्करे [अ० २, सू० २०] एवं, देवनित्यतानित्ययुक्तता अध्ययनं ध्यानं स्मरणं नित्यसायुज्यमिति विस्तरः। विभागः-क्रियालक्षणं क्रियोपरमलक्षणं दूरदर्शन श्रवणमननविज्ञानानि [अ० १, सू० २१], गणपतिः [अ० १, सू० ३८] भूयिष्ठं संप्रवर्तते [अ० ५, सू० १३] सिद्धः, गच्छेद् दुःखानामन्तम् [अ० ५, सू० २०, ३९] इत्येवमाद्यो विभागः। ज्ञानशक्तिः क्रियाशक्तिश्च। तत्र ज्ञानशक्तिः श्रवणाद्या। क्रियाशक्तिः मनोजवित्वाद्या। इत्येवमाद्यो विभागः। विशेषः-अन्येषां कैवल्यम्, इह तु विशेषो विकरणमिति। प्रतिकरण पति कैवल्यधर्मातिशक्तिर्निष्कलमैश्वर्यमित्येष विशेषः। उपसंहारः-इत्येभिर्गुणैर्युक्तं इति। अतो यावन्ति वाक्यविशेषाणि सन्निकृष्टविप्रकृष्टानि निर्वचनानि तानि च सर्वनिर्वचनानीति कृत्वा युक्तमुक्तम्।।

एवमत्र श्रीभगवत्कौण्डिन्यविरचिते श्रीमद्योगपाशुपतशास्त्र-सूत्रव्याख्याने पञ्चार्थभाष्ये पञ्चमोऽध्यायः।। सह ब्रह्मणा ग्रन्थतोऽर्थतश्च परिसमाप्त इति।।

शुभम्

॥ श्री ॥

पाशुपतसूत्र[१]

श्रद्धेय भगवत् कौण्डिन्य[२] विरचित

भाष्य सहित [पाशुपतसूत्र][३]

प्रथम अध्याय

[प्रारम्भ में][४] अब इसलिये[५] पशुपति के[६] पाशुपत[७] योग-विधि की व्याख्या करेंगे ॥१॥

---

१. महेश्वर के अट्ठाइसवें कायरूपी योगावतार लकुलीश द्वारा उपदिष्ट सूत्ररूप में ज्ञान-''पाशुपतसूत्र'' के नाम से विख्यात है। द्रष्टव्य-लकुलीशधारा, भाग-२

२. पाशुपत सूत्रों के भाष्यकर्ता जो राशिकर नाम से विख्यात थे एवम् आचार्य परम्परा के सत्तरहवें आचार्य थे। द्रष्टव्य-कौण्डिन्य एवं पञ्चार्थ भाष्य-खण्ड-२।

३. अत्रैव

४. अथ शब्द यहाँ प्रारम्भ अथवा मङ्गल सूचक है। शाङ्कर भाष्य के अनुसार ''अर्थान्तर प्रत्युक्तः एव अथ शब्द श्रुत्या मङ्गल प्रयोजनोभवति। १/१/१। अथ निर्वचनम् अथ योगानुशासनम् ''अथ'' शब्द आदि में ब्रह्मा के कंठ से निःसृत माना गया है-
''ओङ्कारश्चाथ शब्दश्च द्वावेतौ ब्रह्मणः पुरा।
कण्ठं भित्वा विनिर्यातौ तेन माङ्गलिका बुभौ ॥

५. सर्वदर्शन संग्रहनकुलीश पाशुपतदर्शनम्
'' अत्राथ शब्दः पूर्वप्रकृतापेक्षः। पूर्व प्रकृतश्चगुरुं प्रतिशिष्यश्च प्रश्नः। यह पूर्व प्रसङ्ग का द्योतक है, तो अर्थ होगा ''अस्मात् कारणात्''।

६. सम्पूर्ण विश्व के अधिपति, रुद्र महेश्वर हैं। द्रष्टव्य- शतरुद्रीय, श्वेताश्वतर ३/१-२, ४/१०, ६/७; अमरकोष ''शम्भुरीषः पशुपतिः शिवः शूली महेश्वरः।

७. पशुपति सम्बन्धी सिद्धान्त या शदर्श।

मङ्गल श्लोक :

''जिसने समग्र कल्याणार्थ[1] ब्रह्मा आदि सम्पूर्ण विश्व का सृजन किया, उस विश्वरूप सभा के अधिपति पशुपति को सिर से प्रणाम है। अर्थ की चरमोत्कृष्टता से परिपूर्ण, सर्वोत्तम ज्ञान की पराकाष्ठा वाले पञ्चार्थ[2] का क्रमबद्ध रूप से [पूर्वाचार्यो की परम्परानुसार][3] मुझ कौडिन्य द्वारा भाष्य किया जाता है।''

कहा है:-

भगवान् पञ्चार्थ को कहते हैं।

पूर्वपक्ष:- अब इसका आदिसूत्र [प्राथमिक सूत्र] क्या है?

उत्तरपक्ष:- यहाँ कहा जाता है-

''अब इसलिये हम पशुपति के पाशुपत योग विधि का व्याख्यान करेंगे।'' उपर्युक्त [यह] प्रथम सूत्र [पाशुपत] शास्त्र के प्रारम्भ में उद्घोषित होता है। तत्पश्चात् पद विभाजन किया जाता है। तत्सम्बन्धी [पशुपति सम्बन्धी] उपयोगी योग विधि का व्याख्यान करेंगे, ऐसा कहा गया है।

सूत्र में आठ पद हैं तत्सम्बन्धित अथ और अत: ये दो शब्द नैयातिक [प्रासंगिक अथवा अकस्मात्] हैं। पशुपते: [पशुपति के] इस प्रकार का पद, परिग्रह हेतु [मूलाधार के रूप में] कहा जाता है। पाशुपत, इस प्रकार का कथन तद्धिवत [पूर्वपक्ष अथवा पशुपति से संश्लिष्ट] है। इसी प्रकार योगविधि सामासिक है। 'वि' तथा 'आङ्' दो पद [उपसर्ग] हैं। ख्यास्याम: यह [कथन] आख्यातिक [उद्घोषित या अभिव्यक्त] है।

---

१. अद्वैत होने के कारण हितार्थ आत्मकल्याणार्थ होगा। 'तत् त्वम् असि' सम्पूर्ण विश्व उसी का रूप है उसी के कल्याण हेतु शतरुद्रीय के अनु० विश्वरूपेभ्यो नम:''।

२. पाशुपत सूत्र भाष्य [अत्रैव] पृ० ६, १४६; पञ्चार्थ-कार्य कारण, योग, विधि दु:खान्त।

३. आचार्य परम्परा लकुलीश के राशिकर पर्यन्त १७ आचार्य। द्रष्टव्य –लकुलीश एवम् उनकी परम्परा, भाग-२

प्रश्न है- किस अभिप्राय से पद विभाजन किया जाता है?

उत्तर:- अर्थ की प्रसिद्धि [अभीष्ट की प्राप्ति] के लिये। पदों में अर्थ की प्रसिद्धि कैसे? [हो जायेगी] पृथक् पृथक् [विभिन्न] आशययुक्त पद होते हैं। जैसा कि अधोवक्तव्य है [इस प्रकार कहा है]:-

''जिस प्रकार सिर को ढँक लेने से नग्न शरीर वाला मनुष्य पहचाना नहीं जाता उसी प्रकार पद विग्रह से तिरस्कृत [रहित] सूत्र भी स्पष्ट नहीं होता है।'' अतएव अर्थ की अभिव्यक्ति हेतु पद विभाजन किया जाता है। यहाँ यह प्रश्न है कि [प्रतिपाद्य] मांगलिक [पाशुपत] शास्त्र का आदि- [प्राथमिक] क्या है?

अर्थात् पशुपते: यह उस [पाशुपत] शास्त्र का आदि है। वह शास्त्र तन्त्र[१], ग्रन्थ[२] और विद्या[३] है। ग्रन्थ का अभीष्ट प्रापण [पशुपति सम्बन्धी ज्ञान] का उपाय है। जिसका परिमाण अथ [आरम्भ] से [पाशुपत शास्त्र, पशुपति शिव के ज्ञान] अन्त तक [अध्याय १-५] उपदिष्ट है। संख्या में पांच अध्याय पञ्च ब्रह्म[४] व अधिकरण भी हैं।

वचन, स्नान, शयन, उपदेश [अ० १, सू० १-३] के उद्देश्य से शिष्य तथा आचार्य के ज्ञापन हेतु 'अथ' और 'अत:' शब्द व्याख्येय हैं। कैवल्य को पहुँचे हुये [प्राप्त किय हुये] भी दु:ख से परिपूर्ण देखे जाते हैं। कार्य-कारण के प्रत्यक्ष द्रष्टा होने के कारण [अ० ५ सू० २६] विप्रगुण युक्त होने से साध्य-साधन के प्रत्यक्षद्रष्टा जिज्ञासाओं के सम्यक् उत्तर देने वाले, ऐश्वर्ययुक्त लोक विषयों से मुक्त-माना [अ० २, सू० २६] कामित्व [गुण] युक्त [अभिलाषित शिवानुरक्त]

---

१. गुरु-परम्परया अधिगत ज्ञान को तन्त्र कहा गया है। तनुविस्तारे धातु से उणादि प्रत्यय लगने पर तन्त्र शब्द बनता है। कामिकागम के अनुसार '' तनोति विप्रलान् अर्थात् तत्व मन्त्र समन्वितान् ऋणं च कुरुते-तन्त्रमित्यभिधीयते।

२. जिसमें पशुपति सम्बन्धी ज्ञान संकलित है।

३. पशुपति सम्बन्धी ज्ञान विद्या है।

४. पञ्चार्थ भाष्य, अत्रैव, सद्योजात्, [प्रथमाध्याये] वामदेव [द्वितीयाध्याये] अघोर [अ० ३] तत्पुरुष [चतुर्थाध्याये] ईशान [पंचमाध्यायी यो रुद्राष्टाध्यायी अ० १०/५ ऊँ संद्योजातं प्रपद्यमि७-वामदेवाय नमो १०/८ अघोरभ्योथघोरेभ्यों:९-विपुरुषाय तवद्महे महादेवायधीमहि १०/१० ईशान: तै० आ० से उद्धृत]।

अनेकानेक आचार्यो में विशिष्ट यह [विवेच्य पाशुपत] आचार्य होंगे। एवम् ब्राह्मणत्व सम्पन्न [संस्कार और श्रुतयोग दोनों से ब्राह्मण] [अ० ४, सू० २४] स्त्रीपरिग्रह से विरत, इन्द्रियजयी तथा- ''बधिरता, अन्धापन, घ्राणशक्ति शून्यता, गूंगापन, मूर्खता, प्रमाद, शव वाहक या शव स्पर्शी, क्लीब, कोष्ठबद्धता, कुष्ठरोगग्रस्ता, गुदावर्त [बवासीर] लंगड़ापन''- इत्यादि दोषों से रहित, चेतनशील [जाग्रत] [संवेदनशील] सक्षम इन्द्रियों से युक्त ब्राह्मण ही शिष्य होता है। वह अन्य [प्रख्यात] शिष्यों की अनुवृत्ति वाला ही विशिष्ट शिष्य होगा। देव आदि [अन्य देवयोनियों] के लीलागुणयुक्तता [देवधर्मित्व] से लीला हेतु [लीला में ही] ईश्वर की प्रवृत्ति है। अर्थात् क्रीडाधर्मी प्रवृत्ति उसके ऐश्वर्य की लीला है यह उसका सहज स्वभाव है। प्रवचन एवं वक्तृत्व में आचार्य की प्रवृत्ति अनुग्रह हेतु ही होती है। तथा भजन [ईशगुणगान, वन्दना] धर्म कार्य अथवा भक्ति प्रेरणा, शिवानुरक्ति में आनन्दबोध एवं दुःखान्त प्राप्ति में शिष्य की निरन्तर प्रवृत्ति होती है, न कि धर्म, अर्थ, काम व कैवल्य [मोक्ष][1] साधन हेतु। कामित्व होने से [अ० १, सू० २४] आचार्य इन्द्र, कौशिक आदि आचार्यों से भी कमनीय, द्विव्य, चरमोत्कृष्ट ऐश्वर्य से युक्त, लीला के [सहज] स्वभाव का है। यहाँ ऐसा अर्थ है। अतएव धर्मप्रेरणा एवं उपलब्धि के संस्कार, वशीकरण इत्यादि [मोह-माया के वशीभूत] सांसारिक द्वन्द्वात्मक [दुःखाभिभूत] होने के कारण इन्द्र कौशिक आदि द्विव्य नहीं है अतएव वे शिष्य हैं।

शिष्यों की [प्रश्न रहित] प्रामाणिकता से कामित्व[2] गुण सम्पन्न [प्राणिमात्र के काम्य] [अ० १, सू० २४] अजन्मा होते हुए भी [अ० १, सू० ४०] वे भगवान् [पशुपति महेश्वर] मानव रूपी ब्राह्मण काया [शरीर] में अवतरित होकर प्रकट हुए[3] तथा अपने पावों से चलकर उज्जैनी आये [पहुँचे]-। कैसे [अर्थात् कैसे माने, उक्त तथ्य कैसे ज्ञात है] शिष्टों [अनुशासन] के प्रमाण से, प्रतीक [चिन्ह] दर्शन एवं अनुश्रुति से।

---

१. सांख्य दर्शन में मोक्ष को कैवल्य कहा गया है।, सांख्यकारिका [१७] पुरुषोऽस्ति भोक्तृभावात् कैवल्यार्थ प्रवृत्तेश्च। १-२७
सांख्यदर्शन में यह कैवल्य दो प्रकार का [१] एकान्तिक [२] आत्यान्तिक कहा गया है।

२. कमु कान्तौकाम्यते जनैः इति कामः। कमनीय, एषणीय, जो शिव है।

३. द्रष्टव्य, लकुलीश धार, खण्ड २

संन्यास आश्रम के लक्षणों से युक्त होकर [विभूषित अथवा ग्रहण करके] उन्होंने [लकुलीश नामधारी कामरूपी महेश्वर ने] उपदेश किया। भस्मस्नान, अनुस्नान [अनेकशः स्नान क्रिया अथवा भस्मस्नानोपरान्त स्नान] निर्माल्य, एकवास ग्रहण [अ० १, सू० २-५ और १-१४] अधिकरण प्रसिद्धि हेतु अपने [पाशुपत] शास्त्र में कहे गये आयतन में शिष्य सम्बन्ध की सम्भावना के हेतु से पवित्र देश में [क्षेत्र में] भस्म की वेदी में निवास किये-वहाँ रुद्र के द्वारा प्रेरित कुशिक[१] भगवान ने आकर आचार्य में पूर्णरूपेण संतृप्ति [परितोष] एवं अलौकिक लक्षण देखे तथा विपरीत रूप में अपने को देखकर शरणागत होकर [भक्तिभाव से] मर्यादानुसार अपने जाति, गोत्र, ज्ञान एवं ऋणमुक्तता का प्रमाण्य सहित निवेदन करके, आचार्य की नियत समय तक प्रतीक्षा करके, वैद्य के समक्ष आतुर रोगी की भांति शिष्य [कुशिक] ने प्रश्न किया-भगवन्! इन आध्यात्मिक, आधिभौतिक, आधिदैविक, दुःखों की ऐकान्तिक अथवा आत्यन्तिक निवृत्ति सम्भव है या नहीं[२]?

---

१. लकुलीश के शिष्य कुशिक। द्रष्टव्य- लकुलीश एवं आचार्य परम्परा, खण्ड २

२. सांख्यकारिका ६८ में एकान्तिक और आत्यन्तिक कैवल्य का विवेचन है। -सांख्यकारिका में त्रिविध दुःखों का विवेचन है-

दुःखत्रयाभिघातज्जिज्ञासा तदपघातके हेतौ।
दृष्टे सा यार्था चेन्नैकान्तात्यन्तो भावात् ॥१॥

विष्णुपुराण (६/४/२/८) त्रिविध दुःखों की चर्चा है।

''यदा चर्मवत् आकाशम् वेष्टयिष्यन्ति मानवाः ।
तदा शिवम् अविज्ञाप दुःखस्य अन्तः भविष्यति ६/२०

शाङ्करभाष्य परमात्मानमविज्ञाय दुःखस्याऽऽधिभौतिकस्यान्तो विनाशो भविष्यति।

श्वेता० (१/२) में दुःख के ही प्रश्न को उठाया गया है-

''संयोग एंषा न त्वाम आवात्माऽप्यनीशः सुखदुःख हेतोः ॥१/२ भाष्य
दुःखादिहेतुभूतस्याऽऽध्यात्मिकादि भेदभिन्नस्य जागतोऽनीशो न कारणम्।

पातञ्जल योगदर्शन में भी १/३१ [समाधिपाद] दुःख की चर्चा है। समाधिपाद १/३१ दुःखदौर्यस्याङ्गभेजत्वश्वास प्रश्वासा विक्षेपसह भुवः -व्यास भाष्य-''दुःखमाध्यात्मिकम् आधिभौतिकम् आधिदैविक च।'' गौतम प्रणीत न्यास, सूत्र। १/१/२ में दुःख के ऐकान्तिक निवृत्ति से मोक्ष का उल्लेख है।

वैशेषिकसूत्र के प्रशस्तपाद भाश्य में भी दुःख की सत्ता का विवेचन है। द्रष्टव्य दुःखप्रकरण ३२। बौद्धदर्शन में दुःख की विशद व्याख्या उपलब्ध होती है समस्त संसार व द्वादश निदानों की श्रृंखला बौद्धदर्शन का आधार है वहाँ दुःख को प्रथम आर्य सयय कहा गया। दुःख दुःखसमुदय, निरोध और निवार्ण तथा प्रतीत्य समुत्पाद में त्रिविध दुःख की चर्चा है। द्रष्टव्य। सर्वदर्शन संग्रह बौद्धदर्शन २८

अतएव यहाँ कथित विषयों पर अधिकार [अनुग्रह] के लोभ में इतर के ब्याज से उपदेश करने में ही योग्य साधक व शिष्य की उपदेश सिद्धि प्रकाश्य है। अत: कारण पदार्थ के ज्ञापनार्थ स्वयमेव भगवान [लकुलीश] उपदेश करने लगे। [प्रवचन करने लगे]-अथेति [अथ इति]।

यहाँ पूर्वप्रस्तुत विषय की अपेक्षा से ही अथ शब्द है।[१] कैसे शिष्य की जिज्ञासा से दिये गये प्रश्नोत्तर में, दु:खान्त है, ऐसा अर्थ [व्यक्त] है।[२]

[परन्तु] प्रश्न उठता है कि परीक्षित शिष्य के लिये दु:खान्त उपदेश की प्रतिज्ञा है। अथवा अपरीक्षित के लिये भी [ऐसा विधान] है?। तो इस सन्दर्भ में कहा गया है 'परीक्षित' शिष्य के लिये [ऐसा विधान] है। शिष्य के गुण कथन में अत: शब्द की प्रवृत्ति है [क्योंकि सत्पात्र शिष्य की जिज्ञासा से उत्तर अपेक्षित हुआ है] इस प्रकार का शिष्य ब्रह्मावर्त देशवासी[३] और कुलीन है, सक्षम इन्द्रिययुक्त है, और तत्वज्ञान की जिज्ञासा सम्पन्न है। पूर्व प्रसङ्ग में यहाँ 'अत:' [शब्द] दर्शनीय है।

अब प्रश्न यह उठता है कि दु:खान्त कैसे प्राप्त होता है? किस उपाय से ऐसा सम्भव है? उत्तर में कहा गया है कि 'पशुपति' से, उनके अनुग्रह से। यहाँ 'पशुपति' से अभिप्राय पशुओं के पति से है तथा पशु से अभिप्राय सभी चेतन प्राणियों से है। [सिद्धेश्वर अर्थात् जीवन्मुक्त के अतिरिक्त][४]। पशु कार्य करण में बँधे हुये हैं।

[प्रश्न उठता है] कि उनका पशुत्व क्या है? तो कहा है कि अनैश्वर्य [ईश्वरत्व का अभाव] या बन्धन ही पशुता है। कारण शक्ति का सन्निरोध जिससे ज्ञात होता है वह अस्वान्तत्र्य[५] ही अनैश्वर्य या बन्धन है जो अनादि है। किन्तु

---

१. यहाँ अथ शब्द का अर्थान्तर प्रसिद्धि कह रहे हैं।

२. शब्दरूप ही प्रश्न और उत्तर है यहाँ अद्वैत की ओर संकेत है क्योंकि वस्तुरूप मल नहीं है।

३. जीओग्राफीकल डिक्शनरी-नन्दूलाला डे, पृ० ४०

४. ''सरस्वती और दृषद्वती के मध्य का क्षेत्र जो मनसंहिता अ० २ में ब्रह्मर्षि देश कहा गया है, कानपुर के विठूर के पास का गङ्गाघाट ब्रह्मतीर्थ कहा जाता है।

५. यहाँ पशु दो प्रकार के बताये हैं [१] वे जिनमें ईश्वरत्व का अभाव है तथा [२] वे जो तीनों प्रकार के मल से मुक्त हैं, जीवन्मुक्त अर्थात् सिद्धेश्वर।

प्रश्न यह है कि जीव का बन्धगुण जिससे वह बँधा हुआ है उसका लक्षण क्या है? [प्रश्नोत्तर में] कहा गया है कि-अज्ञानता अर्थात् बन्धन के कारण वह पशु है। कार्य एवं करण नाम की कलायें[१] ही पाश हैं[२] जिनको आगे के दृष्टान्त में कहेंगे। इससे बंधे हुये आवेण्ठित शब्द रस आदि विषयों के अधीन होकर जो रहते हैं उन्हें ही 'पशु' कहते हैं, इसीलिये ईश्वरत्व का अभाव या स्वेच्छेया व्यवहार रहित होना ही बन्ध है।

क्या जो करण-कार्य रहित है उसे पशुत्व से निवृत्ति प्राप्त हो पाती है?। ऐसा यदि कहा जाये तो इसका उत्तर होगा ''नहीं''। यह कथनीय है कि जो **प्रलीन**[३] हो जाते हैं वे भी पुनः पुनः [कार्य-करण] सम्बन्ध ग्रहण करते हैं, अथवा अन्य कुछ है। वे बंधे होने के कारण पशु हैं। विभुत्व रहने पर भी [व्यापक रहने पर भी] चित्त के साथ नित्य सम्बन्ध रहने के कारण भी शरीरयाग को वे आत्मरूप देखते हैं यदि ऐसा कहा जाय तो कहना होगा कि आभ्यान्तर शारीरिक चेतना रहती है बाहर की नहीं। कार्य-कारण रहित प्राणी भी कार्यकारण को समझ नहीं पाता [रहस्य का ज्ञान नहीं कर पाता] और न उसका त्याग कर पाता है। धर्म-अधर्म, रूप, बोध और देश-काल स्थिति आदि से वह निरपेक्ष नहीं है [इसलिये] उचित ही कहा है कि बंधने के कारण वह पशु है, जैसा कि कहा गया है-

''सांख्ययोग से जो मुक्त हो [कैवल्य प्राप्त हो] गये, ऐसे ब्रह्मादि से पशु-पक्षी पर्यन्त सबको पशु रूप स्मृत किया गया है।''

[यह भी प्रश्न है] कि पति कैसे है ?

उत्तर पक्ष-जो पशुओं की रक्षा और पालन करता है पति होता है परन्तु वह किस प्रकार रक्षा करता है?। कैसे पालन करता है?। तो ऐसा विभुत्व [व्यापकत्व] के कारण है। ऐसा मानने पर उस महाविभुशक्ति सम्पन्न होने के कारण पशु उसका अतिक्रमण नहीं कर पाता है [इसलिये उसका पतित्व सार्थक व युक्तिसंगत है] विप्रत्वाच्च [अ० ५, सू० २६-२७ ऋषिविप्रो महानेषः एवं

---

१. अपने इच्छानुकूल व्यवहार न करना, ईश्वरता का अभाव।

२. अंश, खण्डित ज्ञान, किञ्चित्कर्तृत्व।

३. पाश के सन्दर्भ में श्वेताश्वतर उपनिषद् में कहा गया है-
श्वेता० २/८ ''अनीशश्चात्माबध्यते भोक्तृ भावात्ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैः''।
श्वेता० ४/१६ ''विश्वैरुपरिवेष्टितारं ज्ञात्वा देव मुच्यते सर्वपाशैः।''

वाग्विशुद्ध] से विदित है कि उसकी ज्ञानशक्ति अपरिमित और अनन्त है अतः वह उस शक्ति से अपरिमिति पशुओं को अपने नियन्त्रण में रखता है, इसीलिये पति है, पालन-पोषण व प्रभुशक्ति से पति है।

[ऐसा अर्थ] कैसे है? चूंकि प्रभुशक्ति उसके नियन्त्रण में है अतएव प्राणियों की प्रवृत्ति-निवृत्ति, स्थिति, इष्ट शरीरेन्द्रिय सभी विषयों पर उसका अधिकार है, एतावता स्वातंत्र्य शक्ति सम्पन्न होने के कारण उसको पति कहते हैं। समस्त कार्यों पर उसका अधिकार है इसलिये वह पशुपति है। यहाँ पशुपति शब्द को कार्य-कारण अनुग्रह आदि सभी ओर से सांकेतिक किया गया है[१], इस प्रकार अलौकिक अनुग्रह शक्ति सम्पन्न होने के कारण [वह] ''दुःखान्त' प्राप्त करा सकता है[२], न कि वैराग्य, धर्म या इससे विपरीत, अज्ञान अवैराग्य, अनैश्वर्य आदि के ग्रहण अथवा त्याग से [पतित्व प्राप्त होता है]।

किन्तु प्रश्न होता है कि कहाँ रहने से कौन सा कार्य करने से वह भगवान् अनुग्रह करते हैं? जिस स्थिति में रहकर वह [पति उस अलौकिक शक्ति का] सम्बन्ध प्राप्त कर लेता है वह क्या है? इस तात्पर्य से ही उसे पाशुपत कहा गया है, पशुपति के द्वारा कहा गया या उनके द्वारा अपनाया गया या उसके विषय में प्रारम्भ किया गया जो ज्ञान-बोध है वह पाशुपत [दर्शन] है जैसे वैष्णव [विष्णु से वैष्णव] या मानव।

---

१. जिनका चित्त समवेत अथवा लीन हो गया, जिनके कार्य-कारण का लय हो गया वे भी कार्यकारण को पुनः ग्रहण करते हैं। यहाँ लीन शब्द योग के अर्थ में है। पतञ्जलि योगसूत्र [व्यासभाष्य] १/१ पृ० २ में चित्त की पांच अवस्थाओं की चर्चा है-१ क्षिप्त, २-विक्षिप्त, ३-विमूढ, ४-एकाग्र, ५-निरुद्धवस्था। एकाग्र अवस्थायें ही प्रलीन अवस्था होती है। श्वेता० उपनिषद् १/७ '' अत्रान्तरो ब्रह्मविदो निदित्वा लीना ब्रह्मणि तत्परा योनिमुक्ता।

शाङ्करभाष्य में 'बह्मलीन' को लय गता शब्द से अभिहित किया गया है। ''ब्रह्मविदो विदित्वा लीना ब्रह्माविदो विदित्वा लीना ब्रह्मणि विश्वाद्युपसंहार मुखेन लयं गता अहं ब्रह्मास्मि इति ब्रह्मरूपैणेव स्थिता इत्यर्थः'' समाधि के अन्तर्गत योगियाज्ञवल्क्य का कथन उद्धृत है– '' तदेवान्धीः प्राप्य परमात्मना। तस्मिन्प्रलीयते त्वात्मा सामाधिः स उदाहृतः। श्वेता० १/७ भाष्य; पातञ्जल योगसूत्र, समाधिपाद १/१९- भवप्रत्ययो विदेहप्रकृतिलयानाम्।

२. श्वेताश्वतर उपनिषद् में पशुपति की धारणा व्यक्त है।; ६/७ ''तमीश्वराणां परमं महेश्वरं तं देवतानां परमं च दैवतम्। पतिं पतीनां परमं परस्ताद्विदाम देवं भुवनेशमीड्यम्।।

पूर्वपक्ष [प्रश्न] पाशुपत यह [दर्शन] क्या है?

उत्तरपक्ष-योग है, आत्मा और ईश्वर का संयोग है।[१] यह पुरुष द्वारा पाशुपतसूत्र एवं सिद्धान्तों तथा तत्सम्बन्धित प्रेरणाप्रद ग्रन्थों एवं सिद्धान्तों के अध्ययनादि कार्यो तथा नैमित्तिककर्मो, उनके [पशुपति भगवान् के] अनुग्रह[२] से संयोग प्राप्तव्य है जैसे स्थाणु के प्रयत्न किये बिना बाज बैठ जाय। [अध्ययनादि प्रेरणाप्रद सिद्धान्तों एवं उसका अनुग्रह से] अर्थात् संयोग उभय कर्मज भी है उसकी कृपा और अपनी साधना दोनों से जैसे दो भेषों का परस्पर [युद्ध] मिलन अथवा संयोग। विषय में जिसकी अनुरक्ति और विरक्ति दोनों है, इसीलिये वियोग और संयोग दोनों का उपदेश है। जिस प्रकार क्रियायोग है।[३] यहाँ समाधिलक्षण नामक योग में संनियम अर्थात् निरोध नहीं है।

---

१. श्वेता० से तुलनीय–
६/२० तदशिवम् अविज्ञाय दुःखस्य अन्तः भविष्यन्ति।
६/२१ तपः प्रभावाद्देवप्रसादात् च ब्रह्महश्वेताश्वतर अथ विद्वान...। उपर्युक्त ''दुःखान्त'' केवल अभावात्मक अथवा निरोध नहीं है अपितु उसमें स्वातन्त्र्य की उपलब्धि होनी चाहिये जहाँ कारणशक्ति की असीमता है।

२. यहाँ आत्मेश्वर संयोग है जो पातञ्जलि योग से भिन्न है।-द्रष्टव्य-पातञ्जलयोग समाधिपाद २ ''योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः-युज् धातु से योग का अर्थात् संयोग और निरोध दोनों में प्रत्युक्त होता है। युज् भावादो छञ् कुत्वम्-जोड़ना या मिलाना।
श्वेताश्वतर उपनिषद् में योग संयोग अर्थ में ही प्रयुक्त है–
२/१ युञ्जानः प्रथम मनस्तत्वाय सविता धियः।
२/२ युक्तने मनसा वयं देवस्य सवितुः सवे।
२/४ युञ्जते मन उत युञ्जते धियांविप्र विप्रस्य बृहतो विपश्चितः।
गीता में समत्वयोग इसी अर्थ में प्रत्युक्त है–
२/५३ समाधावचला बुद्धिस्तदा योगमवाप्स्यसि।।
५/२० स्थिरबुद्धि संमूढ़ो ब्रह्मविद् ब्रह्मणि स्थितः।।
५/२१ स ब्रह्मयोग युक्तात्मा सुखमक्षयमनुश्यते।।
यहाँ सांख्य योग भी इसी योग से अन्तर्गत है। –श्वेता० ६/१३

३. श्वेता० में महेश्वर के अनुग्रह और गुरुकृपा से आत्मेश्वरसंयोग की प्राप्ति का उल्लेख हुआ है–
६/२१ तपः प्रभावाद्देव प्रसादाच्च ब्रह्मा। ह श्वेताश्वतरोऽथविद्वान्
६/२३ यस्य देवे पराभक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ।
३/२०..... धातुः प्रसादात् महिमानमीशम्।

[प्रश्न यह है कि]-क्या परिज्ञान मात्र से ही वह योग प्राप्त हो सकता है?

इसलिये उस पाशुपत योग की प्राप्ति के उपाय [मार्ग] को विशेष रूप से कहेंगे। यहाँ योगस्य विधि में षष्ठी तत्पुरुष समास है, सूक्ष्म, स्थूल, स्थलक्षण और विलक्षणा क्रियाओं को विधि कहते हैं [जो एक क्रियमाण कार्य है] इसीलिये उनकी संज्ञा यज्ञविधि है न कि सेना के वन की भांति। ऐसा कैसे है क्यों है? चूंकि क्रियायें क्षणिक हैं इसलिये उनका समुदाय विधि का कोई समुदाय एक साथ नहीं रह सकता किन्तु यदि यह कहा जाय तो वह विधि कैसे है। चूंकि किया जाने वाला है, किया जा रहा है, इस अर्थ में विधि है उपाय ही उपेय बन जाय अर्थात् साध्य ही साधन हो जाय, इस तात्पर्य से यह ग़योग है।

इस प्रकार 'दु:खान्त' सहित कार्य, कारण, योग, विधि, ये पांच पदार्थ सामासिक रूप से उपदिष्ट हैं। इनका व्याख्यान विस्तर विभाग विशेष उपसंहार नियमन[१] रूप से होगा। इससे सिद्ध होता है कि व्याख्येय व्याख्यान भिन्न-भिन्न है। यहाँ "वि" उपसर्ग विस्तर, विभाग और विशेष अर्थ में है। विस्तर-प्रत्यक्ष अनुमान और आप्त वचन तीनों प्रमाणों में प्रत्युक्त किया जाता है।[२] यहाँ प्रत्यक्ष

---

१. क्रियायोग की चर्चा, पातञ्जल योगसूत्र, साधनपाद २/१ में है।
"तप: स्वाध्यायेश्वर प्राणिधानानि क्रियायोग:।" तपस्या, स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान ये क्रियायोग हैं। योग या चित्त स्थैर्य को उद्देश्यकर जो क्रियायें की जाती है, वे क्रियायोग है।
[१] चित्तनिरोध [पतञ्जलि]
[२] आत्मेश्वर संयोग को उद्देश्यकर जो क्रियायें की जाती है वे क्रियायोग हैं।
[३] यह दो प्रकार का है–
[१] क्रियायोग
[२] क्रियोपरमयोग।

२. द्रष्टव्य-सर्वदर्शन संग्रह-नकुलीश पाशुपत दर्शनम्–तत्र समासो नाम धर्मिमत्राभिधानम्।. .... पञ्चानां परार्थानां प्रमाणत: पञ्चाभिधान विस्तर।.... लक्षणोऽसङ्करेणाभिधानं विभाग: शास्त्रान्तरेभ्योऽमीषां गुणातिशयने कथनं विशेष:।
पञ्चार्थ भाष्य अ० ५/४७ में कहा गया है–
" आदौ यद् भवति समासोक्तं मध्ये तस्य विस्तरश्च विभागतश्चोपनयनिगमनेन.... सातामध्येय निश्चय:।"
उपसंहार–सारसंग्रह करने की रीति है।
निगमन-अनुमान प्रक्रिया का पाँचवां अवयव है, निगमन का अर्थ है वैदिक उद्धरणों सहित। परार्थानुमान का पाँचवां अवयव निगमन अथवा निष्कर्ष,। –न्यायसूत्र १.१.३२

दो प्रकार का है- १-इन्द्रिय प्रत्यक्ष, २-आत्मप्रत्यक्ष।[१] इन्द्रियार्थ सन्निकर्ष प्रत्यक्ष इन्द्रियों के माध्यम से शब्द, रूप, रस, गन्ध, घट आदि, व्याख्यान ताप, मूत्र, पुरीष, मांस-लवण प्राणायाम से सिद्ध है। आत्प्रत्यक्ष हसित, गीत, नृत्त डुंडुंकार नमस्कार जप्योपहारेणोपतिष्ठेत् [अ० १, सू० ८] परिभूयमानो हि विद्वान कृत्स्नतपा भवति [अ० ३, सू० १९] अप्रमादी गच्छेद्-दु:खानामन्तम् ईशप्रसादात् [अ० ५, सू० ४०] आदि वचनों से सिद्ध है जैसे किसी प्रस्थ से मापा गया ब्रीहि भी प्रस्थ कहलाता है। इन्द्रियार्थ सन्निकर्ष के विषय और सम्बन्ध को अभिव्यक्त करने वाली सामग्री पुण्य-पाप, धर्म-अधर्म, देश-काल और प्रवर्तना [प्रेरणा] आदि से अनुगृहीत होता हुआ प्रमाण उत्पन्न होता है।[२] आत्मप्रत्यक्ष तो चित्त और अन्त:करण [मन, बुद्धि, अंहकार] सम्बन्ध द्वारा ही समूह धर्म, अधर्म, प्रकाश, देशकाल प्रर्वतना आदि स्मृति हेतुक है।[३] उत्पत्ति और अनुग्रह तथा तिरोभाव आदि कालों का भी कारण है। हेतुओं द्वारा कारण के पश्चात् कार्य की सर्जना अनुमित होती है, अत: ये सब सूत्र के अन्तर्गत आ जाते हैं न कि बाह्य। वह अनुमान द्विविध है-दृष्ट और सामान्यतोदृष्ट, दृष्ट दो प्रकार का पूर्ववत् और शेषवत् है।[४] पूर्ववत् अर्थात् पूर्वदृष्ट है जैसे यह वही छांगुर है जिसे पहले देखा था। शेषवत्-सींग आदि देखने मात्र से ही यह गाय है। इस तरह का ज्ञान है। सामान्यतोदृष्ट भी गतिमान, देशान्तज्ञान, आदित्य आदि ग्रहों की गति का अनुमान करना है। तीनों कालों में किसी वस्तु के ज्ञान में [अर्थ प्राप्ति में] निमित्त ही प्रमाण होता है। आगम का अर्थ महेश्वर से गुरु परम्परा या प्राप्त शास्त्र है। आगम अलौकिक व्यवहार का हेतु मान्य अथवा स्मृत है यह तथ्य रुद्र प्रोवाच तावत् [अ० ५, सू०

---

१. पातञ्जल योगदर्शन समाधिपाद ७ ''प्रत्यक्षानुमानागमा: प्रमाणानि'' तीनों प्रमाण स्वीकृत हैं। सांख्य का० में ३ हीं प्रमाण माने गये हैं-'' दृष्ट अनुमान आप्त वचनं च सर्व प्रमाण सिद्धत्वात्। -सा० का० ४

२. न्यायदर्शनम् गौतम प्रणीतम् वात्स्यायान भाष्य १.१.४ -'' इन्द्रियार्थ सन्निकर्षोत्पन्नं ज्ञानमव्यपदेशमव्यभिचारि व्यवसायात्मकं प्रत्यक्षं''
यहाँ आत्म प्रत्यक्ष विशिष्ट है। न्यायसार पृ० ११४ में प्रत्यक्ष को द्विविध माना गया है- ''तद्विविधम्-योगिप्रत्यक्षमयोगिप्रत्यक्षं चेति।''

३. न्यायसार, द्रष्टव्य तत्रैव पृ० ११५ ''योगिप्रत्यक्षं प्रकाशदेशधर्मद्यनुग्रहादिन्द्रियार्थ सम्बन्ध विशेषेण स्थूलार्थग्राह्यम्।''

४. अत्रैव।

८] के वचन से सिद्ध है। प्रत्यक्ष अनुमान और शब्द इन तीनों प्रमाणों में ही उपमान, अर्थापत्ति, सम्भव, ऐतिह्य, प्रतिभा[३९] आदि प्रमाणों का भी अन्तर्भाव समझना चाहिये। इस प्रकार ये तीनों प्रमाण हैं और इन तीनों प्रमाणों के प्रमापयिता भगवान महेश्वर हैं। प्रमाता पुरुष प्रमेय कार्यकरण आदि पञ्चपदार्थ, प्रमितिं-संवित्, सम्यक् चिन्तन, सम्यक् बोध अर्थात् विद्या की अभिव्यक्ति। उद्देश्य और निर्देश के ज्ञान होने के कारण ''वि'' उपसर्ग विस्तर अर्थ में प्रत्युक्त होता है। विभागपद, पदार्थ, सूत्र प्रकरण आदि को अलग-अलग करना है। विशेष साध्य और साधन का पार्थक्य है। 'आङ्' उपसर्ग मर्यादा अर्थ में प्रत्युक्त हुआ है। जब तक कि पद से पद सूत्र से सूत्र, प्रकरण से प्रकरण, अध्याय से अध्याय-बोध न हो जाय, यहाँ तक की मर्यादावस्था है, ऐसा हम कहते हैं। ख्या [धातु] प्रवचन अर्थ में है। प्रतीत और अप्रतीत संज्ञाओं के द्वारा वेदादि वाङ्मय में सांकेतिकसंज्ञाओं से जिनका विधान किया गया है उनसे कुछ भिन्न संज्ञाओं द्वारा भी हम व्याख्यान करेंगे।[२] क्या भविष्यत् काल वाची है जिसकी सीमा का निर्देश नीचे किया जाता है-जब तक आचार्य, दीक्षा ग्रहण किया हुआ, परीक्षित ब्राह्मण व्रत उपवास आदि चर्याओं को सम्पन्न करके, महादेव के पञ्चमुखों में, दक्षिणामूर्ति में सद्योजात आदि सूत्र के द्वारा, अन्य चारों मूर्तियों से संस्कार करके, भस्म से पुनः संस्कार करता है, उत्पत्तिलिङ्ग आदि का विभेद करके मन्त्र सुनाता है-इस काल तक भविष्यकाल की व्याख्यास्यामः शब्द में निहित सीमा है। भविष्यकालवाची 'स्या' कहा जाता है 'मः' जो विभक्ति है, प्रतिज्ञा अर्थ में है। उत्थान आदि गुणों में पूर्णरूपेण व्यवस्थित व्याख्येयतत्व के सम्यक् क्रमशः वक्ता भगवान् ही हैं। स्थूलोपाय पूर्वक होने से, सूक्ष्मविधेय के ज्ञान का, पूर्व आश्रम के नियमों का प्रतिषेध करने के लिये, आश्रम मार्यादा का अतिक्रमण करते हुये, यम, नियम की सिद्धि करते हुये, पहले विधि को कहा जायेगा। इस तरह पदार्थों का उपन्यास समाप्त हुआ ।।१।।

यह कथन कि ज्ञात अंश का विधि के अनुरूप व्याख्यान करेंगे इसमें यह विचारणीय है कि इसका आदि क्या है? मध्य या अन्त क्या ह? विधि [क्रिया] कितने अङ्ग वाली है? प्रत्युत्तर में कहा गया है-

---

१. न्यायदर्शन में अनुमान के तीनों भेद किये गये हैं। वैशेषिकों में प्रशस्तपाद भाष्य पृ० १६9 ''दृष्ट सामान्यतो दृष्टं च''।

२. यहाँ प्रतिभा विशेष रूप से स्वीकार्य है।

भस्मनिशयीत [अ० १, सू० २] परिभूयमानारचरेत् [निन्दामध्यो], [अ० ३, सू० ५], उन्मत्तोमूढ इत्येवं मन्यन्ते इतरे जनाः [अ० ४, सू० ८] विधि है। यह विधि भी तीन अङ्गों वाली है–दान, यजन, तप। यदि प्रश्न हो कि यह कैसे ज्ञात हो रहा है?। जैसाकि सूत्र के आरम्भ से ही ज्ञात है-

भस्मना[1] त्रिषवणं स्नायीत भस्म से तीन समयों [प्रातःमध्यान्ह संध्या] में स्नान करें। ॥ २ ॥

भस्म एक सुन्दर द्रव्य है जो अग्नि और ईधन के संयोग से बनता है। वह परकृत भस्म भी गृहीत है। वह पार्थिव हो, भुक्त और दीप्तिमान हो। जैसे ग्राम से जाकर भिक्षा ली जाती है उसी प्रकार भस्म भी लेना चाहिये। स्नान, शयन, अनुस्नान आदि कृत्यों में उपयोगी और निष्परिग्रह होने के कारण तथा पाशुपत साधक सभी परिग्रहों से मुक्त रहता है एवं उत्कृष्ट, पवित्र, और हमारा साधन है इसलिये प्रभूत मात्रा में ग्रहण करना चाहिये। यदि प्रभूत मात्रा में न मिले तो स्वल्प ही ग्रहण करना चाहिये।

इसको तुम्बी या चमड़े के पात्र अथवा वस्त्र में रखना चाहिए।

यह प्रश्न है कि भस्म का क्या उपयोग करना चाहिये?

यह करण में तृतीया है इसलिये कर्ता की क्रिया का आदेश है जैसे बसुला से छीलना और बुद्धि के द्वारा आवरण, बुद्धयापिधानम्। यह प्रश्न होता है कि किस समय वे [भस्म स्नानादि] क्रियायें करनी चाहिये?। तीन समयों में, यहाँ द्विगुसमास है संख्यावाची है, सवन [शब्द से] काल निर्देश है। सन्ध्या तीन है [प्रातः मध्यान्ह और सायं] तीन सवन का, तीन सन्ध्या अथवा त्रिकाल अर्थ है। यहाँ तीन काल में क्या करना चाहिये?। भस्म से स्नान करें। पवित्रता सम्पादक स्नान, शरीर में आगन्तुक मल, तेल, चमड़े या गन्ध आदि का भस्म से अपकर्षण करना चाहिये। भस्म रूपी द्रव्य से सर्वाङ्गों का संयोग स्नान है। परमार्थ रूप से स्नान का विचार करने से यह केवल शरीर अपकर्षण मात्र ही नहीं है अपितु पुण्यजनक होने के कारण आत्मपवित्रता जनक एवं अध्यात्मिक धार्मिक कार्य

---

१. इससे सिद्ध होता है कि यह मत वैदिक है। अभिनवगुप्त के तन्त्रालोक में इसकी पुष्टि की गयी है।

है [अ० ५, सू ३१] केवल [अ० १, सू० १८] स्नान, पाप आदि कालुष्य को दूर करता है। कार्यकरण [स्नान भस्म] के द्वारा व्यपदेश से आत्मा की व्याख्या करते हैं। 'इत' विभक्ति, आज्ञा, नियोग अर्थ में है। नियोग अर्थात् आदेशानुसार कार्य नियत होने के कारण यह नियम है। कैसे यह अर्थ प्राप्त है?। अन्यतन्त्रों में सिद्धि की गयी है क्योंकि भस्म से आत्मशुद्धि यह निःश्रेयस मार्ग का कारण है। भस्म से ही स्नान करना चाहिये अर्थात् पानी से नहीं करना चाहिये। यह आत्मसंस्कार जनक है।

प्रश्न है- क्या भस्म से केवल स्नान किया जाय? उत्तर है– अधोलिखित है-

भस्मनि शयीत

[भस्म में ही शयन करें] ॥ ३॥

यहाँ भस्म उसी प्रकार का है इसका निर्वचन पहले कर दिया गया है [अ० १, सू २] भस्म से [सप्तमी] औपश्लेषिक ढेर, भस्म संकलन का वाची है। ''इत'' विभक्ति आज्ञा और नियोग अर्थ में है। रात्री में भस्म संकलन पर ही शयन करना चाहिये अन्यत्र नहीं। कहा भी है-

''मृत्यु के भय से भीत मृग एक स्थान पर नहीं रहता, वे रात्रि में निद्रा नहीं प्राप्त करते, उसी प्रकार ध्यानलीन यति को संसारमय प्राप्त करके, उसे निद्रा नहीं प्राप्त करनी चाहिये।''

अपरञ्च विशेष अर्थ के साथ पाशुपतसाधक एक महान उद्देश्य की प्राप्ति में निरत है। कहा गया है-''उन व्यक्तियों को जिनको विशेष प्रयोजन प्राप्ति की इच्छा है उनके नेत्रों में चिरकाल तक निद्रा नहीं रहती, उत्तम जाति के घोड़ों के समान जो अर्धरात्रि में आधे लेटे रहते हैं उन व्यक्तियों की आंखों में निद्रा चिरकाल तक नहीं ठहरती जिन्हें अपना विशेष प्रयोजन प्राप्त करना है।''

इसलिये अच्छी तरह साफ किये हुये भूप्रदेश पर आवश्यक सामग्री का संयोजन कर, दिन में ही पवित्र कर, भस्म बिछाकर अध्ययन-अध्यापन आदि का अभिनिवेश रखता हुआ उनमें लगे चित्त से तथा प्रवचन, चिन्तन और भावानिवेश से थक जाने पर बाहों का तकिया बनाकर सद्योजात और पञ्चस्त्रोत आदि ऊर्ध्वमुख ज्ञान को सुसंस्कृत कर रात्रि में शयन करना चाहिये। यदि यह

पूछा जाय कि वह क्यों ऐसा करेगा? तो उत्तर होगा-तप के लिये उच्च भूप्रदेश में पवित्रमय उच्चभूमि में विश्राम के लिये रहना चाहिये। सम, विषम, निम्नोनन्त [सिर ऊँचा और पैर नीचा] भूमि में एक प्रहर और दो प्रहर सोना चाहिये यह अभिप्राय है ।।३।।

क्या भस्म के द्वारा स्नान और शयन दो ही प्रयोजन है या और कोई भी?। यदि तीनों सवनों में स्नान किया परन्तु उसके बाद भी अपवित्र रहा तो उसको दूर करने के लिये क्या किया जाय?।

अनुस्नानम् ।।४।।

मन्त्रादि स्नान के समान स्नान करें यहाँ 'अनु' पश्चात्कालीन कर्म के द्योतन के लिये होता है जैसे अनुयान और अनुगमन है। स्नान का तात्पर्य तो भस्मरूपी द्रव्य का संयोग ही है। तीन स्नानों के अन्तरालों में भोजन के कारण मुंह जूठा हुआ, छीकें आयी, थूक, नाक, कान आदि से मलमूल-पुरीष आदि का उत्सर्जन किया, इस कारण से अनुस्नान का विधान किया। यह किसके लिये है?। शौच के लिये, अपने स्वरूप की अभिव्यक्ति के लिये। क्या भस्म ही एक वस्तु है जिससे अपने स्वरूप और चिन्हों की अभिव्यक्ति होती है। शक्ति के संवर्धन के लिये अथवा जो निहित है उसका कोई साधन है इसीलिये कहा गया-

निर्माल्यम् ।।५।।

यहाँ भस्म की तरह निर्माल्य लोकादि में प्रसिद्ध है, 'निर' यह उपसर्ग निर्मुक्त वाची है, माल्य यह पुष्प समूह का पर्याय है। वह दूसरे के द्वारा कारणमूर्ति पर चढ़ाया गया और वहाँ से उतारे गये जो कमल आदि है और जिनको नहीं धारण करना चाहिये वे निर्माल्य हैं। परन्तु भस्म और निर्माल्य से उसके स्वरूप की अभिव्यक्ति होती है यह कैसे सिद्ध हुआ? तो जैसा कि कहा गया है-

लिङ्गधारी ।।६।।

यहाँ पर वर्णाश्रम मे शिष्ट दूसरे व्यक्तियों के विशिष्ट आश्रम से सूचक चिन्ह होते हैं जैसे गृहस्थ के तीन वस्त्र और बांस का दण्ड, जलसहित कमण्डलु, दाढ़ी मूंछे बाल आदि रहित रहना, यज्ञोपवीत आदि चिन्ह हैं। जैसे ब्रह्मचारियों के लिये दण्ड-कमण्डलु, मौञ्जी, मेखला, यज्ञोपवीत, कृष्ण मृगचर्म आदि चिन्ह हैं। वानप्रस्थ के लिये करीर [जलपात्र] वस्त्र, वलकल, दाढ़ी जटाधारण आदि

स्वरूप उनके चिन्हों की अभिव्यक्ति हैं, संन्यासी भिक्षु त्रिदण्ड, मुण्डीत केश, कमण्डलु, कषायवस्त्र, जलपवित्र, स्थल पवित्र चिन्ह हैं। इसी तरह यहाँ पाशुपत योग के प्रकरण में जो लिङ्ग [चिन्ह] कहा गया उसमें आश्रमों का प्रतिविभाग करने वाला भस्मस्नान, शयन, अनुस्नान, निर्माल्य एवं एकवास, अपने शरीर में लीन कर लिप्त है, आदि पाशुपत चिन्हों से लौकिक ज्ञान की उत्पत्ति होती है। लीन होने के कारण, चिन्हित होने के कारण साधक लिङ्गधारी होता है जैसे दण्डधारी ।।६।।

पूर्वपक्ष– स्नान, शयन, अनुस्नान आदि कार्य कहाँ करने चाहिये,? निर्माल्य का अर्जन कहाँ से करना चाहिये?। लिङ्गधारी [साधक] को कहाँ निवास करना चाहिये। इस सम्बन्ध में कहा जाता है–

आयतनवासी ।। ७ ।।

जो यहाँ प्रस्तुत है भस्म निर्माल्य की तरह आयतन भी लोकप्रसिद्ध है आङ्:[लुट] मर्यादा अर्थ [उपसर्ग] में है। चूंकि गृहस्थ, वानप्रस्थ, संन्यासी आदि सभी आश्रयी, प्रयत और नियत तथा साधु आचार सम्पन्न भी अपनी–अपनी मर्यादा में रहते हैं। तथा शान्तिक पौष्टिक आदि क्रियाओं से यज्ञ करते हैं। यज्ञ करने के कारण ही आयतन कहा जाता है। परकृत आयतन में भी निवास करना चाहिये इसलिये वासी, आयतन का परिग्रह करें। भूप्रदेश, आकाश के नीचे, पेड़ के नीचे बाहर प्रदक्षिणा करके कहीं निवास करता हुआ सज्जनों की मर्यादा से आयतन वासी होता है जैसे पुलिनवास, इससे पुण्यफल की प्राप्ति शीघ्र ही होती है कहा है–

ग्राम में या अरण्य में भक्तों के रहने का [पाशुपत] पुण्यस्थान है। धर्म से तृप्त साधक का आवास अति उत्कृष्ट सिद्धि क्षेत्र है ।। ७।।

प्रश्न यह है कि–उस आयतन में निवास करते हुये साधक की क्या क्रियायें होनी चाहिये?। क्या स्नानादि उपलेपन आदि अन्य कोई विशिष्ट क्रिया करनी चाहिये?। इनका क्या कोई विशिष्ट प्रयोजन है? उसे कह रहे हैं–

हसितगीतनृत्तडुंडुंक्कार नमस्कारजप्योपहारेणोपतिष्ठेत् ।।८।।

प्रारम्भ में तीनों सन्ध्याओं मे सद्योजाताहि मन्त्रों से संस्कृत कर भस्म लगाकर [स्नान करके] जप करते हुये आश्रम में जाना चाहिये। वहाँ पहुँचकर पूर्वाजप

के अनुसार प्रत्याहार हेतु ऊँ ऊँ ऊँ जपना चाहिये। हसित आदि करके जो पश्चात् में जप्य है उसी को उसके निगमन के लिये जपना चाहिये। यहाँ कंठ और होठों का फुलाना जो अट्टहास कहलाता है वही हसित है। यहाँ पर महेश्वर की सभा में गुणधर्मादि क्रियाओं के निमित्त क्रियाओं के चिन्तन तथा गान्धर्वशास्त्र के नियमानुसार नाम स्मरण गीत है। संस्कृत, प्राकृत, स्वनिर्मित या परनिर्मित जो कुछ गाया जाये गेय हैं। नाट्यशास्त्र के नियमानुसार हाथ, पैर आदि का उत्क्षेपण [ऊपर उठाना] सिक्रोड़ना, फैलाना, चलना इत्यादि क्रियायें हैं। नियमानुसार गेय के साथ ही साथ नृत्य का भी प्रयोग करना चाहिये। डुंडुंक्कार, जिह्वा के अग्र और तालु के संयोग से पुण्यजनक वृषभध्वनि की तरह निष्पन्न ध्वनि एक क्रिया है। डुंडुंकार है। कार शब्द हुडुकार को उपहार के अंग के रूप से निवृत्ति करने के लिये कहा गया। यह उपहार का एक अङ्ग है। नमस्कार अधर से मन्द उच्चारण के साथ करना चाहिये। मानस नमस्कार ही नमस्कार है। कार शब्द उपांशु से प्रतिषेध हेतु है। यह मानस भाव का अंग है। सद्योजाताद्विजोन्मन्त्रो की अक्षरपंक्तियों में मन से भाव संचार या विचार की क्रिया का नाम जप है। 'उप' यह विशेषण क्रियाओं के संकलन अर्थ में है। उपहरण का अर्थ उपहार है। साधक, अपने को केवल निमित्त मात्र रखते हुये इष्ट को अर्पित करता है उसे उपहार कहते हैं। उपतिष्ठेत् शब्द से उसका अर्थ है पास पहुँचना अर्थात् विधिपूर्वक प्रणाम करता हुआ विनत होता हुआ। तिष्ठेत् का अर्थ है एकाग्रता के साथ अर्थात् प्रत्याहार के द्वारा सम्पूर्ण दृष्यप्रपञ्च के अभाव में स्थित। सभी इन्द्रियों की वृत्तियों की क्रिया का प्रत्याहार करके शारीरिक मानसिक और वाचिक क्रियाओं से आहार करके मृत्यु के समान उपहार की स्थिति में रहना चाहिये। अपसव्यरूप से प्रदक्षिणा करना चाहिये। प्रश्न होता है-किसका निर्माल्य धारण करना चाहिये किस प्रकार के आयतन में रहना चाहिये? किसकी उपासना करनी चाहिये?

महादेवस्य दक्षिणामूर्त्तेः ॥ ९॥

यहाँ महान् अतिशय अर्थ में है, सभी क्षेत्रज्ञों में उकृष्ट तथा उससे भिन्न है अतः वह महान् है। ऋषि विप्रो महान् [अ० ५, सू० २६] ब्रह्मणोऽधिपति 'ब्रह्मा', [अ० ५, सू० ४४] सदाशिव है विशेषत्व है, जिसे आगे कहेंगे। यहाँ देव शब्द 'दिवु क्रीडाया' धातु से निष्पन्न है क्योंकि देव लीला स्वभाव का है जैसे अग्नि का धर्म उष्णता है वैसे ही देव का धर्म लीला है। लीलामय भगवान ही विद्या,

कला, पशु संज्ञक त्रिविध कार्यों को उत्पन्न करता है अनुग्रह करता है और तिरोभाव करता है। ''बिना किसी प्रवृत्ति से प्रेरित हुये उस लोक के साथ जो विभिन्न प्रवृत्तियों से प्रेरित होता है, भगवान लोक [संसार] के साथ वैसे ही क्रीड़ा करता है जैसे बालक खिलौनें के साथ, देवस्य इस पद में षष्ठी विभक्ति है। यहाँ स्व-स्वामी भाव सम्बन्ध है। परिग्रह अर्थ में ही षष्ठी विभक्ति है। यहाँ दक्षिण शब्द दिशा के प्रतिविभाग अर्थ में आया है, आदित्य दिशाओं का विभाजन करता है, दिशायें मूर्ति को विभाजित करती हैं। मूर्ति का अभिप्राय है देव [शिव] के दक्षिण पार्श्व में उर्ध्वमुख उपस्थित होने पर स्वरूप उपलब्ध होता है अर्थात् वृषध्वज, शूलपाणि, नन्दिमहाकाल, उर्ध्वलिङ्ग इत्यादि लक्षण अथवा लौकिक जन महादेव के आयतन को ही मूर्ति कहते हैं। उस आयतन में ही उपस्थित होना चाहिये। दक्षिणमूर्ति शब्द के ग्रहण से पूर्व, पश्चिम तथा उत्तर दिशा में विद्यमान-मूर्तियों का प्रतिषेध होता है। मूर्ति के विधान से, मूर्ति के अभाव में विधि का लोप हो जायेगा। विधि का अर्थ है पूर्वोपदिष्ट भस्म स्नान के उपदेश से जल इत्यादि से विहित स्नान आदि विषयों का प्रतिषेध, भस्म शयन के उपदेश से विषय शयन इत्यादि का प्रतिषेध होता है। हसित आदि के उपदेश से अन्य उपहारों का प्रतिषेध किया गया है, निर्माल्य के उपदेश से प्रत्यग्र [ताजी, अभिनव] माला का प्रतिषेध किया गया है। भस्म में निर्माल्य के विधान से अन्य प्रकार के चिन्हों का प्रतिषेध किया गया है। महादेव शब्द के ग्रहण से अन्य देवता के प्रति भक्ति का प्रतिषेध किया गया है, दक्षिणमूर्ति शब्द के उल्लेख से पूर्व एवम् पश्चिम दिशा में विद्यमान मूर्तियों का प्रतिषेध किया गया है। इस प्रकार दीक्षामूर्ति ऐसा करने पर इस पाशुपत उपदेशकर्ता के पूर्वप्रसिद्ध नियम, इन नियमों से प्रतिसिद्ध हो जाते हैं। जिस प्रकार कीलक, प्रतिकीलक से, पुराण उदक, नव उदक से प्रतिसिद्ध हो जाता है।

यहाँ यह भस्म प्रकरण समाप्त हो गया ॥

कहा है-''नियम के अभिधान से ही संशय उत्पन्न होता है कि जहाँ यम होते हैं वहीं नियम आते हैं क्योंकि दोनों मिथुन भाव से ही उपस्थित होते हैं। इसलिये ऐसा नहीं होना चाहिये किन्तु प्रश्न उठता है कि इस तन्त्र में कौन से यम माने जाते हैं तो कहा गया है अहिंसा आदि प्रसिद्ध यम हैं-यहाँ अन्य के मत में ही अहिंसा, ब्रह्मचर्य, सत्य, असंव्यवहार तथा अस्तेय इन्हीं पाँच को यम

कहा जाता है[1] एवम् 'अक्रोध, गुरुशुश्रूषा, शौच, आहारलाघव तथा अप्रमाद[2]–इन पाँच को नियम कहा जाता है।'

ऐसा हम लोगों में नहीं मान्य है क्योंकि नियम की निवृत्ति दिखाई देती है। इस तन्त्र में कालान्तरित नियम समाप्त हो जाते हैं क्योंकि 'देहपात से पूर्व यमों की निवृत्ति नहीं होती।' यह प्रश्न है कि– किस कारण से? तो उत्तर में कहा– हिंसादि दोषों के कारण। इसीलिये अहिंसादि दस नियमों का पालन करना चाहिये। किन्तु यदि इस प्रकार मानें तो नियमों के निवृत्त हो जाने पर भ्रष्ट-नियम व्यक्ति का पतन हो सकता है। इसीलिये कहा कि प्रयोजन के समाप्त हो जाने के कारण उसके पतन का अवसर नहीं आयेगा। चूंकि नियम प्रधान होते हैं इसलिये कहा गया है कि ''यमों में असक्त नियम वाला व्यक्ति पतित हो जाता है किन्तु नियमों के प्रति आलस्य भाव रखने वाला भी यदि यमवान है तो उसका पतन नहीं होता।'' इस कारण से यम और नियम की बुद्धि से समीक्षा करके, यम बहुल होकर के बुद्धि का अभिसन्धान करना चाहिये अतएव पतन का प्रसंग ही नहीं है। प्रसिद्ध यम अहिंसा इत्यादि हैं। प्रश्न यह है कि क्यों यमों को प्रसिद्ध कहकर स्वीकारते

---

१. अथर्वशिर उपनिषद् में ''महापाशुपतव्रत'' के अन्तर्गत भस्म की महिमा का अवगाहन है यथा- अथर्वशिर उ० ६७ ''व्रतम् एतत् पाशुपतम्। अग्निरिति भस्म वायुरिति भस्म जलमिति भस्म स्थलमिति भस्म व्योमेति भस्म सर्व ह वा इदं भस्म मन इत्येतानि चक्षूषि भस्मान्यग्निरित्यादिवा भस्म गृहीत्वा विमृज्याङ्गानि संस्पृशेत्तस्माद्व्रतमेतत् पाशुपतम्''।।६७।।
जाबाल्योपनिषद्, १९ शांभवव्रतम्।
जाबाल्योपनिषद्, २२ भस्मधारणफलम्।
''त्रिपुण्ड भस्मना करोति यो विद्वान ब्रह्मचारी गृही वानप्रस्थो यतिर्वा स महापातकोपपातकेभ्य: पूतो भवति।-२२ वृहद्ज्जाबालोपनिषद, भस्मस्नान विधि' १४, १५, १६, भस्मजाबालोपनिषद् द्रष्टव्यू प्रथम अध्याय। उपर्युक्त उद्धरणों से प्रकट होता है कि औपनिषदिक काल से अन्तिम सोपान में ही पाशुपतों में भस्मधारण, स्नान और भस्म संस्कार की परम्परा विद्यमान थी जो लकुलीशपाशुपतो में पूर्णत: विकसित हुई उसे एक तान्त्रिक परिवेश प्राप्त हुआ।

२. पातञ्जल योगदर्शनम्, साधनपाद, २९,३०, अष्टांग योग के अन्तर्गत यम-नियमों को परिगणित किया गया है यथा-''यमनियमासन प्राणायाम प्रत्याहार धारणा ध्यान समाधयोऽष्टावङ्गानि ।। २९।। अहिंसासत्यऽस्तेयं ब्रह्मचर्य परिग्रहा यमा ।। ३०।। साधनपाद; यहाँ अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह पाँच यम हैं।

हैं। अथवा यमों का सर्वज्ञ के द्वारा उक्त जो स्वरूप है उसको ही स्वीकारते हैं। यदि अन्यत्र प्रसिद्ध है तो कहाँ किसके माध्यम से इस विषय में चिन्तन किया जाता है। उत्तर [में कहा गया] है कि "किये गये उपदेशों से"। जिसका उपदेश "कृतान्नमुत्सृष्टमुपाददीत [अ ४, सू ४] सूत्र से किया गया है। जिनका प्रतिषेध नहीं किया गया अथवा किया गया है, इसीलिये सम्पूर्ण हिंसा तन्त्र में प्रतिसिद्ध माननी चाहिये। वह हिंसा तीन प्रकार की है–दु:ख उत्पन्न करना, अण्डभेद करना और प्राणनिर्मोचन करना। इसमें दु:खोत्पादन का तात्पर्य आक्रोश तर्जना, ताड़न, निभर्त्सन इत्यादि है। यद्यपि इसके बहुत से भेद हैं तो भी चार प्रकार के प्राणी [अण्डज, उद्भज्], पृथ्वी फाड़कर उत्पन्न होने वाले वृक्ष इत्यादि, स्वेदज [ढ़ील इत्यादि] जरायुज [मनुष्य झिल्ली से उत्पन्न] के प्रति मानसिक, कायिक, कर्मों के द्वारा द्रोह करना, दु:खोत्पादन नामक हिंसा है। इन प्राणियों के प्रति उक्त का न करना अहिंसा होती है। अण्ड-भेद से तात्पर्य है दाह, ताप, धूप, धूमोपरोध इत्यादि के परिहार के लिये, अग्निकरण, आदान, सम्प्रदान, धौंकना, न करे और न करावे। प्राणनिर्मोचन का अर्थ है वस्त्र, छींका, भस्माधार, भिक्षापात्र इत्यादि का पुन:-पुन: सुव्यवस्थित करना। किन्तु सूक्ष्म विचरण करने वाले प्राणी शीघ्र ही नष्ट हो जाते हैं। इस सूक्ष्म अंगों वाले प्राणी [धब्बे की तरह के प्राणी] पंख, चामर, तालवृन्त अथवा वस्त्रों से बार-बार साफ करने से विलीन हो जाते हैं वे हरित तृण अथवा असिञ्चित प्रदेश में विद्यमान रहते हैं। वसन्त, ग्रीष्म, हेमन्त तथा शिशिर के आठ महीने में भिक्षु को विचरण कना चाहिये। समग्र भूतों के प्रति दया की दृष्टि से वर्षा में एक स्थान पर निवास करना चाहिये।

"जो ब्राह्मण योग दीक्षित होकर वर्षा ऋतु में एक स्थान पर निवास करता है वह इस प्राजापत्य प्रायश्चित्त के द्वारा पापों से मुक्त हो जाता है।"

"यदि किसी आपत्ति काल में शारीरिक भय दिखे या कोई अन्य दुर्दिन हो या राष्ट्रभंग हो तो [विप्लव] वर्षा ऋतु में भी भिक्षु को विचरण करना चाहिये।"

"अन्धकार मार्ग की ओर तथा बिना देखे भू-भाग की ओर विचरण नहीं करना चाहिये, पवित्र जलों से अपने समग्र प्रयोजनों को नित्य सम्पन्न करना चाहिये।"

''अपवित्र जल का संग्रह करने वाला एक वर्ष मत्स्यवबन्ध[१] के द्वारा पाप को एक ही दिन में प्राप्त कर लेता है।''

दृष्टि से पवित्र स्थान पर चरण रखें, वस्त्र से पवित्र जल को पीयें, सत्य से पवित्र वचन बोलें और मन से पवित्र आचरण करें।[२]

''ब्रह्मत्व से प्राप्त जन भी यदि हिंसक है तो भी ब्रह्म से निवृत्त हो जाते [पुनः जन्म प्राप्त कर लेते] हैं। इसीलिये अपवित्र जल को योगवेत्ता कभी भी उपयोग में नहीं लाता।''

''नष्ट होने पर [यमच्युत हो जाने पर] नदी प्रवाह [किनारा] गृहस्थों का घर, या साधु-पुरुषों की मंडली इन स्थानों पर पवित्र भाव से एक बार भोजन ग्रहण करना चाहिये।''

''काण्ड, कन्द एवं खाने वाले खाद्य तथा पके हुये बीज इन सबको परिवर्जित कर देना चाहिये।''

''जब सभी भूतों [प्राणियों] के प्रति दारुण, द्रोह, मन, वचन, कर्म में न उत्पन्न हो तो तब वह योगी ब्रह्मत्व प्राप्त कर लेता है।''

''जो स्थावर एवं चर प्राणियों की हिंसा नहीं करता है तथा सबको अपने समान देखता है, वह अमृत कल्प हो जाता है।''

''यज्ञ एवं दान से, तप एवं अग्निहोत्र से, ब्रह्मचर्य एवं सत्य वाक्यों से, वेद-विद्या के अध्ययन तथा व्रत से प्राप्त होने वाले व्रत हिंसक व्यक्ति को नहीं प्राप्त होते।''

''कोई व्यक्ति सोने के सुमेरुपर्वत तथा सम्पूर्ण वसुन्धरा तथा रत्न से पूर्ण समुद्र को दान कर देने पर भी अहिंसा के समान फल नहीं प्राप्त करता।'',

इस प्रकार तन्त्र में अहिंसा प्रतिष्ठित हुई।

२. इसी प्रकार ब्रह्मचर्य भी तन्त्र में सिद्ध है। कैसे? [किस कारण से] स्त्री के प्रतिषेध से [अ॰ १, सू॰ १३ स्त्री शूद्रं नाभिभाषेत्] और इन्द्रियों के जय

---

१. द्रष्टव्य– तत्रैव साधनपाद।
''शौच, सन्तोष, तप, स्वाध्याय तथा ईश्वर प्रणिधानि नियमाः।।३२।।

२. कुशल या विद्वान मनुष्य।

के उपदेश से [अ० ५, सू० ७ इन्द्रियाणांमभिजयात्] त्रयोदश करणों के अनुत्सर्ग [निग्रह] को ब्रह्मचर्य कहा गया है। विशेष रूप से यहाँ जिह्वा और उपस्थ अर्थ है। यहाँ विशेष ग्रहण किस प्रयोजन से किया गया है। अर्थात् त्रयोदश करणों के अनुत्सर्ग को ब्रह्मचर्य कहकर, जिह्वा एवं उपस्थ का विशेष ग्रहण किस प्रयोजन से किया गया है? इस प्रश्न का उत्तर यह है कि प्रधान होने के कारण। अन्य करणों के मूल में इनकी प्रवृत्ति है, इन्हीं दोनों [जिह्वा एवं उपस्थ] के कारण अन्य इन्द्रियों की प्रवृत्ति होती है। [परन्तु प्रश्न है] कैसे?। जिह्वेन्द्रिय अथवा उपस्थेन्द्रिय के विषय में आसक्त व्यक्ति तेरह कारणों के विषय में प्रवृत्त रहता है। इसीलिये कहा गया जिह्वा अथवा उपस्थ का विशेष रूप से निग्रह करना चाहिये।

चूंकि 'जिह्वा एवं उपस्थ के कारण ही समग्र देहियों का पतन होता है इसीलिये मनुष्य को चाहिये कि जिह्वा एवं उपस्थ शत्रु के समान मानें।''[१]

अथवा सम्पूर्ण वृत्तियों में मन के होने के कारण मन का निग्रह कर लेने से सम्पूर्ण वृत्तियों का निग्रह हो जाता है।'

कहा गया है-सभी इन्द्रियों, शुभ और अशुभ अवस्थाओं में, उनकी प्रवृत्ति के मूल में मन ही रहता है, यह मेरे लिये सुनिश्चित है। पुनः कहा गया है-''इन्द्रियों के द्वारा प्रसृत [प्रसारित] एवं इन्द्रियों से निवृत दुःख एवं सुख [प्राणी को प्राप्त होते हैं] इसलिये इन्द्रियों के विषयों से अपनी आत्मा का नियंत्रण, अपनी आत्मा से करना चाहिये।''

''जो भी स्वर्ग या नरक हैं वे सब इन्द्रियकृत हैं इनका निग्रह या विसर्जन क्रमशः स्वर्ग और नरक का प्रापक होता है।''

''इन्द्रियों के प्रसंग से ही निश्चित रूप से जन्म दुःख, मृत्यु का भय होता है अतः इन इन्द्रियों को जीतना चाहिये।''

''इन्द्रियों के प्रसङ्ग से ही निश्चित रूप से जन्म दुःख, मनुष्य दोषापन्न होता है किन्तु उन्हीं का नियन्त्रण कर लेने पर वह सिद्धि को प्राप्त कर लेता है।''

---

१. द्रष्टव्य -पातञ्जल योगदर्शनम्, साधनपाद २९ एवम् साधनपाद ४९

''जो बुद्धि स्त्रियों में रमण करती है वह मानवों के बन्धन हेतु रज्जु का कार्य करती है। कृति जन इस रज्जु को तोड़ पाने में समर्थ होते हैं किन्तु दुष्कृति व्यक्ति इसका परित्याग नहीं कर पाता।''

''स्त्री के कारण व्यक्ति ग्रामों का परित्याग करता है। क्रयों विक्रय करता है, समग्र अनर्थों की मूल स्त्री होती है इसलिये प्राज्ञ [बुद्धिमान] पुरुष स्त्री का आलिङ्गन नहीं करता।

''विष, अग्नि, तलवार, बाण, स्पष्ट रूप से भयङ्कर होते हैं किन्तु माया रूपी स्त्री इन सबसे भयङ्कर होती है।''

''अमेध्यता से पूर्ण [अपवित्रता], कीटाणुओं से भरपूर, स्वभाव से दुर्गन्ध प्रधान, अशौच एवं अध्रुव [क्षणभङ्गुर] मूत्र एवं पुरीष के पात्र शरीर में मूर्ख जन ही रमण करते हैं पण्डित जन नहीं।''

''स्त्री को देखकर व्यक्ति जितनी मादकता का अनुभव करता है उतनी मादकता का अनुभव सुरापान के बाद भी नहीं कर पाता है इसलिये दर्शनमात्र से मदपूर्ण कर देने वाली नारी को दूर से ही प्रणाम कर देना चाहिये।''

''अधोमुखी, दन्तविहीन, जघनों के बीच में विचरण करने वाले समग्र शास्त्रों से अचिकित्स्य भगसर्प [लिङ्ग] ने समग्र जगत को डंस दिया है।''

''लोमश [रोमयुक्त] कुरूप, दुर्गन्धपूर्ण, कुत्सित चर्म वाले, मृगी का पग भाग जिसका परिमाण है, ऐसे इस लिङ्ग ने सम्पूर्ण जगत को अन्धा बना रख्खा है।''

''नारी दीप्त अङ्गार के समान तथा पुरुष घृत से पूर्ण कलश के समान है जो इसमें आसक्त हुये, वे विलीन हो गये जो इससे तटस्थ हुये वे स्वर्ग गये।''

''जिस प्रकार अग्नि स्नेह से समृद्ध होकर महाज्योति को प्रकाशित करता है उसी प्रकार इन्द्रियों के निरोध से स्वात्म ज्योति का प्रकाशन होता है।''

ब्रह्मचर्य में ही धैर्य स्थित होता है तथा ब्रह्मचर्य में ही तप स्थित होता है इसलिये जो ब्राह्मण ब्रह्मचर्य में स्थित रहता है वह स्वर्ग में स्थित होता है।''

''जो ब्राह्मण ब्रह्मचर्य का पालन करते हैं वे क्षीर का मधु का अमृत के

साथ सोम का पान करते हैं तथा मृत्यु के समक्ष अमर बन जाते हैं।

इस प्रकार ब्रह्मचर्य तन्त्र में सिद्ध होता है।

३. तथा सत्य भी तन्त्र में सिद्ध होता है वह दो प्रकार का होता है उदाहरण के लिए परिदृष्ट वस्तु का वास्तविक कथन तथा वाक् सत्य इसमें परिदृष्ट भूतार्थ वचनरूपी सत्यतन्त्र में सिद्ध होता है। किस प्रकार से व्याख्यानों के उपदेश से [अ० १, सू०] तथा विद्वानों के उद्देश्य से [अ० ३, सू० १९] इसी प्रकार वाक् सत्य भी तन्त्र में सिद्ध होता है। कैसे? वाग्विशुद्धि के उपदेश से [अ० ५, सू० २७] यहाँ अपने शास्त्र में उक्त कहने पर असत्य भी सत्य बन जाता है। कैसे शुद्धि के वृद्धि कर होने के कारण। जैसा कि कहा है-

''दया के लिये निगदित [उक्त] असत्य से यदि वह सम्पूर्ण प्राणियों के हित में है, स्वर्ग को प्राप्त करता है किन्तु यदि सज्जनों के विनाश के लिये, उक्त सत्य से भी स्वर्ग में नहीं जाता।''

पुनः कहा गया है -

''गो एवं ब्राह्मण के लिये, स्त्रियों के प्रति विवाहकाल में, प्राणों पर संकट के काल में तथा सम्पूर्ण धन के अपहार [चोरी] के काल में, ये पांच असत्य पातक नहीं होते।''

''सत्य बोलना चाहिये, प्रिय बोलना चाहिये किन्तु अप्रिय सत्य नहीं बोलना चाहिये एवं असत्य प्रिय नहीं बोलना चाहिये, यह सनातन धर्म है। जैसा कि प्रतीत होता है ''प्राणियों के हित में उक्त असत्य भी सत्य हो जाता है उसी तरह-यहाँ हमारे स्वशास्त्रोक्त भाषणगत असत्य भी सत्य बन जाते हैं कैसे? विधि-विहित होने के कारण।

इस प्रकार यह भी तन्त्र में सिद्ध होता है।

४. असंव्यवहार भी तन्त्र में सिद्ध है। कैसे? अव्यक्त प्रेम [अ० ३ सू०। एवं २], उन्मन्त मूढ़ों के उपदेश से [अ० ४ सू० ६, ८], इस लोक में अव्यक्त प्रेम एवं 'उन्मत्तमूढ़ संव्यहार नहीं करते। इसलिये असंव्यवहार तन्त्र में सिद्ध होता है। पुनः संव्यवहार दो प्रकार का होता है वह इस प्रकार - [१] क्रय-विक्रय संव्यवहार, [२] तथा राजकुल संव्यवहार। इसलिये एक के द्वारा भी अधिकृत आत्मपीड़ा या परपीड़ा अवर्जनीय होते हैं। इसमें यदि अपने को पीड़ित करता

है उससे इसी लोक में दु:खी होता है, यदि कहीं दूसरे को पीड़ित करता है तो दु:ख इत्यादि फलरूप अधर्म उसका बढ़ता है। इसलिये परलोक में भी तीव्र दु:ख का अनुभव करता है, अत: दोनों ही प्रकारों के संव्यवहार वर्जनीय है। कहा भी गया है -

"जो पाप करता है एवं जो पाप की प्रशंसा करता है, जो पाप में सहायक होता है वह समान रूप से पापी है।"

कहा गया है -" विक्रय में महान दोष है विक्रय से ही व्यक्ति का पतन होता है। यही दोष क्रय में भी है इसलिये क्रय एवं विक्रय दोनों परित्याग कर देना का चाहिये।"

"जो व्यक्ति प्रच्छन्न [गुप्त रूप से] यह जानते हुये पाप कर्म करता है कि कोई नहीं जान रहा है वह व्यक्ति जनापवाद से विमुक्त हो जाता है किन्तु उस पाप से मुक्त नहीं होता।"

पुन: कहा गया है–

"आदित्य, चन्द्र, अनल, अनिल, द्यौ: [स्वर्ग] भूमि, जल, हृदय, यम, दिनरात्रि तथा दोनों सन्ध्यायें ये सभी तथा धर्म मनुष्य के चरित्र को साक्षात् जानता है। जो आरम्भशील नहीं है, दम्भी नहीं है तथा शास्त्रों के द्वारा उपदिष्ट कर्मो को बिना हीन भाव से करता है तथा यम एवं नियमों में रत रहता है वह व्यक्ति अजर एवं अमर मुनि बन जाता है।"

इस प्रकार असंव्यवहार [अपाप] तन्त्र में सिद्ध होता है।

५. इसी प्रकार अस्तेय [अचौर्य] भी तन्त्र में सिद्ध होता है। कैसे? अवास के उपदेश से [अ॰ १, सू॰ ११] और अनुसृष्ट अन्न के प्रतिषेध से [अ॰ ४, सू॰ ७] यहाँ विद्यमान एक भी वस्त्र के जो गन्दगी से पूर्ण है उसका परित्याग करने की दृष्टि से अवास का उपदेश दिया जाता है। एक और भी बात है-परित्यक्त अन्न पान इत्यादि का उपयोग दीखता है इसलिये तन्त्र में अस्तेय सिद्ध होता है। स्तेय छ: प्रकार का होता है- १-अदत्तादान [बिना दिये हुए का ग्रहण करना], २-अनतिसृष्ट ग्रहण, ३-अनभिमत ग्रहण, ४-अनधिकार ग्रहण, ५-अनुपालम्भ, ६-अनिवेदितोपयोग। अदत्त के ग्रहण को अदत्तादान कहते हैं। अनतिसृष्ट ग्रहण है बालक, उन्मन्त, प्रमत्त, वृद्ध एवं दुर्बल जनों के वित्त का अपहरण। अनभिमत ग्रहण का अर्थ है-कीट, भ्रमर, पक्षी, पतंग इत्यादि का अनभिप्रेम द्रव्य का अपहरण।

अनधिकार प्रतिग्रह इस शास्त्र में बिना अनुज्ञा के गो, भूमि, सुवर्ण, द्विपाद एवं चतुष्पाद वस्तुओं का ग्रहण, अनुपालम्भ का अर्थ-कुहक, कल्कन, डिम्ब विस्मापन, वर्धायन इत्यादि के उपायों से दूसरे के सुवर्ण इत्यादि पदार्थों का ग्रहण है। अनिवेदितोपयोग का अर्थ है भक्ष्य-भोज्य, लेख्य, चोष्य, पेय में से किसी एक को भी गुरु को बिना दिये अपने उपयोग में लाना।

इस प्रकार स्तेय छः प्रकार का होता है। इन स्तेयों की परिवर्जना को आचार्यों ने अस्तेय कहा है। ऐसा होता भी है।

''जो यह धन है वह बाहर विचरण करने वाला प्राण ही है वह व्यक्ति उसका प्राण ही हर लेता है जो जिसके धन की चोरी करता है'' कहा गया है-''सर्वस्व अपहरण करने वाला, जीवन का अंत करने वाला ये दोनों ही समान कर्मा हैं इसलिये स्तेय को छोड़ देना चाहिये। चोर व्यक्ति के लिये दूसरा लोक नहीं है, दुरात्मा के लिये यह लोक नहीं है। समग्र भूतों के प्रति शंका रखने वाला द्रोहात्मा पाप ही होता है।''

''मृत्तिका, जल, यान, पत्र, पुष्प तथा फल इन सबकी पवित्रार्थी कार्यकारी व्यक्ति को चाहिये की असंवृत [अनढके] रूप से ग्रहण करे। नदी या वापी या कूप, तटाक, सरोवर इन सबके जल को प्रायश्चित्त कर्मपूर्वक असंवृत्त रूप से लेना चाहिये।''

इस प्रकार तन्त्र में अस्तेय सिद्ध होता है।

६. अक्रोध भी तन्त्र में सिद्ध होता है कैसे? शूद्र के प्रतिषेध से [अ० १, सू० १३], अतिताप के उपदेश से भी [अ० २, सू० १६] इस शास्त्र में आध्यात्मिक आधिभौतिक, आधिदैविक, मन एवं शरीरं में उपस्थित समग्र द्वन्द्वों की सहिष्णुता एवं अप्रतिकार होता है इसलिये अक्रोध की सहिष्णुता एवं अप्रतिकार होता है इसलिये अक्रोध भी तन्त्र में सिद्ध होता है। क्रोध ४ प्रकार का होता है, जैसे-

[१] भावलक्षणा

[२] कर्मलक्षणा

[३] वैकल्पकर

[४] उद्वेगकर।

भावलक्षणा का अर्थ है जहाँ असूया, द्वेष, मद, मान, मात्सर्य इत्यादि भावप्रवृत

होते हैं। कर्मलक्षणा का अर्थ है जिसमें कलह, बैर, संप्रहरण [मार-पीट] भाव प्रवृत्त होते हैं। वैकल्पकर का अर्थ है जिसमें पाणि, पाद, नासा अक्षि, अंगुली के प्रहरण के भाव प्रवृत्त होते हैं। उद्वेगकर का अर्थ है जिसमें स्वयं को या अन्य को प्राणरहित कर देता है। इस प्रकार ये चार क्रोध हैं। इनके परित्याग को आचार्यो ने अक्रोध कहा है। इसलिये देश जाति, कुल, धर्म सम्बन्धी निन्दा में करण, क्रिया में कार्य की निन्दा में, आहार की निन्दा, अधिकृत व्यक्ति को क्रोध नहीं करना चाहिये। इसमें देश निन्दा इस प्रकार की होती है- उदाहरण के लिए यदि कोई यह कहकर अभिक्षेप करे कि जहाँ आप पैदा हुये वहाँ ब्राह्मण ही नहीं होते इसमें क्रोध नहीं करना चाहिये। यहाँ यह प्रश्न उठता है कि ऐसा कहने पर मन में तीव्र दु:ख व्यक्त होता है तो यहाँ क्रोध क्यों नहीं होगा? उत्तर है नहीं होगा। कैसे? परिसंख्यान [परिगणना] के सामर्थ्य से। इस मनुष्य लोक में यह देश माता-पिता के कारण औपचयिक, कार्यपिण्ड एवं शरीर संज्ञक है वह शरीर उन्हीं से पैदा हुआ है। क्षेत्रज्ञ [आत्मा] तो चेतन, सर्वगत एवं शुचि है और जो कह रहा है, जो सुन रहा है दोनों का अन्तर [आत्मा] अविज्ञात है। अपरिदृष्ट अर्थ के विषय में आप ऐसा कहते हैं इसलिये क्रोध का निमित्त सम्भव न होने के कारण परिसंख्यान के सामर्थ्य से क्रोध नहीं करना चाहिये। इसी प्रकार शेष में भी देखना चाहिये। कहा भी गया है—क्रोध करने वाला मनुष्य, सींग वाला, बड़े-बड़े नाखूनों वाला, बड़े-बड़े दांतों वाला, विकृत रुधिरपायी, राक्षस या पिशाच हो जाता है। पुन: कहा गया है'' कङ्क, गृध,शृंगाल, दंश, मसक [मच्छर] एवं सर्पों के प्रति भी मनुष्य क्रोध परायण हो जाते हैं क्रोध करने वाला व्यक्ति सर्वभूतों के प्रतिविद्वेषी और बहुत से शत्रुओं वाला, अल्प बन्धुओं वाला, क्रूरधर्मा एवं दुराचारी होता है' क्रोध से पाप कर्म को करता है, क्रोध से ही पापभाषण करता है, क्रोध से निर्लज्ज होता है, इसलिये क्रोध का परित्याग कर देना चाहिये। तथा और भी कहा गया है क्रोधी व्यक्ति जो जप करता है अथवा जो कुछ भी हवन करता है, तप तपता है या दान देता है एवं जो कुछ पूर्तकर्म [पोखरा इत्यादि उत्खनन] करता है उसका सब कुछ वैवस्वत अपहरण कर लेते हैं, उसके श्रुत [वेद ज्ञान] तथा शम [शान्ति भाव] भी मिथ्या सिद्ध होते हैं [वे पुरुष व्याघ्र, धन्य हैं जो उत्थित क्रोध] को बुद्धि से शान्त कर देते हैं जिस प्रकार प्रदीप्त अग्नि को जल से महात्मा शान्त कर देते हैं।''

''जिससे रूप का साक्षात्कार होता है उससे ही ज्ञान प्राप्त होता है, जिससे ज्ञान प्राप्त होता है उससे ही मनुष्य तप तपता है, जिससे तप तपता है उससे ही उसको सिद्धि प्राप्त होती है एवम् सिद्धि से ही क्षमा प्राप्त होती है।''

"क्षमा सर्वश्रेष्ठ मित्र है तथा क्रोध सबसे बड़ा शत्रु, क्षमा करने वालो के लिये यह लोक भी है तथा परलोक भी।" इस कारण से क्षमा करना चाहिये।

अतः अक्रोध तन्त्र में सिद्ध होता है।

७. गुरुशुश्रूषा तन्त्र में सिद्ध होती है। कैसे? व्याख्यान के उपदेश से [अ० १, सू० १], विद्वानों के उपदेश से भी [अ० ३, सू० १९]। यहाँ उक्त विधि का व्याख्यान करूँगा [अ० १, सू० १] यहाँ आङ् का प्रयोग मर्यादा के अर्थ में किया गया है। म का अर्थ प्रतिज्ञा होता है, मुझमें है, मुझमें रहता है, यदि इच्छा करूँ कि रहे, यदि इच्छा करूँ कि रुके, इसीलिये तुम्हें बताऊँगा। उसमें इष्ट का अर्थ है अष्टांग ब्रह्मचर्य को मर्यादा में स्वीकार करता है। उदाहरण के लिये उत्थान प्रत्युत्थान, अभिवादन, गुरुकार्य हितकारी अनुत्तरोत्तरवादी जघन्य, संवेशी [सेवा करने से], प्रेषिताप्रेषित, सर्व कार्य कृतज्ञ, सर्व निवेदितात्मा, दक्ष, उदारतापूर्वक अनुराग करे, स्नान, उदवर्तन [कपड़ा धोना], संवाहन [पांव दबाना] इत्यादि क्रिया-विशेषणों से छाया के समान अनुगामी और इसके परे भी नित्य वह मैंने किया, यह मैं करूँगा या यह करूँ, इस रूप में गुरु से प्रतिदिन अनुमति लें और जो विद्या को गुरु को अधिकृत करके बहुतों के पास जाता है, इससे इसकी विद्या के दान से गुरु सेवित होते हैं। ब्रह्मचर्य के क्षीण होने पर भी गुरुओं के प्रति जो नियत गौरव का भाव है वही ब्रह्मचर्य है। कहा भी जाता है-

"गुरुदेव, स्वामी, माता, पिता, है यह निश्चय भाव जिसमें होता है कल्याण उससे दूर नहीं रहता।"

"चाक्षुष पदार्थ का प्रत्यक्ष अग्नि, सूर्य, चन्द्रमा एवं ताराओं से होता है किन्तु गुरुजनों के वाक्यों से भूत, भविष्य एवं वर्तमान तीनों का प्रकाशन होता है।"

उपदेशों के द्वारा या उपदेशकों के द्वारा, मार्ग, समुद्र एवं स्वर्ग की प्राप्ति हो सकती है किन्तु गुरु मोक्ष का दाता होता है।" अमृत दाता गुरु की जो अवमानना करता है वह साठ हजार वर्षों तक नरक में रहता है। जहाँ गुरु का अपवाद या निन्दा हो, शिष्य दोनों कानों को बन्द कर ले या अन्यत्र चला जाय। जो सभी अवस्थाओं में नित्य आचार्य का पूजन करता है वस्तुतः शिव की ही पूजा करता है इसमें कोई संदेह नहीं है।"

आचार्य की मूर्ति की स्थापना कर के शिव ज्ञान देते हैं अतः कल्याणकाम व्यक्ति कभी आचार्य की अवमानना न करे। ग्रन्थ के अर्थ के ज्ञाता, योग के

मार्ग के निर्देशक, अपने आचार्य के लिए [ज्ञान-पूर्वक] अपने सम्पूर्ण अर्थ को देकर परितुष्ट करना चाहिए। यदि एक ऋक्वेद का मन्त्र या आधा ऋक्वेद का मन्त्र या एकचरण या एक अक्षर भी जिस गुरु से पढ़ा है या सुना है, निश्चित ही उसके प्रति गौरव का भाव रखना चाहिए। जिस प्रकार लिंगकर्त्री [स्त्री-पुरुष की निर्णायिका] माँ होती है, जिस प्रकार शास्त्रकर्ता पिता होता है किन्तु उनके प्रबोध [ज्ञान] का कर्ता गुरु होता है वही महत् आयतन है।

इस प्रकार गुरु शुश्रूषा तन्त्र में सिद्ध होती है।

८. वह शौच तीन प्रकार का होता है [तथा तन्त्र में शौच भी सिद्ध होता है। कैसे भस्मस्नान के उपदेश से [अ० १, सू० २]। उदाहरण के लिए गात्र शौच, भावशौच, तथा तीसरा आत्मशौच उसमें भस्मस्नान के उपदेश से प्रसिद्ध है, भस्म से गात्र शौच [शरीर शुद्धि] प्रश्न है जो आपने कहा कि प्रसिद्ध है भस्म से गात्रशौच-यह अयुक्त है। कैसे? पूर्व एवं उत्तर सूत्रों के व्याघात से, यहाँ पहले कहा आपने कि अहिंसा इत्यादि यम प्रसिद्ध है और यदि पुनः आप कहते हैं अप्रसिद्ध भस्म से गात्रशौच होता है तो इस कारण से यहाँ पूर्व एवं पश्चात् का समन्वय नहीं हो पाता। व्याहत [खण्डित] भी होता है। यही दोष है, इसीलिए हमने कहा कि पूर्वोत्तर का व्याघात होता है। उसमें भस्म से गात्र शौच का प्रसिद्ध कहना अयुक्त है। उत्तर है यह दोष नहीं है। कैसे? प्रसिद्धि के दीखने से। इस शास्त्र के अतिरिक्त से, भस्म से, गात्रशौच प्रसिद्ध है। ऐसा ही कहा है "संसर्ग से उत्पन्न, पितृ-मातृ जन्म, अन्नपान कृत देह को आश्रित करने वाले सांकर्य यदि अस्थि और मज्जा में भी प्रविष्ट हो गये हो तो इन सभी दोषों को भस्म जला डालता है।" पुनः कहा गया है –"केश के कीड़ों से उत्पन्न और दुष्ट अन्न से सभी भस्म से धुएँ मात्र से भोज्य हो जाते हैं। ऐसा मनीषीगण कहते हैं।" पुनः कहा गया है –"मद्य पीकर, गुरु पत्नी के साथ गमन करके, चोरी करके, ब्रह्महत्या करके भी साधक भस्म लेपन कर के भस्म की राशि में सोने वाला रुद्र भक्त सम्पूर्ण पातकों से मुक्त हो जाता है। "जो इन्द्रियों को वश में करके नित्य आग्नेय [भस्म] स्नान करता है वह अपनी इक्कीस पीढ़ियों का उद्धार करके परमगति को प्राप्त करता है।"इस प्रकार अन्यत्र भी भस्म से गात्रशौच प्रसिद्ध है। अतः अहिंसा इत्यादि यम प्रसिद्ध हैं ऐसा कहना युक्तियुक्त है। तथा उपस्पर्शन, प्राणायाम, तथा यमकर्मों से [अ० १, सू० १४-१६] मति अकलुष हो जाती है इस प्रकार तन्त्र में भावशौच भी सिद्ध होता है। स्नान के अन्तर्गत दुष्ट

भाव को नष्ट नहीं कर सकता इसलिए भाव शुद्धि ही सर्वोत्तम शुद्धि है, शेष शुद्धियां श्रृंगार एवं मार्जन मात्र हैं। ''पाप से कलुषित चितजन सहस्त्रों मृतकाओं सैकड़ों जलकुम्भों से शुद्ध नहीं हो सकते हैं। सत्यशौच, तपशौच, इन्द्रियनिग्रह शौच सर्वभूतदयाशौच, जलशौच यह पांचवां है। जिनके लिए शौच ही सर्वोत्कृष्ट है। उनके मन में प्रतिग्रह, आरम्भ तथा इन्द्रियों के विषयों में स्पृहा [लोभ] उत्पन्न नहीं होती।'' ''जैसा कि कहा है– ''यदि कोई व्यक्ति अपनी कलुषित अन्तरात्मा से सर्वस्व दान कर दे तो भी उसे धर्म की प्राप्ति नहीं होती। भाव ही इसमें कारण होता है।'' ''पुरुष ज्यों-ज्यों अपनी मति को कल्याणी बनाता है त्यों-त्यों समग्र अर्थो की सिद्धि उसे प्राप्त होती जाती है इसमें कोई संशय नहीं है। इस प्रकार तन्त्र में भावशौच सिद्ध होता है तथा तन्त्र में आत्मशौच भी सिद्ध होता है। कैसे क्योंकि अवमान, पभिव, परिवाद इत्यादि से व्यक्ति अपहत पाप वाला होता है। [अ॰ ३, सू॰ ३-७]। इससे आत्मशौच तन्त्र में सिद्ध होता है। जैसा अन्य शास्त्रों ने भी कहा है- ''सम्पूर्ण पर्वत एवं वन से युक्त पृथ्वी में विद्यमान अपमान से साधन कुछ भी नहीं है ऐसा मनु ने कहा है।

इस प्रकार शौच तन्त्र में सिद्ध होता है।

९. इसी प्रकार आहार लाघव भी तन्त्र में सिद्ध होता है। कैसे? भैक्ष्य [अ॰ ५, सू॰ १४]। उत्सृष्ट [अ॰ ४, सू॰ ७] यथालाभ के उपदेश से [अ॰ ५, सू॰ ३२] स्वल्प भी बिना उपाय के अर्जित अलघु अर्थात् अधिक तथा उपाय से अर्जित वस्तु को लघु ही समझना चाहिये। कहा गया है-

> ''वाल्मीक के समूह के समान बिना क्रोध के तथा बिना असन्तोष के मधुकरी वृत्ति का चरण करना चाहिये यह सनातन तप है।''
>
> ''जो व्यक्ति सम्पूर्ण भोज्यों में व्यवहारत: भिक्षा का अन्न ही भक्षण करता है तथा अपने प्रशस्त कर्मों में भिक्षा का ही आदान करता है [यह सनातन तप है]। चारो वर्णो में भिक्षाटन करना चाहिये, पतितों का विवर्जन कर देना चाहिये और [मधुकरी भिक्षुक के लिये] दुग्ध, जल एवं भैक्ष्य अन्न तीनों नि:संशय समान हैं, जो भिक्षु यदि कुछ भिक्षाटन से बचे हुये अन्न का भक्षण करे तो ग्रास [कवल] ग्रहण करने के पश्चात् तीन-तीन प्राणायाम [पूरक, रेचक, कुम्भक्] करे।''

''सम्पूर्ण अवस्थाओं में योगवेत्ता का सन्निधान [संग] नहीं करना चाहिये क्योंकि सन्निधान के दोषों से यति कीड़े जैसा तुच्छ हो जाता है। भैक्ष्य ५ प्रकार

का होता है- १-माधुकर [मधुकरी वृत्ति], २- असंकल्प [बिना संकल्प के प्राप्त], ३-प्राप्रवृत्त [पहले से ही जो प्राप्त होता रहा है], ४-अयाचित [बिना याचना के प्राप्त], ५-तत्तकाल में उपपन्न अर्थात् प्राप्त।''

''एक गृह से दूसरे गृह को पर्यटन करते हुये किसी गृह को छोड़ना नहीं चाहिये। दूसरे के वचन को सुनकर दुष्ट के घर को छोड़ देना चाहिये।''

''जो भिक्षुक अपतित एवं अदुष्ट [सज्जन] साधु के घर को छोड़ देता है वह अपने पुण्य को उसे देकर स्वयं दुष्कृत प्राप्त कर लेता है।''

''इसी प्रकार यदि किसी गृहस्थ के घर से कोई भिक्षुक निराश चला जाता है वह भिक्षु उस गृहस्थ के इष्ट एवं पूर्त से प्राप्त पुण्य को लेकर चला जाता है। यदि वैश्वदेव की बलि के पूर्व ही घर पर कोई भिक्षुक आ जाय तो वैश्वदेव के लिये अन्न पृथक रखकर भिक्षुक को विदा करना चाहिये। [क्योंकि] वैश्वदेव कृत दोषों को भिक्षु समाप्त कर सकता है किन्तु भिक्षुकृत दोषों को वैश्वदेव समाप्त नहीं कर सकते। इस दिन अथवा बारह दिनों तक लगातार जिस घर से भिक्षा न प्राप्त हो उस घर को वैसे ही छोड़ देना चाहिये जैसे ऊसर खेत को कृषक।'

''चार अक्षरों से संयुक्त 'भिक्षा देहि' का उच्चारण करना चाहिये। यह परिव्राजकों का धर्म है शेष क्रय-विक्रय मात्र है।''

''भिच्छा के इच्छुक भिक्षु को हँसना नहीं चाहिये तथा अभिप्रेक्षण अर्थात् ध्यानपूर्वक देखना नहीं चाहिये और केवल गोदोहन के समान काल तक ही ठहरना चाहिये। अधिक देर तक नहीं रुकना चाहिये। भिक्षुक जरा, मृत्यु, गर्भ तथा नरक से भी डरे हुये व्यक्ति को भी भय से मुक्त करता है इसलिये इसको भैक्ष्य कहते हैं।''

''दधिभक्षक, पयोभक्षक तथा और भी यावक [यव इत्यादि] के जो भक्षक हैं वे सभी भैक्ष्य भक्षक को सोलहवीं कला के बराबर नहीं होते । तप्त कान्चन के सामन गोमूत्र से बारह वर्षो तक निरन्तर जो यावक भक्षण करता है वह भी भैक्ष्य के समान नहीं हो सकता। जो अग्रजन्मा [ब्राह्मण] प्रत्येक मास में कुश के अग्र भाग से सोमरस का पान करता है और भैक्ष्य का व्यवहरण नहीं करता वह भैक्ष्य के समान नहीं होता, भैक्ष्य अन्न सबसे बड़ा श्रेय है। सबसे अधिक शुचि है। व्रती के लिये श्रेष्ठ है तथा वही परागति है।'' जो

जल [अवरुद्ध] अपेय हो जाता है वह नदी में पहुँच कर पुनः पेय बन जाता है उसी प्रकार विधि पूर्वक आगत द्विजाति के पात्र के अन्तर्गत अन्नपान दूषित नहीं होता।''

''नमकीन या नमक विहीन, तरल या घृत रहित रसयुक्त अथवा विरस, सूखा अथवा द्रव किन्तु निरवद्य [शुद्ध] भैक्ष्य अन्न यदि भिक्षु भक्षण करता है तो वह भिक्षु के धर्म से च्युत नहीं होता।''

इस प्रकार उत्सृष्ट यथालब्ध अवसर प्राप्त होने के कारण प्रत्येक तन्त्र सिद्धान्त में सिद्ध है, सूत्र से अथ निर्देश करेंगे।

इस प्रकार आहार लाघव तन्त्र में सिद्ध होता हो है।

१०. और अप्रमाद भी तन्त्र में सिद्ध होता है। कैसे? अप्रमाद के उपदेश से [अ० २, सू० १२], जप्य के उपदेश से भी [अ० १, सू० ८], यहाँ यमों के विषय में नित्य रूप से प्रमादरहित होकर स्मृति सम्पन्न होना चाहिये। कहा गया है-''अप्रमाद, दम, त्याग, ब्राह्मण के लिए मानसरूपी रथ में शील रूपी रश्मि [लगाम] से समायुक्त होकर, ध्येय आत्मा रूपी गन्तव्य के लिये अश्व कहे जाते हैं।

इस ब्रह्मरूपी रथ पर आरूढ़ होकर गर्भ, जन्म, जरा से युक्त मृत्यु भय रूपी पाशों को काटता हुआ ब्रह्मभूत रूप से अवस्थित रहता है।'' इस प्रकार तन्त्र में अप्रमाद सिद्ध होता है। अहिंसा इत्यादि यम प्रसिद्ध है। प्रश्न है कि विशेष [भेद] दोष न होने के कारण यम इत्यादि प्रसिद्ध नहीं है। यहाँ अहिंसा इत्यादि धर्म के साधन अन्य [शास्त्रों] के लिये भी हैं वे भी इस शास्त्र में भी कहे जा रहे हैं। इसलिये साध्य-साधन निष्ठाओं में भी भेद नहीं हुआ। कहा जाता है कि ऐसा नहीं है। अतिप्रसङ्ग तथा अनेकान्त दोषों के कारण। यदि धर्म के साधन के अस्तित्व मात्र की समान धर्मता के कारण अहिंसा यमों का त्याग करते हैं तब कार्य, कारण क्षेत्रज्ञ [आत्मा] धर्म-अधर्म-सुख-दुःख एवं संसार के अन्य पदार्थ इत्यादि भी त्याज्य हो जायेंगे। यदि आप कहें कि ऐसा नहीं है तो अनेकान्त दोष होगा। और भी, त्याग में कृति हिंसा इत्यादि की धर्म-साधना इत्यादि आ पड़ेगी। और भी, अति दान, अतियजन, अतितप, अतिगमन एवं अनावृत्ति इत्यादि के कारण [अ० २, सू० १५-१७ एवं अ० ४, सू० २०] यम के नियम गर्भ [अन्तराल] में होने के कारण विधि से सिद्ध है। नियम का विशेषण न होने के कारण भी भेद नहीं है। इन दोषों के कारण ठीक ही कहा है कि प्रसिद्ध

यम अहिंसा इत्यादि ही हैं, इसलिये कहा है महादेव दक्षिणामूर्ति के [अ० १, सू० ९] ऐसा ।।९।।

यहाँ यह यमप्रकरण समाप्त हुआ।

प्रश्न है उस आयतन में निवास करने की क्या मात्रा है? उस मात्रा को गृहस्थ इत्यादि के समान कहना चाहिये। उत्तर है-नहीं। क्योंकि कहा है-

एकवासा [एक वस्त्र]।। १०।।

यहाँ एक, यह संख्या वाचक है। वास यह आच्छादन के अर्थ में है उसके वस्त्र पाँच प्रकार के होते हैं– अण्डज, वोडज, वालज, वल्कज तथा चर्मज।

जो कुशल व्यक्ति के द्वारा साधन के रूप में ग्राम इत्यादि से निष्परिग्रह रूप से धारण किया जाता है वह कौपीन, वस्त्र, लज्जा के प्रतिकार के लिये मात्र एक ही वस्त्र ग्राह्य है चाहे वह एक पटल वाला हो अथवा अनेकपटल वाला हो। इसी सूत्र के सामर्थ्य से सभी द्रव्यों के परित्याग करने पर मात्र एक वस्त्र के परिग्रह का संस्कार शिष्य को करना चाहिये। प्रश्न है उसकी लज्जा निवृत्ति कब होती है?। उत्तर है ज्ञाने एवं कलुष के अभाव से। यहाँ जब [शिष्य] ज्ञान प्राप्त कर लेता है तथा उसका कलुष क्षीण हो जाता है उसकी लज्जा की निवृत्ति हो जाती है ।।१०।।

प्रश्न है क्या लज्जा के निवृत्त हो जाने पर भी एक ही वस्त्र का ग्रहण नियत है अथवा अनियत?। उत्तर है-अनियत्। जैसा कि कहा है-

अवासा वा [अथवा वस्त्र रहित]।। ११।।

यहाँ अकार वस्त्र के प्रतिषेध के लिये आया है। वस्त्र रहित, नग्न होकर यथाजन्म रूप में निष्परिग्रही होना चाहिये। प्रश्न है वस्त्ररहितता से आप का क्या प्रयोजन है?। तो आपको कहना चाहिये एक वस्त्र वाला। उत्तर है-निष्परिग्रह के लिये तथा अमंगल के ख्यापन के लिये दो प्रयोजन द्रष्टव्य हैं– सूत्र में वा शब्द सत्य एवं असत्य के विचार के लिये है। यदि असक्त हो तो बिना नग्न रहे एक वस्त्र वाला बने। यदि सक्त हो तो वस्त्ररहित नग्न होकरं यथाजन्म भाव से निष्परिग्रही बने। वा शब्द विकल्प के लिये नहीं है विकल्प का अर्थ असम्भव होने के कारण। प्रश्न है उस आयतन में निवास करने वाले व्यक्ति को देहपात के पूर्व तक ध्याननिष्ठ होकर शिला के समान आयतन से निकलना ही नहीं चाहिये अथवा उसके आयतन से भस्म, भैक्ष्य, उदक ऊर्जन इत्यादि के निमित्त ग्राम इत्यादि में प्रवेश दृष्ट है। उत्तर है दृष्ट है। क्योंकि-

मूत्र एवं पुरीष को नहीं देखना चाहिये ॥१२॥

यहाँ मूत्र एवं पुरीष [समास के कारण मूत्र पुरीष बना है] यहाँ च अर्थ में द्वन्द्व समास है। यहाँ मूत्र का अर्थ है जो यह उदर से पर्युसित बाहर निकलकर प्रवाहित होता है उसे मूत्र कहते हैं, मोचन के कारण इसको मूत्र कहते हैं मूत्रत्व के अभिसम्बन्ध के कारण ही मूत्र कहते हैं, लोकादि में यह प्रसिद्ध है। पुरीष का अर्थ है जो यह पीत, भक्षित एवं वलीढ़ आहार विशेषों का अध्यात्मिक अग्नि के द्वारा परिपक्व अपान [वायु] के द्वारा स्खलित होता है उसे पुरीष कहते हैं। पुर अर्थात् शरीर से निर्गत होने के कारण तथा पुरीषत्व के अभिसम्बन्धत्व के कारण इसे पुरीष कहते हैं, लोकादि में प्रसिद्ध है। न का प्रयोग दर्शन के प्रतिषेध के लिये किया गया है। अव उपसर्ग का अर्थ अपवर्जन, नाम के प्रतिषेध तथा जाति ग्रहण करने वाले अन्य इन्द्रियों के प्रतिषेध के लिये है। ईक्ष धातु दर्शन अर्थ में है। जो यह अपनी बुद्धिन्द्रिय चक्षु है उस चक्षु से एवं अपनी बुद्धि से मनुष्य इत्यादि के मूत्र एवं पुरीष को नहीं देखना चाहिये न कि गाय इत्यादि के।

प्रश्न है– क्या मूत्र एवं पुरीष का संदर्शन इत्यादि ही इसका प्रतिसिद्ध है?। उत्तर है– नहीं। क्योंकि कहा है-[सू० १३]

स्त्रीशूद्रनाभिभाषेत् [स्त्री एवं शूद्रों से अभिभाषण नहीं करना चाहिये] ॥१३॥

यहाँ स्त्री एवं शूद्र [समास से स्त्री शूद्र बना है] च अर्थ में द्वन्द्व समास है। यहाँ स्त्री का अर्थ है : वही लोकप्रसिद्ध स्तन, जघन एवं केशवाली, हावभाव विलास से युक्त पुरुष के भाव के अनुकूल स्वभाव वाली, दिव्य मानुषी अतिरति-रस वाली विषय की मूर्ति। इसलिये प्रतिषेध किया गया है। अनुभाषण पूर्वक ही इसकी प्राप्ति होती है। अत: कहा गया स्त्री से अभिभाषण नहीं करना चाहिये। शूद्र का अर्थ है लोकादि में प्रसिद्ध तीनों वर्णो का परिचारक। शोच एवं द्रोह के कारण शूद्र कहा .या। वह निश्चित रूप से निर्दय होता है इसलिये उसका प्रतिषेध किया गया है। क्यों? उसके द्वारा आक्रष्ट एवं अभिहत होने पर, क्रुद्ध होने पर उसके बध में प्रवृत्त हो जाता है इसलिये जाति, ज्ञान एवं तपस्या तथा शास्त्र की हानि होती है। सूचित होने पर अपमान इत्यादि के अभाव में अपमान

इत्यादि का अभाव हो जाने के कारण सूचि [शोक] एवं बृद्धि का अभाव हो जाता है।

अकलुष सूत्र में [अ० १, सू० १८] इसका दोष निर्देश करेंगे। नकार का प्रयोग भाषण के प्रतिषेध के लिये किया गया है। इसका अर्थ है अभिभाषण [स्त्री शूद्र से] नहीं करना चाहिये। अभिशब्द का अर्थ है प्रसंग। प्रतिषेध में जातिग्रहण करने पर अन्य प्रतिषेध का भी अर्थ सिद्ध होता है। भाष् धातु व्यक्त वचन के अर्थ में है जो यह कर्मेन्द्रिय वाक् है, उसी वाणी से इसीलिये अर्थ हुआ स्त्री तथा शूद्र से अभिभाषण नहीं करना चाहिये।

१३. प्रश्न है न अवेक्षण करना, न अभिभाषण करना चाहिये ऐसा करने पर क्या इस साधक को अन्ध एवं मूक की तरह रहना चाहिये?। उत्तर है नहीं, क्योंकि कहा है-

यदि अवेक्षण करे और यदि अभिभाषण करे ॥१४॥

१४. दोनों यदि यहाँ आशंका के अर्थ में हैं। अभिभाषण नहीं करना चाहिये इस कथन से निषिद्ध विषय में भी गुरु के लिये अथवा स्वयं के निमित्त भस्म, भैक्ष्य, उदक इत्यादि के अर्जन के निमित्त ग्राम इत्यादि में प्रविष्ट साधक को विष्ठा, मूत्र तथा स्त्री, शूद्र का दर्शन एवं अभिभाषण होगा, इस कारण से। इसीलिये सर्वज्ञ भगवान ने कहा कि यदि अवेक्षण करे यदि भाषण करे। अवश्य ऐसा होना चाहिये।

प्रश्न है– देखने पर और अभिभाषण करने पर अशुद्ध होने से निर्घातन [शुद्धि] क्यों करना चाहिये? उत्तर है-

उपस्पर्शन [क्योंकि कहा है उपस्पर्शन करवे] ॥ १५॥

१५. यहाँ उप उपसर्ग अभ्युगम अर्थात् सम्पर्क अर्थ में है। अभ्युपगमन से कलुष मति व्यक्ति के द्वारा यह अर्थ है। स्पृश्य का अर्थ है भस्म द्रव्य से गात्र का संयोजन मात्र। उदस्पृश्य यह स्नान का पर्याय है, वस्त्रसहित जल के स्पर्श के समान। वह भस्म से करना चाहिये, जल से नहीं। क्यों? पूर्वकथन एवं उत्तर कथनं में विरोध होने के कारण स्नान के अप्रासंगिक होने के कारण भी। उपस्पृश्य यह निष्ठा है ॥१५॥

प्रश्न है– यदि उपस्पर्शन करने के बाद भी कलुष क्षीण न हो तो उसका निर्घातन क्या करना चाहिये?। उत्तर है– निष्ठा शब्द के साकांक्ष होने के कारण प्राणायाम करना चाहिये क्योंकि कहा है-

प्राणायाम करके[१] ॥१६॥

यहाँ प्राण का अर्थ है जो यह मुख और नासिका से वायु निकलता है वही प्राण है उसी का आयाम अर्थात् निग्रह या निरोध प्राणायाम है[२]। उस प्राणायाम को पुरुष की वृत्ति के रूप में देखना चाहिये। क्यों? प्राणायाम के ज्ञान, इच्छा एवं प्रयत्नपूर्वक होने के कारण। एकोद्घात् अर्थावा-द्विरुद्घात [एक श्वास अथवा दो श्वास] उसी प्रकार बीस बार, चौबीस बार [अथवा २४ बार] भी करना चाहिये। यहाँ बार [मात्रा] से तात्पर्य है, अक्षिनिमेष का काल और वह यथाशक्ति, यथा बल, प्रयोग में लाया जाना चाहिये। इसलिये उपस्पर्शन करके पद्मक, स्वस्तिक, उपस्थाञ्जलिक, अर्धचन्द्रपीठक, दण्डायत, सर्वतोभद्र इत्यादि आसनों में किसी एक आसन में बद्ध होकर प्राङ्मुख, उत्तराभिमुख बैठकर इन अङ्गों को सम्पन्न कर ग्रीवा को उन्नमित [उन्नयन] करके पूरण अथवा रेचकपूर्वक तब तक करना चाहिये तब तक कि वायु निगृहीत न हो जाय तथा साधक ध्यानीभूत हो जाय। यहाँ ध्यानीभूत का अर्थ है जब हाथी के समान वायु से अन्तशरीर पूर्ण हो जाय। निगृहीतो [संयमन] का लक्षण है जब कूर्म के समान अन्तशरीर में उच्छ्वास एवं प्रतिच्छ्वास आने लगे तथा साधक स्वच्छेन्द्रिय हो जाय तब मानना चाहिये कि वायु निगृहीत हो गयी। इसके पश्चात् नासिका से वायु को इस प्रकार धीरे-धीरे छोड़ना चाहिये जिससे नासापुट के पास स्थित कमल का पत्र भी कंम्पित न हो। यहाँ स्वास्थ्य [प्रश्नाक्राति] प्रभावित होने पर क्रमशः न्यूनाधिवाय करना चाहिये। अन्तर्भाव हो जाने पर आभ्यन्तर में वायु का भावन करना चाहिये। अन् धातु का अर्थ है प्राणम्। [श्वास लेना] आड् का अर्थ है आसनबन्ध के कारण पूर्णरूपेण निगृहीत कलुषक्षेपण विसर्गादि की मर्यादा। यम धातु बन्धन अर्थ में है इसलिये अर्थ हुआ बांधना चाहिये। डूकृम धातु को करण अर्थ [साधन] में और त्वा को कर्म-निष्ठा अर्थ में विच्छेद के समान देखना चाहिये ॥१६॥

---

१. द्रष्टव्य– "तस्मिन्सति श्वास प्रश्वासयोर्गति विच्छेदः प्राणायामः।" साधनपाद ४९

२. द्रष्टव्य – रुद्राष्टाध्यायी ५ अ० १० उद्धृत तै० आ० से "ऊँ" सद्योजातं प्रपद्यामि सद्योजाताय वै नमो नमः।

प्रश्न है– यदि प्राणायाम के करने पर भी कलुष क्षीण न हो तो इससे क्या करना चाहिये?। उत्तर है– जप करना चाहिये। क्योंकि कहा है-

रौद्री अथवा बहुरूपी गायत्री का जप करे ॥१७॥

यहाँ त्वा शब्द के सामर्थ्य से प्रतीत होता है कि प्राण संयमन के साथ जप भी करना चाहिये उपस्पर्शन के समान, इसलिये यहाँ रौद्री का अर्थ है तत्पुरुष सम्बन्धिनी। रौद्री क्यों? रुद्र का उपस्थापक होने के कारण रौद्री अथवा रुद्र का इसमें चिन्तन होता है अथवा रुद्र का प्रापक होने के कारण रौद्री कहते हैं। प्रश्न है सद्योजात इत्यादि अनेक प्रकार की रौद्री होती है उसमें कौन रौद्री? उत्तर है गायत्री। यहाँ जो रौद्री है वही गायत्री है, गायत्री कैसी-गीता अर्थात् गान करने वाले की रक्षा करने वाली। अथवा गायत्री छन्द में विद्यमान होने से गायत्री। यहाँ रौद्री शब्द के ग्रहण से वैदिकी इत्यादि गायत्री का प्रतिषेध होता है। किन्तु यहाँ गायत्री शब्द के ग्रहण से सद्य:जात इत्यादि का प्रतिषेध है। गायत्री को यह कर्म है, बहुरूपी का अर्थ है अघोरा। बहुरूपी कैसी? बहुरूप के उक्त परिग्रहों के प्रकारों में विद्यमान होने से बहुरूपी। अथवा बहुरूप इसमें चिन्तित होता है अथवा बहुरूप का प्रापक होने के कारण बहुरूपी। बहुरूपी को यह कर्म है। वा का अर्थ विकल्प है। दोनों की ब्रह्मता है, दोनों तुल्य अर्थ की साधक है तथा दोंनों ही महेश्वर परिगृहीत हैं अत: एक को अथवा अनेक को उपस्पर्शन करके जपे। यह मानसी क्रिया है। प्रश्न है– अस्पर्शन प्राणायाम एवं जप से अधिकृत कर्म की क्या कार्य निष्पत्ति है। उत्तर है-अकलुषता। जैसा कि कहा है–

अकलुषमति वाले का ॥१८॥

यहाँ जिसकी मति अकलुष है वह यह अकलुष मति बहुब्रीहि समास है, यहाँ अकार अकलुष के प्रतिषेध के अर्थ में है। भाव कालुष्य ही यहाँ कालुष्य है। कैसे प्रतीत होता है? प्राक्सिद्ध होने के कारण। यहाँ पहले ही कहा है न अवेक्षण करे, न अभिभाषण करे [अ० १, सू० १२ एवं १३]। ऐसा कहने पर अर्थत: प्रतीत होता है कि अवेक्षण एवं अभिभाषण करने पर द्वेष इच्छा एवं क्रोध उत्पन्न होते हैं। ये उत्पन्न होकर इन दोनों को अभिव्यक्त करते हैं-काले-तिल इत्यादि के दर्शन के समान। अभिव्यक्त होने पर यह कहा जाता है मैं कलुषित हूँ, मैं व्याहत हूँ, मैं मलिनीकृत हूँ। अत: मूत्र, पुरीष, स्त्री, शूद्र इत्यादि का द्वेष, इच्छा और क्रोध के निमित्त होने के कारण प्रतिषेध किया गया है। जब ये द्वेष

इत्यादि भाव बीज के क्षय हो जाने पर उत्पन्न नहीं होते तब परमभाव शौच समझना चाहिए कलुष मति का। कलुष नैमित्तिक है, निमित्त के अनित्य होने के कारण नैमित्तिक नित्य नहीं होता है, बीज के क्षय हो जाने पर अंकुर के समान। जहाँ कलुष उत्पन्न हो वहीं उपस्पर्शन इत्यादि करना चाहिये ऐसा नहीं है अपितु आयतन में करना चाहिये यदि उत्पन्न कलुष प्रध्वस्त हो जाय तो एतदर्थ नहीं करना चाहिये किन्तु जब शिरोरोगादि के समान वह अवस्थित रहे तब करना चाहिये। यहाँ मत का अर्थ है बुद्धि। यहाँ की करण के व्यवदेश से आत्मशौच की व्याख्या की जा रही है यह अर्थ है। प्रश्न है–अकलुष मति साधक को क्या करना चाहिये?। उत्तर है–विचरण करना चाहिये। जैसा कि कहा है-

विचरण करने वाले का ॥ १९॥

यहाँ विचरण करने वाले का ऐसा कहने से धर्मार्जन अधिकृत होता है। भैक्ष्य चरण के समान तपश्चरण करना चाहिये, विहार करना चाहिये, तपस्या का अर्जन करना चाहिये अर्थात् एक जगह नहीं रुकना चाहिये। 'विचरण' करने वाले का इसमें वर्तमान काल है ॥१९॥

प्रश्न है– अकलुषमति होकर विचरण करने वाले इस साधक की क्या कार्य निष्पत्ति है?। उत्तर है-

इसके पश्चात् इसका योग प्रवृत्त होता है ॥२०॥

यहाँ इसके पश्चात् इसका प्रयोग चर्या के अपदेश के अर्थ में हुआ है अर्थात् इसके पश्चात् चर्याभिनिवेश के अनन्तर उससे उत्पन्न होने वाले धर्म से यह अर्थ है–इसका यह साधक के अपदेश के अर्थ में है जो यह-अकलुषमति विचरण करता है उसका यह अर्थ है प्रश्न है क्या होता है? उत्तर है–योग प्रवृत्त होता है। अर्थात् विचरण करने वाले का अध्ययन ध्यानादि स्वरूप क्रियायोग प्रवृत्त होता है यह अर्थ है। यहाँ आत्मा एवं ईश्वर के संयोग को योग समझना चाहिये। प्र उपसर्ग आदि कर्म के अर्थ में अर्थात् आरम्भ के अर्थ में होता है। जब अकलुषमति होकर विचरण करता है तब प्रवृत्त होता है ऐसा अर्थ होने से यहाँ किससे प्रवृत्त होता है विषयों से। प्रत्याहृत चित्त का [व्यक्ति का] जो प्रकृत होता है वही योग है। कैसे प्रवृत्त होता है? क्रमशः। किस साधन से प्रवृत्त होता है?-तपस्या रूपी साधन से। किसका प्रवृत्त होता है?-आत्मसाधक का। किसमें प्रवृत्त

होता है?। जो आत्मा में आत्मभाव रहता है वह महेश्वर में प्रवृत्त हो जाता है ऐसा अर्थ है।

इस प्रकार चूंकि द्रव्यावस्थान, काल, देश, क्रिया,-प्रयोग, उच्चावच प्रयोजन, यम-नियम वृत्ति, वसति अर्थ प्राणायाम प्रत्याहार निमित्त प्रतिषेध, संशय, निर्धातन, शौच, नियोग एवं फलोपाय व्याख्यात हुये इसलिये यहाँ आयतन प्रकरणं समाप्त हुआ।

प्रश्न है तन्त्र का क्या प्रयोजन है? उत्तर है, नहीं। ''योगनिष्ठता''। क्योंकि कहा है-उत्तर के युक्त होने तथा पदार्थ के वैलक्ष्य होने पर भी रंग, पताका इत्यादि के समान शिष्यों के प्रलोभन हेतु इसका आरम्भ किया जाता है-

दूरदर्शन श्रवण मनन विज्ञान इत्यादि इसके प्रवृत्त होते हैं ॥२१॥

यहाँ दूर का अर्थ है जो यह दर्शन इत्यादि विकरण पर्यन्त माहेश्वर ऐश्वर्य है इससे कदाचित् प्राप्त होते हैं। उसके एवं उसकी प्राप्ति में भी [साधनभूत]। दर्शन इत्यादि में आधिकारिक दूर शब्द को यहाँ समझना चाहिये। दूरदर्शन की प्राप्ति योग में प्रवृत्ति के कारणं होती है। प्रश्न है। यदि ऐसा है तो दर्शन इत्यादि को सूत्र से क्यों नहीं कहते? उत्तर है कहता हूँ [दर्शनम्] इसमें स्त्री सम्बन्धी दर्शन का चिन्तन नहीं होता है। अपितु द्रष्टा दर्शन एवं दृश्य के रूप में। यहाँ द्रष्टा का अर्थ है सिद्ध। दर्शन इसका सिद्धि [रूप] ज्ञान है, द्रष्टव्य रूप होते हैं इसलिये समग्र विषयों में संक्षेप या विस्तार रूप से विशेषत: दर्शन प्रवृत्त होता है। इसी प्रकार श्रवण में भी स्त्री विषयक चिन्तन नहीं होता अपितु श्रोता, श्रवण एवं शब्द का चिन्तन होता है। श्रोता सिद्ध होता है श्रवण इसका सिद्धि ज्ञान है, श्रव्य, शब्द होते हैं।

अत: इस सिद्ध के श्राव्य अर्थों के विषय में संक्षेप या विस्तार में विशेषत: श्रवण प्रवृत्त होता है, इसी प्रकार मनन में भी स्त्री विषयक चिन्तन नहीं होता अपितु मन्ता, मनन, एवं मन्तव्य का चिन्तन होता है। यहाँ मन्ता सिद्ध है मनन इसका सिद्धि रूप ज्ञान है एवं मन्तव्य पर-चित्त है। देव, मनुष्य एवं तिर्यक योनियों का तथा धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष स्वरूप चित्तों का वह मन्ता होता है [तथा विज्ञान में भी स्त्री का चिन्तन नहीं होता अपितु विज्ञाता, विज्ञेय एवं विज्ञान को चिन्तन होता है। यहाँ विज्ञाता सिद्ध है विज्ञान इसका सिद्धिरूप ज्ञान है विज्ञेय

वृत्तियां हैं। इस सिद्ध के प्रवृत्त होते हैं अर्थात् स्वत: प्रादुर्भूत होते हैं यह अर्थ है। इसको ज्ञान होता है अथवा नहीं होता है क्यों कहा है–

सर्वज्ञता ॥२२॥

यहाँ उक्त दृश्य श्रव्य इत्यादि में तथा अशेष सिद्ध ईश्वर, पशु इत्यादि के विषय में निर्विशेष वाची [समान] सर्वशब्द द्रष्टव्य है। ज्ञता इसमें भी स्त्री विषयक चिन्तन नहीं होता है अपितु ज्ञाता, ज्ञान एवं ज्ञाय का चिन्तन होता है। यहाँ ज्ञाता सिद्ध है, ज्ञान इसका सिद्धिरूप ज्ञान है तथा ज्ञाय कार्य कारण एवं सिद्ध है अत: एक ही ज्ञान-सूक्ति अपरिमित ज्ञेयों [ज्ञेय पदार्थो] के माध्यम से एक ही के द्वारा अनेक रूप में उपचरित होती है जिस प्रकार स्फटिक पर प्रतिबिम्बित आदित्य सर्वत: प्रवृत्त होता है उसी प्रकार यह साधक भी सर्वत: प्रवृत्त होता है यह अर्थ है ॥२२॥

प्रश्न है– क्या यह सिद्ध पशु के समान ज्ञान मात्र से सन्तुष्ट होता है अथवा इसमें क्रियाशक्ति भी है कि नहीं?। उत्तर है–है, क्योंकि कहा है-

मनोजवित्व ॥२३॥

यहाँ आगन्तुक होने के कारण सर्वज्ञान शक्ति कही गयी है न कि ऋषित्व एवं विप्रत्व के समान [अ० ५, सू० २७]यह अर्थ है [क्यों?] यहाँ मनोजव के समान ऐसा प्राप्त होता है किन्तु उपमान के समान होने के कारण मनोजवित्वम् ऐसा कहा। मनोजव के सामन प्रश्न है इस सूत्र का क्या अर्थ है? उत्तर है जिस प्रकार मन में गतिशीलता होती है–आशुकारिता होती है उसी प्रकार इस सिद्ध के कर्तृत्व में शीघ्रता होती है न कि इस सिद्ध की प्रजापति के सामन तप के कारण होने से भावोत्तरा प्रवृत्ति होती है किन्तु भाव के बलीय होने के कारण प्रवृत्ति उत्पन्न स्वभाव होती है। 'करता हूँ' ऐसा कहने पर कृत [सम्पादित] हो जाता है। 'विनाश करता हूँ' ऐसा कहने पर विनष्ट हो जाता है। कैसे? दृक् एवं क्रिया दोनों का प्रतिघात होने के कारण। त्व यह भाव निर्देश होने के कारण इसकी शक्ति एवं सामर्थ्य दोनों अवगत होते हैं। ऐश्वर्य इस प्रकार का है। यह अर्थ है।

प्रश्न है– इस सिद्ध का कर्तव्य क्या है करण अर्थात् साधन क्या है? तथा किससे करता है? उत्तर है-

कामरूपित्व ॥२४॥

कामरूपी, यहाँ भी स्त्री विषयक चिन्तन नहीं होता अपितु कामी, काम एवं काम्य का चिन्तन होता है। यहाँ कामी सिद्ध है काम इसकी इच्छा है, तथा काम्य रूप है, कैसे? कमु धातु इच्छा अर्थ में होती है व्यक्ति जितने रूपों की एवं जिस प्रकार के रूपो की इच्छा करता है उतने एवं उस प्रकार के कार्य करता है। इसके आत्मायत्त हो जाते हैं। रूप के साधन पृथ्वी इत्यादि। करणों के विभु होने के कारण जहाँ-२ रूपों का अभिनिर्वतन करता है [सम्पर्क] वहाँ वहाँ इसके बुद्धि इत्यादि करणों को वृत्तिलाभ होता है-चक्षुरादि के समान दृष्टान्त से। अधिष्ठाता नहीं होता है यदि ऐसा कहें तो नहीं कह सकते, क्योंकि कहा है ''रूपी इति''। यहाँ रूपों में अधिष्ठित रहे वह रूपी है दण्डी के समान। रूपी, इस कथन से सभी रूपों का एक साथ वह अधिष्ठाता होता है। बिभु होने के कारण वह महेश्वर से अभिन्न होता है। यह रुद्रसायुज्य [अ० ५, सू० ३३] के निर्देश से भी प्रतीत होता है त्व [इस भावनिर्देश से प्रतीत होता है] इससे इसके शक्ति एवं सामर्थ्य का ज्ञान होता है। इस प्रकार इसका ऐश्वर्य है– यह अर्थ है ॥२४॥

प्रश्न है-परिमिति कृत्यों में अशक्ति दिखाने के कारण सन्देह है?। यह सिद्ध क्या अपने द्वारा कृत रूपों के संहार में सक्त होता है। अथवा विश्वामित्र इत्यादि के समान असक्त? कहता हूँ क्योंकि कहा है-

विकरण ॥२५॥

यहाँ वि शब्द का अर्थ है विनाश अथवा विनाकरण। [अर्थ हुआ साधक] विनाकरण होता है। जिस प्रकार विशिरथ तथा विरथ में होता है। करण के प्रतिषेध से कार्य का प्रतिषेध अपने आप हो जाता है। कैसे? क्योंकि करण विशिष्ट ग्राहक एवं सूक्ष्म होते हैं इसलिये विकरण यह कैवल्य है ॥२५॥

प्रश्न है– यहाँ सांख्य-योग इत्यादि के साथ ऐश्वर्य के द्वारा कार्यकरण का त्याग करके कैवल्य की निष्ठा अविशिष्ट है। इस शास्त्र में भी ऐसा ही है इसलिये तन्त्र सांख्य-योगादि से कैसे भिन्न है?। यदि आप कहे कि मति के निरतिशय [असीम] हो जाने पर मोक्ष में विषमता नहीं है तथापि अतिदान इत्यादि के द्वारा साध्य-साधन की निष्ठा से भेद होता है। इसीलिये यहाँ अविशिष्टता नहीं है। जैसा कि कहा है-

धर्मित्वमी ॥२६॥

यहाँ गुण धर्म से यह धर्मी होता है जो यह दर्शन इत्यादि से विकरण पर्यन्त इसका माहेश्वर ऐश्वर्य ईश के प्रसाद से स्वगुण से सम्पन्न होता है इसलिये यह गुण धर्म के कारण धर्मी होता है-कैसे ''त्व'' इस भाव निर्देश से प्रतीत होता है। वित्त कार्य एवं करण का भी वह ज्ञाता एवं कर्ता होता है अत: कैवल्य इत्यादि सर्व निष्ठरूप से विशेषित होते हैं। च शब्द का अर्थ है ज्ञान एवं क्रिया शक्ति का समारोपण। इस प्रकार इस सिद्ध का कामरूपी तथा विकरण वचन के कारण स्वकृत रूपों में इसकी प्रभुता, विभुता एवं गुणधर्मिता की व्याख्या हुई। इस युक्तोत्तर के पश्चात् गुरु प्रसाद से गुण प्रवृत्त होते हैं ॥२६॥

यहाँ यह आधिकारिक ऐश्वर्य प्रकरण समाप्त हुआ॥

प्रश्न है-क्या दूसरे देव, मनुष्य, तिर्यक योनि रूप अन्य व्यक्तियों के द्वारा किये जाने वाले कार्यों पर भी इस सिद्ध का प्रभुत्व या विभुत्व होता है या नहीं?। उत्तर है-होता है। क्योंकि कहा है-

और सभी इसके वश में हो जाते हैं ॥२७॥

यहाँ सभी का अर्थ है विश्व शेष पशुधर्मा। और [च] का अर्थ है स्वकृत एवं परकृत कार्यों का समुच्चय अन्य देवता इत्यादि के रूपों पर भी इसका प्रभुत्व या विभुत्व है, इसके [अस्य] सिद्ध का यह अर्थ है। वश में [वश्या:] का अर्थ है विधेय। वशवर्ती हो जाते हैं यह अर्थ है- होते हैं [भवन्ति] यहाँ नि:सन्देह भूतार्थवाद है।

प्रश्न है-क्या यह सिद्ध उनके वश में होता है अथवा नहीं?।

उत्तर है-नहीं जैसा कि कहा है-

और सभी के अवश हो जाता है ॥ २८॥

यहाँ भी सर्व शब्द पशुओं के विषय में ही है सबके यह न्यून परिग्रह के अर्थ में है और [च] शब्द अभ्यधिकता के अर्थ में है। अभ्यधिक, उत्कृष्ट और व्यतिरिक्त होता है यह अर्थ है। अवश यहाँ अकार भूतपूर्व वश्यत्व का प्रतिषेध करता है। होता है, यह नि:सन्देह भूतार्थवाद है। जब सिद्ध गुणों से युक्त हो जाता है एवं ऐश्वर्य के प्राप्त कर लेता है तब सबके सामर्थ्य के अवश हो जाता है ॥२८॥

प्रश्न है–क्या अपनी शक्ति से अध्याक्रान्त होकर वश्य होते हैं अथवा गुरुशिष्य के समान धर्म की मर्यादा की रक्षा करते हैं?। उत्तर है–गुरु से समर्थ शिष्य अध्याक्रान्त नहीं होता। जैसा कि कहा है-

सबको आविष्ट [वश में] कर लेता है ॥२९॥

यहाँ भी सर्व शब्द पशुओं के विषय में ही निराशेष वाची देखना चाहिये। च शब्द [और] पूर्वोक्त समुच्यय में है। केवल इसके ही वे वश में नहीं होते अपितु इससे आविष्ट हो जाते हैं। यहाँ का 'आङ्:' यह आवेशन मर्यादा को अधिकृत करता है। विश धातु प्रवेश अर्थ में है। वह अर्थात् सिद्ध उसके [साधक के] ज्ञान एवं क्रिया के विभुत्व के विषय में भी शक्ति के संयोग से आवेश करके प्रत्यय [गान] लोप करने में समर्थ होता है यह अर्थ है ॥२९॥

प्रश्न है– क्या यह सिद्ध कभी उनके द्वारा आविष्ट होता है? अथवा नहीं? उत्तर है–नहीं। जैसा कि कहा है-

सबके लिये अनावेश्य होता है ॥३०॥

यहाँ भी सर्व शब्द पशुओं के विषय में ही है। सबके यह न्यून परिग्रह अर्थ में है। च शब्द अभ्यधिकत्व अर्थ में है। अभ्यधिक उत्कृष्ट-व्यतिरिक्त होता है यह अर्थ होता है। अनावेश्य यहाँ अकार भूतपूर्व आवेश्यत्व का प्रतिषेध करता है वह अनावेश्य धर्मा हो जाता है। व्याधिशेष के समान अवस्थान नहीं होता। होता है नि:सन्देह भूतार्थवाद है ॥३०॥

प्रश्न है–कि क्या यह [सिद्ध] यक्ष, राक्षस, एवं पिशाचादियों के समान आवेशनमात्र से समर्थ होता है अथवा प्राणवियोग एवं यातना संयोग करने में भी समर्थ होता है। उत्तर है–समर्थ होता है। जैसा कि कहा है-

सभी इसके लिये बध्य हो जाते हैं ॥३१॥

यहाँ भी सर्व शब्द को पशुओं के विषय में निरवशेष वाची अर्थ में देखना चाहिये और शब्द समुच्चय के अर्थ में है। वे उसके न केवल वश्य एवं आवेश्य होते हैं अपितु बध्य भी होते हैं। अस्य यह सिद्धों के अपदेश में है। बध्य में वध् धातु प्राणवियोग एवं यातना अर्थ में है। प्राणों से वियोग एवं यातनाओं से

संयोग करने में समर्थ होता है यह अर्थ है। होता है यहाँ निःसंदेह भूतार्थवाद है। जब सिद्ध गुणों से युक्त हो जाता है, ऐश्वर्य को प्राप्त कर लेता है तब वे सभी इसके बध्य हो जाते हैं यह अर्थ है-

प्रश्न है–क्या यह सिद्ध उनके लिये कभी बध्य होता है अथवा नहीं?। उत्तर है-नहीं। जैसा कि कहा है-

सबके लिये अबध्य हो जाता है ॥३२॥

यहाँ भी सर्व शब्द पशुओं के विषय में है। सबके यह न्यून परिग्रह अर्थ में है और शब्द अभ्यधिकत्व अर्थ में है। अभ्यधिक उत्कृष्ट व्यतिरिक्त होता है, यह अर्थ है। अबध्य में अकार भूतपूर्व बध्यत्व का प्रतिषेध करता है जब सिद्ध गुणों से युक्त हो जाता है एवं ऐश्वर्य प्राप्त कर लेता है तब सबके लिये अबध्य हो जाता है– यह अर्थ है। इस प्रकार अत्यकृत देवादि शरीर रूपों में विभुत्व एवं प्रभुत्व व्याख्यात हुये ॥३२॥

यहाँ यह षट्सूत्री प्रकरण परिसमाप्त हुआ॥

प्रश्न है–क्या इस सिद्ध का यह ऐश्वर्य नित्य है?। अथवा पार्थिव जल सम्बन्धी, तैजस, वायु सम्बन्धी, आकाश, मनस आहंकारिक महत् आदि आत्मा आदि के सदृश अनित्य है? कहा जाता है-नित्य है। क्योंकि कहा है-

अभीतः [निर्भीक होता है] ॥ ३३॥

यहाँ अक्षय आदि [अ० १, सू० ३४] वचन विरोध के कारण अभीत चरित अर्थात् अध्ययन करके विचरण करता है इस पाठ की अनुपपत्ति होती है। इसलिये जिसमें भूत, भविष्य और वर्तमान काल का भय नहीं विद्यमान है इस कारण से अभीत कहा।

प्रश्न है–कि अभीत होते हुए भी ब्रह्म आदि के प्रलय काल में क्षय सुना जाता है इसलिये अभीत होने के कारण नित्य नहीं होता है अथवा अभीत का क्या लक्षण है? तो यहाँ कहा जाता है-

अक्षयः ॥३४॥

यहाँ अकार क्षय के प्रतिषेध में है। यहाँ क्षय का अर्थ है पुरुष के नित्य

होने पर भी इस ब्राह्मण का उन ऐश्वर्यों से पूर्व की अपेक्षा अपकर्ष है। अहंकार से सम्बद्ध महत् आदि तत्वों से अनित्य सम्बद्ध, यह तो इस नित्य माहेश्वर ऐश्वर्य से सम्बद्ध होने के कारण पुरुष अक्षय है, ऐसा उपचरित होता है। राजकोष के सदृश, कुडुम्बि द्रव्य के सदृश [गड़े हुये धन के समान]।

प्रश्न है– ईश्वर-ययाति आदि का भी जरा से अविभव होने के कारण क्या यह जीर्ण होता है अथवा नहीं? अथवा अक्षय का क्या लक्षण है?। तो कहा है-

अजरः ॥ ३५॥

यहाँ अकार वृद्धत्व का निषेध करता है। यहाँ वृद्धत्व जरा का अर्थ है। श्वेत बाल, स्खलित आदि कार्य हैं तथा इन्द्रियों की दर्शन एवं क्रिया शक्ति की हानि। कैसे? क्योंकि उसके फल के भोक्ता होने के कारण यह जीर्ण होता है। ऐसा उपचरित होता है। इस समय तो कामित्व के और विकरण धर्मित्व होने [अ० १, सू० २४-२६] के कारण [जरा नहीं है] अतएव अजर कहा जाता है।

प्रश्न है–अजर, देवादियों की संहार के पूर्व या पश्चात् मृत्यु देखी गयी है तो क्या इसकी मृत्यु होती है अथवा नहीं?। अथवा अजर का क्या लक्षण है? तो कहता हूँ-

अमरः ॥ ३६॥

यहाँ अकार मृत्यु के निषेध में है क्योंकि मृड्: धातु प्राण त्यागने के अर्थ में है [और मृड्: धातु से ही मर बनता है] यहाँ प्राण आदि की वृत्ति का निरोध मृत्यु कही जाती है क्योंकि उसके पल के भोक्ता होने के कारण, होने से, वह इसके कामी होने तथा विकरण धर्मी होने [अ० १, सू० २४-२६] के कारण [मरणशील] नहीं है इसलिये अमर कहा जाता है।

इस कारण अभीत अक्षय आदि वचन से ऐश्वर्य नित्य है [यह] सिद्ध होता है ॥३६॥ कहा है-

और सर्वत्र अप्रतिहत गति हो जाता है ॥३७॥

सर्वत्र अभिप्रेत पदार्थों में वर्तमान साधक का महेश्वर से भी अप्रतिबन्ध धर्मिता तथा अप्रतिघात [दूरी का अभाव] रहता है ॥३७॥

इस प्रकार इन गुणों से युक्त भगवान महादेव का महागणपति हो जाता है ॥ ३८॥

इन पूर्वोक्त अवश्यता, अनावेश्यता, अवध्यता, अभीतता अक्षयता, अजरता, अमरता, अप्रतिपातता, इत्यादि आठ सिद्धि स्वरूप गुणों से युक्त साधक भगवान महादेव का महागणपति हो जाता है। सभी पशुओं से अभ्यधिकता और ऐश्वर्य का अतिशय होने के कारण महत्व [महा] हो जाता है। गण, नन्दि महाकाल आदि हैं। सम्पूर्ण पशुओं आदि के कार्य का स्वामित्व ही पतित्व है ॥३८॥

इस अध्याय की परिसमाप्ति करके कहना युक्तियुक्त है-

यहाँ इस ब्रह्म का जप करें ॥३९॥

उन ब्रह्म से वह स्वयं बृहत् होता है। जप करे, यह मानस क्रिया है अर्थात् जप्य का प्रत्यवगमन [बार-बार चिन्तन] करना चाहिये। कहा है-''आप यज्ञों की अपेक्षा जप यज्ञ [१०] दसगुण विशिष्ट होता है। उपांशु [भुनःभुना करके पाठ करना] सौ गुणा अधिक होता है तथा मानस सहस्त्रगुण विशिष्ट होता है।'' इसलिये मन से ही जप करना चाहिये। किसलिये? तो उत्तर है-अधर्म का विनाश, धर्म की अभिवृद्धि, अशुभों से व्यावर्तन एवं बह्म में अनवरत पद पंक्ति में उपनिवनार्थ मानस जप करना चाहिये। प्रश्न है-वह बह्म क्या है? उत्तर है-सद्योजात, अथवा यहाँ ब्रह्म एवं अध्याय का दूरस्थ सम्बन्ध। क्यों? पशुपति से, ऐसा कहने पर सन्देह है। क्या? नरपति, सुरपति, प्रजापति इत्यादि के समान इसका ऐश्वर्य अनित्य एवं आगन्तुक है और क्या इसका जन्म.अथवा मृत्यु है या नहीं? उत्तर है- नहीं। क्योंकि कहा है-

सद्यः अजात् के प्रति प्रपन्न होता हूँ ॥४०॥

यहाँ सद्य, इस पद में दो अर्थ विचार के विषय बनते हैं। विद्यमान एवं आद्य, प्राप्ति एवं पालन के समान। यहाँ सत् का अर्थ है नित्य क्यों? विनाश के हेतु के अभाव के कारण, पति का पतित्व नित्य, ध्रुव एवं अविनाशी है अन्य का नहीं। इसलिये कहा जाता है सत्। प्रश्न है- क्या यह आदिमान होने पर भी नित्य है, मोक्ष के समान? उत्तर है-नहीं। क्योंकि कहा है आद्य। उससे पृथक पति का पतित्व हेतु के असम्भव होने के कारण आद्य एवं आगन्तुक है। अन्य का नहीं, यह अर्थ है। प्रश्न है-क्या नित्य एवं अनादि होने पर पुरुष समान जन्म लेता है? उत्तर है- नहीं क्योंकि अजात् कहा गया है। यहाँ अकार जन्म-मृत्यु के प्रतिषेध

अर्थ में है। जन्म मृत्यु से रहित भगवान निरञ्जन होता है, क्यों? साञ्जन वृत्ति के अलाभ के कारण। अन्य में निरभिमानिता नहीं आ सकती-इसलिये अजात यह कर्म है। प्रश्न है– इस सत्व, आद्यत्व एवं अजातत्व गुण को कारण के रूप में जानकर साधक को क्या करना चाहिये?। उत्तर है-प्रपत्ति करनी चाहिये। क्योंकि कहा है-

प्रपन्न होता हूँ। यह साधक का उपदेश है। जैसा, ''हे व्रत के प्रति अग्नि व्रत करता हूँ'' ऐसा कहा गया है। यहाँ प्र शब्द अन्य कारणों के विषय में सत्व, आद्यत्व तथा अजातत्व के प्रतिषेध के लिये एवम् अधिकता के लिये भी है, इसलिये सम्पूर्ण भावों के साथ अनासक्त होकर उस कारण रूप महादेव की प्रपत्ति करनी चाहिये। अर्थात् शरण में जाना चाहिये, यह अर्थ है ।।४०।।

प्रश्न है-प्रपन्न होकर क्या करेगा? अथवा क्या देगा? उत्तर है-पूजा करेगा एवं अपने को दे देगा। जैसा कि कहा है-

सद्य अजात के लिये प्रणाम है[१] ।।४१।।

प्रश्न है– सत्व, आद्यत्व, अजातत्व पूर्वोक्त है। सद्योऽजात में चतुर्थी है वही शब्द सम्भावना अर्थ में है। सत्व, आद्यत्व एवं अजातत्व धर्मों की सम्भावना करके कहा है-सद्यो जाताय वै नमः। नमः यह आत्मदान तथा पूजा अर्थ में है। नमस्कार से अपने को प्रदान करता है तथा पूजा करता है यह अर्थ है ।।४१।।

प्रश्न है– किस उद्देश्य से स्वयं को महेश्वर को प्रदान कर देता है। अथवा इसका दुःख क्या है? और यह महेश्वर से क्या चाहता है अथवा स्वयं उत्पादित अनुगृहीत तथा तिरोभावित पशुओं का वह पति है अथवा दूसरों के द्वारा? उत्तर है-स्वयं। क्योंकि कहा है-

भव भव में अतिभव नहीं[२] ।।४२।।

यहाँ भवे भवे इसमें वीप्सा [द्विरुक्ति] है। भव ऐसा कहने से विद्या, कला

---

१. रुद्राष्टाध्यायी, अ० १०.५
''भवे भवे नाति भवे .... ।।५।।

२. रुद्राष्टाध्यायी अ० १०.५
भवोद्भवाय नमः ।।५।।

एवम् पशुओं का समस्त ग्रहण होता है। भव क्यों भवन् कृत एवं भावन् कृत होने के कारण, क्योंकि ईश्वर उन सभी को देव मनुष्य एवं तिर्यक [पक्षी] के रूप में भावित करता है [उत्पन्न करता है]। धर्म, ज्ञान, वैराग्य, ऐश्वर्य, अधर्म, अज्ञान, अवैराग्य, अनैश्वर्य का भव भावन होने के कारण भव कहते हैं और उसकी उत्पत्ति, अनुग्रह एवं तिरोभाव आदि बार बार देखकर भी भव कहते हैं। वीप्सा का अर्थ है प्रत्येक उत्पत्ति, प्रत्येक उत्पत्ति में, प्रत्येक अनुग्रह में, प्रत्येक तिरोभाव में। नाति भव में न कार कार्यत्व का प्रतिषेध करता है अर्थात् अतिशयीत भवों में मैं न होऊँ यह अर्थ है ।।४२।।

प्रश्न है– क्या भव से एकमात्र वियोग की इच्छा करता है? उत्तर है–नहीं। क्योंकि कहा है-

मुझे भजो ।। ४३।।

यहाँ भज् धातु अनुग्रह अर्थ में है, स्व प्रत्यय कारण के उपदेश में है। मुझे यह अपने अपदेश में है अर्थात् मुझे भजो, मेरी रक्षा करो, मुझे अनुग्रहीत करो यह अर्थ है।

प्रश्न है– किसको आमन्त्रित करता है? किसके प्रति प्रपन्न होता है? किसके लिये नमस्कार करता है? कौन उस पुरुष को भव से मोक्ष देता है और किससे कहता है कि मुझे भजो? उत्तर है– जैसा कि कहा है-

भवोद्भव[१] ।।४४।।

यहाँ भव से विद्या, कला, पशुओं का ही ग्रहण होता है। भगवान् चूंकि उसकी उत्पत्ति का कर्ता होता है अतः भवोद्भव ऐसा कहा है। यहाँ कारण उत्पादक, अनुग्राहक एवम् तिरो भावक धर्मी है तथा कार्य उत्पाद्य, अनुग्राह्य एवं तिरोभाव्य धर्मी है। यह कार्य एवं कारण का लक्षण है। इस कारण में प्रपत्ति इत्यादि क्रमोपयोगी रूप में द्रष्टव्य है ।।४४।।

इस प्रकार यहाँ भगवान् कौण्डिन्यकृत पञ्चार्थ भाष्य में प्रथम अध्याय ब्रह्म के साथ ग्रन्थ एवं अर्थ दोनों ही दृष्टि से परिसमाप्त हुआ।।

---

१. रुद्राष्टाध्यायी अ० १०/५
भवोद्भवाय नमः ।।५।।

द्वितीय अध्याय

अब अवसर प्राप्त द्वितीय अध्याय को कार्य-कारण रूप से सम्बद्ध करके कहूँगा।

प्रश्न है– यदि ऐसा है तो कहिये कौन सम्बन्ध है? उत्तर है– जैसा कि पहले कहा गया है भवोद्भव।

श्रेष्ठ [वाम] ॥ १॥[१]

नामों में श्रेष्ठ, यह अर्थ है क्योंकि कहा गया है-वाम ''पुरुष हवज, श्रृंग, हबि, भूषण, लक्ष्म [चिन्ह] श्रेष्ठ एवं अवक्र इन नव अर्थों में प्रयुक्त होता है'' इति ॥१॥

प्रश्न है–इसकी प्रवृत्ति का क्या निमित्त है अथवा क्या प्रयोजन है?। उत्तर है–

देव का [देवस्य] ॥२॥[२]

यहाँ देव शब्द दिवु धातु क्रीड़ा अर्थ में है। क्रीड़ाधर्मी होने के कारण उसका निमित्त क्रीड़ा है। वह भगवान क्रीड़ाशील होकर ही विद्या, कला, एवं पशु संज्ञक तीन प्रकार के कार्यों को उत्पन्न करता हुआ उनको अनुगृहीत एवं तिरोभावित करता है अत: देव कहा गया है, प्रवृत्ति अर्थात् प्रयोजन का फल है उत्पत्ति इत्यादि। देवस्य में तत्धर्मी होने के कारण षष्ठी विभक्ति है ॥२॥

प्रश्न है–क्या यहाँ कारण में अद्वैत का विस्तार होता है अथवा दो अर्थों का अथवा अन्य भी हैं या नहीं? उत्तर है– क्योंकि कहा है–

१-२ द्रष्टव्य– रुद्राष्टाध्यायी, अ० १०.६
'वामदेवाय नमो'।

ज्येष्ठ का[1] ॥३॥

यहाँ पर होने के कारण ज्येष्ठ का प्रयोग किया। किनका एवं किनसे पर उत्तर है– सिद्ध एवं साधक पशुओं का। सिद्ध एवं साधक भाव के तदायत्त होने के कारण तथा सम्पूर्ण पशुओं की प्रवृत्ति, निवृत्ति एवं स्थिति आदि के फल के तदापत्त होने के कारण वह ज्येष्ठ एवं परतर है, परतम, भी हैं। इसका ऐश्वर्य अकृतक अर्थात् वास्तविक है। कहा है–

> "इसकी शक्ति दिक्-क्रिया स्वरूप होने के कारण इसकी नित्यता तत्वधर्मी है, चूंकि यह सर्वभूतों में श्रेष्ठ है, इसलिये इसे 'पर' कहा जाता है, इस प्रकार पर होने के कारण वह ज्येष्ठ है, यहाँ भी तरुधर्मी होने के कारण ज्येष्ठस्य इसमें षष्ठी विभक्ति है ॥३॥

प्रश्न है–क्या यही कारण के रूप में चिन्तनीय होता है अथवा तीन अर्थ अथवा अन्य भी हैं अथवा नहीं? उत्तर है– है।

रुद्रस्य[2] [रुद्र का] ॥४॥

। यहाँ रुत के अवज्ञा एवं संयोजन के कारण इसे रुद्र कहते हैं। यहाँ रूप [संज्ञा] एवं अभिलाप [रोना] दोनों एकार्थक है।[3] द्रावण का अर्थ है संयोजन। भय विविध प्रकार के हैं। कहा गया है–

> "अनेक प्रकार के कार्यों से तथा विविध प्रकार के भयों से यह भूतों को संयाजित करता है इसलिये इसे रूद्र कहते हैं।"[4]

---

१. "तत्रैव १०/६ ज्येष्ठाय नमः
शत० [तै० स० काण्ड ४ अनु० ६] "नमो ज्येष्ठाय"।

२. शतरुद्रीय एवम् रुद्राष्टाध्यायी में रुद्र और रुद्ररूपेभ्यः [अ० १०/८] में रुद्र के प्रति श्रद्धा भक्ति के भाव उपलब्ध होते हैं। शतरुद्रीय [तैत्तिरीय सं० चतुर्थ काण्ड अनुक्ष्वाक ५] "नमो भवाय च रुद्राय च]

३. अथर्व०, ११/२/३, सायण भाष्य।

४. रुत् दुःख दुःखहेतुर्वा तस्य द्रावको देवः परमेश्वरः।
अथर्व, १/१९/३, सायण भाष्य।
निरुक्त दैवत काण्ड, १०/१/१-६
रुद्र कें अनेक अर्थ प्रस्तुत हैं जो इसी से मिलते-जुलते हैं।

यहाँ भी तत्धर्मी होने के कारण षष्ठी विभक्ति है। प्रश्न है? वह क्या है।? और उसका [रुद्रत्व] किस प्रकार का है?। उत्तर है–

कलितासन ॥५॥

यहाँ विद्या, कला और पशु संज्ञक तीन प्रकार के कार्यों से उसी में स्थिति, उत्पत्ति एवं प्रलयों को प्राप्त होने के फलस्वरूप कलित अर्थात् शोभितं शब्दितं, जिस प्रकार नभ तारामंडलों के द्वारा, यह अर्थ है। प्रश्न है– यह पति का पतित्व शक्ति, सामर्थ्य, ऐश्वर्य, स्वगुण, सद्भाव, सतत्व तत्त्वधर्म यह सब आसन हैं न कि पद्मासन के समान उपवेशन स्वरूप यह अर्थ है आसन कैसा है? इसमें है, उसी को आसन कहते हैं, अथवा कार्य इससे अध्यस्त होता है, इसलिए आसन हैं कहा है। यह अर्थ है, इसलिये अव्यय [कभी भी व्यय न होने वाला] अमृत स्वरूप भगवान् अपनी इच्छा से अपनी शक्ति में अवस्थित कार्य को अपनी शक्ति से अध्यस्त करता है इसलिये कारण एवं कार्य आसन में अवस्थित रहते हैं।

प्रश्न है– कार्य एवं कारण का वृत्तिसङ्कर दोषागो, ऊर्जा, पक्षी एवं महिषी के क्षीर जैसा है क्या?। उत्तर है नहीं; अंगुली के अग्ररूप के समान है इसलिये सङ्कर नहीं है। दीप एवं आदित्य के प्रकाश को ले जाने वाली रश्मियों के समान है इसलिये सङ्कर नहीं है। प्रश्न है– सङ्कर में ईश्वर, पुरुष, विद्या एवं कलाओं का माक्षिक कोटिक द्रव्य के समान अपरिच्छेद का दोष है। उत्तर है-एक के उत्तरोत्कर्ष के कारण व्याप्य-व्यापक भावरूप में अवस्थित तत्वों का अपरिच्छेद दोष नहीं है। महेश्वर तत्व सूत्र रूप में होने के कारण व्यापक है तथा पुरुष इत्यादि पच्चीस तत्व व्याप्य हैं। पुरुषतत्व आत्मा होने के कारण व्यापक है तथा प्रधान इत्यादि चौबीस तत्व व्याप्य हैं। प्रधान व्यापक है तथा बुद्धि इत्यादि तेज तत्व व्याप्य हैं।

बुद्धि व्यापिका होती है तथा अहंकार इत्यादि बाईस तत्व व्याप्य होतें है। अहंकार व्यापक है तथा एकादश इन्द्रियां अथवा दशविध कार्य व्याप्य हैं। एकादश इन्द्रिय व्यापक हैं तथा शब्द इत्यादि पांच सूक्ष्म भूत व्याप्य हैं। शब्द इत्यादि ५

---

१. शतरुद्रीय [कृष्णयजुर्वेदीय तै० सं० का० ४/प्र० ५/ अनु० ८।
'मयो भावे च नमः शङ्कराय च।'
द्रष्टव्य सायण भाष्य।

सूक्ष्म भूत व्यापक हैं तथा आकाश इत्यादि पांच महाभूत व्याप्य हैं। आकाश व्यापक है तथा वायु इत्यादि चार भूत व्याप्त हैं। वायु व्यापक हैं तथा तेज इत्यादि तीन भूत व्याप्य हैं। जल व्यापक है तथा पृथ्वी व्याप्य हैं। पृथ्वी व्यापिका है तथा भूमि, जल, रस, रूप कार्य व्याप्य हैं। भूमि, जल, रस, रूप कारण व्यापक हैं तथा देव, मनुष्य, तिर्यक, योनि, तृण, औषधि, वृक्ष, गुल्म, लता, वनस्पति इत्यादि अनेक विधि कार्य व्याप्य हैं।

अतः अपरिच्छेद दोष नहीं है।

प्रश्न है–वृत्ति का सङ्कर ग्रहण न करनेपर दृष्टान्त के अभाव के कारण अयुक्त होगा। उत्तर है हरिद्रा एवं जल के समान व्याप्य एवं व्यापक दोनों हैं। वह जैसे हरिद्रा एवं जल में स्निग्धता एवं शैत्यत्शीतलता इत्यादि धर्मों के कारण जल का ग्रहण होता है तथा रंग, गन्ध, घनत्व, सारत्व इत्यादि से हरिद्रा का तथा अर्णव, देवादि, स्थान, शरीर, तथा इन्द्रियों के विषय इत्यादि के सन्निवेश से सुख एवं दुःख से सन्निपात से ईश्वर का, इसी प्रकार पुरुष का भी [ग्रहण होता है]। ईश्वर का भी अपरिणामी धर्मिता तथा सुख-दुख दरिद्रता के कारण प्रधान, धर्म एवम् अधर्म इत्यादि का ग्रहण होता है, इसी प्रकार प्रधान का मानस संकल्प आलोचन, संग्रह, पंक्ति, व्यूह, अवकाश, दान इत्यादि धर्मों से पृथ्वी आदि का ग्रहण होता है ऐसा प्रधानवादी मानते हैं।

प्रश्न है–इस तन्त्र में कार्य–कारण का अवस्थान किस प्रकार है? यह बताइये। उत्तर है– इस तन्त्र में जैसा कि कहा है-शर्व सबके द्वारा [अ० ३, सू०२५] इस वचन से यथासम्भव होता है। विभुता के होने पर कार्य एवं कारण का अपनी वृत्ति से सर्वगत होने पर भी अपनी वृत्ति का सङ्कर नहीं होता। इस कारण कार्य एवं कारण आसनस्थ हैं।

प्रश्न है– क्या उस आसन में स्थित कार्य, आसन में नित्य है अथवा अनित्य? उत्तर है– कार्य नित्य है। कैसे? [कार्य] पति का होता है। कारण रूपी ईश्वर के नित्य होने के कारण पति की नित्यता है। यहां सद्योजातादि [अ०?सू० ४०] वचन से पालक नित्य है। पालक के नित्य होने से पाल्य भी नित्य है। कैसे? पाल्य से नहीं होने पर पालक नहीं होता है। अतः नित्य होने पर उन्हीं पशु इत्यादि का संयोजन करता है। मृत्तिका भय का लोहभय प्राकर इत्यादि के समान इस दृष्टान्त के वृत्ति का लाभ उत्पत्ति कहा जाता है। स्थिति, स्थान, शरीर, ईश्वर

की प्रेरणा से अनुग्रह है तथा वृत्ति का लाप वियोजन है [अलग करना] है। लोप का अर्थ है अभाव, इसलिये तीनों ही कालों में कार्य को आसनस्थ देखना चाहिये, पृथ्वी में बीज के समान, यह अर्थ है। ।।५।।

प्रश्न है–क्या उस कार्य को भगवान एक साथ उत्पन्न करता है अथवा क्रमशः? और क्या वह कर्मापेक्षा है अथवा अनपेक्ष? उत्तर है– यथेष्ट, जैसा कि कहा है–

सर्वकामिक ऐसा कहते हैं ।। ६।।

यहाँ सर्व शब्द विद्या इत्यादि कार्यों के निरशेषवाची रूप में द्रष्टव्य हैं। कामिक यहाँ भी स्त्री विषयक चिन्तन नहीं होता। कामी, काम और काम्य का चिन्तन होता है। कामी ईश्वर है, काम ईश्वर की इच्छा है तथा विद्या इत्यादि कार्य काम्य है। वह अक्रम से या क्रम से यथेष्ट का उत्पादन करता है। कैसे? कामी होने के कारण। इसीलिये ईश्वर की अकर्मापेक्षिता सिद्ध होती है। कर्म, कामी होने के कारण। इसीलिये ईश्वर कर्मापेक्ष है। इति शब्द अर्थों का निर्वचन होने के कारण प्रकरण परिसमाप्ति के लिये हैं।

प्रश्न है–कामित्व तत्वों में वैधर्म्य उत्पन्न करता है कार्यत्व को कारण अथवा परिणामिता के फलस्वरूप सम्भवतः स्वयं का बन्ध मोक्ष विपर्यय भी करे। उत्तर है– जैसा कि कहा है ''आङ्: इति। आडः इस उपसर्ग का अर्थ है। कार्यत्व, कारणत्व तथा मुक्त आत्माओं की मर्यादा। इसीलिये कहा जाता है उत्पाद्य, अनुग्राह्य [तिरोभाव्य] कल्पकत्व तथा अभावकत्व रूप से अपरिणामिता तथा मुक्त आत्माओं का पुनः दुःखों से असंयोजन। यही कारण की मर्यादा है। कार्य की मर्यादा स्थापित कीजिये। कहा जाता है उत्पाद्य, अनुग्राह्य, तिरोभाव्य, एवं अभिकल्प यह कार्य मर्यादा है। उससे भिन्न प्रेरणायोग्य तथा अधिष्ठेयत्व है। चक्षिन् धातु कथन अर्थ में है। कार्यों के द्वारा भगवान रुद्र से कथित भगवान महेश्वर की शक्ति सनातनी है। उस विद्या इत्यादि कार्य को कलित करने वाला यह अर्थ है ऐसा कहा गया है अर्थात् वर्णित है। ।।६।।

यहाँ आधिकारिक कार्य-कारण प्रकरण परिसमाप्त हुआ।

कामीत्व अथवा रुद्र कामीत्व क्या है? यही कारण में महाभाग्य है अथवा अन्य? उत्तर है-है। जैसा कि कहा है–

अमङ्गल भी यहाँ मङ्गल बन जाता है। ॥७॥

अमंगल इस शब्द से यहां साधन समूह को अधिकृत किया जाता है उसी अमंगल के उद्देश्य से मंगलवचन का निर्देश करता है। च शब्द यहाँ कारण गुण तथा वचन के उपक्षेप के अर्थ में द्रष्टव्य है। उपक्षेप [बाहर निकाल देना] करके अन्यत्र मङ्गल एवं प्रदक्षिणा को [अ० २, सू० ८] में कहेंगे। अत: रुद्र के दोनों देवता एवं पितर [अ०२ सू० ।।] इस उपरिनिर्दिष्ट सूत्र में कहेंगे। अज शब्द मूर्ति के अधिष्ठाता मन संज्ञक सकल कारण में समुपस्थित अपसव्य सम्बन्ध में अर्थ में देखना चाहिए। मंगल यहाँ भी अमङ्गल के व्याख्यान करने पर भी का [द्वैत] नमत्व तथा अपसव्यत्व सम्बन्ध तथा हसित आदि साधनवर्ग किन्तु यहाँ वह कारणमूर्ति के सामर्थ्य से मङ्गल हो जाता है। शैल एवं उदक जैसे। मङ्गल साधन है धर्म निष्पादक हैं भवति यहाँ निश्चित रूप से भूतार्थवाद के अर्थ में है। कारण भूति क्रियामाण अमङ्गल मङ्गल बन जाता है। ।।७।।

प्रश्न है– क्या नमत्व अथवा अपसव्यत्व दो ही साधन कहे जाते हैं?। नहीं जैसा कि कहा है–

अपसव्य एवं प्रदक्षिणा ॥ ८॥

नमत्व साधन ही है यह अर्थ है यहाँ अमङ्गल निर्देशार्थ होने के कारण प्रत्याहार के समान उपहार [अ०। सू० ८] सामान्यमात्र के ख्यापन से पृथक अपसव्य का आरम्भ होता है, इसलिये यहाँ अपसव्य का अर्थ है सत्य से विपरीत। च शब्द समुच्चय अर्थ में है। न केवल कारणमूर्ति साधन सामर्थ्य से अमङ्गल में मङ्गल सम्पादित करती है अपितु अपसव्य प्रदक्षिणा को आपादित करता है। यह अर्थ है। प्रदक्षिणा का अर्थ है– जो अत्य के लिये अपसव्य है वह यहाँ प्रदक्षिण किस प्रकार होता है?– उत्सूत्र इत्यादि दोषों से जल इत्यादि स्नान के समान यह अर्थ है, ।।८।।

प्रश्न है--सम्पूर्ण कारणगुणों का नाम है अथवा नहीं? उत्तर है– है। जैसा कि कहा है–

अत: उभयथा यजन करना चाहिये ॥ ९॥

यहाँ तस्मात् शब्द कारण एवं गुण के वचन के अर्थ में है। कारण गुण कौन है? उत्तर है– पतित्व, सत्व, आद्यत्व, अजातत्व, उत्पादक, अनुग्राहकत्व,

तिरोभावकत्व, वामदेवत्व, ज्येष्ठत्व, रुद्रकामीत्व, मङ्गलावाप्ति तथा प्रदक्षिणावाप्ति इन कारण गुणों को जानकर। इसीलिये तस्मात् शब्द का प्रयोग किया। तो इस कारण गुण के वचन को जानकर साधक को क्या करना चाहिये?। उत्तर है उभयथा यजन करना चाहिये। यहां यष्टा साधक हैं यहां उभयथा का अर्थ है–दो प्रकार से। द्रष्टव्य इस कथन में भी स्त्री विषयक चिन्तन नहीं होता। यष्टा, यजन एवं यष्टव्य का चिन्तन होता हैं। यहां यष्टा साधक हैं, यष्टव्य भगवान् महेश्वर है, यजन भावना है अथवा यजन अध्ययन अध्यापन, स्मरण, इत्यादि। उसका फल है देव नित्यता सायुज्य [अ० ५ सू० १०] यह आगे कहेंगे ।।९।।

प्रश्न है– कि निर्देश नहीं करने के कारण सन्देह है कैसे? उभयथा दो प्रकार से निर्देश करें?। उत्तर है-देव एवं पितरों के समान।

देव एवं पितरों के समान ।।१०।।

यह कैसे?। उत्तर है–सर्वप्रथम इस ब्राह्मण का देवयजन एवं पितृयजन में अधिकार अधिकृत होता है इसलिये उन देवताओं एवं पितरों में भक्ति का व्यानर्त्तन [हटाकर] करके दोनों ही प्रकार से महेश्वर में भाव को अवस्थापित करके यजन करना चाहिये, अन्य का नहीं। च शब्द का यहाँ प्रतिषेध अर्थ है। जो वह पूर्वकाल में देवताओं एवं पितरों में कारकत्व सम्भावित था वह उनमें नहीं होता है। अतः उनका यजन नहीं करना चाहिये, यह अर्थ है ।।१०।।

प्रश्न है– यदि ऐसा है तो देवताओं एवं पितरों का दोष [न्यूनता] कहें जिससे वे यष्टव्य नहीं हैं। अथवा रुद्र में क्या गुण हैं?। जिससे उसका ही यजन करना चाहिये यह निर्देश करें। जल स्नानादि के समान। उत्तर है–

रुद्र में देवता एवं पितर दोनों होते हैं ।। ११।।

यहां उभय शब्द का अर्थ दोनों एवं समस्त है, तु शब्द देवताओं और पितरों में वैषेशिक कारणत्व का व्यावर्तन करता है। **रूद्रे** यह कारण का उपदेश करता हैं। रुद्र की रुद्रता पहले कहीं जा चुकी है। यहाँ शक्ति में हार्य, धार्य एवं कार्य रूप से विद्यमान रहते हैं अर्थात् धारण किये जाते हैं, विषय में विद्यमान रहते हैं देव और पितर। यहाँ देव ऋभु ब्रह्म से लेकर पिशाच तक, मनुष्य एवं तिर्यक योनि को छोड़कर के, की सामान्य संज्ञा हैं विधिवत्। पितर यह विशेष संज्ञा है। भस्म, स्नान आदि के समान यह अर्थ है। ब्राह्मण एवं देवदत्तादि के समान।

प्रश्न है–सामान्य एवं विशेष संज्ञा के अभिधान में क्या प्रयोजन है? उत्तर है–रुद्र में त्रिविध कार्यों का हार्य धार्य एवं कार्य का ज्ञापन। और भी काल, क्रिया, स्वाहा एवं स्वधा मन्त्रों का अन्यत्व दर्शन के कारण देवपितृ यजन से अपहृत चित्तों के व्यावर्तन के लिये भी। इसलिये अनन्यत्व के कारण भी व्याख्यान दूषित नहीं होता। च शब्द का अर्थ अभ्यधिकत्व हैं। देवताओं और पितरों के समान त्रिविध सत्व कार्य का ईश्वर में–प्रतिष्ठा, प्रसव, संयोग, वियोग, सुख, मोह, बन्ध एवं मोक्ष दातृता के कारण ईश्वर ही समस्त रूप से परमकारणा के रूप में प्राप्त होता है। इस प्रकार च शब्द का अभ्यधिकत्व द्रष्टव्य है, इसलिये दु:खान्त के इच्छुक वे देव व पितरों का यजन न करें। एतदर्थ भगवान महेश्वर ही यष्टव्य हैं यह अर्थ है ॥११॥

यहाँ यह आनुषंगिक कार्यकारण प्रकरण समाप्त हुआ।

अ:त: उत्तर विधि प्रकरण के पदार्थ वैलक्षण्य होने पर भी साध्य-साधन भाव के कारण यजन के साथ सम्बन्ध करेंगे। कैसे यहाँ प्रथमत: कहा गया है, उभयथा यजन करना चाहिये, देवताओं एवं पितरों के समान। जहाँ [अ० २ सू०९,१०] प्रथमत: देवताओं एवं पितरों से, व्यावर्तित भक्ति से महेश्वर के यजन का अवगम नहीं होने के कारण स्वात्येश्वर संयोगरूप योग को प्राप्त करेगा उस फल को कहूंगा। जिस बल से उपवृहित साधक का उसी यजन में उद्योग एवं अभिनिवेश होगा उस बल को कहूंगा। उस बल की प्राप्ति में जो उपाय है उनको भी कहूँगा। कहा जाता है–

हर्ष में अप्रमादी [हर्षाप्रमादी] ॥१२॥

अथवा अव्य दूरस्थ सम्बन्ध है जिसके कारण कहा जाता है जिसका दूरस्थ होने पर भी जिस अर्थ से सम्बन्ध होता है उसके द्वारा उस अर्थ की उत्पत्ति समान रूप से होती हैं। आनन्तर्य होने पर भी ग्रहक्षयादि के समान यहाँ अमङ्गल इत्यादि से सम्बन्ध का अभाव नहीं होता। क्यों? शेष का अभाव होने के कारण । इस प्रकार यहाँ भी संबन्ध दूरस्थ है। कैसे? यहाँ पहले कहा गया है अकलुषमति करने वाले साधक का योग प्रवृत्त होता है [अ०? सू० १८.२०]। यहाँ कलुष के व्यतिरेक से जो योग के अन्य व्याघात कार हेतु है उनको कहूँगा। जैसा कि एक योग प्राप्ति की पद्धति ही आचरितव्य है ऐसा व्याख्यान करूंगा। और चर्या के बिना जिस प्रकार योग प्राप्ति होती है उस बल का व्याख्यान करूँगा। उस

बल की प्राप्ति के जो उपाय हैं उसका भी व्याख्यान करूँगा। **हर्षाप्रमादी** यह, यहाँ हर्ष का अर्थ है। दिव्य विषयों, जिनका प्रकाशन विधान से उत्पन्न धर्म से होता है ऐसे प्रीति, तुष्टि एवं प्रमोद, वे यहां विश्वामित्रादि स्वरूप प्राप्ति के समान द्रष्टव्य हैं, किस प्रकार के? कहा जाता है कार्य-करण विशुद्धि स्वरूप। कार्य विशुद्धि का अर्थ है जो यह देवशरीर प्रकाश एवं दीप्ति से-प्रज्ज्वलित स्वर्ग, पृथ्वी तथा अन्तरिक्ष में स्वर्णदण्ड के समान उत्थित स्वयं को देखता है तब [स्वर्ग में] अणिमा, लघिमा तथा महिमा ये तीन कार्यगुण उत्पन्न होते है। अन्तरिक्ष में भी जिस धर्म विशेष से..... इसी प्रकार कारण विशुद्धि भी [पृथ्वी पर] बाह्य गरिमा इत्यादि अन्त: करण से दूर विषयक ग्राहकत्व तथा आलोचन, संकल्प तथा अध्यवसाय एवं अभिमान इत्यादि होते हैं। कैसे? धर्मादि वचन से। और भी प्राप्ति, प्राकाम्य, [वशित्व] तथा **कामावसायित्व जहाँ ये पाँच करणगण** उत्पन्न होते हैं, इस प्रकार जो अन्य के अणिमा इत्यादि आठ गुण, चतुषष्ठीय विकल्प, धर्म कार्य एवं ऐश्वर्य कहे जाते हैं वे इस शास्त्र में हर्ष नाम से अभिहित किये जाते हैं। इन विषयों में मद का अनुभव न करता हुआ व्यक्ति हर्षाप्रमादी होता है धर्म विद्या के बल से। यह अर्थ है। ॥१२॥

प्रश्न है– कहाँ स्थित होने पर वे हर्ष अभिव्यक्त होते हैं?। अथवा किस प्रकार के साधक को ये हर्ष अभिव्यक्त होते हैं?

चर्यायाम् चर्यायाम् [चर्या चर्या में] ॥१३॥

यहाँ चर्या चर्या में वीप्सा अर्थात् द्विरुक्ति है। प्रश्न है निर्देश न होने के कारण यहाँ वीप्सा एक वचन, द्विवचन तथा बहुवचन में होती है। इसमें एक वचन में भी होती है जैसा कि कहा है–

> ''हे पुरुषाधम! अब तुम्हारा गर्म रक्त पी रहा हूँ अब इस समय दृढ़ता के साथ पुन: गौ गौ ऐसा कहो'' इसी प्रकार द्विवचन में भी होती है। ''युद्ध में सन्नद्ध एवं परमक्रुद्ध होकर एक दूसरे का हनन करते हुए प्रत्येक रथ में वे दोनों बात एवं मलरूपी ध्वज सुशोभित हो रहे हैं।''

इसी प्रकार बहुवचन में भी होती है। जैसा कि कहा है–'' प्रत्येक पुरुष में यह वह बुद्धि निश्चित होती है तथा वे 'वे मनुष्य उस' उस रूप में पृथक रूप से तुष्ट होते है' अत: संशय है– इसलिये क्या एक चर्या अथवा दो चर्या अथवा बहुत सी चर्यायें?। उत्तर है–एक चर्या क्रिया बहुत्व में भी होती है जैसा

कि आयतन और लोक में। आयतन में स्नान एवं हसित इत्यादि लोक में क्राथन एवं स्पन्दन इत्यादि विधिक क्रियायें इस प्रकार चार क्रिया के तत्व को देखकर वीप्सा के अर्थ से कहा गया। चर्या चर्या में अर्थात् क्रिया में यह अर्थ है। इसलिये एक बार उच्चरित वीप्सा बहुवचन में भी होती है वृक्ष, बलि जैसे। और भी महात्म्य, यह [अ० २, सू० १४] चर्या के उत्तर सम्बन्ध से एक चर्या क्रिया बहुत्व में भी होती है ऐसा कहा जाता है। कार्य-कारण विशुद्धि स्वरूप को हर्षा इस नाम से कहा जाता है। कार्य-करण एवं ऐश्वर्य का अभिनिवेश करना सम्भव नहीं है इसलिये कार्य-करण युक्त साधक के चरण करने पर उसकी महिमा अभिव्यक्त होती है यह अर्थ है ।।१३।।

प्रश्न है– प्रमाद रहित आचरण करने पर कैसी कार्य निष्पत्ति होती है? कहा जाता है–

महात्म्य को प्राप्त करता है ।।१४।।

महात्म्य का अर्थ है स्वामित्व और प्रकाश के समान, देह एवं इन्द्रिय इत्यादि के द्वारा अपहृत होता है यही अमाहात्म्य है। विधि के योग से हेने वाले अभिनिवेश का सामर्थ्य अधर्म बल है। कहा गया है कि –''मनुष्य के अपने देह तथा इन्द्रियों के द्वारा, बुद्धि एवं मन अपहृत हो जाते हैं जिस प्रकार उच्छृञ्खल अश्वों के द्वारा सचेत सारथि भी अपहृत हो जाता है।''

इससे भिन्न महात्म्य होता है जिसके सानिध्य से यह ब्राह्मण स्नान, शयन, अनुस्नान आदि क्राथन, स्पन्दन, अध्ययन, ध्यान एवं स्मरण करण में समर्थ हो जाता है। पराश्रद्धा से युक्त इस स्थिति को महात्म्य कहते हैं।

प्रश्न है– वह क्या है? उत्तर है– जो यह तप से [अभिवृद्धि] प्रभ्रष्ट वीर्य तपोबल एवं तपःशक्ति है यही महात्म्य है। कैसे अवगत होता है? चर्या के बाद कथन होने के कारण। जिसके अनन्तर जिस वस्तु को प्राप्त करता है, वह उसी से प्राप्त करता है यह अर्थ है। प्रश्न है– ''प्राप्त करता है'' यह पाठ करना चाहिये? प्राप्त करने वाले के लिये होगा यह कहा जाता है। पूर्ण रमण करके क्षणार्ति एवं प्रीति की प्राप्ति करने से इस विधि चरण से हर्ष विशेषों की रक्षा करता है तथा अभिप्रीति विशेषण एवं अतिगति संस्तवन की प्राप्ति भी करता है। इसलिये मन्त्र बल के समान धर्मबल को इसके महात्म्य को प्राप्त करता है यह अर्थ है ।।१४।।

प्रश्न है– वह अभ्युपाय कौन हैं? वे कौन से धर्म साधन हैं जिनसे हर्ष की उत्पत्ति एवं महात्म्य का लाभ होता है;? क्रियाओं के कितने प्रकार के विभाग हैं? दान इत्यादि पूर्वोक्त का भेद है अथवा नहीं? उत्तर है–है। जैसा कि कहा है–

अतिदत्त अतिष्ट [अतिष्ट] ॥१५॥

यहाँ कुदान से अर्थ है गो, भू, हिरण्य, सुवर्ण आदि का दान कैसे अनेकान्तिक एवं अनात्यन्तिक एवं सातिशय फल होने के कारण तथा कुपथ एवं ऊर्ध्व प्रवाद के कारण भी [अ० ४ सू० १८] इसलिये यहां अतिशब्द विशेषण है। अतिदान का अर्थ है आत्मदान। कैसे? स्वयं की दातृता के कारण पुनः दान के प्रयोजन का अभाव हो जाने से । स्थान, शरीर इन्द्रिय, विषय आदि के अप्रापक होने के कारण। एकान्तिक एवं आत्यन्तिक रूप से, रुद्र सामीप्य की प्राप्ति के कारण ही एकान्त रूप से आनावृत्ति रूप फल होने के कारण असाधारण फल होने के कारण अपना आत्मदान ही अतिदान है। इसी प्रकार कुयजन अग्निष्टोम इत्यादि है। कैसे? संग्रह, प्रतिग्रह, हिंसा इत्यादि युक्त यज्ञ से, इनकी निवृत्ति के दर्शन से पक्षी, **रात्रिज देवता** इत्यादि साधारण फल होने के कारण। और अनित्य सातिशय एवं संकीर्ण फल देने के कारण अग्निष्टोम इत्यादि कुयजन हैं। इसलिये यहाँ अतिशब्द विशेषण है। अति यजन का अर्थ है जो आयतन का लोक में हो। आयतन में स्नान तथा हसित इत्यादि एवं लोक में क्राथन एवं स्पन्दन इत्यादि विधि क्रियायें होती हैं। कैसे? क्योंकि संग्रह, प्रतिग्रह, हिंसादि रहित क्रम से अपने शरीर से समुत्थित कायिक, वाचिक एवं मानसिक क्रियाओं से यजन किया जाता है इसीलिये कहा जाता है अति यजन।

प्रश्न है– क्या दान और यजन इन दोनों साधनों का विशेषण अति होने के कारण विशिष्ट रूप में करना चाहिये? उत्तर है–नहीं। जैसा कि कहा है–

अतितप्तं तपस्तथा [अतितप्त तप तथा अतिप्त तप] ॥१६॥

आध्यात्मिक, अधिभौतिक एवं आधिदैविक इस प्रकार उपस्थित नहीं होते क्योंकि स्वशास्त्रोक्त क्रम से मन में सम्मत एवं उपाय के अभाव के कारण प्रतीकार न करने से उनका तप निष्पन्न होता है। जहाँ तृतीया में आत्मसंयोग होने के कारण निष्पन्न होता है वही तप है। तब शयन के अर्थ में इसका प्रयोग कैसे होगा?।

इस अति तापों से अति तप निष्पन्न होता है। इसी प्रकार दान एवं यजन के द्वारा भी। तथा शब्द तीनों साधनों के उपसंहार के लिये है। जब दान करता है तब यजन करता है और तप भी करता है। जब यजन भी करता है तब दान भी और तप भी करता है। जब तप करता है तब दान भी करता है और यजन भी करता है। जब तप करता है तब दान भी करता है और यजन भी करता है। इस प्रकार इस ब्राह्मण की दीक्षा इत्यादि होती है। जब इन तीन उपाया के द्वारा गङ्गा स्रोत के समान धर्म की आय एवं धर्म का व्यय होता है तब अतिदान से निष्पन्न प्रकृष्ट तपस्या के द्वारा इस ब्राह्मण को हर्षोत्पत्ति महात्म्य लाभ सम्भव होता है, प्रश्न है अतिदान इत्यादि से निष्पन्न प्रकृष्ट तपस्या से इस ब्राह्मण की क्या गति होती है?। उत्तर है– अभ्युदय के कैवल्य व्यतिरेक से।

अत्यागतिं गमयते [अत्यागति को गमित करता है] ॥१७॥

यहाँ अतिशब्द विशेषण अर्थ में है। आङ् उपसर्ग मर्यादा अर्थ में होता है। अध्ययन, ध्यान इत्यादि से रहित भी साधक अतिगति तप को कैसे प्राप्त करता है? "उसका अभ्यास इसका हरण करता है" इस वचन से। अतिगति यह, योग का पर्याय है। कैसे प्राप्त होता है? आनन्त्य ब्रह्म सायुज्य के समान तपस्या का कार्य होने के कारण। सांख्य, योग, के अभ्युदय इत्यादि गति विशेष से विशेषित होने के कारण वह पर है, यह अर्थ है। अतिगति यह कर्म कारक में है। गमयते का अर्थ है वह गत होकर भविष्य में प्राप्त होगा ऐसा नहीं अपितु वर्तमान काल में प्राप्त करता है यह अर्थ है ॥१७॥

प्रश्न है–अतिदान से तपस्या के समान ही गुण, वचन कुछ है अथवा नहीं?। उत्तर है–है। जैसा कि कहा है–

तस्मात् [इसलिये] ॥१८॥

यहाँ तस्मात् शब्द तपस्या के गुणवचन के अर्थ में है, इसलिये अतिदान इत्यादि से निष्पन्न धर्म अत्यागति को निरतिशय रूप से प्राप्त करता है। स्थान, शरीर, इन्द्रिय, विषय आदि की प्राप्ति होने पर नहीं। एकान्तिक एवं आत्यन्तिक रूप से रुद्रसामीप्य प्राप्त होने के कारण एकान्त रूप से अनावृत्ति फल को देखकर, इसलिए कहा तस्मात् इति॥ १८॥

प्रश्न है–अत्यन्त तपस्या का गुण, वचन तथा कारण को जानकर साधक को क्या करना चाहिए? कहा जाता है।

पुनः तप करें ॥१९॥

यहाँ भूयः शब्द पुनः सन्धान के अर्थ में है इष्टापूर्त्त के समान, कैसे हर्षो में आसक्त मूहूर्त अथवा अर्धमुहूर्त साधनों से विच्छेद को देखकर सन्धान के अर्थ में भूयः शब्द कहा गया है। इसलिये यही तप है, इसकी निरूक्ति पूर्वोक्त है। चरेत् इस क्रिया में अर्जन का संकेत है। धर्म तथा अनेक संशय` अनयत्व के कारण यह चर शब्द अपुनरुक्त अर्थ में देखना चाहिये ॥१९॥

प्रश्न है–यदि ऐसा है तो यह बतावें कि हर्षो का क्या दोष है अथवा महात्म्य का क्या गुण जिससे वह ग्राह्य होता है? कहा जाता है–**महात्म्य करता है**–जैसा कि कहा है–

शङ्कर में अनन्य भक्ति[1] ॥२०॥

यहाँ न कार अन्य की भक्ति के प्रतिषेध के अर्थ में है। भक्ति का अर्थ है भावना, तु शब्द विशेषण है क्यों जो हर्षो में आसक्त होकर के दोष एवं तस्करत्व को प्राप्त हो जाते हैं वे विशेषण से शङ्कर से दूर हो जाते हैं–शङ्कर कैसे? समस्त सुख के निर्वाणकर होने के कारण शङ्कर कहा जाता है[2]।

शङ्कर में संविधान औपश्लेषिक है। शङ्कर में भावना करनी चाहिये अन्य में नहीं यह अर्थ है । कहा है – ''कर्म, मन तथा वचन से जो निरन्तर शङ्कर का सेवन करता है इससे इसक। अभ्यास साधक का हरण करता है एवं उससे कल्याण करता है।''

'इस प्रकार ये अध्यात्म चिन्तक महात्मा कहते हैं कि जो यह चित्त का तन्मय भाव है वह सनातन एवं गुह्य है।'

''चलते हुये, बैठे हुये, शयन करते हुये, जगते हुये तथा स्वप्न देखते हुये साधक को यदि अपने योग की इच्छा हो तो उसे शङ्कर के विषय में भावना करनी चाहिये।''

---

१. शतरुद्रीय, सायण भाष्य, कृष्णयजुर्वेद, ४/५/८।

२. वही

"चूँकि क्षपान्त काल में त्रैलोक्य शङ्कर में लीन होता है अतः शङ्कर को संवर्त्त धाता कहा गया है।"

इस प्रकार शङ्कर में भाव उपश्लेषित करना चाहिये अन्य का नहीं, यह अर्थ है ॥२०॥

इस प्रकार परिसमाप्ति करके कहना युक्त है।

यहां इस ब्रह्म का जप करना चाहिये ॥२१॥

इसका अर्थ पूर्वोक्त है। प्रश्न है– धर्म परिणामक होने के कारण तथा शङ्करत्व के कारण ईश्वर सुखद कहा गया है। अन्तर्सृष्ट में धर्म-अधर्म सत्व एवं रज के समान सुख एवं दुःख का कारण होता है अथवा नहीं। कहा जाता है यहाँ जो सुखद ऊपाय है वह मैं कहूंगा अथवा जैसा अन्यत्र व्यवस्थित संसारगत कार्य के विषय में वही परमकारण है तथा कार्यकाल के समान निरधिकार का कथन करूँगा एवं विस्तारपूर्वक इस ब्रह्म की कारण शक्ति का कथन करूँगा। शक्ति का ज्ञान करके साधक इस प्रकार आठ नमस्कारों के द्वारा आत्मदान करता है, वह बताऊँगा। इसलिये यहां प्रारम्भ किया जाता है–

वामदेव, ज्येष्ठ तथा रुद्र के लिये नमस्कार[१] ॥२२॥

इति। प्रयोगान्यत्व तथा प्रयोजनान्यत्व के कारण, वामदेव इत्यादि शब्दों को अपुनरुक्त अर्थ में देखना चाहिये। यहाँ वामत्व देवत्व ज्येष्ठत्व तथा रुद्रत्व [अ०२ सू० १-४] पूर्वोक्त है। वामदेव, ज्येष्ठ, रुद्र यहाँ चतुर्थी विभक्ति है। नमः शब्द यहाँ आत्म प्रदान तथा पूजा अर्थ में है। सम्भावनान्यत्व के कारण सर्वनमस्कार अपुनरुक्त अर्थ में द्रष्टव्य है ॥२२॥

प्रश्न है–क्या यह चार ही यहाँ कारण के रूप में चिन्तनीय है? अथवा चार नामों के व्याज से नाम के विषय में नमस्कार द्रष्टव्य है? उत्तर है– नहीं, जैसा कि कहा है–

काल के लिये नमस्कार ॥२३॥

यहाँ काल यह महेश्वर का पर्याय है। कैसे? पूर्व एवं उत्तरसूत्रों के सामर्थ्य

---

९. द्रष्टव्य-शतरुद्रीय एवं रुद्राष्टाध्यायी, अ० १०/६
"वामदेवाय नमो ज्येष्ठाय नमः- श्रेष्ठाय नमो रुद्राय नमः"॥

से। चूंकि क्षेत्र, साधन, स्थान इत्यादि को कला इत्यादि तथा शरीर 'इन्द्रिय' विषय इत्यादि से वियोग के द्वारा कवलित करता है अतः वह काल है, कहा गया है–

"ब्रह्मादि से लेकर भुर्ज [कर्ण] पर्यन्त यह चराचर जगत चूंकि रुद्र के द्वारा कलित होता है अतः रुद्र को काल कहा जाता है।"

"काल के पर्यय से कलाओं के द्वारा काल्यों को चूंकि कलित किया जाता है तथा कलन एवं कालन के कारण भी इसे काल कहा जाता है।"

इस प्रकार भगवान काल है। काल्य क्षेत्रज्ञ हैं। स्थान ब्रह्म इन्द्र-देव-पितृ इत्यादि के वचन में वाह्य, प्राजापत्य-सौम्य, ऐन्द्र, गान्धर्व, याक्ष, राक्षस तथा पैशाच है। तथा ब्राह्मण, शूद्र, गो, मृग इत्यादि सर्वभूतों के अन्नादि वचन के कारण एवं मानुष, पशु, मृग, पक्षी, सर्प, स्थावर, इत्यादि का भी ग्रहण होता है। योगेश्वर देवों में अन्तर्भूत होते हैं । कैसे? धर्म के बाहुल्य के कारण। इस प्रकार ये चतुर्दश स्नान संसार के रूप में उच्चरित होते हैं। इनके कला इत्यादि के कथन में महेश्वर निमित्त है? कैसे? पूर्वोत्तर शरीरों में भोग लोप की अभिव्यक्ति मात्र होने से। संसार आदिमान रूप में द्रष्टव्य है। उसका फल भोक्ता होने के कारण। कार्य एवं कारण के अनादि होने के कारण यह संसार अनादि है, अकृताभ्यागम [विना किये स्वीकार करना] के कारण। इसलिये भगवान के विषय में अभ्यधिकत्व तथा शेष पुरुषों के विषय में नयूनत्व को जानकर काल को नमस्कार है, यह कहना युक्तियुक्त है। यहाँ भी काल में चतुर्थी विभक्ति है। नमः आत्मप्रदान तथा पूजा अर्थ में है। संभावनानत्व के कारण यह नमस्कार अनपुरुक्त रूप में द्रष्टव्य है ॥२३॥

प्रश्न है– क्या स्थान, शरीर, इन्द्रिय, विषय इत्यादि का यह भगवान प्रभु कर्ता है अथवा नहीं? उत्तर है– प्रभु कर्ता है। जैसा कि कहा है–

कल विकरण के लिये नमस्कार है ॥२४॥

यहाँ कला का अर्थ है कार्य-करण। पृथ्वी, जल, तेज, वायु एवं आकाश कार्य हैं। आकाश शब्दगुण है 'शब्द एवं स्पर्शगुण वाला वायु है, शब्द, स्पर्श, स्वरूप तेज अर्थात् अग्नि में, शब्द, स्पर्श रूप तथा रस जल में है। तथा शब्द, स्पर्श, रूप, रस एवं गन्ध पृथ्वी में है।" शब्द, स्पर्श,रूप, रस, गन्ध। श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, जिह्वा, घ्राण, पाद, पायु [गुदा], उपस्थ, हस्त, वाक्, मन, अहंकार, बुद्धि

ये करण हैं। इनके विकरण भवानीश्वर हैं। कैसे? दृक् एवं क्रियाशक्ति के अप्रतिघात के कारण। विकरणत्व का अर्थ है– स्थान, शरीर, इन्द्रिय, विषय आदि के सन्निवेश से तथा विस्तर, विभाग, विशेष से भी कार्य-करण नामक कलाओं के द्वारा धर्म, ज्ञान, वैराग्य, ऐश्वर्य तथा अधर्म, अज्ञान, अवैराग्य, अनैश्वर्य इत्यादि से क्षेत्रज्ञ का संयोजन होता है। अत:, भगवान् में अभ्यधिकत्व तथा शेषपुरुषों में न्यूनत्व को जानकर कला विकरण के लिये नमस्कार है– यह कहना युक्तिसंगत है। यहाँ भी कला विकरण में चतुर्थी विभक्ति है। नम: आत्मप्रदान तथा पूजा अर्थ में है। सम्भावनान्यत्व के कारण यह नमस्कार अपुनरुक्त रूप में द्रष्टव्य है ॥२४॥

प्रश्न है–कला- विकरणत्व होने के कारण अवान्तर सृष्टि में कर्म क्षय होने पर वृत्तिलाभ में अपेक्षा होती है तथा धर्म, ज्ञान, वैराग्य, ऐश्वर्य इत्यादि के ये भगवान् प्रभु हैं अथवा नहीं? उत्तर है, प्रभु हैं। जैसा कि कहा है–

बल प्रमथन के लिये नमस्कार है ॥२५॥

बल का अर्थ है– धर्म, ज्ञान, वैराग्य, ऐश्वर्य, अधर्म, अज्ञान, अवैराग्य, अनैश्वर्य, द्वेष, इच्छा तथा प्रयत्न इत्यादि विद्यावर्ग रूप। प्र का अर्थ है– अत्यधिक कामित्व और आकर्षण। मथन का अर्थ है– बलवृत्ति का निरोध, समुद्र मंथन के समान । अग्नि, ज्ञान, इत्यादि दुर्बल नहीं है; जैसा कि कहा है–

"अतेजस्वी के नाश के लिये निश्चित रूप से तैजस प्रभावशाली नहीं होते। भव [संसार] में अति तत्त्वों को बलशाली दबाने में समर्थ नहीं होते।" इस प्रकार भगवान में अभ्यकधिकत्व तथा शेष पुरुषों में न्यूनत्व को जानकर बल प्रथम के लिये नमस्कार है, ऐसा कहना युक्तियुक्त है। यहां भी बल प्रमथन में चतुर्थी विभक्ति है। नम: आत्मप्रदान तथा पूजा अर्थ में है। संभावनान्यत्व के कारण नमस्कार शब्द अपुनरुक्त है ॥२५॥

प्रश्न है– वे भगवान् किनका कालन, विकरण तथा मंथन करते हैं? उत्तर है–भूतों का। जैसा कि कहा है–

सर्वभूतदमन के लिये नमस्कार है ॥ २६॥

यहाँ कला कथन में पुनरुक्त दोष के कारण सर्व शब्द पृथ्वी इत्यादि के अर्थ में नहीं है, अपितु सिद्धेश्वर को छोड़कर चेतन इत्यादि के अर्थ में ही सर्वभूत शब्द का प्रयोग है। प्रश्न है–भूतत्व इत्यादि की अनुपपत्ति के कारण चेतन इत्यादि

के अर्थ में सर्वभूत शब्द का प्रयोग नहीं हो सकता? उत्तर है– दमन के लिये। शम् एवं दम् धातु उपशम अर्थ में है। देव, मनुष्य, इत्यादि की जो स्थान, शरीर, इन्द्रिय, विषय इत्यादि के विषय में रंजनाधिवासना रूप रति होती है– वह अन्तर्दृष्टि से समग्ररूपेण ईश्वरकृत रूप में द्रष्टव्य है। अतः, भगवान् में अभ्यधिकत्व तथा शेष पुरुषों में न्यूनत्व का ज्ञान कर सर्वभूत दमन के लिये नमस्कार है– यह कहना युक्तियुक्त है। यहाँ भी सर्वभूतदमन में चतुर्थी विभक्ति है। नमः यह आत्म-प्रदान तथा पूजा अर्थ में है। सामान्यत्व के कारण यहाँ नमस्कार शब्द अपुनरुक्त अर्थ में द्रष्टब्य है।२६।।

प्रश्न है– किस प्रकार की महेश्वर में कालन इत्यादि शक्ति का कथन है? क्या सकल या निष्कल अथवा दोनों रूपों में? उत्तर है–दोनों रूपों में। जैसा कि कहा है–

मन एवं अमन के लिये नमस्कार है ।।२७।।

यहाँ मन शब्द से अन्तःकरण अभीष्ट है। क्योंकि, अन्तःकरण के ही अधीन एवं उदाहरणार्थ होने के कारण मन ग्रहण किया गया है। मन चूँकि उभयात्मक है तथा सम्पूर्ण करणों का ग्रहण एवं अनुग्रहण करता है। इसलिये, कार्य ग्रहण किया गया है। इसीलिये, कार्यकरण के अधिष्ठाता होने से सकल रूप में उपचरित होता है। इसीलिये, इस प्रकार के मन के प्रतिषेध के कारण यहाँ कार्य-कारण रहित निष्कल भगवान् को अमन कहा जाता है। इसलिये, भगवान् महेश्वर में सकलेतरों की अनुग्रहिता शक्ति विद्यमान है। कहा गया है–

"अपाणि, अपाद, अनुदर, अपार्श्व जिह्व, अतीन्द्रिय, व्यापिस्वभाव, सिद्ध, महेश्वर बिना चक्षु के अवलोकन करता है, बिना कर्ण के श्रवण करता है, अबुद्ध भी नहीं है, सबुद्ध भी नहीं है, उसे सर्व का ज्ञान है। किन्तु, उसका कोई वेत्ता नहीं है। उसे प्रपत्र एवं महान् पुरुष कहा गया है।"

इस प्रकार भगवान् महेश्वर में अभ्यधिकत्व तथा शेष पुरुषों में नयूनत्व का ज्ञान कर, मन अमन के लिये प्रणाम है– ऐसा कहना युक्तियुक्त है। मन अमन के लिये यहाँ चतुर्थी विभक्ति है। नमः यह आत्मप्रदान तथा पूजा अर्थ में है। सम्भावनान्यत्व के कारण सर्वत्र नमः शब्द अपुनरुक्त रूप में द्रष्टव्य है।।२७।।

इस प्रकार यहाँ भगवत्कौण्डिन्यकृतपञ्चार्थभाष्य में द्वितीय-अध्याय ब्रह्म के साथ ग्रन्थतः एवम् अर्थतः परिसमाप्त हुआ।

तृतीय अध्याय

अब अवसर प्राप्त तृतीय अध्याय के सम्बन्ध का निर्वचन कर व्याख्यान करेंगे। प्रश्न है– यदि ऐसा है तो यह बताएँ कि किस पदार्थ के विचारण हेतु तृतीय अध्याय का सम्बन्ध है? उत्तर है– विधि विशेष से। कैसे? यहाँ पहले कहा गया है, अकलुष मति की [अ०१ सू० १८.१९] चर्या में [अ० २ सू० १३]। इस कारण, पुनः तप करं [अ० २ सू० १८,१९] ऐसा नियोग अभीष्ट है। अतः, लिङ्गधारी, तीन सवन करने वाला आयतन, हसित इत्यादि [अ० १ सू० ६, २, ७, ८] सूत्रों में पूर्वोक्त अवस्थान, काल, देश, क्रिया, प्रयोग, प्रयोजनान्तर [कहे गये हैं]। इनसे व्यतिरिक्त अन्य भी अवस्थान, काल, देश आदि को शुद्धि वृद्धि हेतु कहेंगे।

अव्यक्त लिङ्गी [लिङ्गी] ॥१॥

यहाँ अकार लिङ्ग की व्यक्तता का प्रतिषेधक है। अवसित [समाप्त] प्रयोजन, पूर्वोक्त लिङ्गोपकरण, अनुस्नान, निर्मालय, एकवासा, आदि प्रयोजनों से विनिवृत्त, लोकदृष्ट्या तीन स्थानों में स्नान करता हुआ भी छः आश्रमों के लिङ्गों के अनुपलब्ध होने पर अनवधृत उक्त लिङ्गों के समान अव्यक्त क्रियाओं को कहना चाहिये ॥१॥

प्रश्न है– किस मर्यादा से अथवा किस काल में वह क्रिया कर्तव्य है? उत्तर है–

व्यक्ताचार ॥२॥

यहाँ व्यक्त शब्द दिवस को इंगित करता है। व्यक्त अर्थात् स्फुट प्रकाश अर्थात् दिन में यह अर्थ है। यहाँ [आचार शब्द में] आङ्– उपसर्ग अवमान इत्यादि निष्पत्ति की मर्यादा को इंगित करता है। चार–शब्द का उद्देश्य क्राथन आदि हैं। इन क्राथन इत्यादि को साधक नट के समान अवस्थित होकर लौकिक जनों को

अधिजन्य नाटक के समान आचारों को आचरित करता है अर्थात् प्रयोग करता है ।।२।।

प्रश्न है– अव्यक्तलिङ्गी व्यक्ताचार साधक की कार्य- निष्पत्ति क्या है? उत्तर है–जैसा कि कहा है –

अवमत ।।३।।

यहाँ अव उपसर्ग अर्थ में है। मान से उनक लिङ्गाचार- ज्ञान- विधि के विपरीत प्रवृत्ति को देखकर यह सर्वदोष दुष्ट है [दूषित है]। इस प्रकार प्रमाण से अवमान होने पर लोक को परिवर्जित करने वाला, अन्य से वह अबहुमतत्व को प्राप्त करता है। कहा भी गया है–

''विचक्षण व्यक्ति मान अमृत के समान लिप्सा नहीं करें, द्विज सदा विष के समान सम्मान की जुगुप्सा करे। सर्वसङ्गों से विवर्जित अन्य दोषों का न ध्यान करते हुए सुखपूर्वक सोता है, वह सदा मुनि होता है।''।।३।।

प्रश्न है– अव्यक्तलिङ्गी व्यक्ताचार साधक को किन विषयों के सम्बन्ध में अवमत होना चाहिये? उत्तर है–

सम्पूर्ण भूतों के विषय में ।। ४।।

यहाँ सर्वभूत शब्द वर्णाश्रमियों के विषय में द्रष्टव्य है। वर्णाश्रमियों के विषय में ऐसा क्यों कहा जाता है? भूतों के विषय में ऐसा कहा गया, न कि देव, तिर्यग्योनि म्लेच्छादि के विषय में। कैसे? व्यक्ताचार में अवमान, दान एवं आदान के विरोध से। क्योंकि, कहा गया है–

''वह देश [धन्य है] जहाँ प्रभूत गायें हैं, मेध्य [यज्ञ के योग्य] अन्न हैं, पार्थिव धर्मशील हैं, पुण्य नदियाँ हैं तथा सर्वो पभोग्य हैं, उन देशों का परिव्रजन सिद्धिकामी साधक को करना चाहिये।''

भूतों में, यहाँ सप्तमी विभक्ति सन्निधान अर्थ में है। भूतों के समीप में, भूतों के परिवेश में तथा भूतों का अध्यक्ष– यह अर्थ है। सामीपिक व्याख्यान के द्वारा अवमान, देश आदि के स्पष्टतर होने के कारण इसका विध्याचरण है, असुरों के विषय में [अ० ४ सू० १०] इस आचरण ज्ञापक के कारण ।।४।।

प्रश्न है– अवमत साधक के द्वारा सर्वभूतों के विषय में क्या कर्तव्य है?। उत्तर है-विचरण करना चाहिये। जैसा कि कहा है–

परिभूयमान होकर विचरण करे ॥५॥

यहाँ परि उपसर्ग सर्वतोभाव अर्थ में है अर्थात् परीक्ष्य यह अर्थ है। भूय इस अव्यय का अर्थ बहुधा है। यष्टि मुष्टि इत्यादि से संयोजन होना ही परिभव है, कायिक अर्थात् शारीरिक– यह अर्थ है। मान यह साधक काल के क्रम के अविधान के अर्थ में है। परिभूयमान के द्वारा ही। वह परिभव **दरिद्र पुरुष राज्याभिषेक** के समान द्रष्टव्य है। कनक पाषाण के समान, इन्द्रकील के समान होना चाहिये। विचरण करें इसका अर्थ हैं अर्जन करें। धर्म के अर्जन तथा नियोग में निन्दित है। अतः, गर्हित अभ्याख्यान [व्यवहार] का आचरण करें– यह अर्थ है। ॥५॥

प्रश्न है–अवमत एवं परिभूयमान का आचरण करने वाले साधक की तापशान्ति ही होती है अथवा शुद्धि भी होती है? उत्तर है- है, जैसा कि कहा है–

अपहत पापवाला ॥६॥

यह वाक्यशेष वचन के अधिकार से ज्ञात होता है। यहाँ "अप" उपसर्ग वर्जन, आघात तथा नाश अर्थ में है। अपहत अर्थात् अन्यतः नष्ट। पाप वाले यहाँ द्विविध है। सुखलक्षण एवं दुःखलक्षण। सुख लक्षण उन्माद, मद, मोह, निद्रा, आलस्य, कोणता [टेढ़ापन], अलिङ्ग, नित्य असद्वादिता, अधिकभोजन इसी प्रकार अन्य भी। और दुःखलक्षण-शिरोरोग, दन्तरोग, अक्षिरोग इत्यादि। इस प्रकार ये पाप वाले आत्मविषयक कार्यकरण में आदर्श प्रतिरूपक के समान अभिव्यक्त हैं। पूर्णरूप से नष्ट पाप वाला अपहत पाप वाला होता है– यह अर्थ है ॥६॥

प्रश्न है– क्या अवमान तथा परिभव कायिक एवं मानस्वरूप में ये दो साधन ही पापक्षय तथा शुद्धि के हेतु हैं अथवा वाचिक भी हैं कि नहीं?। उत्तर– जैसा कि कहा है–

दूसरों के परिवाद से ॥७॥

यहाँ दूसरों का अर्थ है– स्व तथा पर रूप से अधिकृत जो अवमान आदि से संयोजित करते हैं; उनका। दूसरों के, यहाँ षष्ठी का बहुवचन है। प्रश्न है–स्व, एवं पर के वाक्यों के अवमान आदि से साधक की शुद्धि ही होती है, न कि

वृद्धि। वह शुद्धि भी साधक के फलाभिधान से अतिदान इत्यादि विषय में ऐसा कहा जाता है, न कि पूर्वकृत सुकृत दान की विवक्षा [कहने की इच्छा] से। परि, यह उपसर्ग सर्वतोभाव अर्थ में है, वाद का अर्थ है– बोलना। यह अव्यक्त है, प्रेत है, उन्मत्त है, मूढ है, मूर्ख है, निद्राविष्ट है, वायुरुद्ध है, दुष्कामी, अनुचितकारी है, असम्यग्वादी है इत्यादि उग्र वचनों से अविहनन करते हैं– यही वाद है। वाद से यहाँ निमित्त अर्थ में पञ्चमी विभक्ति द्रष्टव्य है। इसलिये अवमान इत्यादि के द्वारा स्वयं अपना प्रयोग करना चाहिये। अन्यथा वह पाश मात्र होगा ।।७।।

प्रश्न है– पाप वाले व्यक्ति के द्वारा जानपद से सन्देह है? किस पाप वाले का कार्य है तथा उनका कार्यकरण के विषय में अभिव्यक्त दूसरों से उत्थित अवमान इत्यादि के द्वारा निर्घात [न] होता है? उत्तर है–जैसा कि कहा है–

उनको पाप भी देता है ।।८।।

यहाँ पाप अधर्म का पर्याय है। वह जैसे– ''आजस् अपरग्,मूसल, दूरित, दष्कृत, तरू पाप, पापवाला, वृजिन, स्तेय ये सभी एक अर्थ के वाचक शब्द हैं। यहाँ पाप कहा गया है। पाप कैसे? पावक [पातक] एवं पाशक होने के कारण पाप है। पावक अर्थात् शिरोरोग, दन्तरोग, अक्षिरोग इत्यादि से पवित्र करता है। पातक अर्थात् नरक इत्यादि में गिराता है, पाशक अर्थात् अनिष्ट कार्यकरण नामक कलाओं से बाँधता है– यह अर्थ है। इसलिये पावक, पातक, पाशक होने के कारण पाप है। इसी प्रकार बीज अंकुर के समान पाप एवं पाप वालों का हेतु एवं हेतुमान रूप में द्रष्टव्य है। बीज पाप से प्रसव अर्थात् पाप वाले– यह अर्थ है। उनके लिये यहाँ चतुर्थी सम्प्रदान अर्थ में है। इस प्रकार जो अवमान इत्यादि के द्वारा संयोजित करते हैं, उनके लिये देता है अर्थात् संक्रान्त करता है– यह अर्थ है ।।८।।

प्रश्न है–क्या अवमान इत्यादि से इसकी शुद्धि केवल होती है, न कि वृद्धि? उत्तर है– वृद्धि भी होती है; जैसा कि कहा है–

उनका सुकृत भी ले लेता है ।।९।।

यहाँ सु प्रसंग अर्थ में है। कृत धर्म का पर्याय है। च शब्द शुद्धि समुच्चय तथा पूर्व नियोग के अर्थ में है। जो अवमान इत्यादि से संयोजित करते हैं, उनका यह अर्थ है। उनका यह षष्ठी ग्रहण अनभिव्यक्त सम्पूर्ण के आदान हेतु है। आदत्ते

इस क्रिया रूप में आङ् उपसर्ग ग्रहण अर्थ में है अर्थात् आतुर के समान सब कुछ अपने में निहित कर लेता है– यह अर्थ है। ।।९।।

प्रश्न है–अतिदान इत्यादि अतितपस्या में सम्मान अवमान इत्यादि के साधनरूप में इनका गुण कथन है अथवा नहीं? उत्तर है– है। जैसा कि कहा है–

इस कारण [तस्मात्] से ।।१०।।

यहाँ इस कारण यह शब्द अवमान इत्यादि के साधन के गुणकथन के विषय में है। कैसे? क्योंकि, अवमान इत्यादि से पापियों के पापक्षय की शुद्धि हो जाती है तथा सुकृत के आदान करने पर वृद्धि होती है– क्योंकि रुद्र के प्रति निष्ठा अलौकिक शरीर तथा इन्द्रियों के विषय इत्यादि का व्यापक एवं ऐकान्तिक तथा आत्यन्तिक रुद्र सामीप्य की प्राप्ति होती है। इसीलिये, कहा ''इस कारण से'' ।।१०।।

प्रश्न है– क्या तब अवमान इत्यादि की साधना ही करनी चाहिये अथवा अव्यक्त अवस्थान के माध्यम से आचरण करना चाहिये? उत्तर है– नहीं, जैसा कि कहा है–

प्रेतवदीरेत [प्रेत के समान विचरण करे] ।।११।।

यहाँ पुरुष नामक प्रेत है, न कि मृत। कैसे? आचरण के उपदेश से। वत् यह उपमा अर्थ में है। उन्मत्त के समान, दरिद्र पुरुष के समान, स्नात व्यक्ति, भक्त से दिग्धाङ् [लिप्ताङ्] हो, मूँछ एवं दाढ़ी हो तथा सर्वसंस्कार वर्जित हो। इसीलिये, वर्ण एवं आश्रम का विच्छेद एवं इसके प्रति उत्साह उत्पन्न होता है, अपमान इत्यादि प्रयोजनों की निष्पत्ति भी होती है। विचरण करें– यह धर्मार्जन एवं नियोग के अर्थ में है। संशयान्त होने के कारण यहाँ पर शब्द अपुनरुक्त रूप में द्रष्टव्य है ।।११।।

प्रश्न है–विचरण करने पर इसके कौन से क्रियाविशेषण हैं एवम् किस कार्य की निष्पत्ति होती है? एवं आचारों का क्या विस्तार है? उत्तर है–

अथवा क्राथन करे ।।१२।।

यहाँ जब ज्ञान प्राप्त हो जाय, कलुष क्षीण हो जाय तथा अभ्यनुज्ञा [आदेश] सम्पादित हो जाय, तब आचार्य के सामीप्य से निष्क्रमण करके प्रत्यगार अथवा

नगर में प्रवेश करके जहाँ लौकिकों का समूह हो, उस स्थान से न अधिक दूर और न अधिक समीप और जहाँ उनका अधिक उपरोध [विघ्न] और दृष्टिनिपात न हो वहाँ हस्ति, अश्व, रथ तथा पदातियों के मार्ग को छोड़कर बैठकर निद्रा, लिङ्ग शिरस् चलित, जृम्भिका इत्यादि का प्रयोग करना चाहिये। वहीं इस साधक के द्वारा असुप्त होते हुये सुप्त के समान आचरण करना चाहिये। तदन्तर प्राणरेचन वायु को कण्ठ देश में रोकर पुनः शब्द करना चाहिये। इससे वे मन तथा वाणी से यह निद्राविष्ट है– ऐसा वे लौकिक पुरुष समझते हैं तथा परिभूत होते हैं। इस अनृत के अभियोग से उन लौकिक पुरुष सुकृत उसको प्राप्त हो जाते हैं तथा इसके पाप उनको प्राप्त हो जाते हैं। इस प्रकार क्राथन की क्रिया करनी चाहिए। इत का अर्थ अभिज्ञान, आज्ञा तथा नियोग है। वा शब्द क्राथन स्पन्दन आदि के विभाग के अर्थ में द्रष्टव्य है ॥१२॥

प्रश्न है–हसित आदि के समान [अ० १ सू० ८] अविभक्त अविधान के द्वारा ही क्राथन-स्पन्दन आदि की विभागसिद्धि हो जाती है? संभावना का कथन क्यों करते हैं? उत्तर है– पृथक् अभिधान होने पर भी हसित, गीत, नृत्य के समान सन्देह है। पृथक् अभिधान होनें पर भी हसित एवं गीत का पृथक्-पृथक् प्रयोग होता है। किन्तु, यहाँ गीत एवं नृत्य का विभक्त प्रयोग होता है। अध्ययन एवं यन्त्रण [नियन्त्रण] का भी। अतः, पृथक् अभिधान अनुसरण करने वाले साधक का विभाग में अन्य दोष होता है, इस कारण क्राथन क्रिया अर्थात् अवमान आदि के निष्पन्न हो जाने पर संसृष्ट क्राथनादि का परित्याग कर शीघ्र उत्थान करना चाहियें, जिससे लौकिकों को यह विश्वास हो जाय कि इसने स्वप्न में कोई भयङ्कर वस्तु देखी है। अतः, उठकर सिर, हाथ इत्यादि अङ्गों में से किसी एक को स्पन्दित करना चाहिये, जैसा कि कहा है–

अथवा स्पन्दन करे [स्पन्देत वा] ॥१३॥

यहाँ स्पन्दन, ज्ञान, तथा इच्छा की ओर संकेत करता है। क्यों? ज्ञान, इच्छा एवं प्रयत्नपूर्वक शरीर के अवयवों को स्पन्दित करना चाहिये। क्योंकि, ऐसा करने से द्रष्टा लौकिक यह समझते हैं कि यह वायु संसृष्ट है तथा इससे वे परिभूत भी होते हैं। इस अनृत अभियोग से लौकिक के पुण्य इसको प्राप्त हो जाते हैं, इसका पाप लौकिकों को प्राप्त हो जाता है। इस प्रकार यह स्पन्दन की क्रिया होती है। इत का अर्थ अभियजन, आज्ञा तथा नियोग इत्यादि साधन हो जाने पर।

वा शब्द विकल्प के अर्थ में है–रौद्री बहुरूपी के समान। अवस्थान, क्राथन, उत्थान तथा स्पन्दन आदि के अर्थ में वा शब्द द्रष्टव्य है ।।१३।।

प्रश्न है–अभिप्रस्थित [जिसने पूर्णरूपेण घर इत्यादि छोड़कर साधना के लिये प्रस्थान कर दिया है] साधक का धर्म साधन कोई है अथवा नहीं? उत्तर है– है। जैसा कि कहा है–

अथवा मण्टन करे ।। १४।।

वा शब्द पाद वैकल्य की ओर संकेत करता है– मण्टन का प्रयोग करने पर वक्तागण कहते हैं कि इसकी पादेन्द्रिय उपहत है। सम्पूर्ण अशुभ की वृत्ति इसके शरीर में उपलब्ध है क्योंकि कहा है–

''दारिद्र्य, व्याधि, भयिष्ठता [अधिक व्याधि], मूर्खता, विकृत रूपता [रूप विकृत] भ्रन्शता, अथवा वर्णहीन कुल में जन्म ये दुष्कृत कर्मों के परिणाम होते हैं।''

द्रष्टागण यह उपहत पाद है ऐसा समझते हैं तथा परिभूत होते हैं। इस अनृत अभियोग से उनके सुकृत इनको प्राप्त हो जाते हैं तथा उसका पाप उनको प्राप्त हो जाता है। इस प्रकार यह मण्टन की क्रिया होती है। इत का अर्थ अभियजन, आज्ञा तथा नियोग है। वा शब्द क्राथन, स्पन्दन, मण्टन आदि के विभाग के अर्थ में द्रष्टव्य है ।।१४।।

प्रश्न है–स्त्रियों के विषय में आधिकारिक वर्ग साधन कोई है अथवा नहीं? उत्तर है-है। जैसा कि कहा है–

अथवा शृंगार करे [शृंगारेत वा] ।।१५।।

यहाँ श्रृङ्गारण भाव प्रसाद की ओर इंगित करता है। क्यों? कैसै स्त्रीजन समूह के अनुपरोध से न अतिदूर न अतिसमीप, अधिदृष्टि निपात स्थान में स्थित होकर-एक रूप यौवन सम्पन्ना स्त्री को लक्ष्य कर आलोचन, संकल्प, अध्यवसाय, अभिमान आदि का प्रयोग करे। अयुक्त इच्छा के अवलोकन होने पर केश संयमन आदि काम के लिङ्गों का प्रयोग करना चाहिये इससे स्त्री, पुरुष, तथा नपुंसंक वक्ता कहते हैं कि यह अब्रह्मचारी है, कामी है। इस अनृत अभियोग से उनका पुण्य तथा सकृत इनको प्राप्त हो जाता है तथा इनका पाप उनको प्राप्त हो जाता

है। इस तरह यह शृंगारण की क्रिया है। इत यह अभियजन, आज्ञा तथा नियोग अर्थ में है, वा शब्द क्राथन, मण्टन, स्पन्द, शृंगारण आदि अन्य क्रियाओं के विकल्प के अर्थ में है। अन्य क्रिया होने के कारण यह वा शब्द अपुनरुक्त अर्थ में द्रष्टव्य हैं ।।१५।।

प्रश्न है–क्राथन इत्यादि चार क्रियाएं जिसकी नहीं हैं वे उनके सामान्य होने के कारण.....? कहा गया है–

जो दीक्षित यजमान को पीठ पीछे निन्दा का विषय बनाते हैं वे उनके पाप वाले होतें हैं। पृष्ठतः [पीछे-पीछे] पद के साथ अग्रतः, पार्श्वतः को भी जोड़ लेना चाहिये इसलिये क्राथन करे, स्पन्दन करे, मण्टन करे अथवा श्रृगारण करे। कैसे? अतियजन आदि से विशेषित होने के कारण। कैसे? सर्वज्ञ सवन के कारण तथा अर्थ की अविसम्वांदिता के कारण लोक के अपरिग्रह का अभाव हो जायगा ।।१५।।

प्रश्न है– क्या केवल चार क्रियाएँ ही कर्तव्य हैं? उत्तर है– नहीं। जैसा कि कहा है–

अपितत्कुर्यात् ।।१६।।

यहाँ अपि शब्द क्राथन आदि सम्पूर्ण क्रियाओं के समुच्चय के कथन के अर्थ में है। तत् शब्द अनेकान्त अर्थ में है। कुर्यात् यह क्रिया कुशल भाष्य वृत्ति की ओर इंगित करती है। अविरोधी यमों का, सुविरूप द्रव्यों का काष्ठ, लोष्ठ आदि का ग्रहण, चारण एवं संस्पर्शन आदि करना चाहिये। इससे देखने वाले कहते हैं कि यह असम्यक् कार्य शुचि एवं अशुचि तथा कार्य एवं अकार्य के विभाग का अज्ञाता है। इस अनृत अभियोग से इस साधक की धर्म एवं अधर्म के हान एवं आदान से शुद्धि होती है ।।१६।।

प्रश्न है– क्या ये क्रिया पञ्चक ही करणीय है? उत्तर है– नहीं; जैसा कि कहा है–

अपितत्भाषेत [व्यर्थ शब्दों का उच्चारण करे] ।।१७।।

यहाँ अपि शब्द सम्पूर्ण इन्द्रियों की वृत्ति के उपादान की सम्भावना के अर्थ में है। तत् शब्द अनेकान्त अर्थ में है। भाषेत् यह वाक्य वृत्ति की ओर इंगित

करता है। इत् पद निरर्थक पुनरुक्त एवं नष्ट शब्दों का भाषण करना चाहिये यह बताता है। इससे देखने वाले कहते हैं कि यह असम्यग्वादी तथा वाच्य एक अवाच्य के विभाग का अज्ञ का अज्ञ है। इस अनृत अभियोग से इसके धर्मा-धर्म के त्याग तथा आदान एवं शुद्धि होती है। ।।१७।।

प्रश्न है– क्या हसित आदि के समान पाठ्क्रम के अनुसार ही क्राथन आदि का प्रयोग करना चाहिये और क्या प्रयोजन रखना चाहिये? उत्तर है– परिभवादि की निष्पत्ति हेतु। जैसा कि कहा है।

जिससे परिभव प्राप्त करे ।।१८।।

यहाँ यत् शब्द अतिक्रान्त के उपेक्षा तथा वीप्सा के अर्थ में है। परिभव पूर्वोक्त है। गच्छेत् इसका अवमान्, परिभव, परिवाद प्राप्त करे यह अर्थ है। इस प्रकार यहाँ व्यक्ताचार [अ० ३ सू० २] संक्षेपतः उक्त क्राथनादि आचारों का विस्तार विभाग विशेष उपसंहार आदि व्याख्यात हुये यह अर्थ है ।।१८।।

प्रश्न है– कि कितने समय तक परिभव आदि को प्राप्त करना चाहिये अथवा किस प्रकार के साधक द्वारा? उत्तर है– क्योंकि परिभूयमान विद्वान् कृत्स्नतपा हो जाता है ।।१९।।

यहाँ परिशब्द सर्वतोभाव अर्थ में है। भूयः शब्द का अर्थ है अनेकशः अवमान इत्यादि को प्राप्त करना चाहिये। मान शब्द पूर्वोक्त अर्थ में है। हि [क्योंकि] शब्द कृत्स्नतप और उत्कर्ष के अर्थ में है, सापेक्ष रूप में द्रष्टव्य है। विद्या वह है जो ग्रन्थ के अर्थ में विद्यमान पदार्थों की अभिव्यंजिका तथा विप्रत्व स्वरूपा हो। न्याय से पदार्थों के प्रत्यय को अधिगत कर लेने वाला लाभ, मल के उपाय के अभिज्ञ व्यक्ति को विद्वान कहा जाता है। कृत्स्न का अर्थ है प्रयोग के प्राप्त हो जाने पर पर्याप्ति को प्राप्त कर लेता है न कि हर्षादि के प्राप्ति कर लेने पर यह अर्थ है। कृत्स्नतपा का पर्याप्ततपा साधक यह अर्थ है। भवति का अर्थ है भूतार्थवाद निःसंशय। जब यम-नियमों में दृढ़ होकर क्राथनादि का प्रयोग करता है तब कृत्स्नतपा हो जाता है। कृत्स्न तप का लक्षण आत्म-प्रत्यक्ष को समझना चाहिये ।।१९।।

इस प्रकार अध्याय परिसमाप्ति कर कहना उचित है–

यहाँ इस ब्रह्म का जप करें ॥२०॥

इसका पूर्वोक्त अर्थ है ॥२०॥ वह ब्रह्म क्या है? उत्तर है–

अघोरों के लिये [सुखकर उन्नत शरीरों के अधिष्ठाता के लिये ॥२१॥

अथवा ब्रह्म के साथ ब्रह्म का सम्बन्ध हो जाता है। कैसे? मनोग्रहण के कारण अर्थ रूप विहीन हो जाते हैं क्या वे स्वरूप सलक्षण तथा विलक्षण है अथवा सलक्षण-विलक्षण दोनों है? क्या वे परिमित और अपरिमित है अथवा परिमित- अपरिमिति दोनों है? उत्तर है– कारणत्व बहुत्व रूप से उक्त भगवान का रूपनानात्व, वैलक्षण्य अवैलक्षण्य, परिमितत्व तथा अपरिमितत्व कहा जाता है इसलिये कहा अघोरों के लिये। अकार रूपों की घोरता का प्रतिषेध करता है, अघोर का अर्थ है अतिशान्त अनुग्रह कर। येभ्य: इसका अर्थ है अपरिमित, अपरि-संख्यात के लिये ॥ २१॥

प्रश्न है–क्या ये ही अथवा इनके लिये ही [उपासना] करनी चाहिये? उत्तर है–नहीं। जैसा कि कहा है–

घोरों के लिये भी ॥२२॥

यहाँ अथ शब्द घोर रूपोपाधि के अर्थ में द्रष्टव्य है। घोर शब्द का अर्थ है अशिव, अशान्त, अनुग्रह कराने वाला। येभ्य: का अर्थ है अपरिमित अपरिसंख्यात के लिये ॥२२॥

प्रश्न है–क्या भाग द्विसंस्थानस्थ के लिये ही उपासना करनी चाहिये? उत्तर है– जैसा कि कहा है–

घोर एवं घोरतर के लिये भी ॥२३॥

यहाँ घोर यह भगवान का नाम है। द्वितीय घोर शब्द रूपों के अर्थ में द्रष्टव्य है, तर शब्द विशेषण अर्थ में है। ज्ञान-तरादि के समान। उन घोर एवं अघोरों के लिये जो अन्य पशुओं के सम्मोहकर होते हैं उन्हें घोरतर कहते हैं। येभ्य: का अपरिमिति एवं असंख्यात के लिये यह अर्थ है। च शब्द घोर एवं अघोर रूपों के उपसंहार के अर्थ में द्रष्टव्य है। ये ही तीन रूप, अन्य नहीं, यह अर्थ है ॥२३॥

प्रश्न है– कहाँ से उन रूपों को प्राप्त करता है अथवा ये रूप कहाँ रहते हैं? उत्तर है–सबके लिये ।।२४।।

यहाँ जो रूप है वे कारण अर्थ में है। सर्वत्व कैसे? सर्वत्र अनवकाश दोष के कारण सूची के अग्रभाग पर द्विनाभीय बदरी फल [वेर] के समान। किन्तु कारण शक्ति से अव्याहत होने के कारण भी ये सर्वत्र हैं यह अर्थ है ।।२४।।

प्रश्न है– रूपकरण में, करणों के विषय में इसका अप्रतिघात है यह कहाँ से सिद्ध होता है? यहाँ, जैसा कि कहा है–

शर्व एवं सबके लिए ।।२५।।

यहाँ शर्व, यह शब्द भगवान का नाम है। शर्व कैसे? विद्या इत्यादि कार्य के कारण शर्व यह कहा जाता है। सर्व विद्यादि कार्य रुद्रस्थ हैं। सबमें भगवान उदक कारण के रूप में सर्वत्र रहते हैं। सर्व शब्द विसंख्य रूपों में निरवशेष वाची अर्थ में द्रष्टव्य है। येभ्य का अपरिमित एवं असंख्य के लिये यह अर्थ है ।।२५।।

प्रश्न है–इस रूप विभूति को जानकर साधक को क्या करना चाहिये? उत्तर है–

रुद्र रूपों के लिये नमस्कार होवे ।।२६।।

नमः यह आत्मप्रयुक्त अर्थ में है, तो यह कारणापदेश अर्थ में है। तुम्हारे लिये नमस्कार है अर्थात् नमस्ते। अथवा नमस्कार से आत्मप्रदान करके धर्मप्रचय के परिग्रह की इच्छा करता है। यह कौन परिग्रह है? उत्तर है– विशिष्ट अर्थ में परिग्रह के कारण अतः कहा जाता है। यहाँ रुद्र शब्द करण के उपदेश अर्थ में हैं। जिन शरीरों को उत्पन्न करता है उनके लिये। यहाँ रुप के व्यपदेश से रूपों के विषय में नमस्कार द्रष्टव्य है। कैसे? तदभिसन्धि प्रयोग में नमस्कार द्रष्टव्य है। शिवपुरी में उपस्थान के समान। येभ्यः का अर्थ है। अपरिमित एवं असंख्यात के लिये। रूपनिर्देशार्थ एवं अन्नत्व के कारण पुनरुक्त एवं अपुनरुक्त अर्थ में इन शब्दों को समझना चाहिये ।।२६।।

इस प्रकार यहां भगवत् कौण्डिन्य कृत पञ्चार्थ भाष्य में तृतीय अध्याय ब्रह्म के साथ ग्रन्थ एवं अर्थ के रूप में परिसमाप्त हुआ।

चतुर्थ अध्याय

इसके पश्चात् प्राप्त चतुर्थ अध्याय को ससम्बन्ध कहूँगा। प्रश्न है– यदि ऐसा है तो यह बतावें यह चतुर्थ अध्याय किस पदार्थ के शेष रूप से सम्बद्ध है? उत्तर है– विधि शेष से। कैसे?। यहाँ पूर्वत: कहा गया है– विद्वान कृत्स्नतपा हो जाता है [अ० ३ सू० १९]। विद्या एवं तप का प्रयोजन उक्त हो चुका है। तप का गोपन उक्त नहीं है, वह कहूंगा तथा कृत्स्नतप का अर्जन तथा अर्जित तप का रक्षण नहीं कहा गया है, वह कहूंगा तथा विद्वान के वसति हेतु सम्यक् साधन प्रयोग, अनुग्रह एवं अवस्थानान्तर तथा अनुस्नान यन्त्रस्थ साधन तथा उस परिभव के समयानुकूल वचन की विधि, प्रत्यवलोकन की विधि तथा प्रशंसा इन सब की कहूँगा। अत: कहा जाता है–

गूढ़ विद्या तप के आनन्त्य के लिए प्रकाशित की जाती है ॥१॥

गूहू धातु रक्षा अर्थ में है। रक्षा करनी चाहिये न कि प्रकाशित करना चाहिये यह अर्थ है। गोपन का अर्थ है अप्रकाश। स्व, पर तथा अन्य की प्रकाशिका विद्या प्रदीप के समान पूर्वोक्त है। साधक में गूढ़ विद्या लिङ्गों के द्वारा गोप्य है। यह अर्थ है। गूढ़ विद्या वाले साधक की क्या कार्यनिष्पत्ति है? एतदर्थ उक्त है- ''तप के आनन्त्य के लिये प्रकाशित की जाती है यह अर्थ है अथवा पुरव महिता [खराव ख] के समान तप के आनन्त्य के लिये प्रकाशित की जाती है यह भी पाठ है इसलिये यहाँ तप है। इसका निर्वचन पूर्वोक्त है। आनन्त्य भी योग का पर्याय प्रतीत होता है। अतिगति से सायुज्य के समान तप का कार्य होने के कारण। प्रश्न है–क्या परिमित अर्थों के विषय में भी आनन्त्य शब्द है अथवा अपरिमित अर्थों के विषय में या परिमति- अपरिमित दोनों अर्थों के विषय में। उत्तर है–परिमित अपरिमित दोनों अर्थों के सन्दर्भ में आनन्त्य शब्द है। यहाँ ईश्वर की एकैकश: परिमित पदार्थों में उन्हीं के विषय में विभु होने के कारण अपरिमित

अर्थों के विषय में तथा परिमित एवं अपरिमित दोनों के विषय में इसकी शक्ति अभिव्यक्त है। इसके कुशल एवं अकुशल दोनों ही भावों के अर्थ में आनन्त्य शब्द है जैसा कि कहा है--

"केवल ये ही मेरे शरीर नहीं हैं।"

"तथा रुद्र, समुद्र, अनन्त, भास्कर, नम, आत्म एवम् ब्रह्म है इस प्रकार भेद दर्शन नहीं किया जा सकता।"

"हे पार्थ ! योजन पर्यन्त आपत अनात्म वेत्ताओं के द्वारा अध्यस्त पंक्ति को पंक्ति के मूर्ध भाग में नियुक्त वेदवित् पवित्र करता है।"

"तथा आत्मवित् द्विज वेदवित् की पंक्ति को पवित्र करता है और जो नानात्व को नहीं देखता वह विद्वान आनन्त्य को पवित्र करता है।"

आनन्त्याय में चतुर्थी विभक्ति है अत: यह तप कार्य है न कि विद्या। प्रकाश का अर्थ है भाव प्रकाश्य न कि प्रदीप के समान। कैसे? योग को अधिकृत करने वाले साधक का प्रदीप के स्थान पर उपस्थापित यम स्वरूप पर को आवरक [आच्छादक] अभिभूत करके प्रकाशित करता है। चक्षुस्थानीय विद्या के द्वारा कुशल विवेकादि कार्य माहात्म्य, अतिगति, प्रकाश, प्रवृत्ति, स्मृति, सायुज्य, स्थिति आदि का प्रकाशन तप: कार्य है यह अर्थ है। इस प्रकार गुप्त ब्राह्मण में तप आनन्त्य के लिये प्रकाशित होता है, यह अर्थ है। प्रश्न है– स्वभाव उक्त होने के कारण अतिन्द्रिय आत्मगति विद्यागोप्य है। उत्तर है–अव्यक्त प्रेतादि अवस्थान स्वरूप लिङ्गों से गोप्य है यह अर्थ ।।१।।

प्रश्न है– कौन से वे विद्यालिङ्ग हैं जिनके गुप्त होने के कारण विद्या गुप्त हो जाती है? उत्तर है- ब्रत आदि। जैसा कि कहा है–

गूढ़व्रत ।।२।।

यहाँ गूढ़ का अर्थ है प्रच्छन्न प्रकाश। व्रत का अर्थ है जो आयतन में स्नान हसित आदि साधन वर्ग है वे व्रत हैं। कैसे? समान रूप के लिये जाने के कारण। जैसा यह ब्राह्मण है वैसा प्रयोग करता है जिस प्रकार का लौकिकों का धर्म-साधन भाव नहीं है इसलिये गूढ़व्रत कहा। प्रश्न है– उन व्यक्त प्रेतत्व के कारण ही गूढ़त्व प्राप्ति से पुनरुक्ति होती है? उत्तर है-अर्थान्यत्व के कारण अपुनरुक्त है।

वहां अवस्थान मात्र ही अव्यक्त है किन्तु यहाँ स्नान, हसित आदि का भी गोपन होता है और भी वहाँ निष्पन्न लिङ्ग भी अव्यक्त है किन्तु, यहाँ निष्पत्ति काल में भी गोपन का उपदेश है। व्यक्त प्रेतता विद्या का लिङ्ग नहीं है इसलिये अपुनरुक्त है। अत: गूढ़व्रत के उपदेश के लिये तथा स्थान अपदेश एवं अपवाद के लिये स्थान के विषय में कहना चाहिये। स्नान, हसित आदि गूढ़रूप में कर्तव्य हैं। इस प्रकार विद्या गुप्त होती है यह अर्थ है ।।२।।

प्रश्न है–क्या केवल व्रत ही विद्यालिङ्ग के रूप में गोप्य है अथवा अन्य भी है अथवा नहीं? उत्तर है-है। जैसा कि कहा है–

गूढ़ एवं पवित्र वाणी वाला ।।३।।

यहाँ गूढ़ का अर्थ है गुप्त प्रच्छन्न और प्रकाश। पवित्र का अर्थ है, सव्य, संस्कृत अर्घ्यहेतु सम्पन्न न कि विपरीत। वह वाणी गोप्य है यदि आप प्रश्न करें कि क्यों? तो उत्तर है जातिज्ञान तथा तप: स्तव सूचनार्थ जिस प्रकार शरद ऋतु की सूचना कुरर [पक्षी] देता है। ''कहा गया है'' शरद की सूचना कुरर, वसन्त की सूचना कोकिल, वर्षा की सूचना मयूर तथा ब्राह्मण की सूचना पवित्र वाणी देती है। तथा ''मनुष्य की वाणी ही उसके द्वारा उक्त होकर उसके श्रुत की सूचना देती है जिस प्रकार सूर्य की अमलप्रभा सम्पूर्ण विश्व को प्रकाशित करके सूर्य की सूचना देती है।''

इसलिये जाति, ज्ञान एवं तप: स्तव होते हैं। इस प्रकार स्तुति होने पर अवसानादि से युक्त पुण्य पाप की क्षय एवं वृद्धि का अभाव होता है। इसलिये वह उक्त होता है गूढ़ पवित्र वाणी वाला ।।३।।

प्रश्न है– क्या व्रत एवं वाणी केवल ये ही दो गोप्य हैं? अथवा अन्य भी हैं कि नहीं? उत्तर है–हैं। जैसा कि कहा है–

[सर्वद्वाराणि पिधाय] ।।४।।

समग्र द्वारों को बन्द करके

यहाँ सर्व शब्द द्वार प्रकृति होने के कारण निरवशेष वाची अर्थ में द्रष्टव्य है। क्राथन आदि द्वार? हैं। कैसे द्वार हैं? धर्म एवं अधर्म के आय एवं व्यय के हेतु के कारण द्वार हैं। द्वाराणि में बहुवचन, विज्ञान यन्त्र एवं इन्द्रिय के समान

है। पिधाय शब्द पूर्व साधनों के प्रयोग की ओर इंगित करता है। कैसे? अवस्थान काल देश क्रिया प्रयोग एवं अन्य प्रयोजनों को विधिवत विवेचित करके जब सम्यक् माया से [अ०४ सू० १२] सन्नाद्य भेद क्रम से प्रयुक्त होते हैं तब पिहित [अवरुद्ध] होते हैं ।।४।।

प्रश्न है– किसके द्वारा वे पिधेय हैं? उत्तर है–

बुद्धि से ।। ५।।

चूँकि इसका श्रोतेन्द्रिय के समान पिधान करके इस सम्यक् ज्ञान प्रयोग के विषय में भगवान सर्वज्ञ के द्वारा विद्या के द्वारा अनुगृहीत बुद्धि से [पिधान करना चाहिये]। यह कैसे ज्ञात होता है? बुद्धि शब्द में तृतीया विभक्ति के प्रयोग से, भस्म से स्नान के समान। न कि ज्ञानरूपा। जिसकी विज्ञानरूपा बुद्धि है न कि ज्ञान रूपा। कैसे ज्ञात होतः है? उसके ज्ञानोत्पत्ति के पूर्व अचेतन पुरुष उसके अज्ञान के कारण असम्बोध्य हो जायेगा। इसलिये यहाँ त्रिक का चिन्तन होता है– पिधाता, पिधान, पिधेय। यहाँ पिधाता है साधक, पिधान है विद्यानुगृहीता बुद्धि तथा पिधेय है व्रत, वाणी एवं द्वार। क्रमवृत्तिता के कारण बुद्धि का ही प्रयोग करता है– शेष अकर्तृत्व के कारण ही प्रयुक्त होते हैं तब ये विहित होते हैं यह अर्थ हैं।

यहाँ यह विद्या-ज्ञान प्रकरण परिसमाप्त हुआ ।।

प्रश्न है–क्या यहाँ अव्यक्त एवं प्रेत ये दो ही अवस्थान यहाँ कर्तव्य है? वाक् आदि को गोपित करके साधक को क्या करना चाहिये? उत्तर है–

उन्मत्त के समान लोक में एकाकी विचरण करना चाहिए ।।६।।

यहाँ विषय के अभाव में बुद्धि के द्वारा श्रोत आदि वाह्य अन्तः करणों का वृत्ति विभ्रम रूप विषय ग्रहण कर्तव्य है।

यहां–''वात, पित्त, कफ, सन्निपात एवं अभिघात [प्रहार] में पांच उन्माद समाख्यात हैं।''

इस प्रकार ग्रह बहुत्व होने पर जो यह बात, पित्त एवं कफ का समूह है वह सन्निपातित-महाग्रह है। इस प्रकार साधन प्रयोग कर्तव्य हैं, वहाँ यदि कोई

ज्ञान जिज्ञासनार्थ, दयार्थ अथवा अनुग्रहार्थ पृच्छा करे तो उसको लौटाकर कहना चाहिये कि समय से प्रवेश करो। वहाँ से द्वार से प्रवेश करके विपरीत या अविपरीत यदि कोई पूछे कि आप कौन हैं? तो कहना चाहिए कि मैं माहेश्वर हूँ, मैं कौमार हूँ, इसने मेरा दुरत्यय [विघ्न डाला है] किया है, मारने के लिये मेरा स्पर्श किया है न कि विषय क्रीड़ा के लिये, इसके बाद वह छोड़ देता है। इस प्रकार लौकिक परीक्षकों के सम्मोहन हेतु कहा गया है कि उन्मत्त के समान। किञ्चित उन्मत्त प्रेत के समान साधक के अन्त:करणादि का वृद्धि विभ्रम मात्र ही परिगृहीत होता है। एक का अर्थ है असंवहन करते हुये चिन्तन करे। एक के द्वारा अन्य से विच्छिन्न हो करके, सहायहीन हो करके, यह अर्थ है।

प्रश्न है– एक के द्वारा क्या करणीय है? उत्तर है–विहार, जैसा कि कहा है विचरण करे, यहाँ वि उपसर्ग का अर्थ है विस्तर। चरेत् अर्जन की ओर अर्थात् धर्मार्जन की ओर संकेत करता है। ईत यह आज्ञा और नियोग अर्थ में है। विस्तार नियोग एवं विशेष रूप से विहार करना चाहिए? उत्तर है– लोक में। तीन वर्णों एवं आश्रमों को लोक कहा जाता है न कि ब्रह्मलोकादि को। कैसे? उत्कृष्ट लोकों में असम्भव होने के कारण। लोक में यह सामीपिक सन्निधान है। पर वर्णों या लोकों या उनके सम्मुख विहार करना चाहिए ।।६।।

प्रश्न है– किस वृत्ति को स्वीकार करके लोक में विहार करना चाहिये? क्या सर्वभक्ष को ही? उत्तर है-नहीं, जैसा कि कहा है-

कृतान्न एवं उत्सृष्ट को ग्रहण करें ।।७।।

यहाँ कृत् शब्द से ग्रहण से अकृत बीज, काण्ड, फल आदि का प्रतिषेध होता है। कृत का अर्थ है भिन्न एवं उद्भिन्न करके भक्षण करने योग्य, भैक्ष्य तथा उत्सृष्ट, विधिपूर्वक यथालब्ध अन्न का उपयोग करें। यहाँ कृत शब्द के ग्रहण से अकृत का प्रतिषेध है। अकृत के प्रतिषेध से तन्त्र में सम्पूर्ण हिंसा का प्रतिषेध द्रष्टव्य है। प्रश्न है–क्या कृत का अर्थ बुद्धि घटादि है? उत्तर है-नहीं, जैसा कि कहा है– **अन्न**। यहाँ अन्न के कथन से अन्न से भिन्न वस्तु का प्रतिषेध है वह द्वियोनि है। इन्द्राभिषिक्त तथा इन्द्रियाभिसिक्त। इन्द्राभिषिक्त ब्रीहि, यव इत्यादि है, इन्द्रियाभिषिक्त मांस है। वह पांच प्रकार का है– भक्ष्य, भोज्य, लेह्य, पेय, चोष्य तथा छह रस हैं मधुर, अम्ल, लवण, तिक्त, कटु एवं कषाय। प्रश्न है–

कृतान्न का अर्जन कहां से करना चाहिये? उत्तर है– उत्सृष्ट। यहां उत्सृष्ट ग्रहण से भैक्ष्य तथा यथालब्ध का प्रतिषेध होता है। क्या कारण है? **सून आदि** दोष के परिहार होने के कारण तथा अस्तेय एवं परिग्रह आदि दोष के कारण उत्सृष्ट तीन प्रकार का होता है। निःसृष्ट, विसृष्ट तथा अतिसृष्ट। निमित्त पूर्वक-परित्यक्त अन्न तथा पान को निःसृष्ट कहते हैं। गो, ब्राह्मणादि निमित्त त्यक्त अन्न को विसृष्ट कहते हैं। अतिसृष्ट का अर्थ है अन्न परित्यक्त दया या क्रूरता के कारण भी यदि कोई दे तो वह भी ग्राह्य है। प्रश्न है इस साधक को क्या करना चाहिये?। उत्तर है उपयोग करना चाहिये जैसा कि कहा है–**उपाददीत**। यहाँ उप यह उपसर्ग अभ्युपगम अर्थ में है अर्थात् अत्यन्त-असन्मान तथा सयन्त्रस्थ रूप से, यह अर्थ है। आददीत उपयोग तथा ग्रहण अर्थ में है।

विवक्षित सूत्र के अर्थ में प्रतीत होता है इसीलिये कहा है– ''कामनाओं की वितृप्ति न करने वाले मनुष्य को मृत्यु उसी प्रकार संचित कर ले जाती है जिस प्रकार व्याघ्र किसी पशु को।''

उपयोग करने पर भी **नाथ, कणाद के समान** करना चाहिये। इसलिये उपयोग करना चाहिये। ऐसा कहा है। इत का अर्थ है आज्ञा अथवा नियोग इसलिये उत्सृष्ट तथा विधि प्राप्त अन्न का उपयोग करना चाहिये अन्यथा विधि भिन्न क्रम से वृत्यर्जन नहीं करना चाहिये यह अर्थ है ।।७।।

प्रश्न है– व्रत आदि को गोपित करके सम्यक् साधन तथा उत्सृष्ट प्रयोग करने पर साधक के कौन से अर्थ निष्पन्न होते हैं? असन्मान प्रकरण की परिसमाप्ति होती है अथवा नहीं। उत्तर है- होती है जैसा कि कहा है–

उन्मत्त है, मूढ़ है, इतर जन ऐसा मानते हैं ।।८।।

यहाँ **उन्मत्त** पूर्वोक्त ही है इसका निर्वचन पूर्वोक्त है। मूढ़ शब्द में मूह धातु अपरिज्ञान अर्थ में है, यह अव्यक्त है, प्रेत है, उन्मत्त है, मूढ़ है, मूर्ख है ऐसा वक्तागण कहते हैं। इति शब्द अर्थों के निर्वचन के कारण प्रकरण परिसमाप्ति के अर्थ में है। इस प्रकार अवस्थान, काल, देश, क्रिया, प्रयोग, प्रयोजन, गोपन, वसति [निवास] अर्थ, कृत्स्नतप आदि व्याख्यात हुये। एवं का अर्थ है अतिक्रान्त एवं अपेक्षण। मन्यन्ते का अर्थ है अवधारण। इतर का अर्थ है गृहस्थ ब्रह्मचारी, वानप्रस्थ, भिक्षु, पाषण्डी, एवं ब्रह्मचर्याधिकृत। जना में जनी प्रादुर्भाव अर्थ में है।

यहाँ जन से वर्णाश्रमी जनों का ग्रहण होता है। कहा है– ''हे जन, जन से ही जन उत्पन्न हुआ जन को ही वह उत्पन्न हुआ जन को ही वह उत्पन्न करता है जन की ही चिन्ता करता है, न कि अपनी इसलिये जन तथा आत्मा दोनों की चिन्ता मत कर। इस प्रकार वक्ता कहते हैं यह अर्थ है ।।८।।

यहां आधिकारिक असन्मान चर्याप्रकरण समाप्त हुआ।

प्रश्न है– व्रत आदि को गोपित करके सम्यक् साधन प्रयोग तथा उत्सृष्ट आदि के उपयोग करने पर क्या गुण उत्पन्न होता है? जिस गुण को जानकर अव्यक्त, प्रेत्तोन्नत आदि वाद उत्पन्न होते हैं। उत्तर है– उस गुण को जानकर-कहेंगे। और भी अव्यक्त प्रेतोन्मत्ताद्य, ब्राह्मण कर्म विरुद्ध क्रम को देखकर जब तक यह शिष्य इस अर्थ को नहीं कहता है जब तक हृदयस्थित अशंकित उत्तर को प्राप्त कर कहेंगे, यह सोचकर भगवान् ने यह सूत्र कहा।

यन्त्रों में असन्मान, सबसे उत्तम रूप में स्मृत है [जन्तूनाम्] इति सूत्रपाठ ।।९।।

यहाँ अकार मान के प्रतिषेध अर्थ में है। मान दो प्रकार का होता है– जात्यभिमान, तथा गृहस्थाभिमान। जात्यभिमान जैसा कि मैं ब्रह्मण हूँ यह है–पूज्य होने के कारण ऊर्ध्वगमनादि कार्यों के उछ्ति होने के कारण, तीनों वर्णों के उपदेश के गुरुत्व के कारण, यज्ञ कर्तृत्व के कारण, त्रैलोक्य की स्थिति हेतु के कारण, मैं ब्राह्मण हूँ यह प्रथम मान जाति के उत्कर्ष के कारण होता है तथा गृहस्थादि व्रातमयों के भी पूज्य होने के कारण गृहस्थकृत मान भी होता है। ये दोनों ही मान अव्यक्तलिङ्ग [अ०३,] के कथन से सिद्ध हैं– तथा– ''वित्त, बन्धु, यश, कर्म तथा पांचवीं विद्या, एक के पश्चात् दूसरा गरिय एवं मान्य स्थान है। ये एक वासा, प्रेतवच्चरेत्, तथा गूढ़व्रत के उपदेश के द्वारा [अ० १ सू० १०, अ० ३, ११, अ० ४, २,] सूत्र से प्रतिसिद्ध हैं। अतः मान नहीं करना चाहिये। सन् का अर्थ है प्रशंसा अथवा अस्तित्व, आगे उस असन्मान चर्याप्रकरण विशिष्ट को इंगित करता है। हि शब्द उत्तमोत्कर्षपेक्ष अर्थ में द्रष्टव्य है। यन्त्र का अर्थ है अग्निष्टोम, कासोपवास, गृहस्थादिकों के शुद्धि एवं वृद्धि करने वाले उपाय। कैसे? यन्त्र कर्म आदि हैं क्योंकि अन्यत्र लौकिक [कर्मनिष्ठ लौकिक जन] जन

असर्थादावस्थ [अमर्यादावस्थ] हो जाते हैं अत: यन्त्र कहा। यन्त्राणाम् में षष्ठी बहुवचन की विभक्ति है। प्रश्न है– बहुवचन के प्रयोग से सन्देह है इसलिये कितने यन्त्रों का? उत्तर है– सभी यन्त्रों का। यहाँ सर्वेषां का अर्थ है अशेष। सवेषां में षष्ठी का बहुवचन है। प्रश्न है– षष्ठी की साकांक्षता के कारण सन्देह है। उनका यह कारणात्मा है। उत्तर है– ''उत्तम''। यहाँ उत्तम शब्द श्रेष्ठतव परमविशुद्धि व्य० ४ आदान आदि भावों में है। कहा गया है–

''वरेण्य, सप्तम, मुख्य, वरिष्ठ, शोभा, उत्तम, अपरार्थ अथवा स्वर्थ ये सभी श्रेष्ठार्थ वाचक हैं।''

''श्रेष्ठ''। यहाँ उत्तम कहा गया है। प्रश्न है-असन्मान सम्पूर्ण यन्त्रों में ? उत्तर है– यह कहां सिद्ध हुआ? उत्तर है–यहाँ। जैसा कि कहा है स्मृत:, यहां स्मृत उक्त का पर्याय है अर्थात् महेश्वर के द्वारा उक्त प्रोक्त, वर्णित यह अर्थ है। विशिष्ट कैसे?। सर्वज्ञ कथन तथा अविसम्वादिता के कारण प्रत्यक्षदर्शियों के वचन विसंवलित नहीं होते यह अर्थ है।।९।।

प्रश्न है–इस क्रम में उत्तमत्ता की व्याख्या करने में आद्य शोधक कौन है? इस विधान का चरण किसने किया? अथवा आचरण करने वाले को क्या फल प्राप्त हुआ? यह हम लोगों के प्रत्यार्थ अर्थात् विश्वास हेतु कहें। इसीलिये कहा है–

सर्वप्रथम असुरों में इन्द्र ने पाशुपत व्रत का आचरण किया ।।१०।।

यहाँ इन्द्र से अभिप्राय देवताओं के राजा से है। कैसे अवगत होता है? असुरों में आचरण के कथन से। यह इन्द्र ब्राह्मण है, श्रेष्ठ हैं। सूत्र में ब्राह्मण [अ० ४ सू० २०] के ग्रहण से तथा सूत्र के प्रतिषेध से [अ० १ सू० १३] भी। यदि धातु परमैश्वर्य अर्थ में है, उसका इन्द्र। इन्द्र उत्कृष्ट है, श्रेष्ठ है। देव, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस, पितृ, पिशाच आदि से श्रेष्ठ हैं न कि ब्राह्मणादि से किन्तु स्वर्ग निवासियों के मध्य ऐश्वर्य विद्या एवं आज्ञा की दृष्टि से श्रेष्ठ होने के कारण इन्द्र है। वा शब्द सम्भावना अर्थ में है। देवताओं में श्रेष्ठ अन्यों के द्वारा भी यह विधान आचरित किया गया। कैसे तुम मनुष्यमात्र से सम्भव है? इसलिये यह विषय संभाव्य है–

प्रश्न है– कब आचरण किया? उत्तर है– पूर्वकाल में। यहां अग्र शब्द का अर्थ पूर्वकाल है। **कशिक ईशान से** सम्बन्ध से पूर्व। सर्वप्रथम देवतओं में आचरण किया अर्थात् कृत [सत्य, त्रेता, द्वापर आदि युगों में यह अर्थ है सुरों से इतर स्तेय युक्त। प्राणापहरण के कारण असुर प्रजापति के पुत्र के रूप में विज्ञेय है। असुरों के समीप, असुरों के सन्निकट, असुरों के सम्मुख, यह अर्थ है। प्रश्न है वह क्या है? उत्तर है– पाशुपत। यहाँ पशुपति के द्वारा उक्त परिग्रह के अधिकार अर्थ में पाशुपत शब्द है इसलिये इसे पाशुपत कहते हैं अथवा पशुपति का प्रापक होने के कारण पाशुपत है। पाशुपत यह शब्द समस्त एवं सम्पूर्ण विधान का ग्राहक है। कैसे ? चूंकि अव्यक्तादि का क्रम व्यक्त लिङ्गपूर्वक होता है। अतः इस सम्पूर्ण विधान को ही दुःखों के अन्त्येक्षुक इन्द्र ने शुद्धि की वृद्धि हेतु आचरित किया । धर्म बाहुल्य के कारण देवताओं का भूलोक में आचरण हुआ। अचरत् में अतीत काल है। अतीत काल में आचरण किया है यह अर्थ है ।।१०।।

प्रश्न है– इन्द्र के द्वारा असुरों में आचरण करने पर क्या फल प्राप्त हुआ? उत्तर है–

उसने उन असुरों में इष्ट एवं आपूर्त निष्पन्न किया ।।११।।

स का अर्थ है इन्द्र। तेषाम् से असुरों का निर्देश किया गया है। इष्टापूर्तम् में द्वन्द समास है। इष्ट और पूर्त अर्थात् इष्टापूर्त। इष्ट का अर्थ है जो मन्त्रपूर्वक विधि को दत्त, हुत, स्तुत्यादि से निष्पन्न सुकृत। जो अयत्रा पूर्वक निष्पन्न हो उसे पूर्त कहते हैं ।।११।।

इन्द्र ने असुरों के लिये किस उपाय से किया? कहा जाता है–

सुकृत माया से प्राप्त कराया ।।१२।।

क्राथन, स्पन्दन आदि प्रयोंगों से तिरस्कृत साधक को यह निद्राविष्ट, वायुसंसपृष्ट, मन्दवासी असम्यक्कारी, असम्यग्वादी है। इस प्रयोग से जो यह दुष्ट शब्द और अभियोग निष्पन्न होता है उस अनृत के अर्थ में माया शब्द का प्रयोग है। मानस तथा कायिक अभियोग के अर्थ में भी। मायया में तृतीया विभक्ति है। सुकृतया में सु प्रशंसा अर्थ में है। उस सुकृता अर्थात् सम्यक् प्रयुक्त के द्वारा यहाँ प्रशंसा अर्थ में हैं उस सृकृता अर्थात् सम्यक् प्रयुक्त के द्वारा यहाँ साधक-

साधन प्राधान्य है। अन्दित यह प्राप्ति तथा प्राधान्य अर्थ में है। उसने उन असुरों को इष्टापूर्त दिया। कहा भी गया है–

"आक्रोशन करते हुये व्यक्ति, के प्रति आक्रोशन नहीं करना चाहिये। इस प्रकार [इससे] रोष की तितिक्षा होती है। ऐसा साधक अपना दुष्कृत उन्हें देकर उनका पुण्य ग्रहण कर लेता है" ॥१२॥

प्रश्न है–उत्तम इन्द्र? उसने, उनके, उनमें इष्टापूर्त दिया ऐसा कहने पर, पर के अपदेश के माध्यम से इन्द्र की वृत्ति को निर्गुणीकृत किया गया है, तो यहाँ आत्मापदेश है अथवा नहीं? उत्तर है-है। जैसा कि कहा है–

इसलिये यह निन्दा अनिन्दा है ॥१३॥

यहाँ अवमान, परिभव आदि निन्दा है। इसका कुत्सा, गर्हा, यह अर्थ है। यह शब्द निन्दा, उत्तमोत्कर्ष एवं उत्क्षेप [उछालना] अर्थ में द्रष्टव्य है। यह उत्तम शब्द के अधिकार से अवगत होता है। येषां का अर्थ है अतिक्रान्त का अपक्षेपण अवमान, परिभव परिवाद आदि निन्दा यह अर्थ है। अनिन्दा शब्द में अकार निन्दात्व का प्रतिषेध करता है। अनिन्दा का अर्थ है अकुत्सा, अगर्हा। यह तस्मात् शब्द पूर्वोत्तर की अपेक्षा करता है। इसमें पूर्व की आकांक्षा में सम्पूर्ण निन्दा का प्रकरण तथा गुण कथन है इन्द्र की भी शुद्धि वृद्धि कारिणी आत्मापदेश तथा परापदेश के द्वारा भगवान् ने असन्मान चर्या का संकेत किया यह अर्थ है। निराकांक्षा के निर्देश से जिस-जिस रूप में वर्णित हुआ, उस-उस रूप में उसकी व्याख्या की गयी ॥१३॥

निन्दा के अनिन्दितत्व गुण को जानकर साधक को क्या करना चाहिये?। कहा जाता है–

निन्द्यमान होते हुये विचरण करना चाहिये ॥१४॥

यहाँ निन्दा पूर्वोक्त है, निन्द्यमान से वर्तमान काल की निन्दा यह अर्थ है। चरेत् से अर्जन की ओर संकेत है इसका अर्थ धनार्जन तथा नियोग भी है। संशयान्यत्व के कारण चरिशब्द अपुनरुक्तरूप में द्रष्टव्य है ॥१४॥

इस प्रकार यहां आनुषंगिक असन्मार्ग चरि प्रकरण परिसमाप्त हुआ।।

प्रश्न है–निन्द्यमान होते हुये विचरण करे यह कहकर आद्य विधान आचरण करने वाले साधक का क्या प्रयोजन सिद्ध होता है?। निष्पन्न हो जाने से भी किस प्रकार का अभिलाष [लाभ] होता है? कहा जाता है–

अनिन्दितकर्मा ॥१५॥

यहाँ चर्योत्तर सम्बंन्ध के कारण जो यह अनिन्दितकर्म या धर्म है वहीं निन्द्यमान विचरण करने वाले को निष्पन्न होता है यह अर्थ प्रतीत होता है। इसलिये वह साधक अनिन्दित कर्मा हो जाता है ॥१५॥

प्रश्न है–निन्द्यमानरूप में विचरण करते हुए साधक का अनिन्दित कर्मत्व कहाँ सिद्ध है? उत्तर है– यहाँ। जैसा कि कहा है–

यह पन्थ सर्व विशिष्ट है ॥१६॥

यहां अयं शब्द प्रत्यक्षां अर्थ में है जैसे वह पुरुष ॥१६॥

यथाविधि चर्या इसको लक्ष्यकर जो क्रियायें तथा-अनिन्दित कर्म होते हैं उनका निर्वचन भगवान् ने किया है।

सत्पथ वाला ॥१७॥

कैसे? रुद्र का सामीप्य प्राप्त कराने के सामर्थ्य से। अनावृत्ति प्राप्त कराने के सामर्थ्य के कारण भी वह अविकल होता है। इसलिये सर्वज्ञ कथन के अविसंवादी होने के कारण यह साधक सत्पथ वाला होता है यह अर्थ है ॥१७॥

प्रश्न है–अन्य पन्थ अथवा मार्ग नहीं है? उत्तर है-है। किन्तु–

अन्य पन्थ कुपथ है ॥ १८॥

यहां कु, कुत्सा अर्थ में है। कैसे? कु शब्द के प्रयोग से प्रतीत होता है, कुपुरुष के समान। पन्थ का अर्थ है विधि, उपाय। कु शब्द यहां अनावृत्ति के उत्कर्ष के अर्थ में है। अन्य पन्थ से ताप्पर्य है- गृहस्थ, ब्रह्मचर्य, वानप्रस्थ, भिक्षु एवं पाषंडियों के पन्थ। वे कुपथ हैं ॥१८॥

नहीं। प्रश्न है–यही सत्पथ है शेष कुपथ है यह कैसे सिद्ध होता है? इसका सत्पथत्व क्या है? अथवा शेष का कुपथत्व क्या है?। यहां जैसा कि कहा है–

इस विधि से रुद्र के समीप जाकर ॥१९॥

यहां अनेन यह अनपेक्ष अर्थ में है। विधि का अर्थ है भस्मस्नान क्राथन आदि उपाय के द्वारा। विधिता में तृतीया विभक्ति है। रुद्र शब्द कालोपदेश अर्थ में है। रुद्र का रुद्रत्व पूर्वोक्त है। समीप यह योग का पर्याय है। कैसे प्रतीत होता है? अन्य विधियों के नैरन्तर्य से उक्त होने के कारण। विधि की विषयता के होने पर भी पुरुष तथा ईश्वर का विषयाधिकार कृत वियोग को देखकर ज्ञान के द्वारा परिदृष्टि विधि से अध्ययन एवं ध्यान से अधिकृत विशुद्ध भाव एवं समीपस्थ यह अर्थ है। गति का अर्थ है भाव की प्राप्ति। त्वा प्रत्यय विधि एवं कर्म अर्थ में निष्ठार्थक है ॥१९॥

प्रश्न है– यहाँ इस प्रकार विध्याचरण तथा समीपगमन किसके लिये उपदिष्ट होता है? उत्तर है- तीर्थ यागादि धर्म के समान सबके लिये नहीं परन्तु संस्कार के समान केवल ब्राह्मण के लिये जैसा कि कहा है–

कोई ब्राह्मण पुनरावर्तिव नहीं होता ॥२०॥

यहां न कार का उपदेश अन्य आचरण तथा प्रतिपत्ति के निषेध अर्थ में है। कश्चित् शब्द ब्राह्मणों के विषय में ही है। गृहस्थ, ब्रह्चारी, वानप्रस्थ, भिक्षु एकवेद, द्विवेद, चतुर्वेद, अथवा गायत्री मात्रासार कोई भी ब्राह्मण इस विधि से रुद्र समीप्य को प्राप्त कर पुनरावर्तित नहीं होता यह अर्थ है। ब्राह्मण ग्रहण, ब्राह्मण के अवधारण अर्थ में, ब्राह्मण की, यह अर्थ है। क्षेत्रज्ञ अर्थ में ब्राह्मण संज्ञा है। कैसे ? उपचय जन्मयोग संस्कार योग तथा श्रुतयोग से ब्राह्मण होता है। पुनः शब्द पुनरावृत्ति के प्रतिषेध के अर्थ में है जैसे पूर्वकाल में संज्ञान आदि के द्वारा जाकर पुनः पुनः अवार्तित हो जाता है उस प्रकार इस विधि से रुद्र के समीप जाकर एक बार भी आवर्तित नहीं होता। पुनः पुनः सर्वथा भी आवर्तित नहीं होता यह अर्थ है। आङ् उपसर्ग स्वशास्त्रोक्त मर्यादा तथा अभिविधि की ओर संकेत करता है। जिससे इस विधि के द्वारा अज्ञान, कलुश, माया आदि को क्षपित नहीं किया है तथा जो क्षीण है वह बार-बार आवार्तित होता है। उनके साथ संयोग नहीं होता अर्थात् ऊपर जन्म नहीं प्राप्त होता है यह अर्थ है ॥२०॥

इस प्रकार यहां अध्याय की परिसमप्ति करके कहना युक्त है

यहां इस प्रकार ब्रह्म का जप करना चाहिए ॥२०॥

इसका अर्थ पूर्वोक्त है ॥२१॥

प्रश्न है– यह ब्रह्म क्या है? उत्तर है–कारणादि भाव से उक्त भगवान के एकत्व को जानकर साधक इसकी साधना आरम्भ करता है।

उस पुरुष को प्राप्त करे ॥२२॥

[तत्पुरुषाय विद्महे]

यहाँ पूर्वत: कारणत्व बहुत्व तथा नानात्वरूप से उपदिष्ट ब्रह्म का परामर्श करने के लिये तत् शब्द ग्रहण किया गया है। पुरुष शब्द का अर्थ पौरुष्य के अनुपूरण के कारण पुरुष अर्थ किया गया है। पौरुष्य अनेक रूपों में अवस्थान के कारण होता है। उसमें अवस्थित होने वाले रूप अधोर आदि हैं। तत्पुरुषाय में चतुर्थी विभक्ति है जिस प्रकार ग्राम के लिये तत्व जानने की इच्छा करता है। विद्महे में विद् धातु ज्ञान अर्थ में है। विद्महे का अर्थ है जानें प्राप्त करे ॥२२॥

प्रश्न है– पुरुष बहुत्व के कारण सन्देह है तो किस पुरुष के लिये? उत्तर है–

महादेव के लिये हम विलीन हो जाय ॥ २३॥

[महादेवस्य धीमहि]

यहां महादेवत्व पूर्वोक्त है। महादेवाय में चतुर्थी विभक्ति है। धीमहि में धिम् धातु संष्लेषण अर्थ में है। इसका अर्थ है ध्यान करें, लीन हो जांय। यहां धी ज्ञान शक्ति का पर्याय है जिसके द्वारा सम्पूर्ण पदार्थों के तत्व का ज्ञान करता है। जिसके द्वारा विधि एवं योग के आचरण में समर्थ होता है वह क्रिया शक्ति है ॥२३॥

प्रश्न है– क्या इस दृक् एवं क्रियाशक्ति को साधक महादेव से स्वशक्ति से प्राप्त कर लेता है अथवा परशक्ति से या दोनों की शक्ति से? उत्तर है–परशक्ति से। जैसा कि कहा है–

वह रुद्र हम लोगों को स्व में लीन कर ले ॥ २४॥

तत् से दृक् तथा क्रियाशक्ति दोनों का ग्रहण किया गया है। न यह आत्मकथा अर्थ में है, इसका अर्थ है हम लोगों को। रुद्र शब्द कारणापदेश अर्थ में है। रुद्र

का रुद्रत्व पूर्वोक्त है। प्र उपसर्ग आदि कर्म अर्थ में है। चुद धातु प्रेरणा अर्थ में है, प्रेरण का अर्थ है ज्ञान शक्ति क्रिया का संयोग। याद् ''यह लिप्सा अर्थ में है इसका अर्थ है मुझे संयुक्त करो। कहा है–

''जो योग रुद्र इच्छापूर्वक ज्ञान एवं क्रिया की शक्तियों से पशु आदि में सम्भव है उसी को आचार्यों ने प्रेरणा कहा है'' ।।२४।।

इस प्रकार यहां भगवान् कौण्डिन्य कृत पञ्चार्थ भाष्य में चतुर्थ अध्याय ब्रह्म के साथ ग्रन्थ तथा अर्थ दोनों ही दृष्टियों से परिसमाप्त हुआ।

पञ्चम अध्याय

अब अवसर प्राप्त पञ्चम अध्याय को सम्बन्ध करके बतायेंगे। जैसा कि कहा है–असङ्ग योगी। यही पञ्चम अध्याय का आदि है अब चार अध्यायों के साथ पञ्चम अध्याय का सम्बन्ध करके व्याख्यान करेंगे। प्रश्न है–चतुर्विधत्व के कारण सन्देह है? यहाँ चार प्रकार का असम्बन्ध है सूत्र सम्बन्ध, प्रकरण सम्बन्ध अध्याय सम्बन्ध तथा दूरस्थ। कहा है– ''सूत्रं प्रकरण अध्याय में तीन प्रकार के सम्बन्ध हैं तथा अर्थशेष के कारण दूरस्थ सम्बन्ध भी पूर्व से सम्बन्ध के लिये माना जाता है।''

इस प्रकार चार सम्बन्ध होते हैं इसलिये हम लोगों को संशय है कि यह कौन सम्बंन्ध है? उत्तर है- यह सूत्र प्रकरण तथा दूरस्थ सम्बन्ध नहीं है अपितु अध्याय सम्बन्ध है। प्रश्न है- यदि ऐसा है तो आप बतावें कि किस पदार्थ के शेष रहने के कारण यह सम्बन्ध कहा जाता है? शेष रूप में क्या नियत है जिसका सम्बन्ध किया जाता है? उत्तर है– पहले चार अध्यायों में कारणत्व, बहुत्व एवं नानात्व रूप से उक्त भगवान का एकत्व नहीं कहा गया है उसकों कहेंगे। कारणत्व कहा गया है। पति होते हुये आद्या, अजात् एवं भवोद्भव है [अ० १, सू० ३८, ४०, ४४,]। बहुत्व का भी प्रतिपादन हुआ है– नाम, देव, ज्येष्ठ, रुद्र, कामी, शङ्कर, काल, कल, विकरण, बल प्रमथन, सर्वभूत दमन, भव-अमन [अ० २ सू० १.४, ६, २० एवं २३.२७]। नानात्व भी कारणत्व, बहुत्व, नानात्व रूप से उक्त भगवान का एकत्व प्रतिपादित करेंगे। भगवान महेश्वर के विषय में जिस प्रकार का योग करना चाहिये उस तत्व का निर्देश करेंगें। कहा है– 'दोनों' प्रकार से यजन करना चाहिये [अ० २ सू० ९]। किस प्रकार के महेश्वर में दोनों प्रकार के यजनादि करना चाहिये? इसीलिये कहा है- जिस प्रकार के महेश्वर में दोनों प्रकार के यजन कर्तव्य है, भक्तिसामीप्य, देवनित्यता, नित्ययुक्ता, अध्ययन, ध्यान, स्मरण, सायुज्य तथा चित्तस्थिति द्रष्टव्य है, वैसा कहूंगा और जिस प्रकार दोषादि

विशिष्ट यह आत्मा शुद्ध से युक्त हो जाता है वैसा कहूँगा। तन्निष्ठ योग लक्षण निष्ठायोग तथा क्रियायोग का प्रतिविभाग तथा वसति के अर्थ में वृत्तिबल एवं क्रिया बल इन सबको कहूँगा तथा सामीप्य प्राप्त साधक की चित्त की स्थिति भी बताऊंगा। इस प्रकार इन उक्त शेषों से पञ्चम अध्याय का सम्बन्ध है जैसा कि कहा है–

असङ्ग ॥१॥

यहाँ अकार सङ्ग के प्रतिषेध अर्थ में है। यहाँ सङ्ग से तात्पर्य है पुरुष में विषयीत्व। उस विषयीत्व से योग होने के कारण पुरुष जब अध्ययन तथा ध्यान से च्युत होता है। त्रिकाल में होने वाले दृष्टान्त श्रवण, प्रेक्षण स्वरूप वन-गज के समान यह अर्थ है। असङ्गीत्व है, यह अर्थ है ॥१॥

प्रश्न है–क्या एकमात्र असङ्गीत्व ही कहा गया है अन्य लक्षण नहीं? उत्तर है-जैसा कि कहा है–

योगी ॥२॥

यहाँ योग का अर्थ आत्मेश्वर संयोग रूप योग समझना चाहिये। कहा भी है–

"शंख, दुन्दुभि के निर्घोष एवं विविध गीत तथा वाद्यों के क्रियमाण होने पर भी न जगे, यह योगी का लक्षण है ॥२॥

प्रश्न है–क्या ये दो लक्षण ही योगी के कहे गहे गये हैं? नहीं; जैसा कि कहा है-

नित्यात्मा ॥३॥

यहाँ नित्यत्व विशेषण से अनित्यत्व की निवृत्ति होती है। नित्यत्व का अर्थ है विमुक्त के होने पर भी पुरुष एवं ईश्वर का मन के साथ गत वृत्ताकार आत्मा का, भाव का विषय के प्रति क्रमापेक्ष अवस्थान वृक्ष [पक्षी] शकुनि के समान। उसके महेश्वर में निवृत्त हो जाने पर योगी को युक्त एवं नित्य कहा जाता है। आत्मा का अर्थ है क्षेत्रज्ञ। कैसे प्रतीत होता है? चित्त स्थिति के उपदेश से योग हेतु, विद्याचरण के उपदेश से अङ्ग योगी, युक्त आत्म, अज, मैत्रादि का चेतन में ही सम्भव होने के कारण न कि कार्य-करण प्रधानादि अचेतनों में। उस चेतन के विषय में ही आत्म शब्द का प्रयोग है। आत्मा कैसे?। सतत् गमन करे उसे

आत्मा कहतें हैं अथवा कार्य-करण को आपूरित कर विषयों का जो बोध कराये उसे आत्मा कहते हैं। कहा गया है "जो विषयों को प्राप्त करता है, ग्रहण करता है, भोग करता है तथा जिसका अस्तित्व सतत् है उसे आत्मा कहते हैं।

वह आत्मा श्रोता, स्प्रष्टा, द्रष्टा, रसयिता, व्राता, मन्ता, वक्ता, बोद्धा इत्यादि है। कहा है- "वह आत्मा पुरुष, चेत भोक्ता क्षेत्रज्ञ, पुद्गल, जन, अणु, वेद, अमृत, साक्षी, जीवात्मा, परिभू एवं पर है।"

उसका सुख-दुःख, इच्छा-द्वेष, प्रयत्न, चैतन्य आदि लिङ्गों के द्वारा अधिगम किया जाता है यह अर्थ है। ।।३।।

प्रश्न है– क्या योगी के तीन ही लक्षण कहे गये हैं? नहीं; जैसा कि कहा है–

अज ।। ४।।

यहाँ अज शब्द अन्य अर्थ के प्रादुर्भाव के प्रतिषेध अर्थ में कहा गया है। यहां अन्य अर्थ का अर्थ है शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध से भिन्न अध्ययन, ध्यान, स्मरणादि। इनमें जो नहीं जाता उसे अज कहते हैं ।।४।।

प्रश्न है–क्या चार लक्षण ही योगी के कहे गये हैं? नहीं, जैसा कि कहा है–

मैत्र ।।५।।

यह मैत्र समता अर्थ में है जैसा– मैत्र आदित्य, महेश्वर के सर्वभूत स्थित होने पर स्थित चित्त साधक इच्छा द्वेष विनिवृत्त होकर अप्रवृत्ति मान होने के कारण मैत्र कहा जाता है। इसलिये कार्य कारण वाला ही चित्त स्थिति के साथ-साथ असङ्गादि भाव से युक्त होता है ।।५।।

प्रश्न है–यह कैसे प्रतीत होता है कि कार्य-कारण वाला ही चित्त स्थिति के समकाल ही असङ्गादि भाव से युक्त होता है? कहा जाता है– प्रतीत होता है, जैसा कि कहा है–

पूर्णरूपेण युक्त होता है ।।६।।

यहाँ अभि शब्द विशेषण है। इसकी क्या विशेषता है? कहा जाता है–यह सङ्गी, अयोगी, अनित्यात्मा, अजन, अमैत्र होकर असङ्गादि भावों से युक्त होता

है यह विशेषता है। जायते में जनी धातु प्रादुर्भाव अर्थ में है। इसलिये कार्य-कारण वाला ही चित्त स्थिति के समकाल असङ्गादि भावों से साथ-साथ युक्त होता है। अवश्यादि के समान [अ० १ सू० २८] यह अर्थ है ।।६।।

असङ्ग आदि भावों में कौन से वे अभ्युपाय हैं जिनसे वह प्रादुर्भूत होता है?। कहा जाता है–

इन्द्रियों के अभिजय के द्वारा ।।७।।

यहां जय का अर्थ है विजय करने का भाव। उस जय से असङ्गादि प्राप्त होते है। यहां परिग्रहण के कारण इन्द्रिय से लेकर बुद्धि आदि वाक् पर्यन्त त्रयोदश करण समर्थ होते हैं। उनके अभिजय के कारण यह अर्थ है– प्रश्न है बुद्धि आदि की सिद्धि किस प्रकार होती है? उत्तर है–सिद्धता के कारण। यहां मति तथा बुद्धि के विधान तथा स्थापन के उद्देश्य के कारण घट-घट के समान सिद्धता के द्वारा बुद्धि सिद्ध होती है तथा पर के उपदेश से स्वात्मपरात्म के प्रति विभाग के दर्शन से तथा मैं सुर हूं, मैं नर हूं इस भिन्न वृत्तिता के कारण अहंकार सिद्ध होता है तथा मन प्रवृत्त होता है, मनोजवी, मनोन्मन, यह संकल्प, विकल्प वृत्ति नानात्व भी सिद्ध होता है। इस प्रकार पुरुष का त्रिकाल वृत्ति अन्तःकरण व्याख्यात हुआ तथा ज्ञानेन्द्रियों का श्रोत्र व्याख्यात हुआ। पर परिवादादि [अ० ३ सू० ७] कथन से उन्नत रूप में उभयथा प्रमुख द्वि अधिष्ठान में समन्तात् सन्निविष्ट शब्द व्यंजन में समर्थ सिद्ध होता है। तथा अतितप के उपदेश से [अ०२ सू० १६] त्वचा, अन्तर तथा बाहर सन्निविष्ट हो शरीर को व्याप्त कर स्पर्श के व्यञ्जन में समर्थ सिद्ध होती है। तथा मूत्र पुरीष दर्शन के प्रतिषेध से [अ० १ सू० १२], एवं कृतान्नादि के कथन से [अ० ४ सू० ७]। चक्षु अत्यधिक मात्रा में प्रमुख द्विअधिष्ठान में सन्निविष्ट उभयथा घट-रूपादि में व्यञ्जन में समर्थ सिद्ध होता है तथा मांस लवण के उपदेश से [अ० ५ सू० १५] जिह्वा उसके मुख में मांसपेशी में सन्निविष्ट हो, रसज्ञान के जनन से समर्थ सिद्ध होती है तथा प्राणायाम के उपदेश से [अ० १ सू० १५] घ्राणेन्द्रिय अत्यधिक मात्रा में उभयथा प्रमुख द्विअधिष्ठान में सन्निविष्ट होकर द्वन्द के ग्रहण करने में समर्थ सिद्ध होती है। इस प्रकार यह पुरुष अधिकार वृत्ति वाली इन इन्द्रियों से प्रति बुद्ध होता है इसलिये इन्हें बुद्धेन्द्रिय कहते हैं इसी प्रकार कर्मेन्द्रियाँ भी । मण्टन तथा विहरण के उपदेश से [अ० ३ सू० १४, अ० ४ सू० ६]।

पादेन्द्रिय अधस्तात् [नीचे] द्विअधिष्ठान में सन्निविष्ट होकर गमन क्रिया में समर्थ सिद्ध होती है तथा मुत्रपुरीष दर्शन प्रतिषेध से [अ०१ सू० १२] पायुयेन्द्रिय [गुदा] गुह्य प्रदेश में सन्निविष्ट होकर उत्सर्ग क्रिया में सन्निविष्ट होती है तथा स्त्री के प्रतिषेध [अ० १ सू० १३] उपस्थेन्द्रिय [लिंग] त्रिवली गुह्य प्रदेश में सन्निविष्ट होकर आनन्द क्रिया में समर्थ सिद्ध होती है तथा अपितत् कर्म के उपदेश से [अ०३ सू०१६] हस्तेन्द्रिय उभयथा द्विअधिष्ठान भुजान्तदेश में सन्निविष्ट होकर आदान क्रिया में समर्थ सिद्ध होती है। तथा अपितत् भाषण के उपदेश से [अ०३ सू० १७] वागेन्द्रिय वाक्, तालु, जिह्वा आदि अधिष्ठानों में सन्निविष्ट होकर वचन क्रिया में समर्थ सिद्ध होती है। यहाँ विकार एवं उनकी वृत्तियों के द्वारा पुरुष में कर्म की उत्पत्ति होती है। इसलिये इन्हें कर्मेन्द्रिय कहते हैं। इस प्रकार ये त्तयोदश करण इन्द्रियां सूत्र के द्वारा व्याख्यात हुई। कैसे? इन्द्रियों का इस सामान्य ग्रहण से विकरण के समान सामान्य अन्य प्रतिषेध के कारण इन्द्रियाणाम् में षष्ठी बहुवचन विभक्ति है। कहा गया है–''आदानग्रहण त्याग, रंगण, वामन, इंगन तथा द्रवण के कारण इन्हें इन्द्रिय कहते हैं।''

अभिजय के कारण। अभि उपसर्ग अत्यन्त विजय तथा वशीकरण अर्थ में है। आक्रमण करके वश में करना चाहिए। वायु, काम, क्रोध, पाटलिपुत्र के समान। इसलिये अकुशलों से व्यावर्तित करके अपनी इच्छा से कुशलों में जब ये योजित होते हैं तब विजित होते हैं इसीलिये इन्द्रियों के अभिजय से, ऐसा कहा है। असङ्गादि के जन्म के निमित्तता के कारण पञ्चमी विभक्ति द्रष्टव्य है।।७।।

प्रश्न है– अन्यत्र सांख्य योगादि के असङ्गादि युक्त-मुक्त पुरुष शान्ति को प्राप्त हुये। जो निरभिलप्य हैं वे ही मुक्त कहें जाते हैं। मुक्त ही युक्त नहीं यह कहां से सिद्ध हुआ?। कहा जाता है-यहाँ जैसा कि कहा है–

तो रुद्र ने कहा।।८।।

यहां रुद्र शब्द कारणापदेश अर्थ में है। रुद्रत्व पूर्वतः उक्त है प्र उपसर्ग अभिधान की विशुद्धि अर्थ में है। इस प्रकार जो सांख्य और योग का वर्णन करता है कि जो असङ्गादि योग से मुक्त पुरुष शान्ति को प्राप्त हुए वह उनका दर्शन विशुद्ध है। तैमिरिक [रतौंधी] रोग से युक्त व्यक्ति के चक्षु से चन्द्रदर्शन के समान । यह तो युक्त [योगी] है न कि मुक्त, इसलिये वचनादि के अविसंवादी होने के कारण यह गम्य है। इस प्रकार यह है अन्यथा नहीं। और यह भी है

कि अथ शब्द से लेकर शिवान्त रुद्र प्रोक्त प्रवचन सम्पूर्ण तन्त्रों में श्रेष्ठ है यह तावत् शब्द से प्रतीत होता है इसलिये कारण एवं शास्त्र का पर प्रमाण भाव अवधारित होता है यह अर्थ है। यहां इस अर्थ में निर्वचन श्लोक है ।।८।।

प्रश्न है कि क्या प्रधान के समान ये इन्द्रियाँ परिज्ञान मात्र से विजित हो जाती हैं? उत्तर है- नहीं, ज्ञान के द्वारा वचन इत्यादि से इनका विजय करना चाहिए। जैसा कि इनके जय में भगवान ने वसति, अर्थ, वृत्ति, बल, क्रिया आदि के लाभ के लिए निवास करने वाले के द्वारा कहा है इसलिये इनके विजय के विषय में वसति के लिये कहा जाता है–जैसा कि कहा है–

शून्यागार, गुहावासी ।।९।।

यहां शून्य ही है आगार जिसका उसे शून्यागार कहेंगे। शून्य का अर्थ विविक्त निर्जन, आगार गृह का पर्याय है। आगार का पर्याय है गृह, वेश्म, सदन। गुहू धातु संवरण अर्थ में है। प्रविष्ट साधक को आवृत्त करती हैं छिपाती है इसलिये इसको गुहा कहते हैं। प्रश्न है–आवरक होने के कारण भेद नहीं होने से आगार और गुहा दोनों भिन्न हैं? इसका उत्तर है–मृत्तिका तृण, काष्ठादि से निर्मित होता है। आगार तथा पर्वत आदि की गुफा को गुहा कहते हैं इसलिये दोनों भिन्न नहीं हैं जिस प्रकार विभुत्व के होने पर भी पुरुष एवं ईश्वर का साधर्म्य सत्त्व है किन्तु आगार अथवा गुहा में उपपत्ति के अनुकूल विचार कर विविक्त का विवेचन कर जो मात्र स्थान, आसन, शयन आदि से उपजीवित रहता है इसलिये मात्र संस्मरण की मर्यादा से तथा उपयोग क्रिया के अधिनिवेश से साधक को निवास करना चाहिये। वसति के संयोग से उसे गुहावासी कहते हैं पुलिनवासी के समान ।।९।।

प्रश्न है–तो कैसे जाना जाय कि इन्द्रियाँ जीत ली गयी अथवा इन्द्रियाँ जीतने का क्या लक्षण है?। उत्तर है–

देव में नित्य हो जाता है ।।१०।।

यहाँ देव का अर्थ है भगवान् अर्थात् तब भगवान देव में इस साधक की नित्यता हो जाती है। कैसे? अध्ययन तथा ध्यान की नित्यता द्वारा। देव के विषय में अधिकृत साधक की प्रधान रूप से निश्चलता हो जाती है। स्वल्पतर व्यवधान होने पर भी अतियोगाभ्यास से नैरन्तर्य की प्राप्ति हो जाती है। देव नित्यता का अर्थ है स्मृति ।।१०।।

प्रश्न है–देव नित्यता का क्या लक्षण है? उत्तर है– जितेन्द्रियत्व। जैसा कि कहा है–

जितेन्द्रिय ॥११॥

यहां जितेन्द्रियत्व का अर्थ है उत्सर्ग एवं निग्रह की योग्यता। इन्द्रियों से तात्पर्य है ज्ञानेन्द्रिय तथा वाक् पर्यन्त पूर्वोक्त त्रयोदश करण। वे जब अकुशलों से व्यावर्तित करके हत-विषय डर्वीकर [कलछुल] वाले व्यक्ति के समान स्वेच्छया कुशल में योजित होती हैं तब साधक देवनित्य अर्थात् जितेन्द्रिय होता है ॥११॥

प्रश्न है–देवनित्यता ही इस साधक का सर्वोत्कृष्ट निष्ठायोग है? उत्तर है-नहीं, जैसा कि कहा है-

छः मास तक नित्ययुक्त साधक का ॥१२॥

अथवा अन्य दूरस्थ सम्बन्ध है जैसा कि कहा है ''जिसका जिससे दूरस्थ होने पर भी अर्थ सम्बन्ध होता है उससे अर्थतः अन्ध समान वस्तुओं के साथ आनन्तर्य होने में भी असंगति होती है।''

इस प्रकार यहाँ भी दूरस्थ सम्बन्ध है। कैसे? यहाँ पहले कहा गया है- इसके विज्ञान प्रवृत्त होते हैं [अ०१ सू० २१] इन गुणों से युक्त [अ० १ सू० ३८] ये गुण कितने काल में प्रवृत्त हो जाते हैं। क्या युक्त के या वियुक्त के या युक्त वियुक्त दोनों के या क्रमशः या सकल के अथवा निष्कल के इन अनिर्वाचित अर्थों के निर्वचन के लिये यह प्रारम्भ किया जाता है। जैसा कि कहा है-छः मास तक नित्ययुक्त साधक का। यहाँ षट् संख्या वाचक है, मास काल निर्देश है। मनुष्य की गणना से तीस दिन का मास होता है, द्वादश मास का संवत्सर होता है, द्वादश पक्ष का अर्ध संवत्सर होता है। उसी को छह मास कहते हैं। इसका अर्थ है प्रथम से छह मास के मध्य में। नित्य का अर्थ है सतत् अविच्छिन्न। युक्त में योग का अर्थ है आत्मेश्वर संयोग। नित्य युक्तस्य में षष्ठी विभक्ति है ॥१२॥

प्रश्न है–इस युक्त का क्या होता है?। उत्तर है–

भूयिष्ठ मात्रा में संप्रवृत्त होता है ॥१३॥

यहां भूयिष्ठ का अर्थ है क्रम जैसे कि क्रमशः देता है अथवा आदित्य भूयिष्ठता को प्राप्त है। इसलिये सूची के अग्रभाग से उत्पल के शतपत्रों के भेदन

के समान क्रम से दूरदर्शन आदि प्रवृत्त होते हैं यह अर्थ है। सम् उपसर्ग का अर्थ है एकीभाव। निष्कल का अर्थ है कार्य-कारण रहित। प्र उपसर्ग कर्म या आरम्भ के अर्थ में होता है। युक्त हो जाने के प्रभाव से गुण प्रवृत्त होते हैं यह अर्थ है। किसमें प्रवृत्त होता है? दर्शन दृश्य में, श्रवणादि श्रव्यादि में, यह अर्थ है। इसलिये छठे तथा प्रथम मास के मध्य में नित्ययुक्त साधक के गुण क्रमशः प्रवृत्तः होते हैं। कैसे? **महेश्वर के प्रसाद से ।** अशिवत्व के निवृत्त हो जाने पर शिवत्व के प्रसाद से गुण प्रवृत्त होते हैं। गुण शब्द दूरदर्शनादि के कथन अर्थ में है ।।१३।।

प्रश्न है– किस वृत्ति में अवस्थित होकर शून्यागार अथवा गुहा में वास करना चाहिए? उत्तर है–

भैक्ष्य ।।१४।।

भिक्षा के समूह को भैक्ष्य कहते हैं जिस प्रकार कपोतों के समूह को कपोत कहते हैं और वह नगर ग्रामादि से एक गृह से दूसरे गृह तक पर्यटन करने से भक्ष्य अथवा भोज्य में से जो कुछ भी प्राप्त हो जाय। कृतान्नादि [अ० ४ सू० ७] वचन से भैक्ष्य, भय के क्षपण करने के कारण भी भैक्ष्य कहते हैं। भिक्षा कथन से अभैक्ष्य का प्रतिषेध है ।।१४।।

प्रश्न है–किन्तु आधार के कारण सन्देह करके यह पूछा जा सकता है कि वह भैक्ष्य किसमें ग्रहण करना चाहिये ? उत्तर है– पात्र में। जैसा कि कहा है–

पात्रागत ।।१५।।

यहां भैक्ष्य के समान पात्र प्रसिद्ध है। अलाबु, दारु, वस्त्रादि में जो कुछ भी प्राप्त हो जाय उसकी हिंसादि अस्तेयादि रहित क्रम से पर्याप्त मात्रा में ग्राह्य पदार्थ का आहरण करे। उस अफलक पात्र में आगत वस्तु को पात्रागत कहेंगे यह अर्थ है ।।१५।।

प्रश्न है–ब्रह्मचारी तुल्य साधक के लिये, मद, मांस, लवण वर्जनीय है तो क्या मधु, मांसादि ऐकान्तिक रूप से दुष्ट है? उत्तर है-नहीं। जैसा कि कहा है–

अदुष्यमाँस अथवा लवण से।।१६।।

भैक्ष्य के समान मांस प्रसिद्ध है जिस साधक को, महिष, वराह आदि में अन्यतम हिंसा, अस्तेयादि से रहित होने के कारण जो कुछ भी प्राप्त हो जाय।

अथवा लवण से यहाँ सैन्धव, सौवर्चल आदि लवण मांस के समान प्रसिद्ध है। यह मांस असृष्ट हो अथवा भैक्ष्य विधि से प्राप्त हो। अदुष्य का तात्पर्य है अकुत्सित अगर्हित। वा का अर्थ है विकल्प। माँस अथवा लवण से अथवा दोनों से अथवा साक्षात् अदुष्य है यह अर्थ है ।।१६।।

प्रश्न है– भैक्ष्य के न प्राप्त होने के समय अथवा अपर्याप्त होने के समय इस साधक को क्या करना चाहिये? उत्तर है। जल पीकर स्थित होना चाहिये।

अथवा अनुपूर्वशः यथाकाल जल भी ग्रहण करे ।।१७।।

यहाँ आङ् आपः शब्द में उपसर्ग है। यहां आङ् कृतान्नोत्सृष्ट के समान अपदान्तरितत्व [पदान्तर से भिन्न न होना] के कारण संवृत परिपूतादि की मर्यादा की ओर संकेत करता है। आपः में द्वितीया विभक्ति के स्थान पर प्रथमा विभक्ति द्रष्टव्य है। यहाँ जल लोकप्रसिद्ध है। इसका अर्थ है तृणादि से व्यावृत्त उदक। वा शब्द विभाग अर्थ में है। जल पीकर भी जिये न कि शास्त्र व्यपेत क्रम से वृध्यर्जन करे। यथा शब्द समानार्थ में है। भैक्ष्य भिन्न है, जल भिन्न है। अपि शब्द सम्भावना अर्थ में है। यथा भैक्ष्य का उपदेश कर योगकर्म के विषय में उद्यम करे यह व्याख्यात हुआ। उसी प्रकार जल पीकर भी । काल भी दो प्रकार का हैं अलाभकाल तथा अपर्याप्ति काल। जब नगर तथा ग्राम में एक बार पर्यटन करके कुछ भी न प्राप्त कर सके वह अलाभ काल है। अपर्याप्त काल का अर्थ है जब एक अथवा दो भिक्षा को प्राप्त करे तब जल पीकर भी जिये। प्रश्न है– इस प्रकार स्थित साधक को क्या करना चाहिए ? उत्तर है– उपयोग करना चाहिए। जैसा कि कहा है अनुपूर्वशः अशन् करे [जलपीवे]। अश्नीयात् का अर्थ है योग क्रिया के अनुपरोध से आहार लाघव। अश् धातु भोजन अर्थ में है। अनु उपसर्ग पृष्ठ कर्म तथा क्रिया अर्थ में है। अनुपूर्वशः का अर्थ अतिक्रान्तापेक्षण तथा प्रकार वचन है। यथापूर्व ग्रामादि में प्रवेशकर भैक्ष्यार्जन करके अलाभकाल अथवा अपर्याप्ति काल में जल पीकर भी जिये इस कारण ही भगवान् ने कहा कि अनुपूर्वशः अशन् करे। यहाँ श्लोक निर्वचन है ।।१७।।

प्रश्न है– शून्यागार गुहावस्थ साधक के इन्द्रिय जयपूर्वक व्यवहार से क्या बल प्राप्त होता है? अथवा अकलुषत्वमात्र? उत्तर है– नहीं?। जैसा कि कहा है–

गोधर्मा अथवा मृगधर्मा [बने] ॥१८॥

यहाँ गो शब्द अर्थ मृग के समान खुर, कपुद, [डील] विपाशा सासा आदि से युक्त प्रसिद्ध है। तथा मृग भी गोद्रव्य के समान लोकादि प्रसिद्ध है। कृष्णमृगादियों में से अन्यतमा दोनों में से धर्म बहुत्व के कारण समान धर्म गृहीत होता है-अध्यात्मिकादि द्वन्द्व सहिष्णुत्व है वह आगे बताऊँगा। गो तथा मृगधर्म परस्पर विशेषण के लिये है। वा शब्द विकल्पार्थक है। क्रिया सामान्य की दृष्टि से रौद्री बहुरूपी के समान एक धर्म के अथवा एकधर्म के द्वारा स्थिर रहे यह अर्थ है ॥१८॥

प्रश्न है–किस बल से इसके कार्य की निष्पत्ति होती है? उत्तर है–

जल से ही शुचि होवे ॥१९॥

यहाँ आङ् के समान ही अद्भिः का अर्थ है जल से ही। जल, आपादि अर्थ में पूर्वोक्त है। अद्भिः में तृतीया विभक्ति है। आङ् उपसर्ग पूर्व प्रसिद्ध मात्रा की ओर संकेत करता है। गो-मृग के समान द्वन्द्व सहिष्णुत्व अर्थ की ओर भी संकेत करता है। इव उपमा अर्थ में हैं जिस प्रकार जल अथवा मृत्तिका से प्रक्षालित वस्त्रादि शुद्ध होते हैं उस प्रकार ॥१९॥

प्रश्न है–क्या गो-मृग धर्मिता के बल से शुचि होता है? उत्तर है-नहीं। जैसा कि कहा है-गो तथा मृग का अकुशल धर्म में प्रतिषेध तथा कुशल धर्म में नियोग अभीष्ट है उसी प्रकार-सिद्ध शक्ति की प्रशंसा के द्वारा असिद्ध शक्ति के प्रतिषेध का व्याख्यान करेंगे। इसीलिये कहा है–

सिद्ध योगी कर्म अथवा पातक से लिप्त नहीं होता ॥२०॥

किन्तु असिद्ध सर्वथा लिप्त होता है यह अर्थ है। इसलिये योगी सिद्ध होता है। ऐसा सिद्ध होने पर मुख सुखपूर्वक उच्चारण करने के लिये सिद्धयोगी ऐसा कहा गया है। योग का अर्थ है आत्मा एवं ईश्वर का योग। इस योग के कारण ही यह योगी होता है। सिद्ध का अर्थ है दर्शन आदि ऐश्वर्य को प्राप्त वह निश्चित रूप से वशीकरण, आवेशन एवं पालन आदि में प्रवीण होता है। लिप्त नहीं होता इसका अर्थ है संयुक्त नहीं होता। प्रश्न है– किससे लिप्त नहीं होता? उत्तर है– कर्म से। यहां कर्म से यह कहा जाता है। कैसे? कृतकत्व [कर्म] के कारण। कर्मणा में तृतीया विभक्ति है। इष्ट स्थान शरीर, इन्द्रिय, विषय के सम्बन्ध से

कृत कर्म से लिप्त नहीं होता, संयुक्त नहीं होता यह अर्थ है। प्रश्न है–अनिन्दित शुभ कर्म से संयुक्त नहीं होता, यह कहा जाता है -अथवा अशुभ कर्म से लिप्त नहीं होता। यह कहा जाता है। उत्तर है-नहीं। जैसा कि कहा है-पातक से अनिष्टस्थान एवं शरीरेन्द्रिय विषयगत अशुभ का भोग करता है उस अशुभ कर्म से भी लिप्त नहीं होता अर्थात् युक्त नहीं होता। वा का अर्थ है विकल्प। पातक या अपातक समस्त के वशीकरण, आवेशन, पालन आदि में प्रवर्तनमान योगी लिप्त नहीं होता अर्थात् संयुक्त नहीं होता। कैसे? सिद्धि के सामर्थ्य से। असिद्ध भी यह योगी ब्राह्मण गोमृग धर्मावस्थ यदि सर्वथा गोमृग के समान प्रवर्तन करे तब लिप्त होता है इसलिये गो एवं मृग का अकुशल धर्म ग्राह्य नहीं है। स्वकीय आध्यात्मिकादि द्वन्द सहिष्णुत्व रूप कुशल धर्म परिग्रहीत होता है इससे यह शुचि होता है। प्रश्न है–इसका अशौच क्या है? उत्तर है– योग के व्यासंग, [आसक्ति वाले] द्वन्दों से अथवा काम क्रोध, शिरोरोगादि के कारण शीलादि से। नहीं लिप्त होता अर्थात् संयुक्त नहीं होता है। कैसे? बल प्राप्त कर लेने के कारण यह अर्थ है। यह परिष्कृत निर्वचन है।। २०।।

प्रश्न है–शून्यागार गुहावस्थ योगी की इन्द्रिय जप के विषय में वर्तमान कौन सी क्रियायें होनी चाहिये? क्या स्नान, हसितादि अथवा क्राथन-स्पन्दन-मण्टानादि? उत्तर है-नहीं। जैसा कि कहा है–

आत्म नियन्त्रित होकर इष्ट गायत्री ऋचा का अध्ययन करे ।।२१।।

यहां ऋचम् तथा ऋचाम् दोनों पाठ अदुष्ट हैं। यहाँ ऋचा का अर्थ है अघोरा। कैसे प्रतीत होता हैं? ऋक् के मध्य [बीच] होने के कारण सद्योजात, तत्पुरुष, ईशान के समान **अर्चि वर्च वाक्** यह इष्ट भी है।

तत्तस्थलों में जप करने योग्य रूप में गुणीकृत होने के कारण। पूर्वोत्तर सूत्रों में जप करने योग्य रूप में गुणाकृत होने के कारण। पूर्वोत्तर सूत्रों में जप करने योग्य के कारण गायत्री के साथ ध्यान–आशुभाव, समाधि तथा आसन के कारण भी इष्ट है। यहाँ अध्ययन करे यह अर्थ है। प्रश्न है–क्या केवल ऋच् का ही अध्ययन करना चाहिये। उत्तर है-नहीं गायत्री का। गायत्री का अर्थ है तत्पुरुष सम्बन्धी। इसका निर्वचन पूर्वोक्त है। मानस अध्ययन ही करे यह अर्थ है। प्रश्न है– किस प्रकार अध्ययन करें? उत्तर है-आत्म नियन्त्रित होकर। आत्म नियन्त्रण, प्रत्याहार का पर्याय है। आत्मा का अर्थ है क्षेत्रज्ञ। आत्मत्व इसका चैतन्य है प्राप्तव्य

है-कार्य, करण तथा विषय। आत्मयन्त्रणा त्रिक के योग होने पर ही सम्भव है। यन्त्रण का अर्थ है, जिस प्रकार यह आत्मभाव ब्रह्म में अर्थात् अकार पद पंक्ति में युक्त है तब यह आत्मानियन्त्रित होता है। कैसे? नृत्यासक्त चित्त के दृष्टान्त से। कैसे? आत्म तथा आत्मभाव के विच्छिन्न न होने के कारण तथा गुण एवम् गुणी दोनों का सहभाव रहता है। कैसे? जो यज्ञ करने में प्रवृत्त होता है वह नियन्त्रण में भी प्रवृत्त होता ही है, भिक्षु के समान। इसलिये यह प्रत्याहार यन्त्रण ही है ।।२१।।

प्रश्न है– यह गायत्री के कई होने के कारण सन्देह है–अत: कैसे प्रतीत होता है कि अघोर ऋचा अथवा तत्पुरूष से? उत्तर है-प्रतीत होता है। जैसा कि कहा है–

रौद्री अथवा बहुरूपी[१] ।।२२।।

यहाँ रौद्री का अर्थ है तत्पुरुषा। इसका निर्वचन पूर्वोक्त है। वा शब्द रौद्री तथा बहुरूपी दोंनो में प्रतिविभाग के अर्थ में द्रष्टव्य है। बहुरूपी का अर्थ है अघोरा। द्वितीय वा का अर्थ है–विकल्प। तुल्यफल होने के कारण। अत: वा का अर्थ है एक अथवा एक भी। आत्मनियन्त्रि,त होकर अध्ययन करे यह अर्थ है ।।२२।।

प्रश्न है– आत्म नियन्त्रित होकर अध्ययन करने वाले की क्या कार्यनिष्पत्ति होती है? उत्तर है–

इससे योग प्रवृत्त होता है ।।२३।।

यहाँ अत: से कारण का निर्देश किया गया है। आत्मनियन्त्रित होकर अध्ययन करे यह अर्थ है। इसलिये इस कारण हेतु निमित्त से, यह अर्थ है। योग का अर्थ है आत्मा एवं ईश्वर का संयोग। प्र का अर्थ है, आदि कर्म। प्रवर्तते का अर्थ है पूर्वोक्त यहां श्लोक निर्वचन है। ।।२३।।

प्रश्न है ऋचा का अध्ययन करने वाले को क्या अक्षर पद पंक्ति ब्रह्म में युक्त होकर ही स्थिर होना चहिये? अथवा इसकी अन्य सूक्ष्मतर उपासना, क्रिया, ध्यान आदि नमस्कार योग्य भी कुछ दृष्ट है?। उत्तर है-दृष्ट है। जैसा कि कहा है–

---

१. यह सूत्र द्विधा विभक्त है पहला है ऋचाभिष्टामधीयीत तथा दूसरा है गायत्रीमात्मयन्त्रित:।

ओङ्कार का अभिध्यान करे ॥ २४॥

यहाँ ओऽम् यह भी वामदेवादि के समान जाप का पर्याय है। कार शब्द अवधारणा अर्थ में द्रष्टव्य है। क्या कारण है? कहा गया है ''प्रणव तथा सप्त व्याहृतियों एवं त्रिपदा गायत्री में नित्ययुक्त साधक परम मृत्यु को नहीं प्राप्त करता।''

इसलिये ध्येय के रुप में ओङ्कार ही निश्चित है न कि गायत्री आदि । अभि उपसर्ग का अर्थ है- अभ्यास अर्थात् साधक को ओंङ्कार के सन्निकृष्ट चित्त वाला होना चाहिये। ध्ये धातु चिन्ता अर्थ में है। कहा गया है–

''ध्ये चिन्तास्वरूप है, ध्यान ओङ्;कार स्वरूप ब्रह्म है, ध्यान एवं लीन हो जाने के कारण उसको ध्यान कहते हैं।''

''अर्धमुहूर्त अथवा एक मुहूर्त अथवा प्राणायाम के मध्य भी ध्येय के चिन्तन करने वाले मनुष्यों का पाप क्षयित हो जाता है। ईत यह आज्ञा तथा नियोग अर्थ में है।'' ओङ्कार ही ध्येय है अन्य नहीं, यह अर्थ है ॥२४॥

प्रश्न है–ओङ्कार ध्येय है, इसके ध्यान का देश क्या है? अथवा किस देश में धारण करना चाहिये? अथवा ध्यायमान साधक को क्या करना चाहिए? उत्तर है–

हृदय में धारण करें ॥२५॥

यहाँ हृदय आत्मा का पर्याय है। कैसे? पूर्वोत्तर सूत्रों के सामर्थ्य से। जो अर्थ जहाँ मिले उसको वहाँ स्थापित करना चाहिये। वेद के प्रामाण्य से भी कहा गया है– ''अंग-अंग से सम्भूत होता है, हृदय से-अधिजनित होता है अत: यह आत्मा ही पुत्र है यह सैकड़ों शरद तक जीवित रहता है।'' अन्यत्र भी कहा गया है–

''आत्मा ही पुत्र के रूप में उत्पन्न होता है। आत्मा ही आत्मा का पिता है, मैं आत्मप्रज होऊँ-क्योंकि वही परम् हृदय है।''

अत: हृदय आत्मा है यह सिद्ध होता है। 'अध्यवसायिता [निश्चायिका] बुद्धि भाव को हृदय में प्रिय अथवा अप्रिय के रूप में प्रस्थापित करती है इसलिये करणों की स्थिति तीन प्रकार की होती है। 'तथा लोक में भी वक्ता कहते हैं कि तुम्हारे हृदय को जानता है। इससे क्या उक्त होता है? अत: यह प्रतीत होता है कि हृदय आत्मा का पर्याय है। हृदि यह औपश्लेषिक सन्निधान है, यहाँ

ओङ्कार धार्य है आत्मा नहीं। किन्तु जो अपने में आत्मभाव है वह इस ओङ्कारसे प्रच्युत विषयों से, वृत्ति विकार मात्र से गत आत्मा का प्रत्यानयन ही प्रत्याहार है। प्रत्याहत करके हृदय में धारणा करनी चाहिये। ओङ्कार का चिन्तन धार्य है। उसी में सुदीर्घ काल तक अवस्थान ही अध्ययन है। उस धारणा से आहित परम ध्यान है। निष्ठा का योग तो स्थापित करके [अ० ५ सू०३८] में कहेंगे कुर्वीत में डुकृञ् धातु करण अर्थ में है। हृदय में धारणा करनी चाहिये। ईत यह आज्ञा और नियोग अर्थ में है। पाद, जानु, कटि, नासिकादि स्थानों में धारणा कर्तव्यता के प्रतिषेधार्थ नियोग है। हृदय में धारणा करनी चाहिये अन्यत्र नहीं।

प्रश्न है– क्या ओङ्कार परम [७] विभु, उमा, कुमार है अथवा चार अर्ध मात्रायें अथवा समान पुरुष। उत्तर है-नहीं। जैसा कि कहा है–

यह महान् ऋषि विप्र है॥२६॥

यहाँ ऋषि भगवान का नामधेय है। ऋषि कैसे? ऋषि क्रिया में। क्रिया के संशन से ऋषित्व होता है तथा सम्पूर्ण विद्या आदि कार्य ईश्वर से होते हैं। अतः ऋषि है तथा विप्र भी भगवान् का नामधेय है।

विप्र कैसे? विद् धातु ज्ञान अर्थ में है। विप्रत्व का अर्थ में है ज्ञानशक्ति। इस भगवान के द्वारा सम्पूर्ण ज्ञेय जगत व्याप्त है अतः यह विप्र है। तथा महान शब्द अभ्यधिकत्व अर्थ में है। जो यह दिक् क्रिया स्वरूप है वह अनागन्तुक, अकृत ऐश्वर्य उसके गुण का सद्भाव है, तत्वधर्म सतत्व है। वह पुरुष चैतन्य के समान अकृतक है। वह अन्य का नहीं होता अतः वह अभ्यधिक, उत्कृष्ट एवं अतिरिक्त है अतः महान है। एषः यह प्रत्यक्ष अर्थ में है। यह जो पूर्व में मेरे द्वारा ओङ्कार श्रवण से प्रत्यक्षीकृत अर्थ है वह विष्णु, उमा, कुमार इत्यादि से अन्यतम नहीं है। कैसे? ऋषित्व, विप्रत्व एवं महत्त्व के कारण, यह अर्थ है ॥२६॥

प्रश्न है–ऋषित्व एवं विप्रत्व किस प्रकार के महेश्वर में चिन्तनीय है अथवा ओङ्कार किस प्रकार ध्येय है? कहा जाता है–

वाग्विशुद्ध ॥२७॥

यहाँ वाग्विशुद्ध भी भगवान का नामधेय है। ये नहीं इनसे भिन्न भगवान है, वह वाणी तथा मन के साथ छोड़कर रूप, रस, गन्ध, विद्या, पुरुषादि से परे निष्कल रूप में ध्येय है जैसा कि कहा है–

"नित्य पररुद्र में आकृति का परित्याग करके मुहूर्त मात्र भी जिसके द्वारा ज्ञान प्राप्त है वही परयोग है।" परमयोग यह अर्थ है ।।२७।।

प्रश्न है–क्या यह समान पुरुष बालक के समान निष्कल है? उत्तर है–नहीं। जैसा कि कहा है–

तब भी यह महेश्वर [महेश्वरः] ।।२८।।

यहाँ अनादि अज्ञान आदि से रहित [२] ऋषित्व एवं विप्रत्व संज्ञक महान ऐश्वर्य से युक्त होने के कारण यह महेश्वर है यह सिद्ध है। यहाँ तो जब यह वाग्विशुद्ध तथा निष्कल है तब क्यों सामान्य पुरुष के समान अनीश्वर है इस संशय को समाप्त करने के लिये कहा जाता है महेश्वर, क्योंकि- निष्कल भी इस ईश्वर का ऐश्वर्य स्वगुण सद्भाव तथा तत्वधर्म सतत्त्व है। पुरुष चैतन्य के समान उसका अकृतकत्व [किसी के द्वारा किया हुआ नहीं] है इसलिये तब भी वह महान ही ईश्वर है।

इस प्रकार ओङ्कार यह ध्येय कहा गया है । ऋषि, विप्र एवं यह महान है ऐसा ध्येय के गुणीकारण के लिये कहा गया है। ध्येय के अवधारण के लिये वाग्विशुद्ध तथा निष्कल यह कहा गया है। इस प्रकार जिससे इन्द्रिय जय होता है। अतः वसति अर्थ वृत्ति, बल, क्रिया, लाभ आदि व्याख्यात होते हैं।२८।।

अतः यहाँ कहना युक्त है कि शून्यागार गुहा प्रकरण परिसमाप्त हुआ।

प्रश्न है– शून्यागार गुहा में जब इन्द्रियों की जय हो जाती है तथा देवनित्यता प्राप्त हो जाती है तब क्या उसी भैक्ष्य वृत्ति को स्वीकार कर उसी शून्यागार गुहा में दुःखान्त की प्राप्ति के लिये इस साधक को रहना चाहिये अथवा इससे भी वसति अर्थ, वृत्ति, बल, क्रिया, लाभ आदि दृष्ट हैं। उत्तर है- दृष्ट हैं। जैसा कि कहा है–

श्मशान वासी[१] ।।३०।।

प्रश्न है– शून्यागार गुहा को छोड़कर प्रयोजन के अभाव के कारण श्मशान में संक्रान्ति अयुक्त है? तो इसका उत्तर है- नहीं। योग के व्यासङ्ग के परिहारार्थ

---

२. यह पादटिप्पणी सूत्र संख्या ३० पर न होकर सूत्र संख्या २२ पर होनी चाहिये।

होने के कारण यहाँ एक अवस्थान से दूसरे अवस्थान को प्राप्त करके ब्राह्मण के लिये सर्वत्र वसति अर्थ वृत्ति, बल, क्रिया, लाभ आदि अयत सिद्ध रूप में वक्तव्य है। आयतन में इसके [साधक के] वहाँ आदि धर्म हैं-वसति अर्थ वृत्ति, भैक्ष्य, बल, अष्टांग ब्रह्मचर्य, क्रियायें, स्थान, हसितादि, स्थान, कलुष का अपोह शुद्धि, ज्ञान की प्राप्ति तथा अकलुषत्व रूप लाभ। तथा असन्मान [अ० ४ सू०९] परिभव के उपदेश से [अ० ३ सू० ५], आयतन में वसति हेतु, उत्सृष्ट वृत्ति, अकलुषत्व रूप बल तथा इन्द्रिय द्वार का विधान, इन्द्रियों का विधान करके [अ० ४ सू० ४] उन्मत्त के समान अवस्थान से पापक्षय के कारण शुद्धि रूप लाभ प्राप्त होता है। किन्तु सम्पूर्ण धर्म, समान रूप से इन्द्रिय-विजय के पश्चात् ही होता है। तथा वसति हेतु शून्यागार, गुहा, वृत्ति, भैक्ष्य, बल-गोमृग का सहधर्मित्व क्रिया-अध्ययन-ध्यानादि, शुद्धि, अजितेन्द्रिय वृत्तिता का अपोह [जितेन्द्रियत्व] किन्तु लाभ है देवनित्यता तथा जितेन्द्रियत्व। तथा यहाँ भी श्मशान में वसति हेतु निवास करता हुआ यथालब्ध वृत्ति, क्रिया, स्मृति तथा अस्मृति का अपोह शुद्धि है किन्तु लाभ है सायुज्य। उसी प्रकार उत्तर सूत्र में ऋषि से वसत्यर्थ बल अप्रमाद, प्रसाद, उपाय, दुःख का अपोह रूप शुद्धि तथा गुण की प्राप्ति है लाभ। तथा कहा भी है। ''पाँच लाभों, पाँच मलों, पाँच उपायों को पञ्चार्थ में जो समझता हैवह विद्वान् है इसमें कोई सन्देह नहीं हैं।''

प्रथम विद्यालाभ, द्वितीय तपस्लाभ, तृतीय देवनित्यत्व, चतुर्थ योग तथा पञ्चम लाभ गुण प्रवृत्ति के रूप में विज्ञेय है।

''अज्ञान, अधर्म, विषयाभ्यास, स्थिति का अलाभ, एवं अनैश्वर्य ये पांच मल पञ्चार्थ में विज्ञेय हैं।''

वास, ध्यान, अखिल करण निरोध, स्मृति तथा प्रसाद ये पांच उपाय पञ्चार्थ में विज्ञेय हैं।

वासार्थ लोक, शून्यागार, श्मशान तथा रुद्र, ये पांच सिद्धि के लिये नियत देश आख्यात हैं।

इसलिये युक्तियुक्त कहा है। इन सबका सम्बन्ध प्रागुक्त सूत्र ''श्मशानवासी'' से है।

यहाँ श्मशान का अर्थ है लोकादि प्रसिद्ध संस्थान जहां लौकिक मृत शव छोड़ते हैं। शव के सम्बन्ध में श्मशान कहते हैं। उस आकाश में वृक्ष के मूल में अनासक्ति की मर्यादा से निर्द्वन्द्व होकर स्मृति क्रिया निविष्ट होकर निवास करना चाहिये। वसति के संयोग से श्मशान वासी होता है-पुलिन के समान, यह अर्थ है।।३०।।

प्रश्न है– क्या इसका गो-मृग का सहधर्मित्व ही बल है? उत्तर है- नहीं। जैसा कि कहा है–

धर्मात्मा ।।३१।।

यहाँ धर्म का अर्थ है जो यह यम-नियम पूर्वक अभिव्यक्त महात्म्यादि धर्म है वह पूर्वोक्त है। वह उसकी आत्मा में प्रचित [संचित] होता है। उस धर्म से वह धर्मात्मा होता है यह अर्थ है ।।३१।।

प्रश्न है–क्या इसकी भैक्ष्य ही वृत्ति है?। उत्तर है -नहीं।

जैसा कि कहा है–

यथालब्धोपजीवक ।।३२।।

यहाँ यथा शब्द समान अर्थ है– अम्लादि में जितेन्द्रिय होने के कारण। लब्ध का अर्थ है अप्रार्थित रूप में आशादित। उप, उपसर्ग समीप धारण अर्थ में है। उस यथालब्ध अन्नपान को श्मशान से बाहर न जाते हुये [ग्रहण करे]। प्रतिदिन जीवन की स्थिति हेतु उपजीवित रहते हुये यथालब्धोपजीवक हो जाता है यह अर्थ है ।।३२।।

प्रश्न है– क्या जीवन ही सर्वोत्कृष्ट लाभ है? उत्तर है -नहीं। जैसा कि कहा है–

रुद्र सायुज्य प्राप्त करता है ।।३३।।

यहाँ लभते का अर्थ है प्राप्त करना, समीप जाना। रुद्र से कारण का निर्देश किया गया है। रुद्र का रुद्रत्व-पूर्वोक्त है। रुद्र के साथ साक्षात् संयोग ही रूद्रसायुज्य है। भावग्रहण, आत्मा एवं ईश्वर से अन्यत्र प्रतिषेध के लिये किया गया है। योग

का सम्यकत्व [पूर्णत्व] ही सायुज्य है इसलिये यह योग का पर्याय प्रतीत होता है। धर्मात्मा [अ० ५ सू० ३१] इस कथन से अतिगति एवं आनन्त्य के समान यह अर्थ है ।।३३।।

प्रश्न है– किस उपाय से प्राप्त करता है क्या मात्र अध्ययन-अध्यापन से? उत्तर है-नहीं। जैसा कि कहा है–

रुद्र का सदा अनुस्मरण करें ।।३४।।

यहाँ सदा का अर्थ है नित्य, सतत्, अविच्छिन्न। रुद्र शब्द कारण के अपदेश अर्थ में है। रुद्र का रुद्रत्व पूर्वोक्त है। रुद्रम् में कर्म अर्थ में द्वितीया विभक्ति है। अनु उपसर्ग पृष्ठकर्म तथा क्रिया अर्थ में है। पूर्वोक्त ध्येय अर्थ सतत् अनुस्मर्तव्य है। स्मृ धातु चिन्ता अर्थ में है। उष्मा के समान अवस्थित कर्म की च्युति के हेतु के क्षपणार्थ सतत् अनुस्मरण करना चाहिये। स्मृति का अर्थ है-देवनित्यता। तदनन्तर कर्मों के क्षीण हो जाने पर उसके दोषों के हेतु जाल मूल विशिष्ट के प्रत्यागमन के निमित्तों के अभाव के कारण सायुज्य-प्राप्ति हो जाने पर पुनः संसार प्राप्त नहीं होता। यहाँ श्लोक-निर्वचन है ।।३४।।

प्रश्न है-अज्ञान, कलुष, पाप वासना आदि प्रसङ्ग के प्रसार के सम्भव होने के कारण सन्देह होता है कि कर्म के क्षीण हो जाने पर सूक्ष्म रूप में अवस्थित होने पर अत्यन्त विशुद्ध व्यक्ति ही सायुज्य प्राप्त करता है अथवा अविशुद्ध? उत्तर है- विशुद्ध। जैसा कि कहा है–

दोषों के हेतु जाल के मूल का छेदन करके ।।३५।।

यहां व्युत्क्रम के अभिधान के कारण छेद शब्द क्रमशः योजनीय है। छेद का अर्थ है यन्त्रणा एवं धारण। क्यों? सूक्ष्मरूप में अवस्थित कर्म क्षय के लिये वसति अर्थादि निर्देशार्थ होने के कारण। किञ्च अर्थो के अनिर्वचनार्थ होने के कारण वहाँ केवल जप ही अभिहित है। यहाँ तो जो इन्द्रियाँ जेतव्य हैं, जो जेता है [विजेता है], जिसके द्वारा जेतव्य है, जिस प्रकार जेतव्य है, यदर्थ जेतव्य है तथा जिसके विजित होने पर विजित होती हैं वह कहूँगा। तथा जिसकी आत्मवृत्ति अध्ययन- ध्यान- स्मरणादि हैं वह भी कहूंगा। तथा जो आत्मा छेतव्य है उसके छेत्ता, छेद के करण, छेद के प्रयोजन, छेद्य क्षित्ति एवं जिसके छिन्न होने पर छिन्न

होता है वह कहूँगा इसीलिये कहा है-छेदन करके। यहाँ छेद का अर्थ है, मात्र आत्म-भाव का विश्लेषण। विच्छेद वचन से प्रतीत होता है। त्वा से शून्यागार गुहा में अवस्थित साधक के अध्ययन, ध्यान, धारण, यन्त्रणा आदि अवगत होते हैं। प्रश्न है-वह क्या है- अथवा किनके द्वारा छेतव्य है? इसीलिये कहा है-दोषों के हेतु जाल का मूल। यहाँ दोष है-शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध। कैसे? कामार्जनादि मूलत्व के कारण। जैसा कि कहा है-

''काम, क्रोध, लोभ, भय तथा पञ्चम स्वप्न, राग-द्वेष एवं मोह'' तथा अर्जन, रक्षण, क्षय, सङ्ग, हिंसादि दोष हैं।'' अर्जन का अर्थ है प्रतिग्रह जप, क्रय-विक्रय तथा निर्वेश्यादि में ब्रह्मचारियों के विषयार्जन के उपाय। इनमें विषयों का अर्जन करते समय आत्मपीड़ा तथा परपीड़ा अवर्जनीय होती है। यदि वहाँ स्वयं को पीड़ित करता है तो इससे इसी लोक में दुःखी होता है किन्तु यदि दूसरे को पीड़ित करता है तो उसका भी अधर्म, दुःखादि रूप फल संचित होता है। उस दुःख का अनुभव अन्य नहीं करता, कर्ता ही करता है। और भी, विषय किंपाक फल [विष-वृक्ष] के समान होते हैं। जैसा कि सुना जाता है-लवण सागर के समीप कालयवन द्वीप में किंपाक् नामक विष वृक्ष थे। उनके फल स्वाद में अमृतोपम थे जिन्हें कुछ लोग अज्ञानवश गुड़ के समान भक्षण किया एवं भक्षित करके मूर्च्छा एवं छर्दि [क्षेरना] को प्राप्त हुये। इस तीव्र दुःख से अभिभूत होकर पञ्चत्व को प्राप्त हुये।''

''अपने सहृदय की बात सुनकर जो व्यक्ति उसका अपमान करता है वह व्यक्ति विपाकान्त [अन्त में] के किंपाक फलोपम विषय सेवन काल में सुख उत्पन्न करते हैं तथा संसार के परिणाम काल में जन्म निमित्त होने के कारण दुःखों को प्राप्त कराते हैं। इस प्रकार विषयों के अर्जन में दोष को जानकर सैकड़ों तथा सहस्रों में कोई एक विरक्त होता है। ऐसा अन्य व्यक्ति। कैसे? अस्तु, वह उनमें रहे, हम उसका प्रतिषेध नहीं करते किन्तु यह विषयदोष अन्य कष्ट है। कौन है वह? उत्तर है- रक्षण दोष। अर्जित को इनकी रक्षा अवश्य ही शस्त्रपाणि होकर करनी चाहिये। कैसे? नृपदहन, तस्कर-दापाद, के समान फल होने के कारण। वहां आत्मपीड़ा होती है। पर पीड़ा के विषय में भी यथोक्त है। कहा गया है-

''जिस प्रकार चोर स्वकीय द्रव्य को तथा मांसभक्षी स्वकीय मांस को भक्षित करते हैं उसी प्रकार घोर विषय भी मनुष्य को पीड़ित करते हैं।''

''विषयों के परिग्रह के कारण मनुष्य क्लेश का ही समुपभोग करता है तथा उन्हीं विषयों के परित्याग से उसके सम्पूर्ण क्लेशों का क्षय हो जाता है। आत्मदु:खोपघात हेतु त्यागधर्म का समाचरण करें। विषयी व्यक्ति विषयों का परित्याग किये बिना सुख नहीं प्राप्त कर सकता। ''

विषयों के अर्जनादि में दोष को जानकर सैकड़ों या सहस्रों में कोई एक व्यक्ति ही विरक्त होता है तब अन्य क्यों? अस्तु यह विषयों के अर्जन तथा रक्षणादि में दो दोष हैं उन दोनों का हम प्रतिषेध नहीं करते किन्तु यह विषयों का अन्यतर कष्टतर दोष है। वह कौन है? उत्तर है-क्षय दोष। अर्जित एवं सुरक्षित भी इन दोषों में यह क्षय दोष अवश्यमेव अभ्युपगन्तव्य है। विषय क्षय होने पर विषयी व्यक्तियों के पुन: तीव्र दु:ख की अभिव्यक्ति होती है। जिस प्रकार नदियों के उदक क्षय होने पर मत्स्यादि की अभिव्यक्ति होती है-इसलिये यह अशोभन है। कहा गया है- ''तीन ही सर्वभूतापहारी ह्रद रूप दुर्ग हैं– स्त्रियाँ, अन्नपान एवं ऐश्वर्य है, उनसे हे ब्राह्मणों! जाग्रत रहो।''

ज्ञान के समान नेत्र नहीं है, क्रोध के समान शत्रु नहीं-लोभ के समान दु:ख नहीं है तथा त्याग के समान परमसुख नहीं है।

इस प्रकार विषयों के क्षय दोष को जानकर सैकड़ों या सहस्रों से कोई एक विरक्त होता है। ऐसा अन्य कैसे? ये विषय दोष रहे। एक अन्य दोष भी कष्टतर है। वह कौन है? सङ्गदोष। यदि अर्जन एवं रक्षण, क्षय हो जाने पर पुन: किये जाते हैं तथा पुन: अर्जन एवं रक्षण किया जाता है। यदि सङ्गदोष न हो। कैसे? जब तक यह इन्द्रिययुक्त होकर विषयों की अभिलाषा करता है तब तक इसकी तृप्ति उपशान्ति औत्सुक्य विनिवृत्ति नहीं होती । पुन: विषयों के अन्वेषण का आरम्भ करता है। उससे पुन: अतृप्ति आदि पूर्ववत् उत्पन्न होती है इसलिये यह अशोभन है। कहा गया है–

''कामियों के काम की शान्ति उपभोग से कभी नहीं होती जिस प्रकार हविष्य से कृष्णवर्त्मा [धुआँ] अग्नि की पुन: वृद्धि ही होती है। इस पृथ्वी में ब्रीहि [धान], यव, स्वर्ण, पशु, स्त्रियाँ इनमें से एक भी उस तृप्ति के देने में समर्थ नहीं है इसलिये विद्वान शम को स्वीकार करता है।''

इस प्रकार विषयों के सङ्गदोष को जानकर सैकड़ों, सहस्त्रों में कोई एक व्यक्ति विरक्त होता है। वैसा अन्य कैसे? विषयों के ये अर्जनादि दोष होवें, हम उनका प्रतिषेध नहीं करते । विषयों का यह अन्य कष्टतम दोष हैं कौन है वह? कहा जाता है-हिंसा दोष। विषयों के अर्जनादि दोष सक्य हैं। इन्द्रिय लोल्य [चंचलता] दोष भी होवे। यदि हिंसा दोष न हो। कैसे? इन्हीं विषयों के उपभोग में रत व्यक्ति से हिंसादि दोष अवश्यमेव कर्तव्य [हो जाते हैं] हैं। कैसे?भूतों की हिंसा किये बिना। विषयोपभोग सम्भव नहीं है। वहाँ शब्द के कारण यह किया जाता है। जैसे वीणा के निमित्त विद्यमान खदिरादि [खैस] को देखकर अथवा तन्त्री निर्माण हेतु किसी को हिंस्यमान देखकर यदि कोई कहे कि यह अशोभन भूतवध किया जा रहा है, क्रदन कर्म किया जा रहा है [वह वक्तव्य है कि यह तुम्हारे लिये शोभन नहीं है।]। जहाँ भिक्षाप्रद गृहों में रम्य शब्दों को सुनोगे वहां परम परितोष प्राप्त करोगे। तथा [सूत्रादि के निमित्त भूतबध किया जाता है। जैसे बह्यमान कोश कीटों] कोशकारा [दियों] कों देखकर यदि कोई कहे कि यह अशोभन भूतवध तथा क्रदन कर्म [क्रूरतापूर्ण कर्म] किया जा रहा है। वह वक्तव्य है कि यह कहना तुम्हारे लिये शोभा कर्म नहीं है। यहाँ भिक्षाप्रद गृहों में मृदुतर स्पर्श वाले [कोमल] वस्त्रों को प्राप्त करोगे। वहां तुम्हें परम परितोष को प्राप्त होगा। तथा रूप के निमित्त भूतबध किया जाता है जैसे यदि कोई विद्यमान अशोकादि वृक्षों को देखकर तथा दन्तनिमित्त वध्यमान गजादिकों को देखकर कोई कहे कि यह अशोभन भूतवध तथा कदन कर्म किया जा रहा है तो यह वक्तव्य है कि यह तुम्हारे लिये शोभन नहीं है। जब तुम भिक्षाप्रद गृहों में अलंकृत बाट एवं गोपुरों को देखोगे वहाँ तुम्हें परम परितोष प्राप्त होगा तथा रस के निमित्त भूतबध को किया जाता है जैसे तित्तिर, मयूर, बराहादि को वध्यमान देखकर यदि कोई कहे कि यह अशोभन भूतबध किया जा रहा है वह वक्तव्य है कि यह तुम्हारे लिये शोभन नहीं हैं जहाँ भिक्षाप्रद गृहों में षट्रस से युक्त मांस का भक्षण करोगे वहाँ तुम्हे परम-परितोष प्राप्त होगा तथा गन्ध के निमित्त भूतबध किया जाता है जैसे बध्यमान पञ्चनरवादिकों [मृगादिकों]को देखकर कोई कहे कि यह अशोभन भूतबध एवं क्रदनकर्म किया जा रहा है तो वह वक्तव्य है कि यह तुम्हारे लिये शोभन नहीं है। जब तुम भिक्षाप्रद गृहों में सुगन्धों को प्राप्त करोगे वहाँ तुम्हें परम परितोष प्राप्त होगा। इस प्रकार ''काम, क्रोध, लोभ, भय, पांचवा स्वप्न, राग, द्वेष तथा मोह'' अर्जन, रक्षण, क्षय, सङ्ग हिंसादि मूलक होने के कारण यहां शब्दादि विषय दोष है। दोष कैसे? दुष् धातु चित्त-वैचित्र्य अर्थ में

है। दूषित करते हैं अतः दोष है। अध्ययन–ध्यानादि निष्ठ साधक को विचित्त या दूषित कर देते हैं अतः दोष हैं। दोषाणां में षष्ठी बहुवचन विभक्ति है। प्रश्न है– क्या दोषों के लिये ही क्षेतव्य कहा गया है? नहीं। जैसा कि कहा गया है– हेतु। यह हेतु अधर्म है। कैसे? चित्त की चिति का हेतु होने के कारण क्योंकि उससे आविष्ट साधक अध्ययन-स्मरणादि से च्युत हो जाता है। अतः यहाँ अधर्म हेतु है। धर्म स्थिति आदि का हेतु है। प्रश्न है– यह किसका हेतु है? उत्तर है–जाल का । यहाँ जब अधर्म कूटस्थ एवं अनारब्ध कार्यवाला होता है तब हेतु कहा जाता है किन्तु जब अज्ञान वासना वशात् धृति से स्थिति आदि भाव को प्राप्त कर लेता है तब जाल की आख्या प्राप्त करता है। कैसे? जालादि के समान समूह का यह अर्थ है। अन्य तत्वरूप कारण के अभाव के कारण। जालस्य में छेदन शेष अर्थ में षष्ठी विभक्ति है इसलिये छिन्न ही हो जाता है। कैसे? हेतु एवं जाल के दोष तथा चित्त सन्निपात प्रभव होने के कारण। प्रश्न है– क्या प्रति सम्बन्धी दोष हेतु तथा जाल से संश्लिष्ट होता है? तब कैसे अभिलाप किया जाता है? इसीलिये कहा है-मूल। यहाँ मूल कहने पर किसका यह प्रश्न उठता है? हेतु एवं जाल के दोष एवं चित्तसन्निपात प्रभव होने के कारण, प्रवृत्ति होने के कारण प्रतीत होता है कि यहाँ मूल का अर्थ है संयोग मूल ।।३५।।

प्रश्न है– यह छेत्ता,मूलच्छेद किससे करता है?। उत्तर है–

बुद्धि से ।।३६।।

अन्तःकरणाख्या बुद्धि, यह कही गयी है। धर्म स्मृति, प्रेरणादि सहित विद्यागृहीता उस बुद्धि से छेद्य स्थाप्य है, यह अर्थ है ।।३६।।

प्रश्न है– क्या दोषादि से सहगत वधादि से विश्लिष्ट भी वह परतन्त्र कहा जाता है? नहीं। जैसा कि कहा जाता है-मूलाख्या के निमित्त होने पर।

संचित्त ।।३७।।

यहाँ सम् उपसर्ग दोषादि विश्लिष्ट को स्वयमेव स्वगुणत्व से परिगृहीत होता है, अग्नि की उष्णता के समान वित्यानुबन्धी होने के कारण, यह अर्थ है। प्रश्न है– वह क्या है? उत्तर है-चित्त। यहाँ चिति धातु संज्ञान अर्थ में है। सचेत होता है अथवा संचय करता है। इससे अतः यह चित्त है। सुख-दुःख या पदार्थों को जानता है, धर्म एवं अधर्म का अर्जन करता है अतः जानता है अथवा संचय करता है इससे, अतः इसे चित्त कहते हैं। चित्त अर्थात् मन, अन्तःकरण। यहाँ इन दोष

हेतुत्ववादियों से यह युगपत् [साथ-साथ] छेतव्य है तथा विद्यमान से क्रमशः क्षपण होता है ।।३७।।

प्रश्न है–उस चित्त का छेदन करके क्या कर्तव्य है? उत्तर है- रुद्रस्थ होता है। जैसा कि कहा है–

रुद्र में स्थापित करके ।।३८।।

यहाँ ष्ठा धातु गति निवृत्ति अर्थ में है। चित्त की रुद्र से अत्यवधान स्थिति है यह कहा जाता है। त्वा यह श्मशानादि में अवस्थित स्मृति कर्म के अर्थ में निष्ठा प्रत्यय है। च शब्द समुच्चय अर्थ में है। न केवल छेदन करके स्थिर होना चाहिये अपितु स्थापयितव्य है यह अर्थ है। रुद्र ने यह कारणापदेश अर्थ में है। रुद्र का रुद्रत्व पूर्वोक्त है। रुद्र, यह औपश्लेषिक सन्निधान है। चित्त रुद्र में उपश्लेषयितव्य है, अन्यत्र नहीं यह अर्थ है। इस प्रकार विषयों से इन्द्रियों का जय करना चाहिये। यहाँ जो जेता है?, आत्मा। जिससे जेतव्य है? बुद्धि से। यथा जेतव्य है? क्रमशः। जिस हेतु जेतव्य है? चित्त स्थिति हेतु। जिसके विजित होने पर विजित होते हैं? चित्त के। यह भी व्याख्यात हुआ। इस प्रकार जप, यन्त्रणा, धारणात्मक छेदादि के विषय में भी यह योजनीय है तथा अन्तःकरण वृत्ति को स्थिर कर काल विशेष निमित्त मणि-दीप के समान तथा आत्मवृत्ति को स्थिर कर काल विशेष निमित्त मणि-दीप के समान तथा आत्मवृत्ति, अध्ययन, ध्यान, स्मरणादि एवं चित्त-स्थिति व्याख्यात हुई । [?] यह श्लोक निर्वचन हुआ ।।३८।।

प्रश्न है–चित्तस्थिति के समकाल ही कार्य-करण भी रुद्र में स्थित एवं युक्त हैं, तो क्या वे ही युक्त के लक्षण हैं? उत्तर है-नहीं। जैसा कि कहा है–

एक [शरीरादि वियुक्त] क्षेमी [सम्पूर्ण शंकाओं को अतिक्रान्त करने वाला] होता हुआ वीत शोक [समस्त चिन्तारहित] ।।३९।।

यहाँ धर्म एवं अधर्म की वृत्तियों के उपरंत हो जाने पर अवसित प्रयोजन हो जाने के कारण, पक्वफल तथा सर्प-कञ्चुक के समान कार्यकरणों के गतप्राय हो जाने पर रुद्र में स्थित चित्त साधक को निष्कल एवं एक कहा जाता है तथा दोषव्यसंगकर अधर्म के निवृत्त हो जाने पर दोषादि विश्लिष्ट, निस्तीर्ण कान्तार व्यक्ति के समान अवस्थित, रुद्र में स्थित चित्त साधक क्षेमी कहा जाता है। तथा

सूक्ष्म, स्थूल, बाह्य-आभ्यान्तर सलक्षण एवं विलक्षण क्रियाओं के विनिवृत्त हो जाने पर रुद्र में स्थित चित्त निष्क्रिय साधक को सन् [विद्यमान, अर्थात् होते हुऐ] कहते हैं।

प्रश्न है यह निष्क्रिय है यह कैसे अवगत होता है? क्या युक्त के तीन ही लक्षण है? उत्तर है-नहीं। जैसा कि कहा है-वीतशोक। शोक एवं चिन्ता दोनों पर्याय हैं। वह चिन्ता दो प्रकार की होती है। कुशला एवं अकुशला। इसमें कुशला चिन्ता है- अध्ययन-ध्यान, स्मरणादि। अकुशला चिन्ता है– अनध्ययन, अध्यान, अस्मरणादि। इस प्रकार जप, यन्त्रण, धारणादि को करूंगा, इन अनेक विध चिन्ताओं के विनिवृत्त हो जाने पर व्ययगत शोक साधक को वीत शोक कहते हैं ।।३९।।

इस प्रकार यहां योगपदार्थ समाप्त हुआ। कैसे? अर्थों के निर्वचन के कारण। क्योंकि अध्याय के आदि में उद्दिष्ट जो पदार्थ थे वे दोषच्छेद, असङ्ग स्थिति आदि में व्याख्यात हो गये। इस प्रकार इस युक्त से क्रम आदि देवता अशेषित होते हैं। तत् असङ्गादि वचन के कारण।

प्रश्न है– क्या सांख्य-योग मुक्त विशेषित नहीं होते? उत्तर है–विशेषित होते हैं। कैसे? ज्ञानातिशय के कारण। कैसे? सांख्ययोग मुक्त कैवल्यगत स्वात्मपरात्मज्ञान रहित समूर्च्छित व्यक्ति के समान स्थित रहते हैं किन्तु इसको [साधक को] ज्ञान रहता है। जैसा कि कहा है–

ईश के प्रसाद से अप्रमादी दु:खों के अन्त को प्राप्त करता है ।।४०।।

इस प्रकार करता हुआ सर्वज्ञ इसके असंमोह को ज्ञापित करता है। कहा गया है–

''पण्डित [बुध] वह है जो कार्य करणाञ्जन एवं निरञ्जन सम्पूर्ण पुरुषों के लिये अप्राप्तांन्त पुरुष का अभ्यधिक वर्णन करे।

प्रश्न है–जो गन्तव्य है वह प्राप्त है? क्या यह उपचार है? उत्तर है-नहीं। अपरिज्ञान के कारण हमारा तन्त्र योगनिष्ठ नहीं है अपितु योग के कैवल्य से व्यतिरिक्त भी सर्वज्ञ रूप से कहा जाता है। ईश के प्रसाद से अप्रमाद के द्वारा दु:खों के अन्त को प्राप्त होता है। यहाँ प्रमाद शब्द अनागत एवं अनवधान गतत्व

रूप परतन्त्रता को ज्ञापित करता है यह अर्थ है। अंकुर परिरक्षण के समान अनागत काल के प्रतीकार करण के रूप यह अप्रमादी शब्द द्रष्टव्य है। इसलिये युक्त को अप्रमादी रूप में स्थिर रहना चाहिये तथा वर्तमान में माहेश्वर ऐश्वर्य प्राप्त ही है यह कहा गया है। गच्छेत् का अर्थ है गति अर्थात् प्राप्ति होती है। गम्लृ तथा सृप्लृ धातु गति अर्थ में है। पत्र की पांडुता तथा फल के पाप के समान आत्मा को प्राप्त करता है उसी में प्रवर्तन करते हुए साधक का जो यह दु:खापोह रूप गुण है उसी में यह गति नामक संज्ञा होती है यह अर्थ है। दु:खों से यहां प्रसिद्ध आध्यात्मिक, आधिभौतिक एवं आधिदैविकदु:ख गृहीत होते हैं। उसमें आध्यात्मिक दु:ख को मानस दु:ख कहते हैं जिसके निमित्त हैं- क्रोध, मोह, लोभ, भय, विषाद, ईर्ष्या, असूया, द्वेष, मद, मान, मात्सर्य, अरति आदि विशेष दर्शनादि तथा शरीर दु:ख हैं। शिरोरोग दन्तरोग, अक्षिरोग, ज्वर, प्रतिमत्स्य [सन्निपात], अतिसार, का [खाँसी] श्वास, उदर आदि आमय के निमित्तों से उत्पन्न। अन्य भी दु:ख पाँच प्रकार के होते हैं जैसे-गर्भ, जन्म, अज्ञान, जरा, मरण। उस गर्भ में- जब यह पुरुष माता के उदर में निहस्त स्वगात्र होकर खण्ड शकटस्थ के समान नियम-क्षम को अनुभव करता हुआ अवकाश रहित, आकुंचन प्रसारण आदि में अपर्याप्तावकाश पुरुष सम्पूर्ण क्रियाओं में निरुद्ध अत एव द्वाररहित अन्धतपस में मूढ़ बन्धनस्थ के समान अवश्य अनुभव करता है। कैसे? चेतन, भोक्ता तथा तन्मय होने के कारण किन्तु कार्य करण नहीं। कैसे? अचेतन अभोक्ता एवं अतन्मय होने के कारण।

इस प्रकार जन्म दु:ख भी। जब यह पुरुष उत्पन्न होते हुये पुरीष रूपी पंक में मग्न शरीर होकर मूत्र की धाराओं से अभिषिन्चित होते हुये संवृत [बन्द] द्वार वाले शरीर में,योनि से बर्हिभूत होने के संकट काल में अत्यन्त पीड़ित होते हुये अस्थि तथा मर्म बन्धनों से घिसते हुये, विक्रोश एवं रूदन करते हुए उत्पन्न होता है एतत्पश्चात् पुन: उसको अनुचित बाह्य वायु से जनन आवर्त से स्पष्ट होने पर उसको तीव्र दु:ख की अभिव्यक्ति होती है। राजपुष्टकादि के समान। इसी कारण अन्य जन्मादिक स्मृति के हेतु भूत संस्कारों का लोप हो जाता है। इस प्रकार जन्म दु:ख का अनुभव भी पुरुष ही करता है। कैसे? चेतन भोक्ता तथा तन्मय होने के कारण न कि कार्य एवं करणों को। कैसे? अचेतन अभोक्ता एवं तन्मय होने के कारण। इसी प्रकार अज्ञान दु:ख भी अहंकार को आत्मसात् करने वाला पुरुष यह न जानते हुये, मैं कौन हूँ कहाँ से आया हूं अथवा किस

बन्धन से बँधा हूं?। क्या कारण है? क्या अकारण है? क्या भक्ष्य है? क्या अभक्ष्य है? क्या पेय है? क्या अपेय है? क्या सत्य है? क्या? असत्य है? क्या ज्ञान है? क्या अज्ञान है? इत्यादि अज्ञान दु:ख का अनुभव पुरुष ही करता है। कैसे? चेतन भोक्ता एवं तन्मय होने के कारण, न कि कार्य एव करणों को। कैसे? अचेतन, अभोक्ता एवं अतन्मय होने के कारण।

इसी प्रकार जरा दु:ख भी। जब यह पुरुष जरा जर्जरित कृश शरीर शिथिलीकृत नयन, कपोल, नासिका, भ्रूव, दसन, क्रौञ्च पक्षी के घुटनों के समान निर्विड [खिन्न] अक्षिदूषिकादि के कारण अपकर्षादि में असमर्थ परकटे पक्षी के समान लङ्घन, प्लवन तथा धावन में असमर्थ पूर्व काल में व्यतीत, भोग-व्यायाम-शिल्पादि पदों का अनुस्मरण करते हुये स्मृति की विकलता के कारण अवश्य क्लेश का अनुभव करता है। कैसे? चेतन, भोक्ता एवं तन्मय होने के कारण न कि कार्य करणों को। कैसे? अचेतन अभोक्ता एवं अतन्मय होने के कारण। इसी प्रकार मृत्यु दु:ख भी। जब यह पुरुष मृत्यु के समय शिथिलेन्द्रिय, गले को धारण किये हुये कंठ वाला अपने द्वारा उपार्जित मणि, सुवर्ण, धन, धान्य, पत्नी, पुत्र, पशु आदि का समूह किसका होगा। इस कारण अनुतप्त होते हुये, विषयों से व्यथित, सलिलादि की याचना करता हुआ, मर्मो से छिद्यमान हो अवश्य क्लेश का अनुभव करता है। कैसे? अचेतन अभोक्ता एवं अतन्मय होने के कारण। कहा है-''गर्भ में प्रवेश करते हुये, निवास करते हुये, निकलते हुये तथा उत्पन्न होने पर पुरुष दु:ख को प्राप्त करता है इसलिये पुनर्जन्म का न होना ही श्रेयस्कर है।''

इसी प्रकार अन्य पांच प्रकार के भी दु:ख होते हैं। जैसे-इहलोक भय, परलोक भय, अहित संप्रयोग, हित विप्रयोग तथा इच्छा का व्याघात। इसी प्रकार अन्य भी तीन प्रकार के दु:ख होते हैं। पुरुष के विषय में आध्यात्मिक अज्ञान, आधिभौतिक विषयीत्व तथा आधिदैविक पशुत्व से प्रकार के अन्य दु:ख हैं इत्यादि अप्रीति जिसका फल है ऐसी बाधा का जन्म निमित्त होने के कारण दु:ख के रूप में उपचरित होते हैं।

प्रश्न है-अनतिप्रसाद के कारण अशिवत्व संज्ञक चरणाधिकार में ये सभी अनतिप्रसाद बीजत्व के कारण अत्यन्त निवृत्ति क्यों नहीं होती? क्यों संहार को प्राप्त शृंखलायुक्त के समान, अशयित गुण प्राप्ति के हेतु कहा जाता है? दु:खों का अन्त प्राप्त करता है। दु:खों का अत्यन्त एवं परम अपोह एवं गुण की प्राप्ति

परमोत्कृष्ट रूप में होती है। ये दोनों ही इससे प्राप्त होते हैं। इसीलिये कहा है- इसके प्रसाद से। यहां ईश यह भगवान का नामधेय है। ईश कैसे? विद्यादि कार्य के ईशन् के कारण ईश है। प्रसाद का अर्थ है सम्प्रदान की इच्छा। उस प्रसाद से सम्पूर्ण दु:खों का अपोह तथा गुणों की प्राप्ति दोनों ही अन्य उपाधियों के परपरिवादि वचन से शुद्धि के समान होती है। इसी प्रकार यह अथ शब्द है। ''पशुपति से'' इस रूप में उद्दिष्ट [लक्ष्य भूत] दु:खान्त तथा प्रसाद का एवं दु:खों का अन्त ईश्वर की कृपा से प्राप्त करता है।

इस प्रकार दु:खान्त परिसमाप्त हुआ ।।४०।।

इस प्रकार अध्याय की परिसमाप्ति करके कहना युक्तियुक्त है-

इस ब्रह्म का जप करे ।।४१।।

इसका अर्थ पूर्वोक्त है। विधिपूर्वक ही जप करना चाहिये न कि दु:खान्तगत रूप से गणपति के समान [अ०१ सू०३८]। यह अर्थ है।। ४१।। प्रश्न है- कमी होने के कारण स्वेच्छया ही भगवान् कृपा करके दु:खान्त प्रदान कर देता है? पुन: अदु:खान्त नहीं करेगा? यदि असक्त भी है तथापि इसका शक्ति व्याघात तथा पाचक के समान अकर्मापेक्षत्व कहा जाता है?। यहाँ जिस प्रकार दु:खान्त नहीं करेगा? यदि असक्त भी है तथापि इसका शक्ति व्याघात तथा पाचक के समान अकर्मापेक्षत्व कहा जाता है? यहाँ जिस प्रकार दु:खान्त नित्य रूप से हो जाता है वैसा आगे कहेंगे और जैसे लिप्सा एवं आकांक्षा करने वाले साधक की अधिकार निवृत्ति हो जाती है वैसा भी कहेंगे। पदार्थ नियमन हेतु भी कहते हैं।

सम्पूर्ण विद्याओं का ईशान है ।।४२।।

ईशन [शासन] करने के कारण वह ईशान है। यहाँ ईशन् करने के कारण वह ईशान है इससे कारण उक्त होता है। ईशान का अर्थ है धाता प्रभु। प्रश्न है- यह किसका ईशान है?। उत्तर है- वह सबका ईशान है। सर्व शब्द विद्या प्रकृति से निरवशेषवाची रूप में द्रष्टव्य है। विद्या अर्थात् धर्म, अर्थ, काम, कैवल्य एवं उनके साधन में लीन जनों का ईशान है।

विद्यानां में षष्ठी बहुवचन विभक्ति है। प्रश्न है क्या वह केवल विद्याओं का ही ईशान है न कि जो विद्याओं के ज्ञान प्राप्त करते हैं उनका। उत्तर है-

सम्पूर्ण भूतों का ईश्वर है ॥४३॥

यहाँ ऐश्वर्य में निरतिशय होने के कारण ईश्वर कहा जाता है। चैतन्य के समान पुरुष है, यह अर्थ है। प्रश्न है– यह किसका ईश्वर है? उत्तर है सम्पूर्ण भूतों का। यहां सर्व शब्द चेतन एवं अचेतन दोनों के लिये है न कि केवल पृथ्वी आदि के लिये। किन्तु सिद्धेश्वर भिन्न चेतनों के विषय में ही सर्वभूत प्रकृति के कारण सर्वशब्द निरवशेषवाची अर्थ में द्रष्टव्य है। किस कारण भूत कहते हैं? भावन करने के कारण भूत कहे जाते हैं। भूतानां में षष्ठी बहुवचन विभक्ति है।

प्रश्न है– यहाँ कोई विद्या एवं भूत से व्यतिरिक्त ब्राह्मण को मानते हैं? क्या यह उसका प्रभु होता है या नहीं? उत्तर है- प्रभु होता है। जैसा कि कहा–

[ब्रह्माधिपतिर्ब्रह्मणोऽधिपतिर्ब्रह्मा तैत्तिरीय पाठ]

ब्रह्मण का अधिपति ब्रह्मा होता है ॥४४॥

यहां जो यह विरञ्चि, परमपति, सर्वचेतन, व्यतिरिक्त एवं क्षेत्रज्ञ है उसके विषय में यह ब्रह्म संज्ञा है न कि प्रधानादि के विषय में। क्यों? अधिपति कथा विरोध के कारण। ब्रह्म कैसे? बृंहण एवं बृहत् होने के कारण ब्रह्मा कहते हैं। जिसे विद्या, कला एवं भूत फलते-फूलते हैं और इनसे जो बड़ा है अतः वह अधिपति और ब्रह्मा है। यहाँ ब्रह्मण में षष्ठी विभक्ति का एक वचन है। अधि उपसर्ग अधिष्ठातृत्व अर्थ में है। उसके स्वाभाव्य के कारण संहृत या असंहृत कार्य में, यह अर्थ है। अधिपति का अर्थ है सुपति का पति, राजराज के समान। वह पालन, दर्शन एवं भाग तीनों में पति है क्योंकि वह ईश्वर ब्रह्मादि का पालन करता है, ब्रह्मादि के कार्य की रक्षा करता है। ब्रह्मा अधिपति है, ईश्वर अधिपति है।

इस प्रकार विद्यादि कार्य जिससे वृद्धि को प्राप्त करते हैं और इससे जो बड़ा है, इसलिये वह अधिपति ब्रह्मा एवं भगवान है ॥४४॥

प्रश्न है–यहां ब्रह्म के विषय में कार्यकरण का महाभाग्य ही चिन्तन का विषय है न कि साधक की लिप्सा अथवा लाभ? उत्तर है–नहीं। जैसा कि कहा है–

शिव मेरे होवें ॥४५॥

यहाँ जिनके साधिकारत्व के कारण [शिव] अनति-प्रसन्न हैं उनके अशिवत्व को देखकर तथा दुःखान्त को प्राप्त साधकों के विषय में शिवत्व को देखकर कहा-शिव मेरे होवें। ये शब्द आत्मापदेश अर्थ में है अर्थात् मेरा। अस्तु यह कांक्षा अर्थ में है। अर्थात् कांक्षा करता है, लिप्सा करता है, खोजता है [अनुसन्धान करता है]।

प्रश्न है– कितने काल तक के लिये भगवान् शिव इसके हो जाते हैं? उत्तर है– नित्य। जैसा कि कहा है–

सदा ॥४६॥

यहाँ सदा शब्द का अर्थ है नित्य, सन्तत, अविच्छिन्न। प्रश्न है–किसको ऐसा कहा है? कौन इसका शिव होता है? उत्तर है–

शिव ॥४७॥

यहाँ शिव भी भगवान का नाम है। शिव कैसे? परिपूर्ण एवं परितृप्त होने के कारण शिव हैं। इसलिये सदाशिव के उपदेश से दुःखान्त नित्य रूप से हो जाता है। कारणाधिकार की निवृत्ति हो जाती है। तदर्थ दुःखान्त नित्य है ऐसा सिद्ध होता है ॥४७॥

इस प्रकार के कार्य, कारण, योग, विधि, दुःखान्त पाँच पदार्थ समास, विस्तार, विभाग, विशेष एवं उपसंहार– निगमन के माध्यम से व्याख्यात हुए। कहा गया है।

प्रारम्भ में जो समासोक्त होता है। मध्य में उसका विस्तार होता है। विभाग तथा उपनय एवं निगमन के माध्यम से ॥?॥ होने पर यह निश्चय होता है।

यहाँ पति से कारण पदार्थ का उपदेश समास [संक्षेप] रूप से किया गया है। विस्तार तो वाम, देव, ज्येष्ठ, रुद्र, काम, शंकर, काल, कलविकरण, बलविकरण, अघोर, घोरतर, सर्व, शर्व, तत्पुरुष, महादेव ओङ्कार, हृषि, विप्र, महान, ईश, ईशान, ईश्वर, अधिपति, ब्रह्मा, शिव, इत्यादि रूप में। **विभाग** भी– पतित्व अन्य हैं, अजातत्व अन्य है, भवोद्भवत्व अन्य है, इस तरह किया गया है। विशेष अन्यों के प्रधानादि हमारे तद्व्यतिरिक्त भगवान ईश्वर है। कारणाधिकार में जैसा कि कहा है सर्वभूतों का ईश्वर है। सार्वकामिक कहा जाता है, यह उपसंहार है। निगमन है ईश, ईशान, ईश्वर, अधिपति, ब्रह्मा, शिव।

इसी प्रकार पशु, यह कार्य पदार्थ का उद्देश [उद्देश्य] है। उसका विस्तार है विद्या, कला, पशु। उत्पाद्य, अनुग्राह्य, तिरोभाव्य, काल्प्य, कल्पना योग्य, विकार्य, इसके बोध्य, अधिष्ठेयत्व के विषय में इत्यादि सूत्र। विद्या, धर्मार्थ एवं काम के भेदों से दुःखान्त विद्या है। कला द्विविध है–कार्य एवं करण रूप। कार्य रूप पृथ्वी आदि है। करण बुद्धि आदि। पशु त्रिविध हैं, देव, मनुष्य, तिर्यक, देव ब्रह्मादि अष्टविध हैं। मनुष्य अनेकविध ब्रह्मणादि है, तिर्यक् योनि में पशु मृगादि पंचविध

हैं। पशु साञ्जन एवं निरञ्जन दो प्रकार के होते हैं। इत्यादि रूप में विस्तार है। विभाग भी विद्या भिन्न है, कलायें भिन्न हैं और पशु भिन्न है, इत्यादि रूप में है। विशेष भी अन्य के प्रधानादि कारण हैं वे इस शास्त्र में कार्य रूप में व्याख्यात हैं। वहाँ अन्य कारण प्रधान है। वहाँ अन्य का कारण प्रधान है। वह इस शास्त्र में पश्यन् तथा पाशकत्व के कारण कार्य रूप में व्याख्यात है। इसी प्रकार अन्यत्र पुरुष कारण है। किन्तु इस शास्त्र में–पशुत्व के कारण कार्यरूप में व्याख्यात हैं। इसी प्रकार कर्म मध्यत्व के कारण काल स्वभाव उपसंहार के समान है। कार्यत्व के कारण भूत कार्य रूप में व्याख्यात हैं। उपसंहार है– सार्वकामिकानिगमन है विद्या, कला, भूत, ब्रह्मा।

इसी प्रकार योग से योग पदार्थ का उद्देश्य है। उसके इस प्रकार विचरण करने पर योग प्रवृत्त होता है [अ० १, सू० १९, २०]। उभय का यजन करना चाहिये [अ० २ सू०७]। अत्यागति को गयित करता है [अ० २ सू० १७] शङ्कर के विषय में अनन्य भक्ति [अ०२ सू० २०] एवं देव नित्यता, नित्य युक्तता, अध्ययन, ध्यान, स्मरण और नित्य सायुज्य यह विस्तार है। विभाग है क्रिया लक्षण, क्रियोपरम लक्षण, दूरदर्शन, श्रवण, मनन, विज्ञान। [अ० १ सू० २१], गणपति [अ० १ सू० ३८] भूयिष्ठ संप्रवृत्त होता है [अ० ५ सू० २०, २९] सिद्ध दुःखों के अन्त को प्राप्त करता है [अ०५ सू० २०,२९] इत्यादि विभाग है। **शक्ति** ज्ञान एवं क्रिया दोनों है। श्रवणादि ज्ञानशक्ति है, मनोजवित्व आदि क्रियाशक्ति है इत्यादि है। विशेष [भेद है] है, अन्य के लिये कैवल्य किन्तु यहाँ विशेष विकरण है।

प्रतिकरण– यह कैवल्य धर्मातिसक्ति एवं निष्कल ऐश्वर्य यह विशेष है। उपसंहार है इन गुणों से युक्त यह। अतः जितने वाक्य-विशेषों का सन्निकृष्ट [नजदीक] अथवा विप्रकृष्ट रूप में निर्वचन किया गया है उन सर्व निर्वचनों को करके युक्तियुक्त रूप में कहा गया है।

इस प्रकार यहां श्री भगवत् कौण्डिन्य विरचित श्रीमद् योग पाशुपत सूत्र व्याख्यान के पञ्चार्थ भाष्य का पञ्चम अध्याय ब्रह्म के साथ ग्रन्थतः एवं अर्थतः परिसमाप्त हुआ।

आचार्यभासर्वज्ञविरचिता

गणकारिका

नमः सर्वज्ञाय ॥

पञ्चकास्त्वष्ट विज्ञेया गणश्चैकस्त्रिकात्मकः।
वेत्ता नवगणस्यास्य-संस्कर्ता गुरुरुच्यते ॥१॥

लाभा मला उपायाश्च देशावस्थाविशुद्धयः।
दीक्षाकारिबलान्यष्ट पञ्चकास्त्रीणि वृत्तयः ॥२॥

गुरुभक्तिः प्रसादश्च मतेर्द्वन्द्वजयस्तथा।
धर्मश्चैवाप्रमादश्च बलं पञ्चविधं स्मृतम् ॥३॥

अज्ञानहान्यधर्मस्य हानिः सङ्गकरस्य च।
च्युतिहानिः पशुत्वस्य शुद्धिः पञ्चविधा स्मृता ॥४॥

व्यक्ताव्यक्तं जयच्छेदो निष्ठा चैवेह पञ्चमी ।
द्रव्यं कालः क्रिया मूर्त्तिः गुरुश्चैवेह पञ्चपः ॥५॥

गुरुर्जनगुहादेशः श्मशानं रुद्र एव च।
ज्ञानं तपोऽथ नित्यत्वं स्थितिः सिद्धिश्च पञ्चमी ॥६॥

वासश्चर्या जपध्यानं सदारुद्रस्मृतिस्तथा।
प्रसादश्चैव लाभानामुपायाः पञ्च निश्चिताः ॥७॥

मिथ्याज्ञानमधर्मश्च सक्तिहेतुश्च्युतिस्तथा।
पशुत्वमूलं पञ्चैते तन्त्रे हेयाधिकारिकाः ॥८॥

समाप्ताः गणकारिकाः ।

गणकारिकाया रत्नटीका

नमः सर्वज्ञाय॥

अनादिसृष्टिसंहारस्थितिनिर्वाणकारिणे।
नित्यानन्त्येश्वरत्वाय नमः सर्वार्थदर्शिने॥

संसारकूपपतितं यः समुद्धरति द्विजम्।
पञ्चार्थज्ञानहस्तेन तस्मै सद्गुरवे नमः ॥

किं नु भगवन् पञ्चार्थोक्तसमस्तनियोगानुपालनादेव दुःखान्तः प्राप्यत इति?। उच्यते। न केवलं ततः किन्तु समस्तनियोगानुष्ठानशक्तिविकलेनापि ब्राह्मण-विशेषाणां शिष्यत्वेनोपगतानां सम्यगनुग्रहकरणादपि दुःखान्तः प्राप्यते। कस्मात्? सम्प्रदायरक्षणात्। सम्प्रदायं पालयता हि तत्सम्प्रदायसामर्थ्येन दुःखान्तं गमिष्यतां बहूनामपि दुःखान्त सम्पादितो भवति। ततोऽनन्तफलपुण्योपचयः। ततो योगप्राप्तौ प्रसादाद्दुःखान्त इति। तदेवं दुःखान्तनिमित्तेन शास्त्रसम्प्रदायपालनार्थं ब्राह्मण-विशेषाणां सम्यगनुग्रहः कर्तव्यः। असम्यक्करणे तु सम्प्रदायो विप्लावित एवं स्यात्ततो महानरकपात एवेति। सम्यगनुग्रहकर्तृत्वं पुनः पञ्चार्थशास्त्रोक्तार्थनिश्चये सति भवति। स च शास्त्रार्थः पञ्चधा नवधा वा ज्ञातव्यः। तद्प्रतिपादने हि विधावप्यनधिकारः, कुतस्तस्य योगमोक्षाविति। तस्मान्मुमुक्षुभिः-

पञ्चकास्त्वष्ट विज्ञेया गणश्चैकस्त्रिकात्मकः।

पञ्चपञ्चसङ्ख्याऽवच्छिन्नाः समुदायाः पञ्चका लाभादयस्तेषां न्यूनाधिकव्यवच्छेदेन अष्ट इति सङ्खयामाह। तुशब्दः सङ्क्षेपविस्तारपरिज्ञानयोः तुल्यफलत्वमवधारयति शिष्यजिज्ञासाऽनुरोधेन भाष्यारम्भोऽप्यर्थवानिति। विज्ञेया विशेषेण ज्ञातव्याः पुनः पुनरभ्यासेन दृढीकर्तव्या, येन सर्वदा शास्त्रार्थे चित्तस्थे कृते सति ग्रन्थविस्मरणेऽपि ब्रह्माद्यदोषो न भवेत्। अनुष्ठानाशक्तस्यान्यथा हि

सुरापानसमं पातकं स्यादिति। गणशब्दः समुच्चययवाची। चशब्दः समुच्चयेन केवलमष्ट पञ्चका विज्ञेया गणश्चैकस्त्रिकात्मको विज्ञेयः इति। एक इत्यनन्तरोक्ताष्ट- सङ्ख्याशङ्कानिराकरणार्थम्। त्रिसङ्ख्याविच्छिनः समुदायः त्रिकः। स एव आत्मा स्वभावो यस्य भेक्षादिवृत्तिगणस्य स तथोक्तः, वृत्त्यन्तरनिषेधार्थम्। एवमेते नव गणा ज्ञेयत्वोनोद्दिष्टाः। यस्तान्सम्यगवधारयति सो वश्यं दुःखान्तं यास्यत्यन्येषां चानुग्रहकरणसमर्थो भवतीति। कुतः पुनरेतन्निश्चीयत इति। निश्चीयते यस्मात्सर्वैरेव परमयोगिभिः।

वेत्ता नवगणस्यास्य संस्कर्ता गुरुरुच्यते॥

विद् ज्ञाने। तस्य वेदितेति प्राप्ते छन्दोभङ्गपरिहारार्थं छान्दसः प्रयोगो वेत्ता इति कृतः। अथवा विचारणे तस्य वेत्तेति भवति। वेत्ता विचारयति। नवगणानामिति बहुवचने प्राप्ते छन्दोभङ्गपरिहारार्थं तत्परिज्ञानस्य भिन्नफलत्वज्ञापनार्थं वा नवगणस्य इत्युक्तम्। नन्दिमहाकालादिष्वपि गणशब्दो दृष्टः तदाशंकानिराकरणार्थमस्येत्युक्तम्। अस्य अनन्तरोद्दिष्टस्य लाभादिकस्येत्यर्थः। सुपरीक्षितं ब्राह्मण दीक्षाविशेषेण पञ्चार्थज्ञानविशेषेण च शिष्यं संस्कुर्वन्संस्कर्त्ता इत्युच्यते। स च तज्ज्ञैर्मुख्यत एव गुरुरुच्यते। गुरुराचार्यः श्रद्धावतामाश्रमिणां दर्शनसम्भाषणादिभिरपि पापघ्नः पुण्यातिशयकारी चेत्यर्थः। अथवा अन्यथा कारिकासम्बन्ध प्रदर्श्यति। द्विविधः खल्वत्र ब्राह्मणोऽपवर्गगन्ता श्रूयते साधक आचार्यश्चेति। तत्रेह दर्शने यः साधकः सन्नपवर्गं गन्तुमिच्छति तेन शास्त्रं श्रुत्वाऽऽचार्योपदेशमात्राद्धा विध्यादिस्वरूपं ज्ञात्वा विधियोगानुष्ठानमत्यन्ताभियोगेन कर्तव्यम्। यस्त्वाचार्यः सन्नपवर्ग गन्तुमिच्छति तेन किं कर्तव्यमिति आह–

पञ्चकास्त्वष्ट विज्ञेया गणश्चेकस्त्रिकात्मकः। इति

तुशब्दः समस्तसूत्रसूत्रावयवानामुपोद्घातादिनिश्चयद्वारेण नवगणा विज्ञेयास्तान्विज्ञाय शिष्याणां संशयाद्यज्ञानं निर्वर्तयता संस्कारः कर्तव्य इत्येवंभूतं विशेषं सूचयति। शेषस्त्ववयवार्थः पूर्ववत्। कथं पुनरेतत् गम्यते। दुःखान्तनिमित्तमाचार्यत्वमात्मन इच्छता नवगणा विशेषतो ज्ञातव्या इति गम्यते। यस्मात्–

वेत्ता नवगणस्यास्य संस्कर्ता गुरुरुच्यते ॥१॥

एवं चानुष्ठानाभिनिवेशासमर्थोऽपि यदि श्रद्धान्वितो भूत्वेषदपि समयमात्रं पालयन् ज्ञानाभ्यासं न मुञ्चति तदा पवर्गगन्ता भवत्याचार्य इति चोच्यते।

यस्त्वागमार्थज्ञानमात्रेण तुष्टः सन् श्रद्धादिविरहितः श्रद्धादिमात्रयुक्तो वा लाभादिज्ञानविकलः स खाल्वाचार्याभास एवं नापवर्गगन्तेति ।।१।।

गणस्वरूपं तर्हि वाच्यम्। अथ केऽष्ट पञ्चकाः, कश्च त्रिकात्मको गणः इत्यत आह–

लाभा मला उपायाश्च देशावस्थाविशुद्धयाः।
दीक्षाकारिबलान्यष्ट पञ्चकास्त्रीणि वृत्तयः ।।२।।

पञ्चक, आठ, विशेष रूप से ज्ञातव्य हैं, गण भी एक त्रिकात्मक[तीन के समाहार स्वरूप हैं] ॥

तु शब्द, समस्त सूत्रों के अंशों [अंगों] के विश्लेषण आदि के निर्णय द्वारा नवगण जानने योग्य हैं, उन्हें विशेषरूप से जानकर शिष्यों के सन्देह आदि अज्ञान [ज्ञान से विक्तता] का निवारण करने वाले के द्वारा संस्कार किया जाना चाहिए, इस प्रकार के विशेष अर्थ को सूचित करता है। शेष अवयवों का अर्थ तो पूर्ववत् [ही] है। तो फिर [प्रश्न होता है कि] इसे कैसे समझें? [उत्तर है]– दुःखान्त के निमित्त अपना आचार्यत्व चाहने वालों को नवगण विशेषतः जानना चाहिये,

ऐसा समझें क्योंकि–

इस नवगणा के वेत्ता [विचारक] संस्कर्ता गुरु [संस्कार करने वाले गुरु] कहे जाते हैं ॥१॥

इस प्रकार अनुष्ठान प्रवेश [धार्मिक कृत्यों के संकल्प] में असमर्थ [व्यक्ति] भी यदि श्रद्धायुक्त होकर थोड़ा भी संकेतमात्र का पालन करता हुआ ज्ञानाभ्यास नहीं छोड़ता है तो वह आचार्य अपवर्ग [स्वर्ग] गामी होता है, ऐसा कहा जाता है। जो आगमों के अर्थज्ञानमात्र से संतुष्ट होकर, शुद्धादिविहीन होकर अथवा श्रद्धादियुक्त होकर लाभ आदि ज्ञान से विरत [होता] है वह मात्र आचार्याभास है, अपवर्गगन्ता नहीं ॥१॥

अतः गण का स्वरूप बताना चाहिये। यहां अष्टपञ्चक कौन है? और त्रिकात्मक गण कौन है? इसे कहते हैं–

लाभ, मल, उपाय, देश, अवस्था, विशुद्धि, दीक्षाकारी, बल ये अष्टपञ्चक हैं [और] तीन वृत्तियां है ॥२॥

विधीयमान [शास्त्रानुमोदित], उपाय [साधन] का फल ही लाभ है अथवा ज्ञान, तप, देवनित्यत्व [देवता की नित्यता] स्थिति-सिद्धि भेद वाले लाभ हैं, अथवा पूर्व के अप्रकाशित भाव, जो साधक की आत्मा में अभिव्यक्त हों, वे लाभ कहे जाते हैं। आत्माश्रित जिन भावों के क्षपणार्थ [दमन के लिये] साधक यत्नशील होता है वे मल हैं। अथवा मिथ्याज्ञान, सङ्गच्युति [आचरण भ्रष्ट] संस्कार से च्युत होना [पशुत्व आदि भेद वाले] मल हैं। साधक के साधकतम शुद्धि और वृद्धि हेतु ही उपाय [साधन] हैं। अथवा निवास, चर्या, जप, ध्यान, सदास्मरण, प्रसाद इत्यादि उपाय हैं। च शब्द [यहाँ] पद की पूर्ति के लिये है, अथवा लाभादिकों की परस्पर संकीर्णता [विस्तार] को सूचित करता है। देश अवस्था और विशुद्धि में द्वन्द्व समास है। साधक जिस आश्रय के सामर्थ्य से शुद्धि तथा वृद्धि [पवित्रता और प्रगति] को प्राप्त करता है वे देशगुरु, जन, गुहा, श्मशान, रुद्र नामक हैं, यह आगे कहेंगे। लाभ प्राप्ति की एक मर्यादा से स्थिर [अवस्थित] व्यक्तादि विशेष से विशिष्ट साधक की अवस्थाएं कहीं जायें। मिथ्याज्ञान आदि का समूल [अत्यन्त] उच्छेद विशुद्धियां है। दीक्षाकारी और बल में द्वन्द्व [समास] है। दीक्षाकारी अर्थात् दीक्षा के हेतु द्रव्य, काल, क्रिया, मूर्ति, गुरु संज्ञक साधक

के आत्मगत उपाय [साधन हेतु] प्रवृत्ति निमित्तक बल के [अन्तर्गत] गुरु भक्ति, मति, प्रसाद, द्वन्द्व, जय, धर्म, अप्रमाद आदि [लक्षण] हैं। अष्टपञ्चक यह उपसंहार [कर रहे] हैं। तिस्त्रों वृत्तयः ऐसा होना चाहिये था किन्तु 'त्रीणि वृत्तयः' ऐसा [नपुंसक लिङ्ग प्रयोग छान्दस किया गया है [ताकि] पञ्चम वर्ण लघु बना रहे। आगम के अविरोधी [विरोध से हीन] अन्नार्जन वृत्तियां हैं। उसमें प्रथमावस्था वाले के लिये भैक्ष्य ही वृत्ति कही गयी है। उसके नियम के सन्दर्भ में कह रहे हैं-भिक्षा का समय जानकर भस्म से पवित्र होकर, हाथों को प्रक्षालित कर, भिक्षापात्र लेकर उसे जल से प्रक्षालित करके एवं मन्त्र से संस्कृत कर महादेव को प्रणाम कर, उसके बाद गुरु से आज्ञा के लिये [उनकी] प्रार्थना करनी चाहिये। तब देवगुरु से अनुमति पाकर मन्त्रों को दुहराते हुये [आवर्तन करते हुये] ईश्वर में दत्तचित्त हो, दृष्टि से पवित्र पथ से, अभिशप्त एवं पतित गृहों को छोड़कर, जहां भय हो, जहाँ कौवे आदि अपवित्रता के हेतु हों, वस्त्रहीन युवती, मल दुर्जन व कटु वचन वाले हों, भिक्षा आदि के घर को छोड़कर, एक ही ग्रामादि में भ्रमण करे, यदि इससे पर्याप्त [प्राप्ति] न हो या कोई उपोद्घात [पाप अथवा बाधा] हो तो अपने निवास पर आकर अपराध के अनुसार प्रायश्चित्त करके और मन्त्र से संस्कृत कर भैक्ष्य शिव और फिर गुरु को निवेदित कर, हृदय में महेश्वर का ध्यान कर संयत वाक् और उत्तराभिमुख होकर या पूर्वाभिमुख होकर सम करके क्रमशः भोजन करे। पात्र तथा पात्र की शुद्धता स्मृति प्रसिद्ध सूत्रानुसार करनी चाहिये, जैसा कि याज्ञवल्क्य कहते हैं–

''यतियों के पात्र मिट्टी, वांस, दारू [कदली, काष्ठ] अलाबु, तूम्बा, [एक जंगली लकड़ी] कद्दू या लौकी से निर्मित होना चाहिए। इनकी शुद्धि जल और गोवाल के मार्जन से होती है।''

मनु ने भी कहा है–

'' उस यति के पात्र अतैजस और ब्रजरहित [छिद्ररहित] होने चाहिए। उनकी पवित्रता उसी प्रकार जल से कही गयी है जैसे यज्ञ में चमस [चम्मच] की होती है। जो पात्र जूठे [सापन्न], सलेष [लिप्यमान] एवं विभिन्न [टूटे] हों, उनमें खाकर या पीकर चान्द्रायण [व्रत] करना चाहिए, ऐसा यम है।''

आगमों का विरोध न होने के कारण एकान्न [वाले] विद्याख्यायन अनुशासन लोकपात्रादि निमित्तों से भैक्ष्य को विजित करने वाले का प्रतिषेध देखना चाहिये,

यह [यहाँ] प्रतिपद विधि हैं तृतीयावस्थ की भी यही विधि है। यह यहाँ विशेष है। तृतीयावस्थ परमयोगित्व के कारण प्रायश्चित्त, निवेदन, पञ्चब्रह्म-जप, अनुस्नान आदि नहीं करता है। द्वितीयावस्थ की वृत्ति उत्सृष्ट ही है। देवादि के उद्देश्य से परिव्यक्त अन्न अशुचित्व आदि दोष से रहित करुणा और कौतूहल से या कोई दुष्टजाति भी दे तो उसे उत्सृष्ट कहते हैं। वह मायाभेद से उपयोक्तव्य है। भैक्ष्य-निवृत्ति के लिए पात्र का नियम नहीं है। चतुर्थावस्थ की वृत्ति यथालब्ध है। श्मशान पर स्थित व्यक्ति द्वारा ही एक दिन, दो दिन या तीन दिन में जो अनपान प्राप्त होता है वह यथालब्ध कहा जाता है। पञ्चमावस्थ की तो शरीराभाव के कारण वृत्ति होती ही नहीं ॥२॥

ग्रन्थक्रम की अप्रधानता एवं अर्थज्ञान का ही प्राधान्य मानते हुए गुरुभक्ति इत्यादि के द्वारा बिना क्रम के ही निर्देश करना है अथवा सर्वारम्भों के लाभार्थ होने के कारण उसके प्राधान्य ज्ञापनार्थ पहले लाभ उद्दिष्ट हैं। अब इस समय सभी लाभ उपायसाध्य हैं और वे उपाय बलहीन पुरुषों द्वारा अनुष्ठान के सम्भव नहीं हैं अतः पहले [इसके] प्राधान्य ज्ञापन के लिए बलों के निर्देश किये हैं।

गुरुभक्ति, प्रसाद [अनुग्रह] बुद्धि के द्वन्द [उहापोह] पर विजय धर्म एवं अप्रमाद ये पाँच प्रकार के बल [कहे गये] हैं ॥३॥

पञ्चार्थ-ज्ञान का उपदेशक आचार्य गुरु [होता] है। उसके प्रति श्रद्धा अर्थात् सभी दुःखों से अभिभूत मेरे यही त्राता हैं, ऐसी भावना करना [ही] भक्ति है। कहा भी है' गुरुदेव [है] 'गुरु स्वामी हैं' आदि। कारण और प्रवचन में भक्ति विरोधी हो ऐसी बात नहीं क्योंकि उनकी अनुमति से भक्ति सम्भव है। उनकी भक्ति करनी चाहिए ऐसा जो नहीं मानता [कहता] वह अनुग्रह न करने के कारण गुरु ही नहीं होता [है] वह गुरुभक्ति, अनभिप्रेत [विकल्पहीन] का परित्याग करते हुए तथा उत्थान आदि [आचरण का पालन] करते हुए [साधक के द्वारा] सेवित की जानी चाहिए। शास्त्र में अकथ्य का भी उसके अभिप्राय को जानकर तदनुकूल [आचरण-व्यवहार] करना चाहिये। कहा भी है- ''ग्रन्थार्थ विदुष'' [ग्रन्थ के अर्थ का पंडित] आदि। जो भी गुरु को अभिप्रेत हो वही शास्त्रों द्वारा अकथ्य [होते हुए] भी राम [परशुराम] के मातृबध की तरह श्रेयप्रद होता है। गुरुवाक्य में श्रद्धा करनी चाहिये अन्यथा दोष तथा तत्व-ज्ञान के लाभ का अभाव

होता है। भक्तिबल से विहीन [साधक] ग्रहण आदि से युक्त [होता] हुआ भी ज्ञान के अवलेप से अन्यथा [रहित होता हुआ] भी शास्त्रार्थ को प्राप्त कर लेता है। अतः ग्रहणादि से युक्त के लिए भक्ति ही बल है। [इसमें] भाष्य [का] भी विरोध नहीं है क्योंकि बल अर्थात् अष्टांग-ब्रह्मचर्य का यहाँ यही अर्थ है। ग्रहण आदि अष्ट अंग अष्टांग भक्ति ही कही जाती है, वेद वेदाङ्ग की भांति अर्थान्तर के अभिधान [करने] से। वही [भक्ति] ब्रह्मचर्य का निमित्त होने के कारण ब्रह्मचर्य, ऐसी कही जाती है।

यदि यथाश्रुतार्थ हो तो वासोविधान इत्यादि ज्ञापक अभिधान का विरोध होता। विधि में अधिकृत को दूसरा बल कहते हैं। मति का प्रसाद आदि। मतिप्रसाद शब्द से अकलुषता कही गयी है। ऐसा होने पर [कालुष्याभाव होने पर] मति प्रसन्न होती है। और भी 'कालुष्यहीनत्व' बल है 'ऐसा भाष्य में [कहा गया] है। तो यहाँ भी स्पष्ट अभिधान क्यों नहीं किया गया मति की प्रसन्नता के लिए अन्य [अर्थात्] अशौच, व्यामोह आदि से अभाव से बलत्व ज्ञापन के लिए, प्राधान्यापेक्षा से कालुष्याभाव कहा [है]। च शब्द [यहाँ] विद्यमान भी पूर्वोक्त बल के चरितार्थ होने से तद्छलत्व प्राधान्य के कारण चारणीय नहीं होता है, यह सूचित करता है। वह अकलुषत्व दो प्रकार की है- पर और अपर। वहाँ [उनमें] कालुष्य बीज के होने पर भी उत्पन्न कालुष्य का निरोधक अनागत कालुष्य जब तक नहीं उत्पन्न होता तब तक जो कलुषत्व [होता] है वह अपर [है]। जो बीज के क्षय [होने] के अत्यन्त निमित्त के सद्भाव होने पर भी कालुष्य नहीं उत्पन्न होता वह पर [कहा जाता] है। योगक्रिया में अधिकृत को तृतीय बल को कहते हैं– द्वन्द का जय। अध्यात्मिक, आधिभौतिक, एवं अधिदैविक दुःखों के साधन द्वन्द [कहे जाते] हैं, उन पर विजय [प्राप्त करना], सहिष्णुता 'द्वन्द का भविष्य में न होने की सम्भावना का होना, ऐसा अर्थ है। 'तथा' शब्द समान अर्थ प्रत्युक्त है। जैसे पूर्वोक्त बल के होने पर भी अचरितार्थ विधि में अधिकृत [साधक] का कालुष्य विहीन होना ही बल कहा जाता है, वैसे [ही] दोनों बल के होने पर भी अचरितार्थ द्वन्द सहिष्णुता ही प्राधान्येन बल [कही जाती] है। वह भी दो प्रकार की होती है- पर और अपर भेद से-पाप के नाश न होने पर योगक्रिया में लीन साधक का मृदु, मध्यम तथा शीत-आतप आदि का अनुभव किया जाना, ध्यान आदि का अभ्यास [किया जाना] है। जो, समस्त पाप के नष्ट हो जाने पर, गुहादेश में स्थित [साधक का] अतितीव्र भी [तीव्रतम] शीत आदि द्वारा अनभिभाव्यत्व [अनुभूति का न होना] द्वन्द सहिष्णुत्व पर है।

भाष्यकार ने तो पर को हीं गो-मृग धर्मित्व कहा है। अकलुषत्व की तरह शिष्य अपर को गो-मृगधर्मित्व के परिपेक्ष्य में [दृष्टि से] देखा जाय, इस अभिप्राय से नहीं कहा [गया]। सदास्मण के चतुर्थ बल को कहते हैं यह 'धर्म' है, ऐसा। एव शब्द अवधारणार्थ है। जब धर्म ही अवस्थित है तो बल है। अत्यल्प अधर्म के होने पर भी अवधारण में दोष नहीं होता जैसे काला धब्बा होने पर भी यह वस्त्र सफेद है, ऐसा कहा जाता है। च शब्द यह सूचित करता है कि पूर्वोक्त तीनों बलों के होने पर भी धर्म ही के चरितार्थ, होने से बल है। निष्ठायोग सम्पन्न साधक का पञ्चम बल 'प्रमाद का न' होना है। यहां अप्रमाद से तात्पर्य विशिष्ट ज्ञान का होना है। जैसा कि भाष्योक्ति है-इसको ज्ञान है अत: यह अप्रमादी है। च शब्द यहां सूचित करता है कि शरीरेन्द्रिय धर्म-अधर्म के व्यावर्तन होने पर अप्रमाद ही बल है तथा और बलों का न्यूनाधिक व्यवच्छेद भी है। उपसंहारत: बल पांच के हैं। स्मृतम् पद द्वारा-यह आप्त [पुरुष] द्वारा उक्त है ऐसा दिखाते हैं। यदि कहें कि बल-विचार वहाँ होता है जहाँ शत्रु विनाश करना [आवश्यक] तो यहां मोक्षशास्त्र में वीतराग निष्परिग्रह [साधक] के शत्रु ही नहीं [होते] हैं तो उनका विनाश क्यों विचारणीय [चिन्तनीय] हो अत: यहाँ बल की चिन्ता [विचार] करना अनुपयुक्त है। परन्तु ऐसा नहीं कह सकते क्योंकि साधक के अज्ञान आदि शत्रुओं के द्वारा भी हानि की सम्भावना है अत: उसके प्रतिपादनार्थ कहते हैं-

शुद्धि पाँच प्रकार की स्मरणीय है- अज्ञान की हानि, अधर्म की हानि, सङ्गजन्य [दोषादि] की हानि, च्युतिहानि और पशुत्व की हानि ॥४॥

'अज्ञानहानिरधर्मस्य' ऐसा शब्द होना चाहिए था किन्तु छन्दोभंग के निवारण के लिए 'अज्ञानहान्यधर्मस्य' ऐसा कहा [गया]।

आर्ष [प्रयोग] होने से दोष नहीं है। अज्ञान क्या है आगे कहा जायेगा, उसकी हानि समूल से उन्मूलन [विनाश] है। अधर्म भी वक्ष्यमाण [अग्रकथित] है, उसकी हानि अर्थात् विकारयुक्त का अत्यन्तोच्छेद है। अधर्म की ही तरह संगजन्य [दोष] की हानि कही गयी है। चकार हानिपद के अनुकर्षण के लिये [प्रत्युक्त] है। वक्ष्यमाण बीज का अत्यन्ताच्छेद अर्थात् च्युति का समूलोच्छेदन ही च्युति-हानि [कही गयी] है। पशुत्व पद में षष्ठी विभक्ति का कथन करने से अनन्तरोक्त

हानिपद से उसका सम्बन्ध [बताया गया] है। डमरूक-मणि-न्याय से [जैसे डमरू के मध्य में स्थित मणि अर्थात् डोरी की गोटी दोनों तरफ वादन में कार्यक्षम होती है [च्युति तथा पशुत्व] पदों के मध्य में कथित हानिपद च्युति तथा पशुत्व दोनो पदों से सम्बन्धित है। सङ्ग कर पद के अन्त में कथित चकार यहाँ भी अनुवृत्त किया जाता है। वह केवल हानिप्रद का ही अनुकर्षक नहीं है बल्कि शुद्धियों के न्यूनाधिक भाव को अवच्छिन्न करता है। पशुत्व का माहेश्वर-ऐश्वर्य सम्बन्ध होने से आत्यन्तिक निरोध पशुत्व की हानि कही गयी है। शुद्धि पाँच प्रकार की होती है, यह उपसंहार है। स्मृता [पद] आप्त कथन के प्रदर्शन हेतु प्रत्युक्त है। तो क्या ये शत्रु-निवृत्तियां और बल अवस्था भेद से भिन्न [साधक] के होते हैं अथवा एकावस्था के इसमें संशय कहा [है]-विष्णुचक्र उभयथा दर्शन से? कहते हैं प्राय: अवस्थाभेद से भिन्न का ही। क्योंकि अवस्थाभेद-**व्यक्त, अव्यक्त, जय, छेद और निष्ठा** को कहते हैं। प्रतिपदा अवस्था व्यक्त अवस्था है। कैसे? यह पशुपति के लिये है, भस्म, स्नान, अनुस्नान आदि के द्वारा लिङ्गधारी [है] इस उपदेश से। द्वितीयावस्था जाति आदि व्यक्ति से अहेतुक होने से अव्यक्तावस्था कही गयी है। कैसे अव्यक्त लिङ्गत्व एवं विद्या आदि गोपन उपदेश से। तृतीयावस्था इन्द्रियों पर विजय प्राप्तार्थ होने के जयावस्था कही जाती है। आचार्य सूत्रों के सम्बन्ध कथन द्वारा देवनित्यत्वार्थ में भी इसकी इन्द्रिय जयार्थता ही मुख्यत: कही गयी है। अवसानार्थ की अवस्था छेदावस्था कही जाती है [भोक्त आदि के त्याग अर्थात् वीतशोक की अवस्था छेदावस्था कही जाती है।

सम्पूर्ण साधक व्यापार में अत्यन्त उपरम [अति-रति] निष्ठा कही गयी है उससे उपलक्षित अवस्था निष्ठावस्था कही गयी है। व्यक्त आदि विशेषणों से अभिधान [कथन] करने से ऊह आदि शक्तिवालों को विशेष प्रतिपत्ति [ज्ञान] हो इस अभिप्राय से यहाँ अवस्थाग्रहण नहीं किया गया। च शब्द यहां न्यूनाधिक व्यवच्छेद अनुपपन्न होगा तो ऐसा नहीं [है], क्योंकि गोपन नियम के द्वारा अव्यक्तावस्था में ही अन्तर्भाव होता है। जय एवं छेदावस्था में भी अव्यक्तावस्थात्व का प्रसंग नहीं होता, इनका गोपन नियम में पार्थक्य होकर निष्ठावस्था में जाकर सिद्धावस्था को पञ्चमी कहा है। इसलिए कुछ लोग उस मत के अवधारण से ही इसे कहते हैं। निष्ठा यहाँ पंचमी है, ऐसा। इह यहाँ पञ्चार्थदर्शन में निष्ठावस्था। ही पञ्चमी पाँचवें सूत्र प्रभाष्य से प्रतीत होती है न कि सिद्धावस्था। क्षपणीय और प्रापणीय के अभाव के कारण साधकावस्था को भी यहाँ निरूपित करते हैं, उससे अन्यथा नहीं। यहां कहते हैं- अनाधिकारी की अवस्था प्राप्ति अयुक्त

है उनमें द्वितीयादि अवस्था की प्राप्ति में ज्ञान, अकलुषत्व आदि अधिकारत्व के आप्रादक हैं तथा प्रथमावस्था की प्राप्ति के कौन हेतु हैं? यह कहते हैं– यहाँ भी कारण-विशेष से उत्पादित दीक्षा हेतु हैं क्योंकि उस कारण के प्रतिपादन के लिये यह कहा गया कि–

द्रव्य, काल, क्रिया, मूर्त्ति और पञ्चम गुरु ॥५॥

यहाँ विद्या, कला, पशु नामक त्रिविध कार्य द्रव्य कहा जाता है। उनमें विद्या शिष्यगत दीक्षा का अंग [भूत] है, जिसके द्वारा शिष्य दीक्षा में अधिकृत होता है। जिसके द्वारा आचार्य सम्पूर्ण दीक्षा को निर्वसित करता है वहँ आचार्यगता विद्या है। कला, दर्भ आदि दीक्षा का अङ्ग [भूत] है। कहा है–

"पहले दर्भ फिर भस्म, चन्दन, सूत्र, पुष्प फिर धूप, मन्त्र यह क्रम स्मरणीय है।"

पशु अर्थात् संस्करणीय ब्राह्मण। इस तरह व्याख्या देने से उपकरण आदि का भी संग्रह है इसलिये संस्कार, कारिका का विरोध नहीं है। काल [अर्थात्] पूर्वाह्ण। कारणमूर्ति तथा शिष्य का संस्कार कर्म क्रिया कही जाती है। उसका क्रम संस्कार-कारिका में देखना चाहिए। उपहार सूत्र में-महादेव के यज्ञस्थान उर्ध्वलिङ्ग आदि रूप कहा गया है, उसके समीप दक्षिण भूमिप्रदेश जो कुटी आदि से अव्यवहित हो, [यहाँ] मूर्ति शब्द से अभिप्रेत है। गुरु-आचार्य, वह दो प्रकार के हैं, पर और अपर। उनमें पञ्चार्थ ज्ञान की मर्यादा से युक्त [समाहित] उपर [कहे गये] हैं। जैसा कि कहा गया है–

"शास्त्रानुकूल प्रचार में प्रकृष्ट मति एवं कुशल अभिनिवेश योग्य होता है वही सन्तों का सम्मत आचार्य एवं ज्ञान का हेतु होता है।"

और भी–

"शिष्यों में आचरण की स्थापना करते हुए स्वयं आचरण करता है और शास्त्रार्थ का चयन [मनोयोगपूर्वक निर्णय अथवा विचार] करता है, इससे आचार्य कहा जाता है।"

उसके अधिष्ठाता भगवान महेश्वर हैं, पर गुरु [हैं] और इस प्रकार वर्णन करने पर यहाँ निमित्त भी अनुक्त नहीं [रह जाता] है। च शब्द न्यून या अधिक

व्यवच्छेद का सूचक हैं। एव शब्द गुरु की प्रधानता बताता है। इह पद से स्वसिद्धान्त का निर्देश है। पञ्चम पद से उपसंहार [निर्द्रिष्ट] है। अथवा एवं तथा इह पदों का अन्वयार्थ प्रदर्शित किया जाता है।

यहां ही पाशुपत-दर्शन में इस प्रकार के विशिष्ट दीक्षा निमित्त [करण] है अन्यत्र नहीं। तदुपरान्त निष्पाद्य दीक्षा भी यही विशिष्ट है अन्यत्र यह उक्त नहीं होता है। अतएव कारण विशेषों से ही यह दीक्षा विशिष्ट होती है, फल विशेषों से क्यों नहीं? जिस कारण से ऐसा होता है उसके लिए यह कहते हैं–

ज्ञान, तप, नित्यत्व, स्थिति और पांचवीं सिद्धि।

यहाँ पर पाँच पदार्थों का विषय, समास, विस्तर, विभाग, विशेष, उपसंहार, निगमन से तत्वज्ञान, प्रथम विद्यालाभ ही को ज्ञान कहते हैं। उक्त समासादि का स्वरूप यद्यपि भाष्यकार आचार्य ने भाष्य की समाप्ति होने पर प्रकट किया है फिर भी अंश भाग से विवरण हेतु हम लोग भी उस स्वरूप को प्रकट कर रहे हैं। जैसे पदार्थों का उद्देश-समास है। वह अथ शब्दादि द्वारा-दु:खान्तादि का कथन किया गया है। उद्दिष्ट का प्रामाण्य से प्रपंच का अभिधान [व्याख्या] विस्तर है। पति: सन्नादि इत्यादि वचन रूप में। उसी के सिद्धि हेतु साधन रूप में प्रामाण्य भी विस्तर शब्द से अभिहित हैं। धर्म और धर्मी का यथासम्भव लक्षण से अन्यत्व कथन विभाग है। सर्वत्र जो कहा जाय उसको अभिधान कहते हैं। कर्म में प्रत्यय ही सिद्धि द्रष्टव्य है। अब यहाँ दु:खान्त का विभाग कहने जा रहे हैं। सम्पूर्ण दु:खों की निवृत्ति दु:खान्त है। वह दो प्रकार का अनात्मक [स्वरूपहीन] और सात्मक [स्वरूपयुक्त] है। यहाँ सम्पूर्ण दु:खों का अत्यन्ताभाव अनात्मक [स्वरूपहीन] एवं महेश्वर लक्षण की सिद्धि सात्मक [स्वरूपयुक्त] है। वह सिद्धि दो रूपोंवाली ज्ञानशक्ति और क्रियाशक्ति है। वहाँ ज्ञान से अभिन्न तद्रूप शक्ति ज्ञान-शक्ति है।

वह ज्ञानशक्ति एक होती हुई भी परिवृत्त सम्पूर्ण विषय के भेद से पाँच प्रकार की दर्शन [आत्मावारेद्रष्टव्य: आत्मा को देखना चाहिए] श्रोतव्य: [सुनना चाहिए, श्रवण करना चाहिए] इत्यादि [उपनिषदों] के द्वारा जिस प्रकार ब्रह्म सर्वज्ञ है अर्थात् सब कुछ जानता है उस प्रकार जीव में आरोपित सर्वज्ञत्व के निषेध हेतु कही गयी है। क्रिया में जो हेतु अर्थात् निमित्त हो क्रियाशक्ति है, वह मनोजवित्व आदि भेद से तीन प्रकार की है। यहाँ अत्यधिक शीघ्रकारित्व ही

मनोजवित्व है। कर्म आदि की अपेक्षा किये बिना ही, इच्छामात्र से एक या अनेक रूप में कर्तृत्व की प्राप्ति का अनुभव, कामरूपित्व [कामरूपता] अर्थात् कामनानुकूल रूप प्राप्ति, तथा शरीरेन्द्रिय आदि सहित अत्यधिक ऐश्वर्यप्राप्ति या सम्बन्ध विकरण धर्मित्व अर्थात् विशेषरूप में इन्द्रिय आदि सहित हैं। जब यह दो प्रकार की सिद्धि प्राप्त होती है तो अवश्यत्व व पतित्व आदि दस सिद्धिलक्षण अन्त में प्राप्त होते है। वहाँ पूर्णरूपेण दूसरे के अधीन न रहना ही अवश्यत्व है अतएव क्या यहाँ अवश्यत्व है। वश्यत्व रूपी मल की निवृत्ति हो जाने पर अवययत्व रूपी मल की निवृत्ति हो जाने पर अवश्यत्व नाम से पुरुष में रहने वाला धर्म अभिव्यक्त होता है जैसे वस्त्र में शुक्ल रूप धर्म है। वह भी युक्तिसंगत नहीं है, ऐश्वर्य की अभिव्यक्ति उत्पन्न हो सकती है क्योंकि अनात्मकत्व का विरोध होगा जैसे गुणैर्युक्त इत्यादि भाष्यविरोध की इसीलिये अभिव्यक्ति स्थिर नहीं हो सकी, किन्तु ऐश्वर्य सम्बन्ध ही पराधीनत्व की निवृत्ति में कारण होने से अवश्यत्व कहा जाता है। अथवा जब वह गुणों से युक्त होता है तब वही अन्यथाभूतपूर्व [होकर] उस प्रकार का होता है सर्वशिक्यादिवत्-उसका स्वरूप-अवश्यत्व भेद से कहा जाता है, अव्यवहारार्थ इस तरह अनावेश्यत्वादि में भी विचार देखना चाहिए। सत्कार्य के विचार के प्रकरण में मैंने इसकी व्याख्या की है। इस कारण यहाँ उसका विस्तार नहीं किया जा रहा है। सत्त्वान्तर के अनभिभाव्य ज्ञान सम्बन्धित्व को अनावेश्यत्व [कहते] हैं। सत्त्वान्तर के अन्तर्गत जीवितरहितत्व व अबध्यत्व है, सम्पूर्ण भय को अतिक्रान्त कर जाना अभयत्व है. ऐश्वर्य से नित्य सम्बन्ध अक्षयत्व है, काय [शरीर] इन्द्रिय की विकलता के फल से अत्यन्त असम्बद्ध होना अजरता है। प्राणादि वियोगजन्य दु:ख से स्पर्शहीनता अमरता है। सर्वत्र अभिप्रेत अर्थों में [विषयों में] प्रवर्तमान का, महेश्वर के द्वारा प्रतिबन्ध विहीन धर्मत्व अप्रतिघात है, सम्पूर्ण पशुओं से अधिक अतिशय ऐश्वर्यत्वयुक्त होने से महत्त्व, सम्पूर्ण पशु आदि कार्यत्व का स्वामित्व पतित्व है। उसके अधीन [अस्वतन्त्र] सम्पूर्ण कार्य उसका विभाग [कहा जाता] है- विद्या, कला और पशु। उसमें पशुगुण-विद्या, स्वशास्त्र दृष्टि से कहा गया है वैशेषिकों के द्रव्य की भांति। वह बोध, अबोध, स्वभाव से दो प्रकार का है। उसमें धर्मादिस्वरूप वाली बोध स्वभाव विद्या का अन्तर्भाव करने से, अविद्यात्मक से विद्यान्तर्भाव में कला आदि का भी अन्तर्भाव होता है। बोध, स्वभावा विद्या विषय भेद से चार एवं पाँच प्रकार की कही गयी है, स्वरूप से यह दो प्रकार की होती है- विवेक वृत्ति और सामान्य वृत्ति। उनमें विवेकवृत्ति प्राय: उपदेशव्य

अङ्ग होती है वहाँ समाख्यान्तर नहीं है। क्योंकि विद्या ही विशेष समाख्या है। सामान्यवृत्ति तो- प्रमाणमात्र होने से चित्त, ऐसा कही गयी है। इनका भेद मैंने अन्य टीका में प्रदर्शित किया है अतः यहाँ नहीं प्रदर्शित करते हैं। चेतना के आश्रित न होने से निश्चेतन कला है। वह दो प्रकार की कार्याख्या और कारणाख्या है। उनमें कार्याख्या दस प्रकार की-पृथ्वी, जल, तेज, वायु आकाश, गन्ध, रस, रूप, स्पर्श, शब्द नाम वाली होती है। कारणाख्या तेरह प्रकार की है, पांच कर्मेन्द्रियां पाँच बुद्धिन्द्रियाँ और तीन अन्तःकरण। पशुत्व का सम्बन्धी [पशुत्वयुक्त] पशु है वह भी दो प्रकार का साञ्जन और निरञ्जन है। उनमें शरीरेन्द्रिय सम्बन्धी साञ्जन चौदह प्रकार का होता है– क्योंकि कहा है–

> ''दैव आठ प्रकार का जानना चाहिए तिर्यक योनि पांच प्रकार की तथा मनुष्य एक प्रकार है, वह संसार मंडल है।।''

निरञ्जन तीन प्रकार का है- संहृत, कैवल्यगत और निष्ठायोग युक्त। समस्त की सृष्टि, संहार तथा अनुग्रह के कारण उस एक का भी गुणधर्म विभाग भेद से अन्यत्पतित्व आदि द्वारा कहा गया है अर्थात् पतिअधि गुण संयुक्त है। निरतिशय दृक्क्रियाशक्ति पतित्व है, उस ऐश्वर्य से नित्य सम्बन्ध सत्त्व है, अनागन्तुक ऐश्वर्यत्व आद्यत्व है, समस्त जन्मों से रहित होना अजातत्व है, महासृष्टि का संहार करण [भव का उद्भव भवोद्भवत्व] होना है [उद्भूत होना है], परम उत्कृष्ट गुणधर्म निमित्त नाम अभिधेयत्व वामत्व अथवा दुःखान्त के निमित्त धर्मोत्पादक नाम अभिधेयत्व है, स्वेच्छा से ही सम्पूर्ण कार्योत्पत्ति का कारण स्वभाव क्रीडा-तद्धर्मी होना -देवत्व [है] सिद्ध, साधक पशुओं से पर [होना] ज्येष्ठत्व, सृष्टि के आदि में भी रूत, भय का संयोजन करणात्वरु रूद्रत्व [है], कर्म आदि से निरपेक्ष का सम्पूर्ण कार्य कर्तृत्व कामित्व, शान्ति, सुख एवं निर्वाण करणत्व-शंकरत्व, अन्तरसृष्टि में भी संहार का कर्तृत्व, कालत्व, कार्य-कारण रूप कलाओं का शरीरादि भाव से संयोजकत्व कलविकरणत्व, धर्म आदि बलों का यथेष्ट वृत्तिलाभ, लोप, आक्षेप कर्तृत्व बल प्रमथतत्व, सभी देव, मनुष्य और पक्षियों का रति, रंजन अधिवासादि कर्तृत्व [ही] सर्वभूतदमनत्व, समग्र निष्कलावस्था के समान शक्तित्व मन का अमनस्त्व, सुखकारी, अनन्त शरीर का अधिष्ठातृत्व, पूरण और यथेप्सित [यथा इच्छित] अनन्त शरीर आदि की सृजन शक्ति पौरूष्य है। अतएव भगवान् का उभय पौरुष्य कहा जाता है। सभी

पशु आदि से अत्यधिक उत्कृष्ट व्यतिरिक्तत्व [पार्थक्यकरण] महत्त्व, तथा देवत्व पूर्वोक्त है। दु:खान्त का निमित्त और एक मात्र ध्यान का विषय ओंकार है। ऋषित्व क्रियाशक्ति और ज्ञानशक्ति विप्रत्व है। इन दोनों के आश्रय व्याप्य, अनन्तविषयत्व और निरतिशयत्व के ज्ञापन वे आश्रय भगवान् महान् नित्य कहे गये [हैं]। सर्वत्र सर्वदा स्थिर स्वभावयुक्त यह भगवान् कहे जाते हैं। वाणी में गुण धर्म के द्वारा प्रवृत्ति होती है अत: उससे-व्यतिरिक्त तथा अतिशिष्ट भगवान् विशुद्ध कहे जाते है।

> ''नित्य अनागन्तुक एवं ऐश्वर्ययुक्त जिस परमकारण में वाणी निवृत्त होती है वह वाग्विशुद्ध कहा जाता है। जो यति वहाँ एकक्षण भी एकाग्रता प्राप्त करता है वह सभी कर्मों को अतिक्रान्त कर शिव सायुज्य प्राप्त करता है।''

सम्पूर्ण ऐश्वर्य प्रदातृत्व महेश्वरत्व, सम्पूर्ण कार्यों का विषय प्रभुत्व ईशत्व, सभी विद्या सम्बन्धी प्रभुत्व ईशानत्व, सम्पूर्ण प्राणि-सम्बन्धी प्रभुत्व ईश्वरत्व है। ईशादि शब्दों का क्रम की अपेक्षा से अर्थ प्रदर्शित है अन्यथा एकार्थता ही यहाँ होती। ब्रह्मग्रहण के उदाहृत होने से सम्पूर्ण विषयों पर प्रभुत्व होना अधिपतित्व वृंहण वृहत्व ब्रह्मत्व और परिपूर्ण परितृप्त होना ही शिवत्व है। इस तरह सुनिश्चित ये गुणधर्म परमेश्वर के उपहारकाल में गायनकर्ता द्वारा पाल्य होने चाहिये अथवा निरन्तर जप करने वाले के द्वारा विभक्ति, उपसर्ग, निपात क्रियापदों के अर्थों के साथ चिन्तनीय हैं इससे शीघ्र ही शुद्धि और वृद्धि होती है। वे स्वात्म संवेद्य हैं।

धर्म के लिए साधक का व्यापार विधि है। वह दो प्रकार की प्रधानभूत और गुणभूत होती है। उनमें जो विधि अव्यवधान रूप से धर्म हेतु होती है वह प्रधानभूतचर्या यह कही जायेगी। जो चर्या का अनुग्राहक अनुस्नान आदि है वह गुणभूत [कही जाती] है। उनमें भुक्त, उच्छिष्ट [बचा हुआ] आदि के निमित्त, अयोग्यता के प्रत्यय की निवृत्ति के लिए तथा लिङ्ग की अभिव्यक्ति के लिए जो कालुष्य निवृत्ति हेतु स्नान होता है उपस्पर्शन [कहा जाता] है। ये दोनों कृत्य जप न करते हुए [साधक] द्वारा ईश्वर नियोग का अनुसन्धान कर संसार के दोष का अनुभव करते हुए गुरु व लघु भाव का पर्यालोचन कर, भस्म द्वारा ही करने चाहिए। निर्माल्य धारण भी लिङ्ग की अभिव्यक्ति, भक्ति द्वारा चर्या का अनुग्राहक है। विचार करके कारण निर्माल्य, परकृत निष्परिग्रह को ग्रहण कर संयत चित्त के कारण को प्रणाम कर अनुज्ञा की प्रार्थना करें, तब प्रसन्नमुख से

भगवान् द्वारा अपने निर्माल्य के निर्मलीकरण हेतु प्रदान करते हुए का महाप्रसाद है ऐसा ध्यान कर भक्ति से ही शिर [सिर] पर धारण करें। आयतन में निवास करना भी चर्या का अनुग्राहक है। कहा भी है–

> ''पृथ्वी पर यह आयतन [शिवालय] धर्मक्षेत्र है। वह विधि रूपी बीज की भूमि है, वहाँ पर वपन महाफलप्रद है। [शिव] लिङ्ग से सौ हाथ चारों ओर का शिवक्षेत्र प्राणियों के वहाँ पञ्चत्व प्राप्त करने पर शिवसायुज्य का कारण [दाता] है।।''

ग्राम में अथवा अन्यत्र। उपस्पर्शन से अविशिष्ट कालुष्य के विनासार्थ प्राणायाम [होता] है। कोष्ठस्थ वायु की गति का निरोध करना प्राणायाम है। वहां उपस्पर्श क्रिया कर कारणतीर्थ गुरु को प्रणाम कर पूर्वाभिमुख अथवा उत्तराभिमुख [होकर] पक, स्वस्तिक, आदि यथासुखद आसन लगाकर कृत में उन्नत भाव कर धीरे-धीरे संयत चित्त से रेचक आदि करें। कालुष्य न होने पर भी चित्त की और अधिक निर्मलता के लिए तथा अभ्यास के लिए नित्य करना चाहिए। क्योंकि कहा है–

> ''प्राणायाम द्वारा हृदय दोषों, धारणाओं द्वारा किल्विषों, प्रत्याहार द्वारा विषयों और ध्यान द्वारा ईश्वर विरूद्ध गुणों को नष्ट करें। प्रणायाम से युक्त एवं नियतात्मा विप्र के सभी दोष नष्ट हो जाते हैं और वह स्वस्थ हो जाता है।
>
> जो मास-मास में कुश के अग्रभाग से जलविन्दु पान करें, वे सैकड़ों वर्ष प्राणायाम के समान है । प्राणायाम से विशुद्धात्मा [साधक] जो देखता है वह पर है, उससे पर कुछ नहीं है यह श्रुति [सम्मत] है।

अत: अविनष्ट कालुष्य के नाश के लिए जप करना चाहिये। तृतीय और चतुर्थ से एक ब्रह्म में प्रयत्नपूर्वक निरुद्ध चित्त सम्पूर्ण अक्षरों के अनुबोध अथवा उसके अर्थानुबोध से बार-बार सञ्चारित करें। एवं प्रायश्चित्त् के बाद उत्सूत्रत्व [नियमित] करना चाहिए। यदि कहें कि त्रिक की कलुष निवृत्ति के लिए ही अभिधान है तो व्यभिचारों में प्रायश्चित्त् का क्या उद्देश्य है? तो ऐसा नहीं कहना चाहिए। अप्रमत्त यति के सदा ही संयत होने से व्यभिचार असम्भव है अथवा कामादि व्यभिचार के समान होने से त्रिक का भी अनारम्भ प्रसङ्ग होगा और

अधर्म के सामर्थ्य से विद्वान के भी अधर्म सम्भव होने से कहा है–''बुद्धिमान [प्रज्ञावान] भी हत [मोह] होता है'' आदि। हिंसा के अवश्यम्भावी होने से कहा है –''यति दिन तथा रात्रियों में अज्ञानवश जिन जन्तुओं को मारता है उनकी विशुद्धि के लिए [उसे] स्नान कर प्राणायाम करना चाहिए।''

अर्थात् प्रतिदिन, यहाँ एक प्रकार के लोग सभी व्यभिचारों में त्रिक ही करना चाहिए, यह मानते हैं। हमारा तो विचार है कि कालुष्य निवृत्ति के लिए ही त्रिक करणीय है। भाष्य के भी तथैव श्रुत होने से अष्टार्थ और अष्टशुद्धि के अनिश्चय से त्रिक में अनुपरम प्रसङ्ग नहीं होगा। अतः कलुष सानिवृत्ति में पूर्वकृत अधर्म के नाश की भांति व्यभिचारकृत अधर्म के क्षपणार्थ भी सविधि आचरण करना चाहिए। जैसा कि सूत्र है 'पुनः जप करे' मनु ने भी कहा है–

''लोग़ वचन, मन तथा तन से भी जो पाप करते हैं
उन सबको तपस्वी तपोधन से शीघ्र दूर करें।।

अकार्य़ करने वाले शेष महापातकी सुतप्त तप द्वारा
ही उस किल्विष से मुक्त होते हैं।।''

श्रीमान् भाष्यकार ने भी ज्ञापक कहा है–

''आर्य तप द्वारा पाप तथा ध्यान के सदुपयोग द्वारा पुण्य को क्षपित करते हैं। वे निर्मल तत्वविद् विशुद्ध होकर दोनों [पाप-पुण्य] के अभाव हो जातं से मोक्ष को प्राप्त होते हैं।।''

नियम-ध्यान से पुण्य का ही क्षय नहीं होता अपितु पापक्षय भी होता है। क्योंकि वही अन्य ज्ञापक भी कहा गया है।

ध्यान के द्वारा पुण्य तथा पाप का सम्पूर्ण आश्रय दग्ध हो जाता है। पुण्य तथा पाप के फल के दग्ध हो जाने पर [साधक] उनका स्वामी [कर्ता] नहीं रह जाता है।।

ऐसा होने पर यदि कहें कि विधि तथा अनुष्ठान व्यर्थ है तो नहीं, क्योंकि इस विधि के द्वारा रुद्र के समीपत्व के इस प्रवचन से विधि अनुष्ठान में विकल [साधक] में– योगानुष्ठान की शक्ति का अभाव होने से। अन्यत्र भी कहा गया है–

विशेषकर योगी द्वारा धर्म प्रयत्नपूर्वक करना चाहिए।
धर्म से आधारहीन योग नहीं है, ऐसा योगविदों का कथन है।।

अत: उपस्पर्शन आदि के द्वारा चित्त को प्रसन्न कर [निर्मल कर] सम्पूर्ण अधर्म के क्षपणार्थ [विनाशार्थ] अत्यन्त अभियोगपूर्वक विधि योगानुष्ठान करना चाहिये अन्य प्रायश्चित्त नहीं। यह अहिंसादि यम जब चर्या के अनुग्राहक होते हैं तो योग के अन्तर्भूत माने जाते हैं। उनमें वचन, तन तथा मन से दूसरों को दु:खित न करना अहिंसा, इन्द्रिय संयम ब्रह्मचर्य, धर्मसाधना के अङ्गभूत बचनों का प्रतिषेध असंव्यवहार, धर्मप्रधन से भी अधिक न्याय को स्वीकार और अन्याय से धर्म से साधन के अङ्ग को भी स्वीकार न करना अस्तेय दूसरों के द्वारा अपकृतहोकर भी चित्त को मलिन न करना अक्रोध, वाणी, शरीर तथा मन द्वारा गुरु में हित भावना से ही व्यवहार करना गुरु शुश्रूषा शरीर अन्त:करण तथा आत्मा की शुद्धि शौच और स्ववृत्ति के द्वारा ही अर्जित अन्न का विधियोगानुष्ठान के अविरोध द्वारा ग्रहण किया जाना ही आहारलाघव कहा जाता है। मुनि के आठ ग्रास ही [भोक्तव्य] हैं ऐसा कुछ लोग कहते है, यह ठीक नहीं हैं, क्योंकि [ऐसा करने में] विधियोगानुष्ठान का विरोध प्रसंग है।

व्यञ्जन आसन और जल द्वारा कोष्ठ का तीन भाग पूर्ण कर चतुर्थभाग वायु के संचरण के लिए खाली रखना चाहिए यह कुछ अन्य लोगों का मत है। अविरोध के कारण यह इष्ट ही है। यहाँ पञ्चविधि भिक्षा का विधायक 'मधुकरी याचना करनी चाहिए' इत्यादि वाक्य का अविरोध पूर्णक व्याख्यान करना चाहिये। यथा विहित विधि को योगानुष्ठान करने में निरन्तर उद्यम, अप्रमाद [कहा जाता है] है। यह प्रधानभूत यम है, कहा गया है–

यति के धर्म का सद्भाव गुणदोषपूर्वक सुनिये।
अप्रमाद करने से सिद्धि तथा प्रमाद से नरक प्राप्ति निश्चित।।

वास भी ज्ञानोत्पत्ति का माध्यम व चर्या का अनुग्राहक होने से गुणविधि ही है। चित्त के द्वारा पुरुष का ईश्वर से सम्बन्ध योग है। वह दो प्रकार का है क्रियारूप तथा क्रियोपरमरूप। उनमें क्रियारूप योग, जप, यन्त्र, धारणा, ध्यान और स्मरणात्मक होता है, यह आगे कहेंगे। क्रियोपरमरूप भी अतिगति आदि शब्दों द्वारा वाच्य है। अन्य शास्त्रों में उक्त पदार्थों से इनका अभिधान [कथन] विशेष है जैसा कि शास्त्रान्तर में दु:ख निवृत्ति ही दु:खान्त कहा गया है, यहां

तो परम ऐश्वर्य की प्राप्ति भी [कथित] है। नित्य पशु आदि भावी कार्य अन्यत्र नहीं है, अन्यत्र तो प्रधानादि कारण अस्वतन्त्र है यहां तो स्वतन्त्र भागवान ही है, तथा अन्यत्र कैवल्य के अभ्युदय का फल योग कहा जाता है। यहाँ तो परम दु:खान्त का फल योग है और अन्यत्र आवर्तक स्वर्ग आदि का फल विधि कहा है, यहां अनावर्तक रुद्रसामीप्य आदि फल, पदार्थों की समाप्ति उपसंहार [कहा जाता] है। उनमें दु:खान्त कार्य-कारण विधि की इति शब्द से समाप्ति कही गयी है।

योग की [समाप्ति] 'त्वा' शब्द से, समाप्ति के नि:शेषीकरण तथा प्रासंगिक संशय की निवृत्ति के लिए धर्मान्तर भिधान [कथन] निगमन है। परिज्ञात अर्थ के साथ एक वाक्यता के ख्यापन के लिए यह अन्यमत है। अतएव विधि एवं योग के कार्यान्तर [भाव] होने में भी अतिप्रयोजन बढ़ा पृथक अभिधान [कथन] कर पाँच के ही समास आदि कहे गये, इसलिए पाँच ही पदार्थ कहे जाते हैं। अन्य लोग तो पदार्थों का भेद अन्य प्रकार से वर्णित करते हैं। तत्वगुणभाव है उनमें जो अनाश्रित है वही तत्व है। वह बीस भेदों वाला है– पांच पृथ्वी आदि, तेरह इन्द्रियां, पशु तथा कारण। भाव से आश्रित तत्ववृत्तियाँ गुण हैं उनमें पृथ्वी आदि में यथासम्भव रूप, रस, स्पर्श, गन्ध, शब्द पाँच ही हैं। इन्द्रिय तत्व ही निर्गुण है, पशुओं में सात गुण है– पशुत्व, धर्म, अधर्म, चित्त, विद्या, प्रयत्न, रूप। सुखादिकों का तो तद्विकार [विकारयुक्त] होने से मृद् विकार की तरह उनमें अन्तर्भाव है। कारण में तीन गुण-काम, अर्पित्व, विप्रनाम यह धर्मकार्यों से अन्यत्र होने से अनिवर्चनीय है। सत्व गुणों के धर्म भाव हैं, ऐसा कहे जाते हैं। उनका विचार सत्कार्य विचार के प्रकरण में किया जा चुका है। अत: यहाँ नहीं विचार किया जा रहा है। अत: इस तरह कारण आदि का निश्चय-ज्ञान प्रथम लाभ है। दूसरा लाभ तप है, ऐसा। यहाँ भस्म, स्नान आदि विधिजन्य धर्म तप है, ऐसा कहा जाता है। उसकी उत्पत्ति रक्षण आदि लिङ्ग से भी निश्चित की जाती है। अधर्मरूप तस्कर [चौर] के द्वारा सन्मार्ग से अपहृत साधक पुरपाल स्थानीय धर्म द्वारा ही रक्षित होता है। एक स्थान से दूसरे स्थान का गमन गति है। विहित अनुष्ठान ही सन्तोष और प्रीति है। लाभ से सम्बन्ध होना प्राप्ति है। जिसके बल से विधि और योग में अभिनिविष्ट [लीन] साधक का चित्त रम्भादि गीत और वाद्य द्वारा भी क्षोभित नहीं किया जा सकता वह माहात्म्य धर्मशक्ति

कही जाती है। [यह अर्थ है] अतिगति सायुज्यस्थिति [ये] शब्द निष्ठायोग के पर्याय हैं। जिसके होने पर पदार्थ साधक के अध्यक्षोपलब्धि के योग्य होते हैं। वह प्रकाश पर, अपर भेद से दो प्रकार का है, उनमें जिसके द्वारा साधक विधि योग साधनों को भली भाँति [सम्यक्रूपेण] [विवेचित] [विश्लेषण] करता है, ध्येयतत्व अर्थात् [ब्रह्म] में अपने चित्त को समाहित, च्युत और च्यवमान लक्षित करता है वह अपर प्रकाश है। जिसके द्वारा स्थापनाकाल में सगुणरूप सभी तत्वों को समग्र रूपेण अवलोकित कर योज्य और अयोज्य [संयुक्त व असंयुक्त या ग्राह्य व अग्राह्य] भाव से विवेचित करता है वह पर है। विषयी [इन्द्रियों] के विषयों [विकारों] में न चाहते हुए भी चित्त वृत्ति प्रवाह को रुद्र के समीप ले जाता है [लगाता है] वही अत्यन्त उत्कर्षयुक्त है, देवनित्यत्व है, यह सब कुछ धर्म के ज्ञापक रूप में कथित है [कहा गया है]। तृतीय लाभ कहते हैं– अब नित्यता यह। अथ [अर्थात्] तप के अनन्तर जो अनान्तर्य भावाभ्यासरूप से देव में नित्यत्व है तीसरा लाभ कहा जाता है। न कि नित्ययुक्तता, यह अर्थ है। यहाँ नित्यत्व अत्युछिन्न निरन्तर या [अविनाशी] प्रवाह की भाँति अभिप्रेत है [प्रत्युक्त है] जैसे प्रवहणशील गंगा है, ऐसा चतुर्थ लाभ स्थिति, यह कहते हैं। मूलाख्या निवृत्ति में दोष हेतु जाल से प्रत्यंग भूत [आश्लिष्ट, विलग] चित्त का रुद्र में स्थित होना, अत्यन्त निश्चल [स्थिर] होना यह स्थिति कही जाती है। तत्समकाल योगी के असङ्गित्व आदि नव लक्षण होते हैं। उनमें लक्ष्यमाण संगति की अत्यन्त व्यावृत्ति असङ्गित्व कही जाती है। केवल रुद्र में चित्त का अवस्थित [पूर्णरुपेण सूचित] होना योगित्व है। चित्तवृत्ति का अवरुद्ध किया जाना नित्यामत्व है। चित्त का प्रादुर्भूत न होना अजत्व है। अत्यन्त समता मित्रता है। शरीरादि विमुक्तता एकत्व है। आशंकाओं को अतिक्रान्त कर जाना क्षेमित्व है। वाह्य अध्यात्मिक क्रियाओं से शून्य होना निष्क्रियत्व [निष्क्रियता] है। समस्त चिन्ता से मुक्त होना वीतशोकत्व ये लक्षण इस योग के अत्यन्त उत्कृष्ट प्रतिपादन के लिए कहे गये हैं। सिद्धि यह पाँचवां लाभ कहते हैं। सिद्धि पूर्व व्याख्येत है। अनुमानयुक्तता से भी यह ज्ञात होता है। निरुपचरित मुक्तात्मा परम ऐश्वर्यसम्पन्न [होते] पुरुषत्व होने पर समस्त दुःखों के बीज से रहित होने के कारण महेश्वर की भाँति है। पराभिप्रेत-मुक्तात्मा परम ऐश्वर्य विकलता [हीनता] वशं हम लोगों की भाँति [अस्मादिवत् है] है। च-कार न्यून व आधिक्य के व्यवच्छेद का सूचक है। पञ्चमी यह लाभों के पञ्चत्व के उपसंहारार्थ है ।।६।।

अब क्या ये लाभ देश, नियमों से प्रातव्य हो सकते हैं जैसा कि ब्रह्मचारी, गार्हस्थ, वानप्रस्थ तथा भिक्षु [संयासी] लोगों द्वारा विद्याप्रजात-योग नामक लाभ अथवा देश के नियम-वैपरीत्य से भी कैवल्य की तरह पंचविंशति तत्वों के जानने वालों के द्वारा कहते हैं? [उत्तर में कहते हैं] देश-नियम से-क्योंकि उसके लिए यह कहा है–

गुरु, जन, गुहादेश, [गुफा] श्मशान और रुद्र ही ॥ यह

अथवा, वा यथाश्रुत होने से भी आर्ष होने से अदोष [दोषाभाव] है। गुरू [अर्थात्] पूर्वोक्त उसकी आज्ञा से रहने वाला उसके आश्रित होता है जैसे ग्रामण्याश्रित ग्राम यह। उनमें आदि धर्म में प्रवर्तमान [साधक] का आयतन में वास होता है, यहाँ आयतन शब्द गुरू में ही द्रष्टव्य है, लिङ्ग तर्क इत्यादि ज्ञापन से अथवा उपचार से मञ्च शब्द की भाँति। यद्यपि आयतन सूत्र में प्रतिषेध सुना जाता है, फिर भी देश के प्रसंग में अभिप्रेत गुरु ही हैं, आचार्यलोक, इस ज्ञापन के संकेत से। इसलिए गूढ़ व्रत का उपदेश, आयतन में वास। यहाँ आयतन शब्द जन में विवक्षित है, आयतनात् यह [पंचमी प्रयोग] करके, [क्योंकि] बुद्ध रूद्र का शिवायतन [शिवालय] में वासानुपत्ति [होती]। जब भी वास होता, लोगों के आधीन ही अत: द्वितीयावस्थ का देश जन ही है। जनशब्द से यहाँ धर्म अधर्म के जनन में अधिकृत वर्णाश्रम भी यहाँ अविहित होते हैं। तृतीयावस्थ साधक का देश गुहा है। गुहा [शब्द] का ग्रहण [वह] सूत्रार्थ के उपलक्षणार्थ [हुआ है]। अत: शून्यघर और गुहा दोनों में व्यासंगादि दोष से विहीन जो भी एक प्राप्त हो जाय वहाँ रहना चाहिए। देश शब्द का ग्रहण वहाँ स्थान मात्र से गुहा के देशत्व के ज्ञापनार्थ है न कि गुरुजन भी तद् यत्तत्वरूपेण। चतुर्थावस्थ [सापाक] का स्थान श्मशान है। श्मशान भी [अनुष्ठानादि के लिए] प्रसिद्ध [जो हो नही] ग्राह्य है। उस [श्मशान देश] का गुहा की भांति देशत्व नहीं है बल्कि शरीर समाप्ति तक वहाँ से [कहीं भी] न जाते हुए [साधक को] रहना चाहिये, यह विशेष नियम है। पञ्चमावस्थ साधक के देश रुद्र हैं । रूद्र अर्थात् भगवान् महेश्वर। रुद्रायत्त होने से साधक के देश रुद्र हैं ही, फिर भी पहले [उसका] दूसरा व्यपदेश [नामान्तर] भी है [था]। इस समय शरीर आदि से विहीन सर्वदेशविकल होने से रुद्र ही [उसे] धारण करते हैं। च शब्द यहाँ न्यूनाधिक्य से व्यवच्छेद का सूचक है।

अब कहते हैं- [प्रश्नवाचक] [क्या इन देशों में निवास मात्र से ये लाभ प्राप्त होते हैं जैसा कि कल्पवृक्ष देश में रहने से ? नहीं। तो क्या देश-भेद की तरह उपाय-भेद भी है?- क्योंकि उनके प्रतिपादन के लिए कहते हैं–

वास-चर्या, जप, ध्यान और सदारुद्र की स्मृति [होना] और प्रसाद ही लाभों के पांच उपाय निश्चित [किये गये] हैं ॥७॥

ग्रहण, धारण और उहापोह, विज्ञान, वचन, क्रिया, यथान्याय, अभिनिवेश इनकी तान्त्रिकी संज्ञा शिष्टों ने की है। उनमें एक बार उच्चारित वाक्य के सम्यक् अर्थधारण के सामर्थ्य को ग्रहण कहते हैं। गृहीत [विषय] का व्यवधान होने पर भी चिरकाल तक स्मरणसामर्थ्य [बना रहना] धारण [कहा जाता] है।

एक देश के श्रवण कर लेने से उक्त न्याय [नियम] से ही अपूर्व अर्थ की प्रतिपत्ति का सामर्थ्य ऊह कहा जाता है। आचार्य स्थान स्थित [जनों] द्वारा उक्त अर्थों का युक्त-अयुक्त विभाजन [सामर्थ्य विवेक] द्वारा प्रतिपत्ति या त्याग की शक्ति को अपोह कहते हैं। श्रुत अर्थ के अनेक प्रकारेण विचार एवं अन्यों के लिए प्रतिपादन करने के सामर्थ्य को विज्ञान कहते हैं। व्याहत, पुनरुक्त आदि दोषों से रहित वाक्य वचन [कहलाता है]। निर्दुष्ट शब्दोच्चारण से आचार्य को सन्तुष्ट करती हुई मिथ्याज्ञान रूपभक्ति की निर्वृत्ति में विद्या की अभिव्यक्ति होती है। उसी तरह उत्थान-प्रत्युत्थान आदि गुरु में परिचर्या का भाव होने से क्रिया कही गयी है। विरोध-विहीन शास्त्रार्थ के पर्यालोचन में उसके लिए अतियत्न करना यथान्याय अभिनिवेश है। कहा भी है–

> "जो तर्क द्वारा पूर्वोत्तर अविरोध पूर्वक अचलवाक्य का
> अनुसन्धान करता है, वह धर्म को जानता है अन्य नहीं।"

अनुसन्धान धर्म का उपाय चर्या है। भस्म-स्नानादि से मूढान्त क्रिया समुच्चय चर्या कही जाती है। वह दान, याग और से तीन अंगों से युक्त होती है। यही-अनावृत्ति फलवाला होने से अतिदान है अन्यदान तो आवृत्ति फलक होने से कुदान हैं। परमेश्वर की नियोग अभिसन्धि द्वारा भस्म-स्नान आदि क्रियाओं का यथाविधि किया जाना याग है। वही अतियाग है अन्य तो पूर्वोक्त दोनों हेतुओं से युक्त होने कारण कुयाग हैं। अपने अनुष्ठान में लीन [साधक] द्वारा त्रिविध दुःखों के आने पर [भी] उसका अनुपालन करते हुए प्रतिकार न कर सह लेना ताप है। वही अतिताप है अन्य तो कुताप [कहे गये] हैं। वहीं त्रयङ्ग चर्या भी दो प्रकार की है- व्रत तथा द्वार। उनमें स्नान, शयन, उपहार, जप, प्रदक्षिणा [परिक्रमा] व्रत [है] प्रधानरूपेण धर्म की उत्पत्ति और अधर्म के विनाशार्थकृत हैं। द्वार तो क्राथन, स्पन्दन, मन्दन, श्रृंगार, [अपितत्करण और अपित् भाषण]

हैं। अपमान, परिभव, परिवाद, निष्पादन के दूसरे पूर्वोत्पन्न [दोनों] धर्मों का आय-व्यय निमित्त होने के क्रम स्वरूप इनका भाष्य ही व्याख्यात है। तदनुसार शिष्य के हितार्थ में भी स्वल्प ही प्रदर्शित कर रहा हूँ। पहले सूर्योदय से दो घण्टिका पूर्वान्ह तक सन्ध्या होती हैं वह तीन देवों वाली, पहली ब्राह्मी, मध्यमा वैष्णवी तथा अन्तिम रौद्री है। उनमें पूर्वसन्ध्या की शुचिता कर भस्म संस्कार करना चाहिए। कर्ता कारकादि दोषों से रहित शुक्ल आदि गुणों से युक्त अर्जित भस्म शिव की दक्षिणामूर्ति पर मन्त्रों द्वारा संस्कार कर और प्रदक्षिणा देकर सूर्यरूपी भगवान को त्रिलोचन द्वारा प्रसन्न दृष्टि से देखते हुए ध्यान करें तत्पश्चात् शिवतत्व में लीन चित्तवाले आचार्य या ज्येष्ठ भ्राता को निवेदित करें। तदन्तर एकान्त में पवित्र स्थान में जो जन्तु व स्थावर रहित हो उसमें पञ्च पवित्रों का आवर्तन करते हुए ही [साधक को] रौद्र-सवन पर्यन्त रहना चाहिये। उसके पश्चात् भगवान् को प्रणाम कर, तुम्हारी आज्ञा का पालन करूंगा, यह ध्यान कर जप करते हुए ही पैर से मस्तक तक पर्याप्त भस्म से अंग-प्रत्यंग के अतिशय प्रयास से रगड़-रगड़-कर स्नान करना चाहिए, इसी तरह मध्या और अपरान्ह सन्ध्याओं में भी । इतना यह विशेष है। मध्यान्ह में पहली ब्राह्मी, मध्य [अर्थात्] [सूर्य के] ठीक मस्तक [गगन के मध्य] स्थित होने पर रौद्री, उसके अन्त में वैष्णवी, सूर्यास्त समयोत्तर पहली रौद्री, तदन्तर वैष्णवी और उसके अन्त में ब्राह्ममति। सर्वत्र रौद्रसवनही स्नानकाल [विहित] है। इस प्रकार स्नानकर जप करते हुए ही आयतन में जाकर अतिशय भक्ति से शिव को प्रणाम स्नान निवेदित कर धीरे-धीरे गर्भगृह में प्रविष्ट होवें। उसके बाद दक्षिणमूर्ति वाले भू प्रदेश में घुटने टेककर हृदय पर अञ्जलि बांधकर मूर्ति में विराजमान साक्षात् शिव का अवलोकन करते हुए, यदि प्रत्याहार अनिवृत्त हो तो गतभाग ही हंसे, यह एकप्रकार के [लोगों का] मत है।

हम तो देखते हैं [वहाँ] जाकर जो [साधक] पहले जपता है भूत्यादि भाष्य का अर्थ यदि विचारता है तो अवश्य ही जाकर संयतात्मा और उत्तराभिमुख हो प्रत्याहार विशेष के लिए जप करें, जप करके तो शिव के ध्यान में आसक्त होकर [ध्यानानुरक्त होकर] बार-बार अट्टहास करे। तत्पश्चात् गीत को आरम्भ कर गाते हुए ही उठें उसके अनन्तर गीत सहित ही नृत्य करे। वहाँ पहले गीत समाप्त कर उसके बाद नृत्य समाप्त करे उसके बाद पूर्वोक्त विधि से वैसा कर शिव का ध्यान करते हुए ही हुडुक्कार कर नमस्कार करें उसके बाद जप। यहाँ जप और नमस्कार मानसिक, नृत्य शारीरिक हंसना, गीत, हुडुक्कार करना वाचिक,

ऐसा यह नियम इष्ट है। उसमें दीर्घोच्छ्वास पर्यन्त हंसनादान्डकात्रि आवर्तन पर्यन्त गीत और नृत्य, गम्भीर [रूप से] हुडुक्कात्रय, छः नमस्कार और पञ्चपवित्रो का गिरावर्तन करे ऐसा आचार्यस्वामी [मेरे] भगवान् ने कहा है जिसके द्वारा मैं अज्ञान सागर से उत्तीर्ण [अवतरित] किया गया। टीकाकारों ने तो कहा है कि यह सब सन्तोषपर्यन्त करना चाहिए। अतः इस तरह उपहार का ध्यान करते हुए हसन, गीत, नृत्य, हुडुक्कार, नमस्कार तथा शङ्ग उपहार को, [हे] भगवन् महादेव! तुम्हारी अनुज्ञा से निवर्त्तित मैं अवभृथ स्नान भी करूंगा ऐसा निवेदन करें। तब निकलकर [निष्क्रमणकर] ईश को प्रणाम कर, प्रणामतक जपते हुए ही तीन प्रदक्षिणा [परिक्रमाबद्ध] धीरे-धीरे करें। तब अवभृथ स्नान [यज्ञानुष्ठान की समाप्ति का स्नान] करके भगवत् लकुलीश आदि तथा राशीकर उन्हें भी तीर्थकार के क्रम से भिन्न प्रकार से यथावत् भक्तिपूर्वक नमस्कार करें, तब एक प्रदक्षिणा करें। दूसरे दिन इच्छानुसार प्रदक्षिणा जपते हुए ही करें। केवल पञ्चमन्त्र जप भी धर्म का हेतु होता है ऐसा [कहा गया] है। अब आयतन की सन्धि वाले स्थावर आदि दोषों से रहित रूप से भली प्रकार परीक्षित [अवलोकित] भूप्रदेश को सायंकाल के अन्त में वरन आदि को मृदु पवित्र से विविक्त कर भस्म से ही शुद्धि करें। तब वहाँ बैठकर विधि में अनुरक्त होंतब तक जब तक प्रगाढ़ निद्रा द्वारा अभिभूत एवं श्रान्त न हों। तब पुनः उठकर विवेचन करें । उसके बाद पर्याप्त भस्म मन्त्रों से संस्कृत कर फैलावे और वहाँ पाँच मन्त्रों का आवर्तन करते हुए ही शयन करें। पुनः उठकर इसी विधि से ही शयन करे जिससे शीघ्र ही शुद्धि होती है। सुषुप्त [सोये हुए साधक] की भी प्राणात्यय होने पर अतिगति ही होती है अन्यथा विधि से भ्रष्ट साधक को पुनः संसार में आना पड़ता है। इस प्रकार प्रभामावस्था में विधि का अनुष्ठान करके [साधक] जब ज्ञानयुक्त, कालुष्यहीन, अनुज्ञ हो जाय पर तब दूसरी अवस्था में जाकर रङ्गमंच पर अवस्थित लोगों में नट की भांति स्थित होकर पुनः-पुनः विवेचन कर क्राथन आदि करे। उनमें असुप्त का ही सुप्त लिङ्ग प्रदर्शन क्राथन, वायु से अभिभूत की तरह शरीर के अवयवों का कम्पन, स्पन्दन उपकृत पादेन्द्रिय वाले की भाँति गमन [करना] मन्दन है। रूप-यौवन सम्पन्ना स्त्री को देखते हुए कामुक की तरह जिन लिङ्गों [हाव भावों] से अपने को व्यक्त करता है वह श्रृंगारण, कार्य और अकार्य में शून्य विवेक की तरह लोक की निन्दा करना अपितत्करण, व्याहत, अपार्थक इत्यादि शब्दों का उच्चाकरण करना अपिद्भाषण है [कहा जाता है]। इनका कोई नियमित क्रम नहीं है। किन्तु अपमान आदि का निष्पादकत्व जिससे व्यक्ति परिभव

को प्राप्त हो इस उपदेश से दावाग्नि की तुल्यता [समता] से अपमान आदि इष्टतम और इस तरह इससे हिंसा अस्तेयकरण आदि दुष्टशब्दोचारण प्रसंग भी अपमान निष्पादकता से हो सकता है। अपित्करण तथा अपिद्भाषण .....देव की सम्पूर्ण क्रिया की व्याप्ति में अहिंसा अविरोध के ज्ञापनार्थ होने से क्राथन आदि आरम्भ का नहीं हो फिर देव की नित्यता में क्या उपाय है यह कहते हैं-जपध्यान यह। उनमें तृतीय और चतुर्थ मंत्रों का आवर्तन जप है। वह दो प्रकार है प्रत्याहारफल और समाधिफल। उनमें प्रथम प्रत्याहारफल उसकी निष्पत्ति [उत्पत्ति] में किया जाने वाला जप समाधिफल है। अन्य में असक्त होने पर .....क्रियमाणजप सैकड़ों वर्षों में भी प्रत्याहार नहीं करता है, अपितु उसका दोष ही उत्पन्न करता है। यह सत्य ही हैं किन्तु यहाँ प्रत्याहर पर अपर भेद से द्विविध इष्ट है उसमें अन्त:करण पूर्व अपर है। उसके सहित जप द्वारा निर्मलीकृत चित्त प्रयत्न से निरपेक्ष भी अलात् चक्रवत् जव ब्रह्म में ही स्थित होता है तब यह पर प्रत्याहार जप पूर्वक ही होता है, ऐसा कहा गया है। वह अनेक जन्मों में उपार्जित कर्म को लक्ष्य मात्र से दग्धकर चित्त को ध्येयतत्व [ब्रह्म] में स्तम्भनिक्षिप्त लौह कील की भाँति निश्चला [स्थिर] करता है। रुद्रतत्व में सदृश [समान] चिन्तन प्रवाह ध्यान है। वह दो प्रकार का है- जपपूर्वक और धारणापूर्वक। उनमें जपपूर्वक प्रसंगवश पहले ही कहा गया है, धारणापूर्वक कहा जाता है [जा रहा] है। अमूढ़ के चित्त को आलम्बनहीन करना धारण है। संहतमूर्च्छा आदि में स्थित का भी चित्त को वृत्त के आलाभ से निरालम्बन है, अत: उसकी निवृत्ति के लिए, अमूढ़ का, ऐसा कहा है। जो विद्यानुगृहीत मति से अपने चित्त को निरालम्ब [अवलम्बहीन] बनाता है वह अमूढ ऐसा कहा जाता हैं उस धारणा द्वारा निर्मलीकृत चित्त को रुद्र तत्व में स्थापित कर सुदीर्घकाल तक च्युत नहीं होता, इसी विशेष से पूर्व ध्यान की अपेक्षा यह धारणासहित ध्यान पर है, ऐसा परमयोगी श्रीमान् भाष्यकार कृत है। यद्यपि दीक्षा आदि चित्त निर्मलीकरण में असक्त है। फिर धानुष्क, चित्रकार आदि की भाँति अभ्यास के लिए सभी अवस्थाओं में भी यथाशक्ति ध्यान करना चाहिए, मृत्युकाल के निश्चित होने से अन्य का युद्धकाल अश्वदमनन्याय होता है [यह] कहते हैं-

इस तरह सम्यक् विधि को जानकर-

जो ब्रह्म हत्यावाला भी, निशा आदि में, आधी रात में, रात्रि के अन्त में अचलव्रती बनकर प्रहर-प्रहर या उसका आधा यथाशक्ति, दिन में, अन्यत्र आसक्ति को छोड़कर संसार को दु:खमय देखते हुए, अत्यन्त वैराग्युक्त अल्पाहारी, जितेन्द्रिय

होकर, अत्यन्त उत्साह [दिखाते हुए] प्रदर्शन करते हुए, शुद्धि व उत्कर्ष की वृद्धि करते हुए, निरन्तर छः मास तक अथवा एकवर्ष पर्यन्त शङ्कर का ध्यान करता है, तत्चित्त हो, तन्मय हो, वह घोर पाप तथा रागादि के पिंजरे को नष्टकर सर्वोपाधियुक्त अखिल तत्व को ही देखता है, सभी प्राणियों के अधीश्वर अत्यय शिव को देखता हुआ, जो पाशुपतों के अतिरिकत योगियों द्वारा भी दृश्य नहीं है, उसे देखकर उसे परमऐश्वर्य को पाकर सदा निर्भय हो जाता है, जो साधक विधान से अज्ञात रहकर भी सुव्रत होकर सद्भक्ति, उत्साह और वैराग्यपूर्वक नित्य शंकर का ध्यान करता है, उससे भी ईश [सदाशिव] प्रसन्न होकर अनुत्तम सिद्धि प्रदान करते हैं। जिसे पाकर [साधक] संसार को छोड़कर स्वतन्त्र शिव की तरह हो जाय। उस ईश्वर का ध्यान करते हुए ही, यदि वह प्राणों को त्याग देता है तो उसके देहान्त समय में ईश परमगति प्रदान करते हैं, जो [तपस्वी] जलभक्षी वायुभक्षी, अत्युग्रतपकर्ता, पृथ्वी आदि के देने वाले, यज्ञानुष्ठान कारक हजारों वर्षों में जिस सिद्धि को प्राप्त करते हैं उसे जप तथा ध्यान में लीन यति अर्धयाम में ही प्राप्तकर लेता है। योग के माहात्म्य, देहादि की स्थिति के अविश्यय, दुःख के सागर इस ससांर को जानकर जो अपनी बुद्धि को अन्यथा नहीं करता वह तब तक शरीर धारण करता है [जन्म-मृत्यु चक्र में रहता है] जब तक यह बुद्धि नहीं नष्ट होती [कि यह जगत नित्य है]। तब तक यथाशक्ति ध्यान और जप करना चाहिये, जिस तरह इष्ट द्रव्य का कदाचित् एक क्षण भी नष्ट किये बिना निरन्तर ध्यान करता है उसी प्रकार वाणी आदि से असंसृष्ट हीकर आलस्यहीन हो शिव का ध्यान करना चाहिए। विवक्षु के चित्त में जैसे पहले विशुद्ध वाणी भाषित होती है उसी तरह उस शिव का प्रणिधानपूर्वक रात-दिन चिन्तन करें। गुणधर्म से युक्त विशिष्ट भावयुक्त निश्चित कर शीघ्र ही केवल उस शिवतत्व बुद्धि से ध्यान करें।

यह पाशुपतयोग विधान [जो] परमोत्तमदेवों द्वारा भी अलभ्य, परम गोप्य, परमेश्वर से लेकर गुरुपरम्परया केवल उपदेश से प्राप्त है [यहाँ] स्वल्पमतिवालों से अनुग्रह हेतु व्यक्त है जिसे कहा गया, जो ऐसी श्रद्धा नहीं करता या अपरीक्षित को प्रदान करता है उसे ब्रह्महत्या आदि से भी गम्भीर पाप होता है। अतः शिष्य परीक्षा और श्रद्धा [उत्पन्न करने में] प्रयत्न करना चाहिए। स्थिति का उपाय कहते हैं- सदारुद्र की स्मृति। देवनित्यता ही सदास्मृति है यह कहा जाता है। तथा शब्द समान वाचक है जैसे देवनित्यत्व के ही प्रति अध्ययन और ध्यान की उपायत्तता

और धर्म के प्रति चर्या की, उसके अनुग्राहकता से अनुस्थान, आदि यम यन्त्रणादि की भी उपायत्ता कही जाती है वैसे ही स्थिति के प्रति स्मृति भी प्रधानतया उपाय हैं उसकी अनुग्राहकता से इन्द्रियजन भी उपायता रूप से उक्त है। अत एव इन्द्रिय जय इससे कोई विरोध नहीं है। एक पक्ष का मत है कि संगादि की निवृत्ति का उपाय है इन्द्रिय-जय [परन्तु वह ठीक नहीं है] पञ्च उपाय विरोध होने से त्यागदान सूत्रभाष्य के विरोध से भी। देवनित्यता और इन्द्रियजय में अभेद है, यह अन्य लोगों का भी मत है। किन्तु यह भी उचित नहीं है। लक्षणभेद से इन्द्रियों को त्याग और ग्रहण करने में प्रभुत्व इन्द्रिय जय है। देवता में भावाभ्यास होना देवनित्यत्व है। तो यहाँ सिद्धि का उपाय कहते हैं– 'प्रसाद' यह। कारण की स्वगुणादित्सा यह प्रसाद कही जाती है। च शब्द न्यूनाधिक्य व्यवच्छेदसूचक है, एवं शब्द प्रसाद की अन्य की अनपेक्षता बताता है। लाभों के उपाय, इससे गम्यमान अर्थ का भी अविधान [कथन] अन्य शास्त्रों में कथित मोक्ष के उपायों के अनुपालन के ज्ञापनार्थ है। पञ्च यह उपसंहारार्थ है। निश्चित का अर्थ है आप्तों द्वारा दृष्ट।

अब [कहते हैं कि] क्या इन उपायों से पाँच ही लाभ प्राप्तव्य हैं, तो क्या पाँच मल क्षपणीय [नाशवान्] नहीं हैं फिर वे कौन हैं? यह कहा–

मिथ्याज्ञान, अधर्म, सक्ति हेतु तथा च्युति और पशुत्वमूल ये पाँच अधिकारता तन्त्र में हेय [बताये गये] हैं ॥८॥

उनमें प्रमाणों के आभासज ज्ञान, मिथ्याज्ञान कहा गया है जो संशय, विपर्यय आदि रूप है तो शास्त्रान्त से भी संशयादि की निवृत्ति का अविशेष प्रसङ्ग होगा [यदि ऐसा कहें] तो नहीं, आचार्य वैशंष्य प्रकरण में शास्त्रान्तर प्रणेताओं के भी विपर्यय की अनिवृत्ति प्रतिपादन से, [ऐसा भी नहीं], शास्त्रान्तरों से भी संशय आदि की निवृत्ति होती है [ऐसा होने से] काम, क्रोध, द्वेष, कलुष, इनका भी अज्ञान में अन्तर्भाव है। कैसे? अव्यक्तावस्था गमन में प्रत्यनीक होने से। तो यह संशयादि कलुष बीज के साथ मिथ्याज्ञान, यह कहा जाता है। द्वितीय मलादि प्रदर्शित करते हैं अधर्म, यह। पापबीज पाप ही अधर्म के होने पर भी यह पापनामात्मक अधर्म ही सूचित करता है। तृतीय मल कहते हैं सक्तिहेतु यह। सक्तिसङ्ग विषयासक्ति रूप सुख भाष्य में सुखाभिमान इस नाम से कहा गया है। उसी के लक्षण के लिए 'अविवेचन, मिश्रण, प्रेरण रूप वनगज की तरह' यह भाष्य है।

उस सङ्ग का हेतु तन्मयकारण अन्य विधि से उपार्जित धर्मसङ्गकर ऐसा जो कहा गया है वह विकारयुक्त [के साथ] तृतीय मल कहा है। चौथा मल कहते हैं–च्युति यह, रुद्रतत्व आदि से चित्त-च्युति, यह कहा जाता है। तथा शब्द समानार्थक है। जैसे मिथ्याज्ञान का अपने बीज के साथ मलत्व है और अधर्म तथा सङ्कर का सविकार के साथ वैसे च्युति का भी ऊष्मा की भांति स्थित अधर्म नामक स्वबीज के साथ मलत्व है। यहाँ भाष्यविरोध होने से मिथ्याज्ञान कलुष पाप सङ्गच्युति नहीं होती अथवा पुरुष के भावचित्त विद्या का कलुष इच्छा का भाव भी नहीं है किन्तु अधर्म विकार ही, ऐसा ज्ञान तथा इच्छा के साथ क्षीरोदक की भांति अभिन्न से गृहीत होते हैं। यह सत्कार्य विचार के प्रकरण में प्रपस्थित है। पांचवा मल कहते हैं, पशुत्व, यह। धर्माधर्म से विलग प्रतिघातानुमेय पुरुष [के] गुण [को] पशु कहते हैं। चौदह लक्षणों से युक्त उसका मलत्व [कहा] है। सर्वज्ञत्व आदि अपतित्व पर्यन्त के लक्षण सर्वज्ञत्व आदि विपर्यण से व्याख्यात हैं। वह इस प्रकार की पशुता संसार का अनादिकारण प्रधानभूत है, यह मानकर कहते हैं मूल [है], यह। जैसा कि कैवल्य प्राप्त की अन्य मलों का अभाव होने पर भी पशुता से ही पुनः संसारापत्ति [संसार में आगमन] होती है। पाँच यह न्यूनाधिक के व्यवच्छेदपूर्वक उपसंहारार्थ है। एते यह अवधारणार्थक है ये ही संसार के बन्धन मल हैं न कि शास्त्रान्तरोक्त भोक्ता-भोग्य सम्बन्धी आदि, यह अर्थ है। फिर इस तरह के वे मल कहाँ प्रसिद्ध हुए? यह कहते है। तन्त्र में-साक्षात् महेश्वरकृत अथ शब्द से लेकर शिव तक शास्त्र तन्त्र [है]। उनमें ये प्रतिपादित हैं– यह अर्थ है। धर्मज्ञान आदि के भी व्यज्मान [अभिव्यक्त] होने से अधर्म आदि की तरह मलत्व प्राप्त हैं यह आशंका कर कहते हैं हेयाधिकारतः ऐसा। जिनकी कर्दम आदि की तरह हेतुता मानकर साधक [उनके] विनाशार्थ अधिकृत होता है वे ही मल हैं, न कि जिनका पुण्य आदि की तरह न चाहते हुए भी बिना-शर्त [हो]। अतः हेयाधिकार से अज्ञान आदि ही मल है [यह कहा गया]। हेयाधिकारिका यह भी पाठ है वहाँ भी यही अर्थ है। हेयत्व से, क्षपणीयत्व से अधिकार योग्यता है जिनके वे हेयाधिकारी हैं वे ही हेयाधिकारी का [हैं]। स्वार्थ में 'क' प्रत्यय है। अधिकार शब्द से इणक् प्रत्यय करने पर हेयवद दो कर्मधारण्य [समास] है, अतः यह अर्थ है [हुआ]। क्योंकि हेयाधिकारिका ही यह मल विवक्षित है। इसलिए धर्मज्ञान, वैराग्य आदि भी मल नहीं है, यह [कहते हैं]–

''आचार्यों के अनुग्रह से यह सब पञ्चार्थ-लक्षण-ज्ञान मैने संक्षिप्तरूपेण कहा। अपने अनुष्ठान का अपहरण करने वाले बहुत शास्त्रों के जानने से क्या [लाभ]। इसी उत्तम ज्ञान को जानकर [साधक की] योगाभ्यास में रति होती है। जो इसे सुनकर अपने को कृतकृत्य मानता है उसे यह ज्ञान देय है, अन्य में सिद्धि-इच्छुक को नहीं। जो किसी भी कारण [हेतु से] मर्यादा से हीन को [यह ज्ञान] प्रदान करता है, वह अधोगति को प्राप्त होता है। गुरु [सद्गुरु] को नमस्कार है जिसने आठ सुन्दर श्लोकों के द्वारा पञ्चार्थब्धि [पञ्चार्थ की उपलब्धिज्ञान] को प्रदर्शित किया''।।

आचार्य भासर्वज्ञ द्वारा रचित गणकारिका की रत्नटीका पूर्णरूपेण समाप्त हुई

शिवपुराण

वायुसंहिता [पूर्वभाग]

अध्याय १

पशुपति शब्द पर ऋषियों का विवाद

सूत जी ने कहा – वे सौभाग्यशाली नैमिषारण्य निवासी ऋषि-वृन्द, प्रणाम करके, वायुदेव से प्रश्न करने लगे ।।१।।

आपने ईश्वर-गोचर ज्ञान की प्राप्ति किस प्रकार की? आप अव्यक्त, अजन्मा भगवान् शिव के शिष्य किस प्रकार हुए? ।।२।।

वायुदेव ने उत्तर दिया -

मैंने पूर्वकाल से ही पशु-पाश-पति [सम्बन्धी] ज्ञान की कुछ प्राप्ति की थी। सुख की आकांक्षा वाले पुरुष को उसमें परम-निष्ठा रखनी चाहिए ।।३।। अज्ञान से प्रादुर्भूत दुःख, ज्ञान के द्वारा नष्ट हो जाता है। वस्तु-परिच्छेद से ज्ञान वस्तु दो प्रकार का स्मरणीय है ।।४।। अजड़ जीव तथा जड़ प्रकृति का नियन्ता वही है, क्रमानुसार उसके तीन नाम पशु, पाश और पति, कहे जाते हैं ।।५।। अविनाशी, नाशवान्, [नित्य-अनित्य] तथा इन दोनों से परे, इन तीन को तत्वज्ञाता बतलाते हैं ।।६।। इस प्रकार अनित्य, पशु कहा गया है, तथा क्षरण होने- पाश [को] क्षर कहा गया है, जो नित्य-अनित्य से परे है वही पति कहा जाता है ।।७।।

ऋषियों ने प्रश्न किया–

क्षर किसे कहते हैं? अक्षर किसे कहते हैं? क्षर-अक्षर से परे क्या है? इसे आप कहने की कृपा करें ।।८।।

वायु ने कहा –

प्रकृति को क्षर तथा पुरुष को अक्षर कहा गया है तथा इन दोनों को प्रेरणादायक और इन दोनों से परे वह-परमेश्वर है ।।९।।

ऋषियों ने पूछा –

उपरिकथित प्रकृति क्या है? यह पुरुष कौन है? इन दोनों का सम्बन्ध क्या है? इनका प्रेरक ईश्वर कौन है? ।।१०।।

वायु ने कहा –

अभिव्यक्त प्रकृति माया है, उसी माया से पुरुष आवृत्त है, और कर्म के सम्बन्ध से परे शिव ही सबका प्रेरक और ईश्वर है ।।११।।

ऋषियों ने पूछा –

यह मल कैसा तथा कहाँ से प्राप्त हुआ? माया क्या वस्तु है? माया से आवृत्त होकर क्या स्वरूप निर्मित होता है? शिव कौन है? शिव तत्व क्या है?।।१२।।

वायु ने कहा –

माया महेश्वर की शक्ति है, माया से ही आवृत्त शिव का स्वरूप है, मल चित्स्वरूप को आच्छादित करने वाला है, शिवस्वरूप विशुद्ध और तम-रहित है [क्योंकि तम स्वकल्पित है] ।।१३।।

मुनि-जनों ने पूछा –

व्यापी को यह माया किस हेतु से आवृत्त कर लेती है? पुरुष किस प्रकार आवृत्त हो जाता है तथा उसकी निवृत्ति किस प्रकार होती है?।।१४।।

वायु ने कहा –

व्यापी के कलादि में प्रवृत्त होने से आवृत्ति होती है इसका कारण अर्थात् हेतु, भोग कराने वाला कर्म है, मल के क्षीण होने से इसकी निवृत्ति होती है ।।१५।।

ऋषियों ने प्रश्न किया –

कलादि क्या है ? वह उदाहृत कर्म किसे कहा गया? उसका आदि और अन्त क्या है? उसका फल अथवा आक्षय क्या है? ।।१६।। भोग किसके लिये है? भोग क्या है? भोग का साधन क्या है? मल के क्षीण होने का हेतु क्या है? क्षीणं मलवाले पुरुष का स्वरूप क्या है? ।।१७।।

वायु ने कहा –

कला, विद्या, राग, काल और नियति इस प्रकार कहे गये कलादि का भोक्ता पुरुष होता है ।।१८।। कर्म, पुण्य और पाप से युक्त है, उसका फल सुख और दु:ख है, [अविद्याजनित] अनादि मल भोग के अन्त तक अज्ञानवश ही आत्मा में आश्रित है ।।१९।। कर्म का नाश करने के लिए भोग तथा भोग्य वस्तु-प्रकृति है, नेत्रादि इन्द्रिय, वाह्य अन्त:करण, मन, इन्द्रियों के द्वारा और शरीर भोग के साधन हैं ।।२०।। अतिशय भाव [भक्ति] से प्राप्त शिव-प्रसाद के कारण तमोगुण क्षीण होता है, आत्माश्रित मल के क्षीण हो जाने पर वह पुरुष शिव के तुल्य हो जाता है ।।२१।।

ऋषियों ने पूछा –

कलादि पञ्चतत्वों का पृथक कर्म क्या है? क्या आत्मा भोक्ता है? क्या पृथक पुरुष आत्मा है? ।।२२।। वह आत्मा क्या अव्यक्त है? किस कारण से वह भोक्ता है? भक्ति में उसकी शरण क्या है? शरीर किसे कहा गया है? ।।२३।।

वायु ने कहा :-

[पुरुष का ज्ञान उत्पन्न करने की शक्ति] ज्ञानशक्ति और क्रिया शक्ति की व्यञ्जक विद्या और कला है, काल उसका अवच्छेदक और देवशक्ति उसकी नित्यता है ।।२४।। सत्व, रज और तम इन तीनों रूपों से अव्यक्त का कारण प्रकट होता है, तत्व ज्ञाता इसी को प्रधान और प्रकृति कहते हैं ।।२५।। कला ही उस अव्यक्त की अभिव्यक्ति [प्रकाशन] का लक्षण है [अर्थात् कला क्रियात्मक प्रभुशक्ति को सृष्टि काल में प्रकट करने वाली है]। विमोहित आत्मा पुरुष सुख दु:ख को तीन प्रकार से भोगता है। प्रकृति से उत्पन्न होने वाले सत्व, रज, और तम ये तीन गुण, तिलों में तैल के सदृश सूक्ष्मरूपेण प्रकृति में स्थित हैं। सुख और सुख के हेतु को सात्विक तथा दु:ख और दु:ख के हेतु को राजस और इन दोनों की [प्रवृत्ति और निवृत्ति की] शून्यता को तामस कहा गया है ।।२६।। सत्वगुण ऊर्ध्वगति, तामस अधोगति और मध्यम गति वाली राजसी समझी जाये ।।२७।। तन्मात्रा पाँच [शब्द-स्पर्शादि], इसी प्रकार पंचभूत, पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ और पंच कर्मेन्द्रियां है ।।२८।। प्रधान बुद्धि, अहंकार और मन समासपूर्वक अव्यक्त और विकारी कहे जाते हैं ।।२९।। उसके कारण दशा में प्राप्त होने पर यह अव्यक्त और कार्यदशा में प्राप्त होने पर व्यक्त कहा जाता है। यह शरीर घट आदि के

समान [प्रत्यक्ष] होता है ।।३०।। जैसे घटादि कार्य का मृत्तिका से भिन्नत्व नहीं वैसे ही इस शरीरादि का भी अव्यक्त से भिन्नत्व नहीं है ।।३१।। अतएव असंदिग्ध रूप से अव्यक्त ही कार्यों का कारण है, शरीर उसका आधार तथा भोग्य है ।।३२।।

ऋषियों ने कहा -

बुद्धि और इन्द्रियं शरीर से इस प्रकार व्यतिरेक दिखाई देकर भी यथार्थ में अस्मा [आत्मा] शब्द का व्यवहार करते हैं उसकी स्थिति कहाँ है? ।।३३।।

वायु ने कहा :-

बुद्धि इन्द्रिय और शरीर में यह अचल, सर्वव्यापक तथा अलग है, वही आत्मा कहा जाता है। उसका हेतु ज्ञान अत्यन्त कठिन है। वह अनेक जन्म की परम्परा से जानने योग्य है ।।३४।। बुद्धि इन्द्रिय और शरीर में सत्पुरुष आत्मा नहीं मानते, स्मृति और ज्ञान के आश्रय-आश्रयी भाव की तरह ही आत्मा शरीर से भिन्न नहीं है ।।३५।। [इस प्रकार बुद्धि आदि से भिन्न कर्मफल का भोक्ता] कोई आत्मा है जो सर्वज्ञ, अगोचर और अन्तर्यामी, वेद-वेदान्त में गीतिमान [गाया गया] है ।।३६।। वह सबमें से सबको व्याप्त करके स्थित है, शाश्वत [नित्य, सर्वदा प्रवर्तमान] है तथा उसे कोई नेत्र प्रत्यक्ष देखने में समर्थ नहीं है ।।३७।। वह नेत्रादि तथा इन्द्रियादि से ग्रहणीय नहीं है, मानस की प्रदीप्ति [शुद्धि-वृद्धि] से महात्माजन ही उसे जान सकते हैं ।।३८।। यह न स्त्री है, न पुरुष, नपुंसक भी नहीं है, न ऊपर है, न नीचे है, न तिरछे है इनमें से किसी प्रकार भी नहीं है।।।३९।। शरीर में रहकर भी शरीर-रहित, चलवस्तु में रहकर भी स्थिर, और अविनाशी है, इसे धीर-पुरुष श्रवणादि [अभ्यास] से सदा देखते हैं ।।४०।। वह पुरुष इस शरीर से भिन्न है, जो लोग इसे शरीर से संयुक्त मानते हैं उन्हें वास्तविक ज्ञान नहीं है ।।४१।। यदि यह शरीर तथाकथित उस पुरुष से संयुक्त होता तो अशुद्ध, परवश, दुःखस्वरूप और नाशवान न होता ।।४२।। विपत्ति का बीजस्वरूप यह शरीर पुरुष से संयुक्त होने से ही कर्मानुसार सुखी दुःखी और अज्ञानी माना जाता है ।।४३।। जल से आप्लावित भूमि से उत्पन्न अंकुर की भाँति शरीर से अज्ञान रूपी जलाप्लावन से कर्म रूपी अंकुर ही उत्पन्न होते हैं ।।४४।। यह शरीर अत्यन्त दुःख का घर, रोगी और मृत्यु के मुख में गिरने वाला है इसके अतीत और भविष्य में हजारों रूप हो चुके और होंगे ।।४५।। वह पुरुष एक शरीर के जीर्ण होने से दूसरे शरीर में चला जाता है। कहीं भी किसी प्रकार भी एक शरीर

में यह निरन्तर नहीं रहता ।।४६।। आकाश में मेघ से ढंके हुए चन्द्रमंडल के समान अप्रकट और प्रकटरूप में पुरुष और शरीर का संयोग और वियोग होता है ।।४७।।

अनेक शरीरों के भेद से आत्मा की वृत्ति भी भिन्न भिन्न प्रकार की दिखाई देती है, वह शारिफल के समान एकाकार होकर भी अनेक आकार में प्रतीत होता है ।।४८।। उस पुरुष का न कोई कभी हुआ और न भविष्य में होगा, स्त्री, पुरुष और बन्धुबान्धवों का संयोग तो पथिक के समान है ।।४९।। जैसे बहते हुए दो काष्ठ [सागर की] लहरों से मिल जाते और मिलकर पृथक हो जाते हैं वैसे ही प्राणियों का समागमन है ।।५०।। वह जीव शरीर को देखता है परन्तु शरीर जीव को नहीं देख सकता, इन दोनों [जीव और शरीर] को कोई और देखता है परन्तु वे उसे नहीं देख सकते ।।५१।। ब्रह्मा से स्थावर तक सभी पशु की संज्ञा से अभिहित हैं यह उपर्युक्त दृष्टान्त पशुओं के लिये ही कहा गया है ।।५२।। यह पाश से बंधता और सुख-दुःख भोगता है इसलिए पशु कहा गया है, विद्वानों का कहना है कि यह ईश्वर के विलास [लीला, क्रीड़ा] का साधन है ।।५३।। यह जीव, अज्ञानी अनीश और सुख-दुःख की भूमि है तथा ईश्वर की प्रेरणा से यह स्वर्ग-नरक प्राप्त करता है ।।५४।।

सूत जी ने कहा- वायु के वचन सुनकर मुनि अत्यन्त प्रसन्न हुये और शिव शास्त्र में प्रवीण, वायु को प्रणाम कर कहने लगे।

अध्याय २

शिव-तत्त्व वर्णन

ऋषियों ने कहा -

आपने जो पशु तथा पाश कहा है इनसे विलक्षण इनका स्वामी कौन है? ।।१।।

वायु ने उत्तर दिया -

वह अनन्त रमणीय गुणों का आश्रय, जगदीश्वर तथा पशु के पाश से आबद्ध करने वाला ही स्वामी अर्थात् पति है ।।२।। उसकी अनुपस्थिति में विश्व की सृष्टि कैसे हो सकती है, पशु तथा पाश के अचेतन तथा ज्ञानरहित होने से ।।३।। प्रधान परमाणु आदि जो अचेतन है उनका स्वयं कर्तृत्व चेतन सम्बन्धरूप बीज से इतर किसी ने भी नहीं देखा ।।४।। संसार कर्म सापेक्ष है, कार्य अवयव रूप है तथा उस अवयवयुक्त कार्यत्व के कर्तृत्व का कारण ईश्वर [पति] है। पशु-पाश [में सर्वकर्तृत्व] नहीं है ।।५।। ईश्वर की प्रेरणा से पशु में भी कर्त्ता पन प्रतीत होता है [वह कर्तृत्व यथार्थ नहीं है] जैसे अन्धा स्वयं नहीं चल सकता दूसरे के सहारे चलता है वैसे ही पशु का कर्तृत्व समझें ।।६।। अपने आत्मा और प्रेरक को पृथक् मानकर यह आत्मा उपासना के द्वारा ईश्वर की कृपा पाकर अमृत हो जाता है।।७।। पशु, पाश और पति का जो तात्त्विक अन्तर है उसे जानकर ब्रह्मज्ञानी पुरुष योनिमुक्त होता है ।।८।। क्षर-अक्षर दोनों मिलकर व्यक्त-अव्यक्त को धारण करते हैं और ईश्वर संसार के बन्धन से मुक्त कराने वाले हैं ।।९।। भोक्ता, भोग्य और प्रेरक यह तीन हैं, जानने वालों को इनसे परे किसी अन्य के जानने की आवश्यकता नहीं है ।।१०।।

जैसे तिलों में तैल, दही में घी, स्रोत में जल और अरणि में अग्नि की स्थिति है ।।११।। वैसे ही अपनी आत्मा में आत्म विलक्षण रूप से स्थित है और यह सत्य तथा तपोनिष्ठता से नित्ययुक्त देखता है ।।१२।। एक ऐन्द्रजालिक के

समान माया से युक्त ईशन् [वशीभूत] करने वाली सम्पूर्ण लोकों को वशवर्ती करके वह स्थित है ।।१३।। सर्वदा शाश्वत वे एक ही रुद्र हैं, दूसरा कोई भी नहीं समग्र विश्व लोकों की वह रचना व विस्तार करता है तथा उसे समेट लेता है ।।१४।। समग्र संसार उसके नेत्र और मुख हैं उसकी भुजा और चरण ही विराट् पुरुष के भुजा और चरण हैं ।।१५।। वह एक ही देवता महेश्वर स्वर्ग और पृथ्वी तथा सभी देवताओं को उत्पन्न करता है तथा पालन भी करता है ।१६। जो प्रथम हिरण्यगर्भ [देवताओं में] को उत्पन्न करता है वही जगदुत्पादक रुद्र है, महर्षिगण और श्रुतियाँ यही कहती हैं ।।१७।। आदित्य के समान तेजोमय वर्णवाले उस अमृत स्वरूप, अचल पुरुष को मैं जानता हूँ ।।१८।। इस परमेश्वर से परे अन्य कुछ भी नहीं है, न स्थूल, न सूक्ष्म कोई भी नहीं इसने सम्पूर्ण जगत् को परिपूर्ण कर लिया है [यह सम्पूर्ण जगत् को परिपूर्ण किये हुए हैं] ।।१९।। वह एक वृक्ष के समान अचल हुआ स्वर्ग में स्थित है, सबके मुख, शिर, कंठ आदि उसी के अंग हैं सब प्राणियों में स्थित, सर्वव्यापी होने से वह सर्वगत एवं शिव है ।।२०।। चरण, मुख, नेत्र सभी में वह व्याप्त है उसी के श्रोतृ सब ओर हैं वह सबको आवृत्त कर स्थित है ।।२१।। सम्पूर्ण इन्द्रियों और गुणों के अभ्यासरूप, इन्द्रियों से रहित ज्ञानरूप सर्वज्ञ, सर्वेश्वर सभी के शरणदाता और मित्र हैं बिना नेत्र के देखते, बिना कान के जो सुनते, जो सबको जानने वाले हैं। परन्तु वे सबसे अगम्य है वे शिव ही परम-पुरुष हैं ।।२३।। सूक्ष्म से भी सूक्ष्म महान् से भी महान् व अविनाशी [नित्य] महेश्वर जीव के हृदयाकाश में स्थित हैं ।।२४।। उस क्रतुहीन यज्ञस्वरूप, महान महिमासम्पन्न, महेशान देव को उसी परमात्मा की प्रसन्नता से शोकरहित देखते हैं ।।२५।। इस सर्वव्यापी परमेश्वर को वेद जराहीन, पुराण पुरुष तथा सर्वगामी एवं ब्रह्मवादी जन्म-मरण-बन्ध के निरोधरूप में कहते हैं ।।२६।। वह एक ही ईश्वर अपनी शक्ति से तीनों लोकों की विश्वरूप रचना करके अन्त में उसका संहार कर देता है ।।२७।। विश्व को उत्पन्न करने वाली प्रकृति अजा है, वही परा शैवी है, रजोगुण वाली होने से वह लालवर्ण की, सत्त्वगुण से श्वेत, तमोगुण से काले वर्ण की है ।।२८।। वह अनेक प्रकार की अपने रूपों से प्रजा की उत्पत्ति करने वाली है, जीव इसे भोगता हुआ सोता है तथा वह अज इसे भोगकर त्याग देता है ।।२९।। दो सुपर्ण समान रूपेण सखा की भाँति देहरूपी वृक्ष पर समान रूप से स्थित हैं, एक वृक्ष के फल रूपी

कर्म को खाता हुआ भोगता है और दूसरा परमात्मा उसे देखता है ।।३०।। इस संसार-वृक्ष पर पुरुष भोगों को भोगता हुआ मोहवश शोक करता है, परन्तु शुद्ध ध्यान की अवस्था में परमकारण को देखता है ।।३१।। अपनी परमेश्वररूपिणी उस माया को देखकर वह शोकमुक्त होकर आनन्द प्राप्त करता है। छन्द, यज्ञ, कर्म, भूत, भविष्य, वर्तमान आदि मायावी होकर माया का निर्माण करते हैं, क्योंकि माया प्रकृति है और मायापति परमेश्वर हैं [महेश्वर हैं] ।।३३।। उन्हीं के अवयवों से सम्पूर्ण विश्व व्याप्त हैं, सूक्ष्मातिसूक्ष्म ईशान देव के गर्भ के मध्य में ।।३४।। सम्पूर्ण विश्व का निर्माता और सचेष्ट करने वाला शिव ही है, ऐसा जानकर मनुष्य शान्ति प्राप्त करता है ।।३५।। विश्व का वह स्वामी प्रभु ही कालरूप है, संसार का रक्षक और पालनकर्त्ता है, उस परमेश्वर को जानकर मनुष्य मृत्यु के पाश से मुक्त हो जाता है।।३६।। घृत के परमाणु के तुल्य ईश्वर को सूक्ष्मतर जानकर, सभी प्राणियें के अन्तस् में विद्यमान समझकार मनुष्य सभी पाप से मुक्त हो जाता है ।।३७।। यह परदेव विश्वकर्मा महेश्वर हैं, इनको हृदय में विद्यमान जानकर यह जीव अमृतत्व को प्राप्त करता है ।।३८।। जब दिन-रात, सत्-असत् कुछ भी नहीं थे तब एकमात्र शिव ही थे, इससे सनातनी प्रज्ञा प्रकट होती है ।।३९।। उर्ध्व, निम्न, तिर्यक्, कोई भी नहीं प्रापणीय है जो अनुपमेय है-उनके नाम का महानयश है ।।४०।। अविवेक बुद्धि के कारण अनेक जन्मों से भयभीत मनुष्य, इस परमेश्वर को अजन्मा जानकर रक्षा के एकमात्र उपायस्वरूप रुद्र की शरण में जाते हैं। ब्रह्मा में दो ही अक्षर हैं, वही रक्षा का उपाय है, विद्या और अविद्या में स्थित होकर वे अत्यन्त गूढ हो गये हैं ।।४२।। अविद्या से संसार चक्र, विद्या से अमृतत्व कहा गया है- उन दोनों का ईशन्कर्त्ता कोई अन्य नहीं, महेश्वर ही है।।४३।। वह एक ही बहुविध रूप से अनेक प्रपञ्चों की रचना करता है, सबको उत्पन्न करता है तथा सार्वभौम आधिपत्यपूर्ण सब कर शासन करता है ।।४४।। ऊपर-नीचे और सम्पूर्ण दिशाओं में वही विराजमान है सबका कारण होने से वह एक ही सर्वश्रेष्ठ स्थित है ।।४५।। स्वभाव रूप शब्द और अर्थों का परिणाम न करके गुणों के भोग्य और भोक्तृत्व में वह विश्वरूप अधिष्ठित है ।।४६।। उस गुह्य उपनिषद् में गूढ़ परात्पर ब्रह्म तथा संसार को उत्पन्न करने वाले उस प्रथम देव को ऋषियों ने जाना था ।।४७।। संसार का आश्रय तथा सृष्टि एंव संहार की कलावाला वह परमेश्वर भावपूर्वक जाना जाता है, उस शिव को जान

लेने वाला शरीर रूपी बन्धन को तोड़ देता है। वह एक ही 'स्वभाव' है, एक ही कलाकार है, उसे न जानकर सभी विमोहित हैं, उस जगत् देव की महिमा ने संसार को भ्रमित कर रखा है ।।४९।। काल के भी काल जिस परमेश्वर से नित्य जगत आवृत्त है, उनके द्वारा प्रेरित कर्म भूतों के साथ प्रकाशित होते हैं ।।५०।। वह विभिन्न कर्मों को करके फिर कलादि तत्त्व और सत्त्वगुण के आश्रित होकर योग को प्राप्त होकर ।।५१।। आकाशादि आठ मूर्ति, सत्वादि तीन गुण, विद्या-अविद्या अथवा एक काल या अपने गुणों से इस सम्पूर्ण विश्व को ।।५२।। गुणानुसार कर्मों का आरम्भ कर स्वभावानुसार प्रेरित कर कार्य करता है, उन कर्मो के अभाव में किये हुए कर्म भी नष्ट हो जाते हैं ।।५३।। तात्विक रूप से कर्मों के क्षीण हो जाने पर पुनः जन्म-बन्धन नहीं होता, भोक्ता और भोग का यह आदि योग स्वयं के प्रति कहा है ।।५४।। वह परमेश्वर त्रिकालदर्शी, सबका ज्ञाता, गुणों का स्वामी, परे से भी परे साक्षात् ब्रह्म है ।।५५।। जो उस विश्वरूप, विश्वकर्त्ता, देवताओं के भी देवता जगत्पूज्य अपने चित्त में उपासना करते हैं।।५६।। कालादि से परे जिस परमेश्वर से यह प्रपञ्च प्रारम्भ होता है उस धर्मकर्मा, पापहारी, ऐश्वर्यों के ईश्वर, विश्वधाम हैं ।।५७।। ईश्वर के भी ईश्वर, परम महेश्वर, परम देवाधिदेव स्वामियों के भी स्वामी, भुवनेश्वर का भजन करते हैं ।।५८।। उन्हें जानने के लिए किसी कार्य और कारण की आवश्यकता नहीं है, संसार में उनसे अधिक अथवा उनके समान कोई नहीं दिखाई देता ।।५९।। उनकी स्वाभाविक पराशक्ति अनेक प्रकार की सुनी गयी है उसमें ज्ञान, बल और क्रिया निहित है उसी से सम्पूर्ण विश्व प्रकट हुआ है ।।६०।। उनका स्वामी कोई नहीं, उनके साक्षात् रूप को भी नहीं कहा जा सकता, कार्य और कारण भी उन्हीं से हैं वे उनके अधीश्वर हैं ।।६१।। उन्हें किसी ने उत्पन्न नहीं किया, वह सभी जीवों की अन्तरात्मा हैं उनका कभी जन्म भी नहीं हुआ, न तो उनके जन्म लेने का कोई हेतु ही है वे भक्त, माया आदि संज्ञा से आवृत्त भी नहीं ।।६२।। वह एक ही सभी प्राणियों में व्याप्त हैं, वह सभी जीवों की अन्तरात्मा हैं तथा वही धर्माध्यक्ष कहा जाता है ।।६३।। वही सब प्राणियों में निवास करने वाला, सबका साक्षी, चेतन तथा निर्गुण है, वह एक ही असंख्य योगियों को वश में करने में समर्थ हैं अथवा विश्वात्मा निष्क्रिय पुरुषों के वश में करने वाला है ।।६४।। देहधारियों में समयानुसार प्रजोत्पत्ति को हेतु बीज उत्पन्न करने वाला है, वह एक कामनारहित, काम का ईश्वर दूसरों को काम्यफल देता है। वह नित्यों

का नित्य, चेतनों में चेतन है ।।६५।। सांख्य-योग द्वारा जानने योग्य, कारणरूप संसार के स्वामी को जानकर देवता और पशु अपने कर्मबन्धन से मुक्त हो जाते हैं ।।६६।। विश्व के कर्त्ता, विश्व के ज्ञाता, प्राणियों के कर्मबीज के ज्ञाता, काल के कर्त्ता, गुणीप्रधान और प्राणियों के स्वामी गुणेश, पाश से मुक्त करनेवाले जिसने पहले ब्रह्मा को बनाया और उसे वेदों का उपदेश किया उस को [उस देवता को] आत्मबुद्धि और उसके प्रसाद की प्रेरणा जानकर ।।६८।। मैं मोक्ष की कामना वाला, इस जगत से मुक्ति के लिए शिव की शरण को प्राप्त होता हूं, जो निष्कल, कर्म-रहित, शान्त, निरञ्जन और अनिद्य हैं ।।६९।। जो अमृत के अथाह सागर हैं, दुःख रूपी ईंधन की अग्नि हैं – जब मनुष्य अपने देह में चर्म के समान आकाश को लपेट लेगें ।।८०।। जब शिव के जाने बिना भले ही दुःख का अन्त सम्भव होता [अर्थात् उनके बिना दुःख निवृत्ति का कोई उपाय नहीं], तप के प्रभाव से तथा देव के प्रसाद से ऋषिगण ।।७१।। संन्यास आश्रम से पवित्र और पाप नष्ट करने वाले ज्ञान को ।।७२।। जो वेदान्त में अत्यन्त गुह्य और पूर्वकल्प में कहे गये हैं, यह मेरे भाग्य का गौरव है कि मैने ब्रह्मा के मुख से इसे सुना है ।।७३।।

अध्याय ३

शिव से काल स्वरूप शक्ति-कथन

ऋषियों ने प्रश्न किया :-

काल से ही वस्तु की उत्पत्ति और लय है, क्योंकि कार्य कभी निरपेक्ष नहीं रहता ।।१।। जब यह सम्पूर्ण जगत् लीन हो जाता है, तब पुनः उत्पन्न होता है, उत्पत्ति और प्रलय, चक्र के समान चलते रहते हैं ।।२।। ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र और अन्य देवता, जिसकी नियति का उलंघन करने में समर्थ नहीं हैं ।।४।। जो भूत, भविष्य और वर्तमान रूप से काल का विभाग और प्रज्ञा को जराग्रस्त करके, अति प्रभुत्वशाली की तरह सर्वदा भयंकर रूपेण प्रवर्तमान रहता है ।।४।। वह काल क्या है? किसके वश में रहता है? इसके वश में कौन नहीं हो सकता? वह सब कहने की कृपा करें।

वायु ने कहा

कला, काष्ठा, निमेष आदि कलाओं की वृद्धि यही काल के शरीर हैं, यही कालात्मा परम महेश्वर का तेज कहा गया है ।।६।। जिसे कोई भी स्थावर या जंगम प्राणी उल्लंघन नहीं कर सकता, वह ईश्वर का नियोगरूप बल, जगत् की रक्षा करने वाला है ।।७।। उसकी अंशमयी महाशक्ति कालात्मा रूप से प्रविष्ट हो गयी जैसे लोक में अग्नि प्रवेश करती है ।।८।। उस काल के वश में विश्व है, उस विश्व के वश में काल नहीं है, शिव के वश में वह काल है किन्तु काल के वश में शिव नहीं है ।।९।। अप्रतिहत रूप से जिस कारण शिव का तेज काल में निहित है, उस कारण महत् से परे काल की मर्यादा को कोई मिटा नहीं सकता ।।१०।। अत्यन्त बुद्धिमानी करके भी कोई काल को अन्यथा करने में समर्थ नहीं है, क्योंकि काल के कर्म को कभी भी अन्यथा नहीं किया जा सकता ।।११।। अपने पराक्रम से इस पृथ्वी को वश में करके एकछत्र शासन

करने वाला भी काल की मर्यादा का उल्लंघन नहीं कर सकता ।।१२।। जो इन्द्रियों को वश में करके सम्पूर्ण जगत को जीत लेते हैं वे भी काल पर विजय नहीं प्राप्त कर सकते, किन्तु काल उन पर विजय प्राप्त कर लेता है ।।१३।। आयुर्वेद और रसायनशास्त्र के ज्ञाता और वैद्य भी काल को मिटाने में समर्थ नहीं हैं, क्योंकि काल दुरतिक्रम है ।।१४।। लक्ष्मी, रूप, शील, बल, कुल आदि से जीव कुछ और ही, सोचता है परन्तु काल का बल कुछ और ही करता है ।।१५।। अप्रिय, प्रिय तथा अचिन्तित वस्तुओं की प्राप्ति या अभाव तथा प्रणियों को संयोग या वियोग काल के ही कर्म हैं ।।१६।। जैसे कोई एक दुःखी होता है वैसे ही कोई अन्य सुखी होता है, इसी प्रकार काल का स्वभाव औंर गति जानने में कठिन है ।।१७।। युवा वृद्ध हो जाता है, बली निर्बल हो जाता है, लक्ष्मीपति कंगाल हो जाता है, इस प्रकार काल की गति विचित्र ही है ।।१८।। जाति, शील, बल, चतुरार्क, कार्य के लिए पूर्ण नहीं होती इसका प्रतिरोधक काल ही है ।।१९-२०।। काल के बिना प्राणी का जन्म-मरण आदि सम्भव नहीं है, सुख-दुःख की प्राप्ति भी सम्भव नहीं है, अकाल की कोई वस्तु समान नहीं होती ।२२।। काल से समीर बहता है मेघ वर्षा करते है, ऊष्णता शांत होती है और सभी कार्य सफल होते हैं ।।२३।। काल से सबकी उत्पत्ति का कारण है इसी से सभी लोक जीवित है।।२४।। इस प्रकार जो कालात्मक परमेश्वर के तत्त्व को जानता है वह कालात्म का अतिक्रमण करता हुआ निर्गुण ब्रह्म को प्राप्त होता है ।।२५।। जिसे न काल का बन्धन है, न मुक्ति है, जो पुरुष प्रकृति, विश्वरूप तथा विचित्ररूप है उस परमात्मा पुरुष शिव के लिए नमस्कार है ।।२६।।

अध्याय ४

शिव-क्रीड़ा द्वारा सृष्टि की उत्पत्ति-विषयक प्रश्न

ऋषियों ने प्रश्न किया

इस विश्व को परमेश्वर किस प्रकार निर्मित तथा स्थित कर अपनी शक्ति के सहित क्रीड़ा करते हैं? यह विश्व प्रथम किस प्रकार उत्पन्न हुआ? कैसे विस्तार को प्राप्त हुआ और अन्त में यह किसकी महाकोख में प्रविष्ट हो जाता है? ।।१-२।।

वायु ने कहा -

पहले शान्त्यातीत पद से शक्ति उत्पन्न हुई फिर भगवान शिव की माया के द्वारा अव्यक्त प्रकृति की उत्पत्ति हुई ।।३।। प्रथम उत्पन्न शक्ति से शान्त्यातीत पद है फिर शान्तिपद और उसके बाद विद्या पद तथा प्रतिष्ठापद क्रमशः हुए।।४।। क्रम से प्रतिष्ठापद के बाद निवृत्ति पद है, ईश्वर की प्रेरणा से हुई सृष्टि का यह संक्षिप्त वर्णन है।।५।। जिस क्रम से इनकी उत्पत्ति होती है उसके प्रतिलोम से ही संहार होता है, पाँच पदों का उपदेश सृष्टि से अन्तर की अपेक्षा नहीं करता ।।६।। यह विश्व जिस कारण से पाँच कलाओं से व्याप्त है, इसमें जो अव्यक्त कारण है वह आत्मा में अधिष्ठित है, महत् से विशेष पर्यन्त उत्पत्ति होती है परन्तु उसमें अव्यक्त और प्राणी का कर्तृत्व नहीं है ।।७-८।। प्रकृति के जड़ होने और जीव के अज्ञानी होने से प्रधान परमाणु आदि जो कुछ भी अचैतन्य है।।९।। उसका कर्त्तापन विद्वानों ने ही ने बिना कारण के ही स्वयं देखा है यह संसार कर्तृ-सापेक्ष है, क्योंकि कार्य सावयव है ।।१०।। इस कारण जो सर्व, स्वतन्त्र, समर्थ, सशक्त और सर्वज्ञ है वह अनादि-अनन्त और महान् ऐश्वर्यशाली है।।११।। वही संसार का कर्ता महादेव महेश्वर है वह पालनकर्ता, संहार-कर्ता और पृथक है।।१२।। वही महदादि का परिणाम-कर्ता है, पुरुषों में प्रवृत्ति है, सार्वभौम सत्य

सर्ववृत के शासन से सबकी प्रवृत्ति है।।१३।। यही शाश्वत निष्ठा है, सत्यपुरुषों का हार्दिक निश्चय भी यही है, अल्पबुद्धि वाला उस पक्ष को ग्रहण करने में कभी भी समर्थ नहीं होता।।१४।। जब तक कार्यारम्भ हो और जब तक महान प्रलय काल उपस्थित हो, तब तक ब्रह्मा के सौ वर्ष व्यतीत हो जाते हैं ।।१५।। अव्यक्त जन्मा ब्रह्मा की आयु का यही क्रम है उसकी आयु के प्रथम अर्ध भाग को परार्ध कहते हैं ।।१६।। जब दो परार्ध व्यतीत हो जाते हैं तब ब्रह्मा की आयु समाप्त हो जाती है, तब अव्यक्त आत्मा कार्य को लेकर आत्मा में स्थित हो जाता है ।।१७।। यह सम्पूर्ण शिव आत्मा में स्थित होकर विकारयुक्त संहृत होता है, इस समय प्रधान और पुरुष साधर्म से युक्त होते हैं ।।१८।। तमोगुण और सत्वगुण समानरूप में स्थित होते हैं, वे सब ओर से परस्पर पिरोये हुए के समान ही रहते हैं ।।१९।। गुणों की साम्यता से तमोदय होने के कारण इनका विभाग सम्भव नहीं है, उस समय वह वायु के द्वारा शान्त् होकर निश्चल जल के समान जानने में नहीं आते ।।२०।। उस विश्व की अप्रज्ञात दशा में उस माहेश्वरी रात्रि में वह एक ही महेश्वर स्थित रहते हैं ।।२१।। प्रभात होने पर वह महेश्वर प्रधान और पुरुष दोनों के भीतर योगबल से प्रविष्ट होकर उन्हें क्षोभित करते हैं।।२२।। फिर सम्पूर्ण भूतों की सृष्टि के निमित्त परमेश्वर की आज्ञा से उस अव्यक्त के द्वारा सृष्टि होती है ।।२३।। जिसकी माया शक्ति के एकीखण्ड से ही उत्तरोत्तर विचित्र सृष्टि अद्‌भुत मनोरथों सहित समाप्त होती है उस परमेश्वर को अध्वपति कहा जाता है। सब प्राणियों से विलक्षण उस परमेश्वर को नमस्कार है ।।२४।।

अध्याय ५

समस्त ब्रह्माण्ड का स्वरूप वर्णन

वायु ने कहा :-

ईश्वराज्ञा से पुरुष से अधिष्ठित अव्यक्त बुद्धि को लेकर विशेष तक क्रमपूर्वक पहले विकारों की उत्पत्ति हुई।।१।। उन विकारों से रुद्र, विष्णु, ब्रह्मा, यह तीन जगत् के कारणरूप देवता उत्पन्न हुए ।।२।। सम्पूर्ण भुवन में व्याप्त अनवरुद्ध अव्याहत शक्ति हुई उनका अप्रतिहत ज्ञान अणिमादि सिद्धियों के सहित हुआ ।।३।। इन तीनों के कर्म उत्पत्ति, पालन और संहार हुए, इनके प्रभुत्व से महेश्वर प्रसन्न होते है।।४।। परमेश्वर ने कल्पान्तरों में बुद्धि और मोह की स्पर्धा को उत्पत्ति, रक्षा और संहार के हेतु प्रदान किए।।५।। ये परस्पर उत्पन्न होकर परस्पर ही सशक्त होते हैं तथा परस्पर ही स्थित होते हुए अपनी शक्ति की परस्पर वृद्धि करते हैं।।६।। कहीं ब्रह्मा की प्रशंसा होती है, कहीं विष्णु की और कहीं रुद्र की इससे उनके ऐश्वर्य में कहीं आधिक्य अथवा न्यूनता नहीं आती।।७।। जो मूर्ख यह पर है, यह न्यून अथवा श्रेष्ठ है-ऐसा कहते हैं वे अवश्य ही राक्षस अथवा पिशाच बनते हैं।।८।। त्रिगुणातीत चतुर्व्यूह रूप महेश्वर हैं वह सबके आधार रूप शक्ति के उत्पन्नकर्त्ता हैं।।९।। इन ब्रह्मादि त्रिदेवों का तथा प्रकृति का आत्मा वही है तथा संसार की रचना करके अपने ही ऐश्वर्य में स्थित हो रहा है।।१०।। जो परमेश्वर सबसे परे कलारहित है, वही सर्वाधार सर्वात्मा और सबमें अधिष्ठित है।।११।। इस कारण महेश्वर, प्रकृति, पुरुष, शिव, विष्णु, ब्रह्मा आदि सभी शिवात्मा हैं।।१२।। प्रधान से पूर्व बुद्धि ख्याति और मति की उत्पत्ति हुई तथा महत्तत्व के क्षोभ से तीन प्रकार का अहंकार उत्पन्न हुआ।।१३।। अहंकार से पञ्चभूत और तन्मात्रा हुई तथा उस अहंकार के विकारी होने के कारण सत्त्वगुण से सत्व हुआ ।।१४।। वह वैकारिक युगपत् रूपेण सर्ग समान ही प्रवृत्त होता है बुद्धि आदि पञ्चज्ञानेन्द्रिय और पञ्च कर्मेन्द्रिय और ग्यारहवां मन, सत्व-रज युक्त होने से

उभयात्मक हुआ। तमोयुक्त अहंकार से भूतादि तन्मात्रा उत्पन्न हुई।।१५-१६।। आदि भूत होने से उसे भूतों का आदि कहते हैं, भूतादि अहंकार से शब्दतन्मात्रा होती है तथा उससे आकाश की उत्पत्ति कही है।।१७।। आकाश से स्पर्श, स्पर्श से वायु, वायु से रूप, रूप से तेज तथा तेज से रस हुआ ।।१८।। रस से जल, जल से गन्ध और गन्ध से पृथ्वी हुई तथा इन्हीं पञ्चमहाभूतों से यह चराचर सृष्टि हुई।।१९।। पुरुष के अधिष्ठान तथा अव्यक्त के अनुग्रह से, महत् से विशेष तक यह सब अण्ड को उत्पन्न करते हैं, जब ब्रह्म के कार्य-कारण की सिद्धि हुई तब इस अण्ड में ब्रह्मा संज्ञा वाले क्षेत्र की वृद्धि हुई।।२०-२१।। यही प्रथम शरीरी की उत्पत्ति हुई, उसी को पुरुष कहते हैं, वही सर्वप्रथम उत्पन्न प्राणियों के आदिकर्ता ब्रह्मा है।।२२।। उस सृष्टिकर्ता के अभिमान से ब्रह्मा की उपमारहित, ज्ञान, वैराग्य संयुक्त ब्रह्म सम्बन्धी धर्म और ऐश्वर्यकारी बुद्धि उत्पन्न हुई।।२३।। इसके मन की सम्पूर्ण इच्छा अव्यक्त से उत्पन्न होती है वह तीनों गुणों को अपने वश में किये हुए है, वे गुण उसकी अपेक्षा रखते हैं, क्योंकि वह स्वभाव से ही सापेक्ष है।।२४।। वह अपनी आत्मा का तीन प्रकार विभाजन करके तीनों लोकों में प्रवृत्त होता है तथा उन्हीं तीन गुणों के द्वारा उत्पत्ति, पालन और विनाश करता है।।२५।। सृष्टि कर्म में चतुर्मुख ब्रह्मा अन्त में कालत्व तक अपने को अनेक रूपों में अभिव्यक्त करता हुआ रुद्र, विष्णु तीनों अवस्थाओं में स्वयंभू है।।२६।। ब्रह्मत्व में सत्वगुण और रजोगुण कालत्व में तमस् और रजस् विष्णुत्व में केवल सत्त्व गुण-तीनों भेद वाली गुणवृद्धि कही गयी है।।२७।। ब्रह्मत्व में सृष्टि, कालत्व में संहार, पुरुषत्व में देखने से ही पालन कार्य की सिद्धि हो जाती है।।२८।। इस प्रकार तीन रूपों में विभक्त होने के कारण वह त्रिगुणात्मक कहा गया है तथा चार प्रकार से विभक्त होने पर उसे चतुर्व्यूह कहते हैं।।२९।। आदि होने के कारण उसे आदि कहा गया, जन्म न होने के कारण उसे अज कहा गया, प्रजा की रक्षा करने वाला होने के कारण उसे प्रजापति कहा गया।।३०।। उसका गर्भाशय सुवर्णमय सुमेरु है, गर्भ का जल समुद्र और जरायु पर्वत है।।३१।। इस खण्ड में यह सम्पूर्ण लोक अन्तर्निहित है, सूर्य, चन्द्र, नक्षत्र, ग्रह और वायु भी इसी में स्थित है।।३२।। यह बाहर दस गुणा जल से व्याप्त है और जल से दस गुणा तेज से व्याप्त है, तेज से दस गुणा वायु से आवृत्त है।।३३।। आकाश से वायु तथा आकाश से ही पंचभूत वेष्टित है।।३४।। भूतादि महत् से, और महत् प्रकृति से व्याप्त है इस प्रकार यह सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड प्रकृति के सप्तावरणों से व्याप्त हो रहा है।।३५।। यह आठों प्रकार की प्रकृति परस्पर सापेक्ष है, इन्हीं के द्वारा सृष्टि,

स्थिति और संहार होता है ।।३६।। परस्पर उत्पन्न होकर विश्व को यह परस्पर धारण करती है, आधार और आधेय के भाव से विकारियों के विकार कछुए के शरीर के सदृश फैलाते और संकुचित करते हैं, यही व्यक्त सब विकारों को प्रकट करता है और नष्ट कर देता है।।३८।। यह सम्पूर्ण विश्व पूर्वोक्त क्रम से उत्पन्न होता हुआ अव्यक्त से प्रकट होता है तथा प्रलय उपस्थित होने पर प्रतिलोम क्रम से लीन हो जाता है। ३९ । काल के वश में ही विषम और गुणों की उत्पत्ति होती है, गुणों की विषमता में सृष्टि-रचना तथा साम्य में लय होता है।।४०।। पितामह ब्रह्मा का कारण यही अण्ड है ब्रह्म का क्षेत्र होने से ब्रह्मा क्षेत्रज्ञ कहा गया है।।४१।। इस प्रकार के अण्ड करोड़ों सहस्र हैं, सर्वगत होने से यह ऊपर, नीचे और तिरछे स्थित है।।४२।। ब्रह्मा, विष्णु, महादेव भी उन्हीं स्थानों में स्थित हैं, प्रधान द्वारा प्रकट होकर शिव प्राप्त हुए विश्व की रचना करते है।।४३।। परमेश्वर व्यक्त से परे है, उसी व्यक्त से अव्यक्त संज्ञा वाला अण्ड हुआ, अण्ड से ब्रह्मा हुए जिन्होंने सब लोकों का निर्माण किया।।४४।। जीवों के आवरण और विक्षेप पूर्वक मैंने यह प्रथम सर्ग कहा, अन्त काल में आत्यन्तिक प्रलय होती है यह सब परमेश्वर की लीला ही समझें।।४५।। अप्रमेय कारणभूत ब्रह्मा, कारण भूत प्रकृति से प्रादुर्भूत हुआ है, वह आदिहीन, मध्यहीन और अन्तहीन, वीर्यवान् लाल-श्वेत वर्ण वाले पुरुष से युक्त है।।४६।। रज की वृद्धि सन्तति की वृद्धि के हेतु हैं, वे सृष्टि के आदि में आठ विकारों को उत्पन्न करते और अन्त में उनको ग्रस लेते है।।४७।। प्रकृति-जन्य कारणों की स्थिति और प्रवृत्ति जहाँ तक है, वह अप्राकृत महेश्वर के ऐश्वर्यज्ञान से है, उनके संकल्पमात्र से यह उत्पन्न होता है ।।४८।।

अध्याय ६

मोक्ष-साधन में शिव-ज्ञान की प्रधानता

ऋषियों ने कहा

हे वायु! जिस अनुष्ठान से अपरोक्ष ज्ञान प्राप्त होकर मोक्ष मिले, वह कौन सा है? आप हमारे प्रति उसके साधन कहें।।१।।

वायु ने कहा -

श्रेष्ठ अनुष्ठान शिव की उपासना ही है, वही परम धर्म है, उसी से मोक्षदायक शिव अपरोक्ष होते हैं।।२।। यह पाँच खण्ड वाला होने से पाँच प्रकार का है, जप, तप, ध्यान और ज्ञानमय आत्मा से विचार करना।।३।। उन श्रेष्ठ धर्मान्तरों सहित सिद्ध हुआ धर्म परम-तप कहा जाता है, उसी से परोक्ष और अपरोक्ष मुक्ति को देने वाला ज्ञान उत्पन्न होता है।।४।। वेद में परम और अपरम दोनों ही धर्म कहे गये हैं और वेद ही धर्म के विषय में प्रमाण है।।५।। पाशुपत-योग तक परम धर्म उपनिषद् भाग में और योगादि अपरम धर्म श्रुति के मुखादि में स्थित है।।६।। परम धर्म में माया पाश से मुक्त आत्माओं का अधिकार है तथा योगादि साधारण धर्म में सभी का अधिकार है।।७।। अपर धर्म ही परम धर्म का साधन है, धर्म शास्त्रों में यह अङ्गों सहित पुष्ट हुआ।।८।। उसमें शिव-धर्म आद्य है, उसी को श्रेष्ठ अनुष्ठान कहा गया है, उसका इतिहास और पुराणों में भी वर्णन मिलता है।।९।। शैव शास्त्रों में इसका सांगोपांग वर्णन है, शिव-दीक्षा के सभी संस्कार इसमें कहे गये हैं।।१०।। शैव शास्त्र श्रुति और स्मृति भेद से दो प्रकार है, वेद शास्त्र वाल स्रोत और दूसरा स्वतन्त्र कहा गया है।।११।। स्वतन्त्र पहले १० प्रकार का तथा फिर १८ प्रकार का हुआ, कामिक आदि नाम से लेकर सिद्ध तक यह सिद्धान्त रक्षक है।।१२।। श्रुतिसार युक्त का विस्तार सौ करोड़ का है उसमें पाशुपत व्रत को परमज्ञान कहते हैं।।१३।। भगवान् शिव युग-युग में योगाचार्य का अवतार

लेकर शिष्यों को जो उपदेश देते है।।१४।। उसी को संक्षिप्त रूप से रुद्र, दधिचि, अगस्त्य और उपमन्यु ने कहा है।।१५।। उनका पाशुपतों ने संहिताओं में प्रर्वतित किया, उस पशुपति की सन्ततिरूप में सहस्रों गुरुजन हुए।।१६।। उन्होंने चार प्रकार का परमधर्म कहा है, जिसमें पाशुपतयोग भगवान् शिव के साक्षात् करने में श्रेष्ठ है।।१७।। इस प्रकार पाशुपत योग ही उत्कृष्ट अनुष्ठान है जो उसका विधान कहा है वह कहता हूँ।।१८।। यह अष्टाङ्गयोग शिव के द्वारा ही कल्पित है उस योग से शैवी बुद्धि शीघ्र उत्पन्न होती है।।१९।। उस बुद्धि के प्राप्त होने पर परमज्ञान की शीघ्र प्राप्ति होती है। इस ज्ञान को प्राप्त कर लेने वाले पर शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं।।२०।। उन्हीं के प्रसाद से परमयोग प्राप्त होता है और साक्षात् शिव के प्रकट होने से संसार में उत्पत्ति का कारण नष्ट हो जाता है।।२१।। तब वह संसार से मुक्त होकर शिव के ही समान हो जाता है, ब्रह्मा द्वारा कहा गया उपाय अलग-अलग कहा गया है।।२२।। उसका नाम शिव, महेश्वर, रुद्र, ब्रह्मा, पितामह, सर्वज्ञ, संसार भिषक् और परमात्मा है।।२३।। यह आठों नाम शिव के नित्य प्रतिपादक हैं-प्रारम्भ के पाँच तथा शान्त्यतोपदे शैवा: से लेकर तीन।।२४।। वे पाँच, उपाधि परिग्रहण से शिवादि संज्ञक है, उपाधि दूर होने से भेद भी नहीं रहता।।२५।। वह पद नित्य है तथा पद वाले अनित्य हैं पदों की परिवृत्ति उस पद वाले उस मोक्ष को प्राप्त होते हैं।।२६।। परिवृत्ति के अन्तर में उपाधि से पुन: पद प्राप्ति होती है, आदि के पाँच नाम आत्मान्तर वाले हैं।।२७।। अन्य तीन नाम माया के अवलम्ब के कारण होते हैं। इस तीन प्रकार की उपाधि से शिव का ही ग्रहण होता है।।२८।। अनादि मल के संश्लिष्ट होने से प्रागभाव और स्वभाव के सम्बन्ध वाले परम परिशुद्धात्मा शिव ही कहे गये हैं।।२९।। अथवा सम्पूर्ण कल्याण व गुण के एकमात्र धन ईश्वर को ही शिव-तत्व वेज्ञाओं ने शिव कहा है।।३०।। प्रकृति तेइस तत्वों से परे है तथा प्रकृति से भी परे वह पच्चीसवां पुरुष कहा गया है।।३१।। जिसे वाच्य-वाचक भाव से वेदारम्भ में प्रणव कहा गया है और जो वेदों और उपनिषदों में अधिष्ठित है वही प्रकृति में लीन होकर भोगार्थ प्रतिष्ठित हुआ है।।३२।। प्रकृति में लीन हुये से परे महेश्वर हैं, प्रवृत्ति तथा प्रकृति-पुरुष का वश में होना भी उसी के अधीन है।।३३।। अथवा त्रिगुण तत्व उस अविनाशी की माया है, माया ही प्रकृति है तथा मायात्मक महेश्वर है।।३४।। वह अनन्त माया को विक्षुब्ध करने वाला है, जो महेश्वर से समन्वित है तथा वह कालात्मा परमात्मा स्थूल और सूक्ष्म कहा जाता है।।३५।। रुद्र दु:ख और दु:ख

के कारण के नष्टकर्ता होने से रुद्र कहे जाते हैं सत्पुरुषों का कहना है कि परम कारण शिव वही है।।३६।। शिव-तत्त्व से पृथ्वी-पर्यन्त देहादि और घटादि को व्याप्त करके अधिष्ठित होने के कारण शिव को रुद्र कहा गया है।।३७।। सूर्यात्मक शिव के पितृभूत शिव सबके पितृभाव में होने के कारण पितामह कहे गये है।।३८।। जैसे निदान को ज्ञाता वैद्य अनेक औषधियुक्त उपाय से रोग को दूर करने वाला है, उसी प्रकार प्रकृति के कर्म ज्ञान रूप उपायों से मुमुक्षुओं और कामिकों को क्रमपूर्वक लय मोक्ष या भोग के अनुसार उन्हें प्रवृत्त करता है।।३९।। इस प्रकार संसार के मूल को मिलने वाला ईश्वर है तथा जगत्पति होने से सभी तत्वज्ञाता उसे संसारवैद्य कहते हैं।।४०।। शब्दादि विषयों के ज्ञान की सिद्धि के लिए ज्ञानेन्द्रिय और कर्मेन्द्रिय से तीनों काल में होने वाले स्थूल और सूक्ष्म भावों को।।४१।। माया के मल से आवृत्त होने के कारण जीव तत्व को प्राणी नहीं जानते और सभी विषयों के ज्ञान के हेतु में असत्य को देखते हैं।।४२।। जो वस्तु जिस प्रकार है उसे बिना यत्न के शिव उसी प्रकार जानते हैं, इसलिए उन्हें सर्वज्ञ कहते हैं।।४३।। इन परमगुणों से वह सर्वात्मा सदा सम्पन्न रहता है, अपने से परे आत्माओं के विरह से वह परमात्मा है।।४४।। आचार्य गुरु की कृपा से इन आठ नामों को अर्थ सहित पाकर आदि पाँच नामों से कला ग्रन्थियों का।।४५।। यथाक्रम छेदन करे [निवृत्ति हेतु] और अपने अधिष्ठान क्रम से नामों का आर्वतन करे, उद्धात कर्म करे।।४६।। इससे हृदय कण्ठ, तालभ्रू के मध्य, ब्रह्मरन्ध्र से युक्त कलाग्रन्थि रूप [कर्म], प्राणवायु और अविद्या के आकारों का भेदन कर मध्य नाड़ी सुषुम्ना से।।४७।। द्वादश दल वाले हृदय-कमल में स्थित चन्द्रमा के ऊपर शिव प्रभाव में अपने आत्मा को ले जाय और इस कारण में यथायोग्य लय होने से।।४८।। शक्ति की अमृतधारा से सीधे तथा अपने शरीर में स्थित आत्मा को हृदय में अवतरित [उतारे] करे।।४९।। और द्वादशदल हृदय कमल में चन्द्र के ऊपर भक्त वत्सल भगवान् शङ्कर के दर्शन करे।।५०।।

वायु-संहिता [उत्तर भाग]

अध्याय १

पाशुपत-ज्ञान की सर्वश्रेष्ठता

ऋषियों ने कहा -

वह पाशुपत ज्ञान क्या है? शिव पशुपति क्यों कहे जाते हैं? धौम्य के अग्रज [उपमन्यु] से श्रीकृष्ण ने किस प्रकार प्रश्न किया था?।।१।। हे वायु! आप शङ्कर के शरीर हैं। आप यह सब कहने की कृपा करें, आप के समान त्रैलोक में कोई वक्ता नहीं है।।२।।

सूत जी ने कहा–

उन महर्षियों के इस प्रकार वचन सुनकर ईशान शिव का स्मरण कर पवन देव कहने लगे।।८।।

पवन ने कहा -

सर्वप्रथम महेश्वर ने देवों से मंदराचल पर पाशुपत ज्ञान का वर्णन किया था।।४।। वहीं वृत्तान्त विश्वयोनि श्रीकृष्ण ने पूछा था कि देवता आदि को पशुत्व की प्राप्ति किस प्रकार हुई और शिव जी को उनका पतित्व किस प्रकार प्राप्त हुआ।।५।। जैसे उपमन्यु को श्रीकृष्ण ने उपदेश दिया था, वह मैं तुम्हे संक्षिप्त रूपेण सुनाता हूँ, तुम ध्यान से श्रवण करो।।६।। एक समय की बात है बैठे हुए उपमन्यु के पास कृष्ण रूपी भगवान् विष्णु ने इस प्रकार कहा- हे भगवान्-शङ्कर ने पार्वती को जो द्वित्य पाशुपत ज्ञान और उसकी सब विभूतियाँ बतायी थी मैं

उसे सुनना चाहता हूँ।।८।। वे पशुपति देव किस प्रकार से हैं? पशु कौन है? किन पाशों में उसका बन्धन होता है तथा वे किस प्रकार बन्धन मुक्त होते हैं?।।९।। इस प्रकार के वचन सुनकर उपमन्यु शिव-शिवा को प्रणाम कर प्रसन्नता से कहने लगे।।१०।।

''ब्रह्मा से लेकर स्थावर आदि सभी देव-अदेव शूली हैं, वे संसारवर्ती पशु नाम से अभिहित किये जाते हैं।।११।। उन पशुओं के स्वामी होने से देवेश शिव पशुपति कहे जाते हैं, मल और माया आदि के पाशों से वह पशुपति उनका बन्धन करते हैं।।१२।। सम्यक् भक्ति से [उपासना] से वही पशुपति उससे भक्तों को मुक्त करता है, वे माया के गुण और कर्म चौबीस तत्व के हैं।।१३।। इन्हें विषय कहा गया है, इन्हीं से जीव बंधा हुआ है, ब्रह्म से स्तम्ब पर्यन्त पशुओं के बन्धनकार महेश्वर ही हैं।।१४।। वे स्वामीदेव इन पाशों में बाँधकर अपना [संसार का] कार्य कराते हैं, महेश्वर की ही आज्ञा से पुरुषोचित।।१५।। बुद्धि को उत्पन्न करती है, उससे अहंकार, दश इन्द्रियां और पञ्चतन्मात्राएं उत्पन्न करती हैं।।१६।। महान् शासक कल्याण दाता शिव की आज्ञा से तन्मात्रा भी उसी के द्वारा उत्पन्न होती है।।१७।। तथा महाभूतों की उत्पत्ति भी यथाक्रम होती है, ब्रह्मा से तृण तक सभी शरीरी शरीरधारी हैं।।१८।। शिवाज्ञा से ये महाभूत सभी को उत्पन्न करते हैं इसलिए निश्चयात्मिका बुद्धि को अहंकार कहा गया है।।१९।। वह चित्त को चैतन्य करके मन को संकल्पवान् करती हुई श्रोता और शब्दादि को पृथक-पृथक ग्रहण करती है।।२०।। शिवाज्ञा से अपने ही दिव्य ज्ञान के बल से वाणी आदि सभी इन्द्रियां कर्मेन्द्रियां होती हैं।।२१।। शिवाज्ञा से ही सब अपने-अपने कर्म को ग्रहण करते हैं शब्द आदि का भी ग्रहण और वचनादि का क्रियान्वयन भी उनकी आज्ञा से विरुद्ध नहीं होता।।२२।। उस शिव की आज्ञा का उल्लंघन करने में कोई भी समर्थ नहीं है वे सबसे अधिक शक्तिवान् तथा सभी प्राणियों को अवकाश देने वाले हैं।।२३।। परमेश्वर के शासन से ही आकाश सर्वगामी है, प्राणादि से तथा नाम भेद से बाह्यान्तर विश्व को उस सर्व शिवाज्ञा से ही वायु धारण करता है तथा देवताओं के हव्य और पितरों का वहन करने वाला।।२४-२५।। और पाकादि का कर्ता अग्नि भी उन्हीं की आज्ञा से बर्तता है तथ जल भी उन्हीं की आज्ञा से

नित्य प्राणियों को धारण करता है तथा देवताओं की रक्षा, असुरों का संहार और त्रैलोक्य का पालन होता है।।२७।। उन्हीं की अनुल्लंघनीय आज्ञा से इन्द्र देवताओं का तथा वरुण जलों का स्वामित्व प्राप्त करते हैं।।२८।। बन्धन योग्य प्राणियों को पाश में बांधकर तथा दण्डनीय को दण्ड देकर इन्द्र और कुबेर द्वारा धन प्रदान करते हैं।।२९।। उस परम पुरुष की ही आज्ञा से सबको पुण्यानुरूप फल, ऐश्वर्य और ज्ञान भी मिलता है।।३०।। शिवाज्ञा से ईशान देव असाधुओं का निग्रह करते हैं और शेषनाग पृथ्वी को धारण करते हैं।।३१।। जिस ईश्वर की अन्तकरी तामसी रौद्री मूर्ति के शासन में ब्रह्मा सम्पूर्ण विश्व की रचना करते हैं।।३२।। वे अपनी त्रिमूर्ति से रक्षा, रचना और विनाश करते हैं।।३३।। अपने शरीर से ही विश्व का सृजन करके तथा शासन के अन्त में सम्पूर्ण विश्व का जो हरण कर लेते हैं।।३४।। इन तीनों कार्यों से अभिन्न वह विश्वात्मा रचना करके, सम्पूर्ण प्रजा की रक्षा करते हैं, यह सब काल करता है और काल ही संहार कर देता है।।३५।। काल के शासन से काल ही विश्व का पालन करता, काल ही ग्रहण करता और तीनों अंशों से विश्व को धारण कर तेज से वर्षा करता है।।३६।। सूर्यरूप होकर वह शिवाज्ञा मानता और सब औषधियों को पुष्ट कर प्राणियों को प्रसन्न करता है।।३७।। शिवाज्ञा से यह चन्द्रमा देवताओं द्वारा पान किया जाता तथा आदित्य, वसु, रुद्र, अश्विनी कुमार और मरुद्गण।।३८।। खेचर, ऋषि, सिद्धनाम, मनुष्य, पशु, पक्षी, कीट आदि स्थावर जीव।।३९।। नदी, समुद्र, वन, पर्वत, सरोवर, अङ्गों सहित वेदशास्त्र, मन्त्र और स्तोम यज्ञ।।४०।। तथा कालाग्नि से शिव पर्यन्त अधिपतियों सहित भुवन, असंख्य ब्रह्माण्ड तथा उनके आवरण। ।।४१।। भूत, भविष्य, वर्तमान, दिशा, विदिशा, तथा काल के भेद और कला आदि।।४२।। इस विश्व में जो कुछ भी देखा सुना जाता है सब शिवाज्ञा के प्रभाव से ही स्थित है।।४३।। यह पृथ्वी भी उन्हीं की आज्ञावश स्थित है, पर्वत, मेघ, समुद्र ज्योतिर्गण, इन्द्रादि देवता तथा चराचर जगत् उन्हीं की आज्ञा के वशवर्ती है।।४४।।

उपमन्यु ने कहा-

भगवान् शिव का चरित्र अत्यन्त आश्चर्यप्रद हैं। उनके मित-अमित कार्यो को वेदादि के द्वारा मैंने सुना, वह तुम श्रवण करो।।४५।। इन्द्र के सहित देवगण ने दैत्यों को जीतकर परस्पर विवाद किया कि हमने विजय प्राप्त की।।४६।। तब

उनके मध्य अत्युत्तम यज्ञराज विषधारी महेश्वर बोले उन्होंने पृथ्वी पर एक तिनका रखकर कहा-जो इस तिनके को चलायमान कर दे उसी ने दैत्यों को जीता।।४८।। यज्ञ की बात सुनकर शचीपति, वज्रपाणि, इन्द्र कुछ हँसे और उस तिनके को उठाने की चेष्टा करने लगे।।४९।। परन्तु, वे मन से भी उसे उठाने में समर्थ नहीं हुये तो उसे काटने के लिए इन्द्र ने वज्र मारा।।५०।। परन्तु वह तिनके से तिरस्कृत होकर उसके तेज को सहन न कर सका और पृथ्वी पर जा गिरा।।५१।। उसी प्रकार अन्य महाबली लोकपालों ने भी अपने-अपने हजारों आयुध उस तिनके पर चलाये।।५२।। उस समय भीषण अग्नि जल उठी, भयंकर पवन चलने लगी और प्रलयकाल उपस्थित होने के समान समुद्र उमड़ पड़ा ।।५२।। इस प्रकार तिनके पर किया गया देवताओं का सारा पराक्रम निरर्थक हो गया।।५४।। तब इन्द्र ने सहन शीलता त्यागकर यक्षराज से पूछा-आप कौन हैं? उसी समय यक्षराज अन्तर्हित हो गये। तभी दिव्याभूषण धारण किये अत्यन्त शोभावाली स्वर्णमयी हेमवती मन्द मन्द मुस्कराती हुई आकाश में प्रकट हुई।।५६।। उसे देख इन्द्रादि देवताओं को आश्चर्य हुआ और वे उस देवी को प्रणाम कर प्रश्न करने लगे-वह यक्ष कौन था?।।५७।। सस्मित देवी ने उत्तर दिया कि यह तुमसे अगोचर है, यह जो संसार रूपी चक्र चराचर से सम्पन्न होकर घूमता है।।५८।। इसकी रचना तथा अन्त में संहार वही करता है, उसके लिए कोई नियम नहीं है-परन्तु वह सभी का नियामक है।।५९।। इतना कहकर वह महादेवी [शिवा] वहीं अन्तर्हित हो गयी और आश्चर्यचकित देवगण उसे प्रणाम कर स्वर्गलोक चले गये।।६०।।

अध्याय २

समस्त जगत शिवमय है

उपमन्यु ने कहा -

हे कृष्ण उन महेश्वर शिव की मूर्ति यह चराचर विश्व, जिस प्रकार व्याप्त हो रहा है वह सुनो।।१।। यह शिव की अपनी मूर्तियों से अधिष्ठित होकर जो कुछ भी है उसका जानने वाला है।।२।। ब्रह्मा, विष्णु, महेश, शिव, यह सब उसी की मूर्ति हैं उन्हीं से सम्पूर्ण विश्व विस्तार को प्राप्त है।।३।। अथवा अन्य पञ्चब्रह्म मूर्ति से सम्पूर्ण जगत् का विस्तार प्राप्त है।।४।। ईशान, पुरुष, अघोर, वामदेव और सद्योजात, यह उनकी पञ्चमूर्ति विश्वविख्यात है।।५।। उनकी ईशान नाम मूर्ति प्रकृति की भोक्ता होकर साक्षात् क्षेत्र में स्थित है।।६।। सत्पुरुष नामक स्थाणु की मूर्ति गुणाश्रय होकर भोगती है वह अव्यक्त में स्थित है।।७।। अघोरमूर्ति शिव के बुद्धित्व में पूजित है तथा धर्मादि अष्टरांग से युक्त होकर स्थित है।।८।। विधाता या वामदेव नामक शिव मूर्ति को शास्त्रज्ञजन अहंकार में स्थित रहने वाली कहते हैं।।९।। सद्योजात मूर्ति को ज्ञानीजन मन में स्थित होने वाली बताते हैं।।१०।। श्रोत, वाणी, शब्द, आकाश की विभु तथा सबकी ईश्वर मूर्ति को ज्ञानियों ने ''ईशान'' कहा है।।११।। त्वचा, हाथ, स्पर्श और वायु की अधीश्वरी मूर्ति को पुराणतत्त्ववेत्ता ''पुरुष'' कहते हैं।।१२।। चक्षु, चरण और अग्नि की अधीश्वरी मूर्ति को विद्वानों ने अघोर कहा है।।१३।। रसना, वायु, रस, और जल की अधीश्वरी मूर्ति को उसके ज्ञाताओं ने वामदेव कहा है।।१४।। घ्राण, उपस्थ, गन्ध और पृथ्वी की अधीश्वरी मूर्ति 'सद्योजात' नाम वाली कही गयी।।१५।। देवाधिदेव की यह पाँचों मूर्ति का यत्नपूर्वक कथन मंगल की कामना वाले पुरुषों को सदा मंगल प्रदान करने वाली है।।१६।। उन देवाधिदेव की अष्टमूर्ति मय यह संसार है, जैसे धागे में मणि पिरोयी रहती है।।१७।। उनकी आठ मूर्तियां-शर्व, भव, रुद्र, उग्र, भीम, पशुपति, ईशान और महादेव है।।१८।। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, व्योम, क्षेत्रज्ञ, अर्क और चन्द्रमा

महेश की आठों मूर्तियों में कल्पित हैं।।१९।। चराचरात्मक-विश्व को यह पृथ्वी धारण करती है, शास्त्र का निर्णय है कि यह शिवात्मक मूर्ति है।।२०।। इस सम्पूर्ण विश्व का जीवन जलात्मक है, परमेश्वर शिव की यह मूर्ति भावी कही जाती है।।२१।। बाह्यान्तर विश्व को व्याप्त कर उसकी तेजोमयी शुभ मूर्ति तथा घोर रूप रौद्री मूर्ति है।।२२।। सम्पूर्ण विश्व का स्पन्दन करने वाला वायु इसका भरण-पोषण करता है।।२३।। सर्वव्यापक उनकी आकाशात्मक मूर्ति सबको अवकाश देने वाली है तथा सब प्राणियों की भयदायक भीष्म मूर्ति है।।२४।।

जो सब क्षेत्रवासियों के अन्त:करण में सर्वात्मरूप से स्थित है, वह पशुपति मूर्ति सब जीवों के पाश को काटने वाली है।।२५।। सूर्य रूप से वे सम्पूर्ण विश्व को प्रकाशित करते हैं, ईशान नामक शिवमूर्ति स्वर्ग में चलने वाली है। २६ । विश्व को अपनी चाँदनी से तृप्त करने वाली उनकी चन्द्रमूर्ति 'महोदेव' संज्ञावाली है ।।२७।। विश्व की व्यापक विश्वात्मक मूर्ति इनमें आठवीं है यह इतर मूर्ति से अधिक व्यापक होने के कारण परमात्मा की शिव की [शिवात्मक] है। २८।

वृक्ष की जड़ को सींचने से जैसे शाखाएं फूटती हैं, वैसे ही शिव के पूजन रूप अभिसिञ्चन से शरीरमय विश्व की पुष्टि होती है।।२९।। सबके अभयदान तथा सबके लिए अनुग्रह का विधान करने वाली, सम्पूर्ण उपकारों का कारण शिव की आराधना ही कही गयी है।।३०।। जैसे पुत्र, पौत्रादि के सुख से पिता प्रसन्न होता है वैसे ही सबकी प्रीति से भगवान् शङ्कर प्रसन्न होते हैं।।३१।। नि:संदेह रूप से किसी भी शरीरधारी का निग्रह करना शिव की अष्टमूर्ति का ही निग्रह करना है।।३२।। इस प्रकार अपनी अष्टमूर्ति से सम्पूर्ण विश्व को व्यापत करके स्थित हुए परमकारण रूप भगवान रुद्र का सर्वभाव से भजन करना ही श्रेयस्कर है।।३३।।

अध्याय ३

जीव पशु हैं और शिव जगत्पति

उपमन्यु ने कहा -

यह चराचर जगत उन्हीं देवादिदेव शिव का विग्रह है-पाश में आवद्ध जीव उन्हें नहीं जानते।।१।। हे यदुनन्दन! वह एक ही अनेक रूप से जाना जाता है महर्षि उसे अज, अनन्त, भाव से जानते हैं।।२।। अपर ब्रह्मरूप ही पर ब्रह्मात्मक है, उसी को महादेव, अनादि और निधन कहा जाता है।।३।। भूतेन्द्रिय, अन्तःकरण प्रधान, विषयात्मक अपर ब्रह्म ही पर ब्रह्मात्मक एवं विदात्मक है।।४।। वही वृहत् और वृहंष होने के कारण परम संज्ञक है, वे दोनों ब्रह्म के ही रूप ईश्वर कहते हैं।।५।। विद्या चेतना और अविद्या अचेतना है, विश्वगुरु का यह विद्या अविद्यात्मक स्वरूप है।।६।। यह उसी का स्वरूप विश्व निसंदिग्ध रूप से उसी के वश में स्थित है। भ्रान्ति के कारण वह पर अनेक रूपों में जाना जाता है।।७।।

अर्थों में अयथार्थ बुद्धि होने को भ्रान्ति कहा है, अर्थाकार संविति को विद्या कहा गया है।।८।। तत्वपद विकल्प रहित है तथा उसके विपरीत तत्व को वेदवादियों ने असत् कहा है।।९।।

सत्-असत् के पति होने से शिव को क्षर-अक्षरात्मक कहते हैं परन्तु वह क्षर-अक्षर से भी परे है।।१०।। सभी प्राणी नाशवान् हैं उनको कूटस्थ को अनश्वर कहा है वे दोनों ही उस परमेश्वर के अधीन हैं।।११।। उससे परे शान्त शिव को क्षराक्षर से परे कहा है तथा वह समष्टि-व्यष्टि रूप समष्टि-व्यष्टि का कारण है।।१२।। मुनि परम कारण रूप से शिव की वन्दना करते हैं तथा समष्टि को अव्यक्त और व्यष्टि को व्यक्त बताते हैं।।१३।। उसी की इच्छा से उपर्युक्त दोनों रूप उसी के हैं उनके कारण के अभाव में शिव ही परम कारण हैं।।१४।। कारण के ज्ञाताओं ने समष्टि-व्यष्टि को कारण कहा है, कोई ईश्वर को जाति और व्यक्ति रूप बतलाते हैं।।१५।। पिण्डों में बर्तने वाली को जाति कहा जाता है वह

व्यक्ति आवृत्ति रूप सभी पिण्ड जाति में स्थित है।।१६।। जाति और व्यक्ति उसी की आज्ञा के वश में है इसलिए महादेव को जाति-व्यक्ति रूप कहा गया है।।१७।।

प्रधान-पुरुष व्यक्त और कालात्मा शिव हैं, प्रधान प्रकृति है तथा क्षेत्रज्ञ पुरुष कहा गया है।।१८।। तेइस तत्त्वों के नाम व्यक्त बताए गये हैं। कार्य-काल के प्रपञ्च का परिणाम एक ही कारण है।।१९।। यही ईश्वर प्रवर्तन और निवर्तन करता है तथा आविर्भाव और तिरोभाव का एकमात्र कारण है।।२०।। इसलिए प्रधान-पुरुष कालस्वरूपात्मक है उसके कारण तथा अधिपति महेश्वर ही कहे गये हैं।।२१।। कोई कहते हैं कि विराट् हिरण्यात्मा ईश्वर हैं, क्योंकि लोकों का हेतु विश्वात्मका विराट ही है।।२२।। कवियों ने अन्तर्यामी और पर को शिव कहा है। कोई प्राज्ञ तेज से विश्वात्मा बतलाते हैं।।२३।। कोई तुरीय और कोई सौम्य कहते हैं, दूसरे लोगों ने उसे माता, भान, भेय, और मति कहा।।२४।। कोई कर्ता, क्रिया, कार्य व कारण तथा दूसरे जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति वाला कहते हैं।।२५।। किसी ने तुरीय और किसी ने तुर्यातीत कहा है, कोई निर्गुण और कोई सगुण कहते हैं।।२६।। कोई संसारी, असंसारी, स्वतन्त्र और अस्वतन्त्र कहते हैं।।२७।। किसी ने इसे घोर, किसी ने सौम्य रागी और किसी ने विरागी कहा है।। ।।२८।। कोई क्रियारूप कोई निष्क्रिय, कोई इन्द्रिय रूप और कोई इन्द्रिय रहित कहते हैं।।२९।। कोई चल, कोई अचल, कोई रूपरहित कोई रूपवान् कहते हैं।।३०।। किसी ने उन्हें दृश्य कहा है अदृश्य बताते हैं, कोई वाच्य, अवाच्य, शब्दात्मक और कोई शब्द से परे कहते हैं।।३१।। किसी ने चिन्तायुक्त, अचिन्तायुक्त, कोई ज्ञानरूप और कोई विज्ञान रूप कहते हैं।।३२।।

कोई ज्ञेय, कोई अज्ञेय, कोई एक और कोई अनेक बताते हैं।।३३।। इस प्रकार उस परमेष्ठी की अनेक प्रकार से कल्पना की गयी है और अनेक प्रकार के विश्वास के कारण मुनिजन भी यथार्थ निर्णय करने में समर्थ नहीं हैं।।३४।। परन्तु जो सर्वभावेन परमेश्वर शिव की शरण को प्राप्त हो चुके हैं, वे बिना किसी यत्न के ही परम-कारण को जान लेते हैं।।३५।। जब तक प्राणी संसार को वश में करने वाले पुराण पुरुष परमेश्वर के दर्शन नहीं करता तब तक पाश में बंधा रहकर चक्रनेमि के समान घूमता रहता है।।३६।। और जब विश्वकर्ता हिरण्यगर्भ ईश्वर, ब्रह्म के दर्शन करता है, तब-तक पुण्य-पाप को दूर करके शिवजी के तादात्म्य को प्राप्त करता है।।३७।।

अध्याय ४

युगों में शिव के योगावतार

श्रीकृष्ण ने कहा -

सग युगों के प्रारम्भ में योगाचार्य के दलवाले शर्व [शिव] के अवतार और उनके शिष्यों का वृतान्त सुनाइए।।१।।

उपमन्यु ने कहा–

श्वेत, सुतार, मदन, सुहोत्र, कंक, लौगाक्षि, महाभाय, जैगीषव्य।।२।। दधिवाह, ऋषभ, मुनि, उग्र, अत्रि, सुपालक, गौतम, वेदशिरा।।३।। गोकर्ण, गुहावासी, जटामाली, शिखण्डी, अट्टहास, लागतीवदारुक, महाकाल, शूली, दण्डी, सुण्डी, सहिष्णु, सोमशर्मा और नकुलीश्वर।।५।। सभी वैवस्वतमनु के वाराहकाल में हुए, युगों के क्रम से योगाचार्य अट्ठाईस हुए हैं।।६।। एक-एक के चार शिष्य हुए, शान्त से रुष्य पर्यन्त सभी शिष्यों को कहता हूँ।।७।। श्वेत, श्वेतशिख, स्वेता, श्वेतालोहित, शतरूपा, ऋचीक, दुन्दुभि केतुमान।।८।। विकोश, विपाक, पाशनाशन, दुर्मुखा, सुमुख, दुर्दम, दुरतिक्रम।।९।। सनक, सनन्दन, सनत कुमार, सनातन, सुधमां, शंखपाद, विरज, वैरज।।१०।। सारस्वत, मेघ, मेघवाह, आसुरि, कपिल, पञ्चशिख बाष्कल।।११।। पराशर, गर्ग, भार्गव, अंगिरा, बलबन्धु, निरामित्र, केतु, श्रृंग तपोधन।।१२।। लम्बोदर, लम्बाक्ष, लम्बकेशक सर्वज्ञ, समबुद्धि, साध्यबुद्धि।।१३।। सुधामा, कश्यप, वशिष्ठ, वरिज, अत्रि, उग्र, गुरु, श्रेष्ठ, श्रवण, श्रविष्ठक, ।।१४।। कुणी, कुणबाल्य, कुशरीर, कुनेत्रक, कश्यप, उशना, च्यवन, बृहस्पति।।१५।। उतथ्य, वामदेव, महाकाल, महानील, वाचश्रवा, सुधीर, श्यामाश्व, यतीश्वर।।१६।। हिरण्यनाभ, कौशल्य, लोकाक्षि, कुथुभि, सुमन्त, जैमिनी, कबन्ध, कुश, कन्धर। ।।१७।। प्लक्ष, दार्भातणि, केतुमान, गौतम, बल्लभी, मधुपिंग श्वेतकेतु।।१८।। उशिज, बृहक्षश्व, देवल, कवि, शालिहोत्र,

सुवेश, शम्बूक, आश्लायन, शरद्वसु, छलगकुन्ड, कर्णकुम्ब, प्राबाहुक, उल्लक, विद्युत।।१९।। अक्षपाद, कणाद् उलूलवत्स, कुशिक, गर्ग, मित्रक, रुष्य।।२०।। यह सभी योगाचार्य महेश्वर के शिष्य हैं और सब एक सौ बारह हैं।।२१।। सभी पाशुपत सिद्ध अंगों में भस्म लेपन करने वाले, शास्त्रार्थ के ज्ञाता तथा वेद-वेदांग पारगामी।।२२।। शिवाश्रय में प्रीति वाले, शिवज्ञान परायण, सङ्गहीन, तथा शिव से ही अपने मन को संयुक्त रखने वाले।।२३।। शीतोष्णादि को सहन करने वाले, सभी भूतों के हितकर्ता, क्रोध जयी।।२४।। रुद्राक्ष की माला के आभरण, त्रिपुण्ड और शिखामात्र जटाधारी, जटारहित और सिर मुंडितफल मूलोपहारी, प्राणायाम करने वाले, शैवमार्ग तथा शिव ध्यान में तत्पर।।२५-२६।। सम्पूर्ण संसार रूपी विष के अंकुरों को समूल से उखाड़ने वाले तथा शिवलोक जाने को कटिबद्ध।।२७।। ऐसे श्वेतादि को जो अपना आचार्य मानकर जो शिव जी का पूजन करता है वह कार्य का विषय नहीं बनता शिव-सायुज्य को प्राप्त करता है।।२८।।

अध्याय ५

श्रीकृष्ण ने कहा

हे प्रभो! आपने मन्त्र का महात्म्य कथन किया तथा उसके प्रयोग का श्रुति सम्मत विधान भी कहा।।१।। इस मन्त्र के ग्रहण में शिव संस्कार श्रवण की इच्छा है जो आपने सूक्ष्म रूपेण कहा, उसे सविस्तार कहें।।२।।

उपमन्यु ने कहा –

सभी कर्मों को दूर करने की विधि कहता हूँ, उस पवित्र संस्कार का शिव ने स्वयं ही वर्णन किया है।।३।। पूजन में सम्यक् प्रकार सभी क्रियमाण संस्कार करना चाहिए उन्हें षड्मार्ग का शोधित [शोधन] संस्कार कहा गया है।।४।। जिस संस्कार से विज्ञान होता है और पाश का बन्धन करता है उसे दीक्षा कहा गया है।।५।। शिव शास्त्र में शाम्भवी, शक्ति और मान्त्री इन तीन प्रकारों की दीक्षा स्वयं शिव ने कही है।।६।। गुरु के दर्शन, स्पर्श और सम्भाषण से पाप को क्षय करने वाली संज्ञा तुरन्त होती है।।७।। वही शाम्भवी दीक्षा पुनः पापक्षय के भेद दो प्रकार की कही गयी है-तीव्रा और तीव्रतरा।।८।। शीघ्र निवृत्त करने वाली तीव्रा और पाप का परिशोधन करने वाली तीव्रतरा कही जाती है।।९।। जो दीक्षा ज्ञान चक्षु से प्राप्त होती है और योगमार्ग द्वारा गुरु से शिष्य के शरीर में प्रविष्ट होती है वह शाक्ती और ज्ञानात्मक है।।१०।। क्रियावासी मान्त्री दीक्षा कुण्डमंगल से पूर्व मन्द और मन्दोत्तर के भेद से गुरु बर्हिभाव में करे। शक्ति तथा सामर्थ्य के अनुसार ही शिष्य अनुग्रह योग्य है, क्योंकि शैव धर्म के अनुसार यह उसका मूल है।।११-१२।। जहाँ शक्ति पतित नहीं होती और न विद्या, शिष्याचार, मुक्ति अथवा सिद्ध होती है।।१३।। इसलिए शक्तिपात के लक्षणों को देखकर ज्ञान और क्रिया के द्वारा शिष्य को शुद्धि करनी चाहिए।।१४।। उसका मोह नष्ट होता है या नहीं, इस तरह सर्वप्रकारेण गुरु शिष्य की परीक्षा करें।।१५।। अत्यन्त आनन्द

की प्राप्ति शक्ति के पतित होने का चिन्ह है क्योंकि पराशक्ति प्रबोधानन्द स्वरूप है।।१६।। अन्तःकरण की विक्रिया आनन्द बोध का लक्षण है उससे कम्पन, रोमांच स्वर एवं नेत्रादि विकार प्रतीत होते हैं।।१७।। शिष्य के लक्षणों की परीक्षा की जाय, सम्पर्क में शिव-पूजा में, अपनी अथवा उसकी गति से परीक्षा की जानी चाहिए, शिक्षण योग्य होने से शिष्य और गौरवयुक्त होने से गुरु की संज्ञा होती है इसलिए सर्वप्रकारेण गुरु को गौरव-युक्त रख्खे।।१८-१९।। गुरु ही शिष्य है, शिव ही गुरु है तथा गुरु और शिव दोनों विद्या का कारण होने से शिव, गुरु और विद्या के अर्चन के समान होते हैं।।२१।। गुरु सम्पूर्ण देवात्मक और तन्त्रमय है इसलिए गुरु की आज्ञा को प्रयत्नपूर्वक शिरसा धारणा करनी चाहिए।।२२।। कल्याणकामी शिष्य मन से गुरु की आज्ञा को नहीं लांघता क्योंकि गुरु भी आज्ञा पालन से ज्ञान और सम्पत्ति दोनों प्राप्त होते हैं।।२३।।

चलते, खड़े होते, सोते, खाते तथा अन्य कार्यो को करने के लिए गुरु की आज्ञा प्राप्त कर।।२४।। गुरु के घर में या उनके समक्ष श्रेष्ठ आसन पर नहीं बैठना चाहिये क्योंकि उसका घर देवमन्दिर और वह साक्षात् देवता है।।२५।। जैसे पापियों की संगति से व्यक्ति पतित हो जाता है वैसे ही गुरु की संगति से सभी पाप नष्ट होकर धर्म फल मिलता है जिस भांति अग्नि की संगति से सुवर्ण स्वच्छ हो जाता है।।२६।। गुरु के सम्पर्क से शिष्य उसी प्रकार शुद्ध हो जाता है जैसे अग्नि के सम्पर्क से घी का कलश लीन हो जाता है। आचार्य के सामीप्य से उसी प्रकार सभी पाप विलय हो जाते हैं।।२७।। और जाज्वल्यमान अग्नि सुखे काष्ठ को भस्मसात् करती है।।२८।। वैसे ही संतुष्ट होकर गुरु क्षणमात्र में पापों को भस्म कर देते हैं अतएव मन, वाणी और कर्म से गुरु को क्रोधित नहीं करना चाहिए।।२९।। क्योंकि गुरु के क्रोधित होने से आयु, श्री, ज्ञान और सत्क्रिया नष्ट हो जाती है जो शिष्य गुरु को क्रोधित करते हैं उनके यज्ञ फलहीन होते हैं।।३०।। उनके यम, नियम, निसंदेह नष्ट हो जाते हैं इसलिए कभी भी गुरु के विरुद्ध कोई बात न कहे।।३१।। यदि मोहवश कहता है तो नरकगामी होता है, बुद्धिमान को मन, वाणी और कर्म से गुरु सेवा करनी चाहिए।।३२।। जो शिष्य कल्याण की कामना करे उसे मिथ्याचार से बचना चाहिए, गुरु का एक दुर्गुण कहने से सौ दुर्गुण होते हैं और गुरु के गुण कहने से सभी पुण्यों का फल मिलता है। गुरु का कथन हो या नहीं, सर्वदा गुरु के प्रिय और हित की कामना करनी चाहिए।।३३।। उनके समक्ष या पीछे भी उनके हित का कार्य करें ।।३४।। इस प्रकार आचारवान शिष्य श्रेष्ठ, मनपूर्वक नित्यप्रति गुरु का प्रिय कार्य करता हुआ

शिव-धर्म में निरत रहे जो उसका आनन्दायक एवं विज्ञ हो।।३५।। जो तत्वज्ञानी शिवभक्त हैं वही मोक्ष देने में समर्थ हैं दूसरे नहीं, ब्रह्म ज्ञान को प्रकट करने वाला तत्व परमानन्द से ही उपलब्ध होता है।।३६।। वह परमानन्द दर्शक तत्व से ही जाना जाता है, ज्ञानहीन गुरु मोक्ष देने में समर्थ नहीं हो सकते ।।३७।। ज्ञानी गुरु और शिष्य परस्पर तारनें में समर्थ होते हैं, मूर्ख गुरु शिष्य को कभी भी पार नहीं कर सकता।।३८।। तत्वज्ञानी तो स्वयं ही मुक्त है, दूसरों को भी मुक्त करने में समर्थ है, तत्व के बिना ज्ञान नहीं और ज्ञान के बिना आत्मज्ञान नहीं।।३९।। आत्मज्ञान के बिना इन्हें पशु संज्ञा से अभिहित किया जाता है, पशुओं से प्रेरित होने पर पशुत्व की निवृत्ति सम्भव नहीं है।।४०।। इस प्रकार तत्वज्ञानी ही संसार से पार जा सकता है, सर्वलक्षणयुक्त सभी शास्त्रों का ज्ञाता।।४१।। भी यदि तत्व ज्ञान से रहित है तो व्यर्थ है। जिस गुरु की अनुभवी बुद्धि प्रकृत होती है।।४२।। उसके दर्शन से परमानन्द होता है जिसकी संगति से प्रबोधानन्द प्राप्त हो।।४३।। उसी को गुरु बनाना चाहिए, उत्तम शिष्य सविनय सम्यक् प्रकारेण [रूपेण]।।४४।। गुरु की ज्ञान की प्राप्ति-पर्यन्त सेवा करे और स्थिर भक्ति का आश्रय करे।।४५।। उस गुरु को कभी उपेक्षित न करे, कभी उसका त्याग भी न करे यदि किंचित् आनन्द और प्रबोध उपलब्ध न होता हो।।४६।। पूर्व गुरु के एक वर्ष पश्चात् ही दूसरा गुरु बनावे परन्तु पूर्व गुरु का भी तिरस्कार न करे।।४६।। गुरु के भ्राता पुत्रादि के बोधक और प्रेरक होवें। वेद में पारंगत ब्रह्मण के पास जाकर प्राज्ञ और सुभग गुरु की आराधना करें।।४८।। ऐसे सर्वप्रकारेण अभयदायक गुरु को करुणायुक्त मन, वाणी और कर्म से प्रयत्नपूर्वक प्रसन्न करें।।४९।। उनकी प्रसाद प्रसन्नता, प्राप्ति पर्यन्त सेवा करे, गुरु के प्रसन्न होते ही शिष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं।।५०।। गुरु ही माता, भ्राता, बन्धु, सखा, धन और सुख है इसलिए सब कुछ उनको अर्पण कर के।।५१।। उस शिव रूप गुरु को अपना आत्मदान कर देने पर ही यह देहधारी, शिव-रूप होता है और पुनः इसका जन्म नहीं होता। आचार्य स्वरूप को प्राप्त कर यह पशु पापक्षय करके परमपद प्राप्त करता है। गुरु अपने शिष्य की एक वर्ष परीक्षा करे, ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्यक्रम से दो-तीन वर्ष तक की परीक्षा का विधान है।।५२-५३।। प्राणद्रव्य के प्रदान से सम-असम में उत्तम को निम्न और निम्न को उत्तम कर्म में लगावें।।५४।। जो ताडन करने से विषाद को प्राप्त नहीं होते, वे शिव संस्कार के कर्म में योग्य, संयत और शुद्ध माने जाते हैं।।५५।। जो अहिंसा, प्रिय-वचन बोलने वाले, दयायुक्त, मानरहित, बुद्धिसंयत स्थिर बुद्धि।।५६।। सरल, मृदु स्वच्छ, विनीत, स्थिरचित्त, शौचाचार से सम्पन्न शिवभक्त ब्राह्मण हैं ऐसे मन, वचन और कर्म से शुद्ध, बोधयुक्त शिष्य हों, उनका संस्कार करें यही शास्त्र का निर्णय है। ५८ ।

ब्रह्मसूत्रशाङ्करभाष्यम्

महर्षि वादरायण ने स्वरचित ब्रह्मसूत्रों में पाशुपत सम्प्रदाय की दार्शनिक समीक्षा उपस्थित किया था जिसका अत्यन्त महत्वपूर्ण भाष्य आचार्य शङ्कर द्वारा प्रतिपादित किया गया है। प्रसङ्गतः इस दार्शनिक समीक्षा का उल्लेख आवश्यक प्रतीत होता है। यथा-

अ॰ २ पाद २ सू॰ ३७-४१

पत्युरसामन्जस्यात् ॥ ३७ ॥

पदच्छेद

पत्युः, असामञ्जस्यात्।

सूत्रार्थ

[पत्युः] ईश्वर प्रधानादि उपादानों का प्रेरक होने से जगत् का निमित्त कारण नहीं हो सकता, [असामञ्जस्यात्] क्योंकि विषम सृष्टि में प्रवृत्त होने से रागद्वेषादि के प्रसंग से असंगत है।

भाष्य

अब केवल अधिष्ठाता ईश्वर जगत् का [निमित्त] कारण है इस कारणवाद का प्रतिषेध किया जाता है। क्योंकि "प्रकृतिश्च प्रतिज्ञातृष्टान्तानुपरोधात्" [१.४.२३.] तथा "अभिध्योपदेशाच्च" [१.४.२४] में ईश्वर को दोनों स्वभावों में प्रकृतिरूप से और उसके अधिष्ठाता रूप में, स्वयं आचार्य ने प्रतिष्ठापित किया है। यदि यहाँ समान रूप से ईश्वर कारणवादमात्र का प्रतिषेध किया जाय, तो पूर्वोत्तर का विरोध होने से सूत्रकार परस्पर विरुद्ध वचन कहते हैं, ऐसा प्रसक्त

होगा। इसलिए ईश्वर प्रकृति नहीं है, अधिष्ठाता केवल निमित्त कारण है, इस पक्ष का वेदान्त विहित ब्रह्मैकव के विरोधी होने से यहाँ यत्न से प्रतिषेध किया जाता है। वह वेद बाह्य कल्पना अनेक प्रकार की है।-कुछ लोग तो सांख्ययोग का आश्रयकर कल्पना करते हैं-प्रधान और पुरुष का अधिष्ठाता ईश्वर केवल निमित्त कारण है। प्रधान, पुरुष और ईश्वर ये परस्पर विलक्षण हैं।

माहेश्वर तो ऐसा मानते हैं-कार्य, कारण, योग, विधि और दु:खान्त ये पाँच पदार्थ पशुपति ईश्वर से जीवबन्ध [पशु-पाश] के विनाश के लिए उपदिष्ट हैं। पशुपति ईश्वर निमित्त कारण है ऐसा वर्णन करते हैं। अर्थात् पशु के पाश से मुक्ति हेतु उपदिष्ट है। [पाशुपतमतानुयायी] अन्य दार्शनिक किसी न किसी प्रकार ईश्वर निमित्त कारण है, ऐसा वर्णन करते हैं।

उसी प्रकार वैशेषिक आदि भी कथंचित् अपनी-प्रकृया के अनुसार ईश्वर-निमित्त कारण है, ऐसा वर्णन करते हैं। सिद्धान्ती-इससे उत्तर कहते हैं-पत्युरसामञ्जस्यात् पति-ईश्वर, प्रधान [प्रकृति] और पुरुष का अधिष्ठातृ रूप से जगत् का कारण नहीं हो सकता। क्यों? इसलिये कि इन दोनों स्थितियों में अधिष्ठातृ और निमित्त कारणत्व में असामन्जस्य है। पुन: वह असामञ्जस्य क्या है? हीन, मध्यम और उत्तम भाव से भिन्न-भिन्न प्राणियों को उत्पन्न करने वाले ईश्वर में राग, द्वेष, आदि दोषों के प्रसंग होने से हम लोगों के समान अनीश्वरत्व प्रसक्त होगा। यदि कहो कि प्राणियों के कर्मों की अपेक्षा होने से दोष नहीं, है, तो यह युक्त नहीं है; क्योंकि कार्य और ईश्वर का प्रवर्त्य और प्रवर्त्यपितृत्व भाव होने पर अन्योन्याश्रय दोष प्रसङ्ग होगा। ऐसा नहीं, क्योंकि वह अनादि है, ऐसा यदि कहो तो ठीक नहीं, क्योंकि वर्तमान काल के समान अतीत कालों में भी अन्योन्याश्रय दोष समान होने से अन्धपरम्परान्याय प्रसक्त होगा। और ''प्रवर्तनालक्षणा दोषा'' [प्रवृत्ति के हेतुभूत दोष है] यह न्यायवेत्ताओं का सिद्धान्त है। कोई भी दोष के बिना स्वार्थ अथवा परार्थ में प्रवृत्त हुआ नहीं देखा जाता। स्वार्थ में प्रयुक्त हुआ ही सब लोग परार्थ में भी प्रवृत्त होते हैं, यह भी असामञ्जस्य असंगत है, कारण कि स्वार्थयुक्त होने से ईश्वर में अनीश्वरत्व प्रसङ्ग होगा। ईश्वर को पुरुष-विशेष-स्वीकार किया गया है और पुरुष में औदासीन्य माना गया है, यह असंगत है।।३७।।

सम्बन्धानुपपत्तेश्च ॥ ३८ ॥

पदच्छेद

सम्बन्धानुपपत्तेः, च।

सूत्रार्थ

और प्रेय प्रधानादि के प्रेरक ईश्वर के सम्बन्ध की अनुपपत्ति होने से ईश्वर प्रेरक नहीं हो सकता।

भाष्य

फिर भी असामञ्जस्य ही है, क्योंकि प्रधान और पुरुष से भिन्न ईश्वर सम्बन्ध के बिना प्रधान और पुरुष का ईशिता नहीं है, इनका संयोग रूप सम्बन्ध तो हो नहीं सकता, कारण कि प्रधान, पुरुष और ईश्वर सर्वगत और निरवयव है, एवं समवाय रूप सम्बन्ध भी नहीं हो सकता क्योंकि आश्रय-आश्रयी भाव का निरूपण नहीं है। उसी प्रकार कार्यगम्य अन्य कोई सम्बन्ध भी स्वीकार नहीं किया जा सकता, कारण कि अभी तक कार्य-कारण भाव ही असिद्ध है। यदि कहो कि ब्रह्मवादी के मत में किस प्रकार होता है तो यह युक्त नहीं, क्योंकि उसके मत में तादात्म्यरूप सम्बन्ध उत्पन्न है। और ब्रह्मवादी तो आगमबल से कारण आदि का स्वरूप निरूपण कहते हैं, इसलिए उनके लिये यह नियम नहीं है कि यथादृष्ट ही अवश्य सबको स्वीकार करना चाहिये। दृष्टान्त बल से कारण आदि का स्वरूप निरूपण करते हुए पूर्वपक्षी को तो यथादृष्ट ही सब स्वीकारना चाहिय, यह विशेष है। यदि कहो कि प्रतिपक्षी को भी सर्वज्ञ प्रणीत आगम के सद्भाव से आगम बल समान है, तो यह ठीक नहीं है क्योंकि आत्मज्ञान से सर्वज्ञत्व सिद्धि और सर्वज्ञत्व के ज्ञान से आगमसिद्धि, इस प्रकार-अन्योन्याश्रय प्रसङ्ग है। इससे साख्ययोगवादी की ईश्वर कल्पना अयुक्त है। इसी प्रकार वेद-बाह्य अन्य ईश्वर कल्पनाओं में भी यथासम्भव असामाञ्जस्य की योजना करनी चाहिए ॥ ३८ ॥

अधिष्ठानानुपपत्तेश्च ॥ ३९ ॥

पदच्छेद

अधिष्ठानानुपपत्तेः, च।

सूत्रार्थ

और ईश्वर रूपादि हीन प्रधान का प्रेरक न होने से निमित्त कारण नहीं हो सकता है।

भाष्य

और इससे भी तार्किक परिकल्पित ईश्वर की अनुपपत्ति है। जैसे कुम्हार मृत्तिका आदि को अधिष्ठित कर प्रवृत्त करता है वैसे वही परिकल्पित हुआ [ईश्वर] प्रधानादि को अधिष्ठितकर प्रवृत्त करेगा। परन्तु इस प्रकार उपपन्न नहीं होगा, क्योंकि अप्रत्यक्ष और रूपादि हीन प्रधान ईश्वर का अधिष्ठेय नहीं हो सकता, कारण कि वह मृत्तिका आदि से विलक्षण है।। ३९ ।।

करणवच्चेन्न भोगादिभ्यः ॥ ४० ॥

पदच्छेद

करणवत् चेत्, न, भोगादिभ्यः।

सूत्रार्थ

[करणवत्] अप्रत्यक्ष होने पर जैसे इन्द्रियां जीव से प्रेरित होती हैं वैसे ही अप्रत्यक्ष प्रधान भी ईश्वर से प्रेरित हो जायेगा। [चेन्न] तो यह युक्त नहीं है। [भोगादिभ्यः] क्योंकि ऐसा होने पर जीव के समान ईश्वर को भी भोग आदि प्रसक्त होंगे।

भाष्य

ऐसा हो, परन्तु जैसे अप्रत्यक्ष, रूपादि रहित नेत्र आदि करण समुदाय को पुरुष अधिष्ठित करता है, वैसे ईश्वर प्रधान को भी अधिष्ठित करेगा। उस प्रकार भी उपपन्न नहीं होता, क्योंकि भोगादि के दर्शन से ही करण समुदाय का अधिष्ठिता अवगत होता है। परन्तु यहाँ ईश्वर में भोग आदि देखे नहीं जाते। इन्द्रिय समुदाय के साथ [प्रधान] का साम्य स्वीकार किए जाने पर संसारी के समान ईश्वर को भी भोग आदि प्रसक्त होंगे। अथवा इन दो सूत्रों का अन्य रीति से व्याख्यान किया जाता है-''अधिष्ठानानुपाक्तेश्च'' इससे तार्किक परिकल्पित ईश्वर की अनुपपत्ति है, क्योंकि लोक में अधिष्ठान सहित सशरीर राजा राष्ट्र का ईश्वर देखा जाता है अधिष्ठान रहित नहीं। अतः उस दृष्टान्त के बल से अदृष्टईश्वर की कल्पना करने की इच्छा करने वाले को ईश्वर का इन्द्रियों का आयतन कोई शरीर वर्णयितव्य होगा। परन्तु उसका वर्णन नहीं किया जा सकता, क्योंकि शरीर तो सृष्टि के उत्तर काल भावी है, सृष्टि के पूर्व उसकी अनुपपत्ति है। निरधिष्ठान

होने पर ईश्वर प्रवर्तक नहीं हो सकता, कारण कि लोक में ऐसा देखा गया है। ''करणवच्चेन्न भोगादिभ्यः'' यदि लोक दर्शन के अनुसार ईश्वर का भी इन्द्रियों का आश्रय कोई शरीर अपनी इच्छा से कल्पना करे तो इस प्रकार भी उपपन्न नहीं होता, क्योंकि सशरीर होने पर संसारी के समान भोग आदि प्रसंग होने से ईश्वर को भी अनीश्वरत्व प्रसक्त होगा।। ४० ।।

अन्तवत्त्वमसर्वज्ञता वा ॥ ४१ ॥

पदच्छेद

अन्तवत्वम् असर्वज्ञता, वा।

सूत्रार्थ

प्रधान, जीव और अपनी संख्या [वा] अथवा परिमाण का निश्चय ईश्वर करता है कि नहीं; प्रथमपक्ष [अन्तवत्तम्] परिच्छिन्न संख्या व परिच्छिन्न परिमाण होने से तीनों घट के समान विनाशी होंगे, द्वितीय पक्ष [असर्विज्ञता] में ईश्वर में असर्वज्ञत्व सिद्ध होगा, इससे माहेश्वर सिद्धान्त भ्रान्तिमूलक है।

भाष्य

इससे भी तार्किक परिकल्पित ईश्वर की अनुपपत्ति है। क्योंकि वही ईश्वर सर्वज्ञ और अनन्त है, ऐसा वे स्वीकार करते हैं और प्रधान अनन्त है, पुरुष अनन्त है और परस्पर भिन्न हैं, ऐसा स्वीकार करते हैं। उनमें सर्वज्ञ ईश्वर से प्रधान, पुरुष और अपनी इयत्ता [संख्या अथवा परिमाण] जानी जाती है अथवा नहीं जानी जाती है? दोनों प्रकार से प्रसङ्ग दोष ही है, क्यों? पूर्व विकल्प में तो इयत्ता परिच्छिन्न होने से प्रधान, पुरुष और ईश्वर का अन्तवत्त्व अवश्यंभावी है। कारण कि व्यवहार में ऐसा देखा जाता है। लोक में जो इयत्ता परिच्छिन्न पट आदि वस्तु है वह अन्तवान् देखी गयी है, इसी प्रकार प्रधान, पुरुष और ईश्वर तीनों भी इयत्ता परिच्छिन्न होने से अन्तवान् होंगे। संख्या परिमाण तो प्रधान, पुरुष और ईश्वर त्रयरूप से परिच्छिन्न है। उसमें स्थित स्वरूपमाण भी ईश्वर से जाना जाता है। पुरुष गत महासंख्या है। उससे इयत्ता परिच्छिन्नों के मध्य में जो संसारी संसार से मुक्त हो जाते हैं उनका संसार और संसारीत्व अन्तवान् होगा। इस प्रकार क्रम से अन्यों के भी मुक्त हो जाने पर संसार और संसारियों का अन्तवत्त्व हो जायेगा और विकार सहित अप्रधान पुरुष के भोग और मोक्ष के लिए ईश्वर का

अधिष्ठेय करेगा अथवा किस विषय में सर्वज्ञत्व और ईश्वरत्व होगा। प्रधान, पुरुष और ईश्वर को इस प्रकार अन्तवत्त्व होने पर आदिमान् होने का प्रसङ्ग हो जायेगा। एवं आदि और अन्तवाला होने पर आदि शून्यवाद प्रसङ्ग होगा। यह दोष न हो इसलिए यदि प्रधान, पुरुष और अपनी ईयत्ता ईश्वर से अवगत नहीं होती है, इस द्वितीय विकल्प को स्वीकार किया जाय तो, ईश्वर के सर्वज्ञत्व स्वीकार का त्याग दूसरा दोष प्रसक्त होगा, इससे भी तार्किक परिगृहीत ईश्वरकारणवाद असङ्गत है।

माधवाचार्य विरचित

श्री शङ्करदिग्विजय

इस ग्रन्थ में वेदान्त द्वारा पाशुपत सम्प्रदाय की आलोचना निम्न आधारों पर की गयी है-

''पाशुपतों के अनुसार महेश्वर की समता प्राप्त करना तथा अद्वितीय शिव में लीन हो जाना ही मुक्ति है। भेद स्वीकार करने पर इस प्रकार की मुक्ति कभी सिद्ध नहीं हो सकती। यदि कहा जाय कि शिव का ध्यान करने से इस प्रकार की मुक्ति होती है तब वह नष्ट ही क्यों नहीं हो जाती? क्योंकि संसार के अखिल् भाव पदार्थ नित्य नहीं हैं। ध्यान से उत्पन्न होने के कारण मुक्ति को भी अनित्य होना ही पड़ेगा।'' ।।७४।।

''मोक्ष की अवस्था में पशुओं में जीवों में पशुपति शिव के गुणों का संक्रमण पाशुपत-मत में स्वीकार किया जाता है। यह भी ठीक नहीं है क्योंकि जीवों के अङ्गों से हीन हो जाने पर [विदेह होने पर] उनमें गुण का संक्रमण कैसे हो सकता है''।। ७५ ।।

''कमल का निरवयव गन्ध जिस प्रकार वायु में संक्रमण करता है उसी प्रकार जीव में भी पशुपति के गुणों का संक्रमण होता है यह युक्ति भी ठीक नहीं है। क्योंकि यहाँ पर गन्ध का समवायी कमल, सूक्ष्म रूप से वायु के साथ संयुक्त रहता है इसलिये वह वायु में भी गन्ध-बुद्धि को पैदा करता है''।। ७६।।

''मुक्तावस्था में महेश्वर के गुण, मुक्त पुरुषों में क्या एक अंश से निवास करते हैं या सम्पूर्ण रूप से? यदि पहला पक्ष माना जाय तो पूर्वकथित दोष आता है और यदि दूसरा पक्ष माना जाय तो परमेश्वर में अज्ञता आदि दोष मानने पड़ेंगे'' ।।७७।।

नकुलीश पाशुपत दर्शन

[सायण-माधव के सर्वदर्शन संग्रह से अनूदित]

वैष्णवों का यह मत तो परतन्त्रता का ही दूसरा नाम है जिसका बोध दासत्वादि शब्दों के द्वारा होता है। सचमुच, यह बहुत दु:खकर है क्योंकि इसमें दु:ख का अन्त नहीं होता इसलिए यह कभी भी अभीष्ट नहीं हो सकता। परमेश्वर ही बन जाने की कामना से ''प्रतिपक्षियों के मतानुसार मुक्तपुरुष, वास्तव में मुक्त नहीं है, क्योंकि वे परतन्त्र हैं [परतन्त्रता से], परम ऐश्वर्य के अभाव से, जैसे हम [बद्ध जीव] हैं। ''मुक्त आत्माएँ परमेश्वर की ही तरह गुण रखने वाली हैं पुरुषत्व होने पर भी ये सारे दु:खों के कारणों से रहित है- साक्षात् परमेश्वर की ही तरह-यहाँ अनुमान प्रमाण को प्रतिपादित मानने वाले - ये महेश्वर सम्प्रदाय वाले परम पुरुषार्थ का साधन पाशुपत शास्त्र को ही मानते हैं जिसमें पाँच पदार्थों का विस्तार किया जाता है। उसका यह [पाशुपत शास्त्र का] पहला सूत्र है-

पाशुपत सूत्र की व्याख्या

१. गुरु का स्वरूप-

अब इसलिए पाशुपत दर्शन के पाशुपत शास्त्र के योग और विधि की व्याख्या करेंगे। इसका अर्थ है (इस प्रकार) - यहाँ ''अर्थ'' शब्द पहले के कुछ प्रसंग का द्योतक है। पूर्व प्रसंग यह है कि - गुरु के प्रति शिष्य का कुछ प्रश्न हो चुका है। गुरु का स्वरूप गणकारिका में निश्चित किया गया है - ''आठ पञ्चक [पाँच-पाँच अवान्तर भेदों से युक्त गण] - जानने योग्य हैं और एक गण तीन अवान्तर भेदों का है, इन नवगणों का ज्ञाता और संस्कार करने वाला गुरु कहलाता है।।१।।

१. लाभ, मल, उपाय, देश, अवस्था, विशुद्धि, दीक्षाकारी और बल ये आठ पञ्चक हैं। वृत्तियाँ [कार्य] तीन हैं।।२।।

२. मूलश्लोक में "तिस्त्रो वृत्तकः" [दोनों स्त्रीलिङ्गः शब्द] का प्रयोग करना चाहिए किन्तु त्रीणि [नपु॰] वृत्तयः [स्त्री] प्रयोग है यह वैदिक व्यत्यय [व्यत्ययों बहुलम्-पा॰ सू॰ ३.१.८५] विधि विहित उपाय में फलों को प्राप्त करने का नाम लाभ है। ज्ञान, तपस्, नित्यत्व, स्थिति, और शुद्धि के भेद से पाँच प्रकार का है जैसा कि हरदत्ताचार्य कहते हैं-ज्ञान, तपस्या, नित्यता, स्थिति, और पांचवीं शुद्धि, ये लाभ हैं।

३. आत्मा में अवस्थित दुष्ट भावों को मल कहते हैं। मिथ्याज्ञानादि के भेद से वह पांच प्रकार का है। यह भी कहा है-"मिथ्याज्ञान, अधर्म, सक्ति हेतु, च्युति, और पशुत्वमूल इन पांच मलों को तन्त्र में विवेक के द्वारा त्यागना चाहिऐ।"

साधक की शुद्धि के कारणों को उपाय कहते हैं जिसके वासचर्या आदि पांच भेद हैं। इसे भी कहा है-वासचर्या, जप, ध्यान, रुद्र का सदा स्मरण और प्रपत्ति [शरणागति] ये लाभों के उपाय निश्चित किये गये हैं।। ४ ।।

जिनके पास रहकर अर्थों का अनुसन्धान करते हुए [साधक] ज्ञान और तपस्या की वृद्धि प्राप्त करता है वह देश है जैसे-गुरु, जन आदि। उसे कहा है-

४. गुरु, जन, गुहा-देश, श्मशान तथा रुद्र, यह इस प्रकार हैं। लाभ की प्राप्ति पर्यन्त जब साधक एक ही प्रकार से अवस्थित रहता है तब उसकी यही अवस्थिति अवस्था कहलाती है जिसमें व्यक्त आदि विशेषण लगाते हैं। यह कहा है-व्यक्तावस्था, अव्यक्तावस्था, जयावस्था, दानावस्था और निष्ठावस्था यह पांचवी है। मिथ्या ज्ञानादि का विनाश हो जाना विशुद्ध है।

प्रतियोगियों के पांच भेद होने से यह पांच प्रकार की है। कहा है-

५. अज्ञानहानि, अधर्महानि, आसक्ति हेतु की हानि, च्युति की हानि, और पशुत्वहानि शुद्धि पांच प्रकार की मानी गयी है। पांच दीक्षाकारियों का कथन हुआ है-

६. द्रव्य, काल, क्रिया, मूर्ति और गुरु यह पांचवा हैं।

८. पांच बल है-गुरुभक्ति, बुद्धि की निर्मलता, द्वन्दों पर विजय, धर्म और अप्रमाद, इस तरह बल पांच प्रकार का है। पांच भक्तों को क्षीण करने के लिए आगमों के विरुद्ध नहीं जाने वाले अन्नार्जन के उपाय को वृत्ति कहते हैं। भिक्षा में प्राप्त, उत्सृष्ट [परित्यक्त अन्न], जो मिल जाय उसे ही ग्रहण करना चाहिए। अवशिष्ट सारी बातें आगम-ग्रन्थों से ही जाननी चाहिए।

२. सूत्र के अन्य शब्द-अतः, पति आदि

अतः शब्द के द्वारा दुःखान्त का प्रतिपादन होता है। क्योंकि इस शब्द से आध्यात्मिक आदि तीन दुःखों के विनाश के लिए प्रश्न करना व्यक्त होता है। पशु शब्द से कार्य का प्रतिपादन होता है क्योंकि वह परतन्त्र होता है। पति शब्द से कारण का बोध होता है क्योंकि ''ईश्वर शासन करने वाला पति है'' इस वाक्य में संसार के कारणस्वरूप ईश्वर का वर्णन है। योग और विधि तो अपने आप में स्पष्ट हैं [शब्दों से ही व्यक्त है]।

३. दुःखान्त का निरूपण

इनमें दुःखान्त दो प्रकार का होता है-अनात्मक और सात्मक। अनात्मक वह है जिसमें सभी दुःखों का पूर्णरूप से विनाश हो जाय। सात्मक वह है जिसमें दृक् शक्ति और क्रियाशक्ति से युक्त ऐश्वर्य की भी प्राप्ति हो। ''दृक्शक्ति [ज्ञानशक्ति] यद्यपि एक है किन्तु विषयों की विभिन्नता के कारण पांच प्रकार से व्यक्त की जाती है - दर्शन, श्रवण, मनन, विज्ञान और सर्वज्ञता। दर्शन उस शक्ति का नाम है जिसके द्वारा समस्त चाक्षुष विषयों, स्पर्श सम्बन्धी विषयों का ज्ञान होता है, चाहे वे विषय कितने ही सूक्ष्म क्यों न हो, या दूर पर स्थित हों या किसी वस्तु के द्वारा व्यवहित हों। सभी शब्दों के विषय में सिद्धि के रूप में उत्पन्न ज्ञान को, श्रवण कहते हैं, यथा सम्भव विचारणीय विषयों का चिन्तन करते हुए योग की सिद्धि द्वारा ज्ञान पा लेना मनन कहलाता है। सिद्धि के द्वारा सभी शास्त्रों के विषय को ग्रन्थ और उसके अर्थ को जान लेना विज्ञान है, इसी से अपने पाशुपत शास्त्र का प्रवचन होता है। उपदिष्ट या अनुपदिष्ट सभी अर्थों में सत्रास, विस्तर, विभाग और विशेष के द्वारा तत्व के रूप में सम्बद्ध और सदैव प्रकाशित सिद्धि ज्ञान को सर्वज्ञत्व कहते हैं। यह ज्ञान की शक्ति है।

क्रियाशक्ति यद्यपि एक ही होती है फिर भी परोक्षतः तीन प्रकार की कही जाती है -मनोजवित्व, कामरूपित्व, विकरण धर्मित्व। अतिशय शीघ्रत्य से कार्य करने वाली मनोजवित्व है [मन की तरह वेगवान होना है]। कर्मादि से निरपेक्ष होकर केवल अपनी इच्छा से ही अनन्त सलक्षण [समानधर्म वाले] विलक्षण तथा स्वरूप, करणों में अधिष्ठित होना ही काम रूपीत्व है। विकरण धर्मित्व वह है जब कारणों के न होने पर भी सर्वोच्च ऐश्वर्य से सम्बन्ध हो जाय। यह क्रिया-शक्ति है।

४. कार्य निरूपण

जो कुछ भी अस्वतन्त्र है वह सब कार्य है। वह विविध-विद्या, कला, पशुसंज्ञक है। इनके ज्ञान से संशय आदि की निवृत्ति होती है। इनमें पशु का गुण विद्या है। वह भी दो प्रकार की है– बोधस्वभाव और अबोध स्वभाव वाली विद्या। बोधात्मिका विद्या दो प्रकार की है क्योंकि उसमें विवेक और अविवेक की प्रवृत्तियाँ होती हैं। वह चित्त भी कही गयी है, चित्त के द्वारा सभी प्राणी बोधात्मक प्रकाश से अनुगृहीत सामान्य रूप से सभी वस्तुओं को जानता है, चाहे वे वस्तुएँ विवेक प्रवृत्ति से पूर्ण हो या रहित।

उनमें विवेक प्रवृत्ति केवल प्रमाणों के ज्ञान से ही व्यक्त होती है। अबोधात्मिका विद्या वह है जिसमें पशुत्व की प्राप्ति कराने वाले धर्म और अधर्म में दोनों संस्कार रहें। चेतन के अधीन रहने वाली कला स्वयं अचेतन होती है। इसके भी दो भेद हैं–कार्यरूपा और कारणरूपा। कार्याख्याकला दस प्रकार की पृथ्वी आदि पाँच तत्व और रूपादि पाँच गुण हैं । कारणाख्या कला के 13 भेद हैं–पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ तथा अध्यवसाय (निश्चय), अभिभाव और संकल्प नामक तीन वृत्तियों के भेद के कारण तीन प्रकार के अन्त:करण बुद्धि, अहंकार और मन।

पशुत्व जिसमें हो वह पशु है वह भी दो प्रकार का-साञ्जन और निरन्जन है। साञ्जन शरीर और इन्द्रियों से सम्बन्ध वाला है, निरञ्जन इससे रहित है। इनका विस्तार पञ्चार्थ भाष्य दीपिका आदि ग्रन्थों में देखना चाहिए।

५. कारण व योग का निरूपण

समग्र सृष्टि, संहार और अनुग्रहकारी तत्व कारण है। गुण और कर्म के भेद की अपेक्षा के कारण इसके विभाग भी कहे गये हैं–''पति आद्यगुण से युक्त है आदि। इस सूत्र में पति का अर्थ है निरतिशय दृक् और क्रियाशक्ति से युक्त होकर उसी ऐश्वर्य के द्वारा नित्य सम्बन्ध धारण करना। आद्य अनागन्तुक ऐश्वर्य से सम्बद्ध है इसी प्रकार आदर्श आदि ग्रन्थों के लेखक तीर्थंकरों ने इसका निरूपण किया है।

चित्त के द्वारा ईश्वर के साथ जो सम्बन्ध होता है उसके कारणों को योग कहते हैं–वह क्रिया लक्षण और क्रियोपरमलक्षण वाला है। जप, ध्यान आदि के रूप में जो योग है उसे क्रियायुक्त योग कहते हैं। क्रियोपरम योगवत है। जिसकी संज्ञायें निष्ठा, संवित्, गति आदि है।

६. विधि

धर्मरूपी अर्थ [सिद्धि] का साधनरूप व्यापार विधि है। वह दो प्रकार की है - प्रधानभूत और गुणभूत [गौण विधि]। प्रधान भूत विधि साक्षात् धर्म का कारण अथवा चर्या है। यह भी दो प्रकार की है - व्रत, द्वार। भस्मस्नान-शयन, उपहार, जप और प्रदक्षिणा - ये व्रत हैं। भगवान् नकुलीश ने कहा है भस्म से तीन समय स्नान करना चाहिए, भस्म पर ही सोना चाहिए [पा॰ सू॰ १.८]। उपहार का अर्थ, नियम-पालन से है। इसके छः अंग हैं जैसा कि सूत्रकार ने कहा है-हसित, गीत, नृत्य, हुडुक्कार, नमस्कार और जप्य इस षडंग उपहार के द्वारा पूजा करें। हसित का अर्थ है कंठ और ओष्ठपुटों को हिलाकर "अहहं" ध्वनि करते हुए अट्टहास करना। गान्धर्वशास्त्र की परमपरा के अनुसार महेश्वर सम्बन्धी गुण और धर्म आदि निमित्तों का चिन्तन करना ही गति है। नाट्यशास्त्र के अनुसार हस्त पादादि फेंकना, अङ्गों और उपाङ्गों सहित हाव-भाव का प्रदर्शन नृत्य है। हुडुक्कार उस नाद विशेष को कहते हैं जो वृषभ के स्वर के सदृश है तथा जिह्वा और तालु के संयोग से उत्पन्न होने वाला जो पुण्यपद शब्द है। हुडुक शब्द वास्तव में वषट् की तरह ही ध्वनि का अनुकरण करने वाला शब्द है। जहाँ पर लौकिक पुरुष विद्यमान रहें, वहाँ पर इनका गुप्तरूपेण प्रयोग करना चाहिए। अवशिष्ट तो प्रसिद्ध ही है। द्वारचार्याएं-क्राथन, स्पन्दन, मन्दन, शृंगारण, अपितत्करण, अपितत्भाषण आदि हैं। सोये हुए व्यक्ति के समान चेष्टाएं प्रदर्शित करना क्राथन है, वायुरोग से अभिभूत व्यक्ति की भांति अपने शरीर को प्रकम्पित करना स्पन्दन, टूटे हुए पैर वाले व्यक्ति की तरह लड़खड़ा कर चलना मन्दन है, रूप और यौवन से सम्पन्न किसी कामिनी को देखकर कामुक के समान विलास प्रदर्शन शृंगारण है।

कर्तव्य और अकर्तव्य की विवेचना करने में असमर्थ व्यक्ति की तरह लोकनिन्दित कर्म करना अपितत्करण, परस्पर विरोधी, निरर्थक आदि शब्द उच्चारण अपितद्भाषण कहलाता है।

चर्या के अनुग्रह के अनुस्नान आदि को गौण विधि कहते हैं। इसका प्रयोग इसलिए होता है कि भिक्षान्न भोजन, उत्सृष्ट अन्न, आदि के द्वारा शरीर में जो अपवित्रता आ जाती है उसका निवारण इस विधि के द्वारा ही होता है। सूत्रकार ने यह भी कहा है - अनुस्नान, निर्माल्य और लिङ्ग का धारण करने वाला [पवित्र] होता है।

७. समासादि पदार्थः अन्य शास्त्रों से तुलना

धर्ममात्र का अभिधान समास है जैसा कि प्रथम सूत्र में कहा गया है। पांचों पदार्थों का प्रामाणिक रूप से विस्तार कथन विस्तर है। इसे राशिकर भाष्य में देखना चाहिए। इन सबों का यथासम्भव लक्षण दिखलाते हुए, एक दूसरे पदार्थ से संपृक्त वर्णन करना विभाग कहलाता है। इसका विधान तो इस शास्त्र में हुआ है। दूसरे शास्त्रों में पदार्थों के गुणों का पार्थक्य वर्णन करना विशेष है। उदाहरणतः दूसरे शास्त्रों दुःख से मुक्त हो जाना ही दुःखान्त है किन्तु अपने शास्त्र में परम ऐश्वर्य की प्राप्ति भी होती है दूसरे शास्त्रों में बाद में उत्पन्न होने वाले कार्य हैं [जो पहले विद्यमान न हो]। किन्तु अपने शास्त्र में पशु आदि नित्य पदार्थों को कार्य करते हैं। अन्य शास्त्रों में कारण सापेक्ष है, यहाँ निरपेक्ष भगवान ही कारण है। अन्य कैवल्य आदि फल की प्राप्ति कराने वाला योग है। यहाँ परम ऐश्वर्य प्राप्त दुःखान्त दायक है। अन्यत्र पुनरावृत्ति रूप स्वर्ग आदि फल की प्राप्ति विधि है परन्तु यहाँ विधि से सामीप्य आदि फल है जिसका नाश सम्भव नहीं है।

८. निरपेक्ष ईश्वर की कारणता

क्या इस निरपेक्ष परमेश्वर की कारणता ही एक विशाल इन्द्रजाल समझा जाय? ऐसा समझने पर दो दोष उत्पन्न होंगे - सभी कर्म निष्फल होंगे तथा सभी कार्य एक ही साथ उत्पन्न होने लग जायेंगे। परन्तु ऐसा नहीं समझना चाहिए क्योंकि दोनों के कार्यक्षेत्र के आधार अलग-अलग हैं। यदि निरपेक्ष भगवान को ही संसार का कारण मानने से कर्म की विफलता माननी पड़े तो क्या आपत्ति है? यदि आप कहें कि ऐसा करने से कोई प्रयोजन ही नहीं रहेगा तो प्रश्न होता है कि कर्म को विफल मानने से कारण स्वरूप किसका प्रयोजन रहेगा। क्या कर्म करने वाले [प्राणी] के प्रयोजन का अभाव कर्म की विफलता का कारण होगा या भगवान [संसारोत्पादक] के प्रयोजन का अभाव पहला विकल्प [कर्म करने वाले प्राणी की प्रयोजन-शून्यता कर्म वैकल्य का कारण है] तो हो ही नहीं सकता। ईश्वर की इच्छा से अनुगृहीत होने पर ही कर्म की सफलता निर्भर करती है उसकी इच्छा अनुकूल न होने पर कभी-कभी ययाति आदि पुरुषों के कर्म की तरह हमारे कर्म निष्फल हो सकते हैं। इससे भी कर्म में अप्रवृत्ति नहीं होती, किसान आदि के उदाहरणों से इसकी पुष्टि हो जाती है। ईश्वर की इच्छा के अधीन ही पशुओं की प्रवृत्ति होती है। दूसरा विकल्प भी ठीक नहीं है परमेश्वर की सारी कामनाएं परिपूर्ण है। अतएव कर्म के द्वारा उत्पन्न होने वाले प्रयोजन

को उससे अपेक्षा नहीं रहती। दूसरा आरोप कि ''कार्यों का उत्पादन एक ही साथ होने लगेगा'' ठीक नहीं है। परमेश्वर की अचिन्तनीय शक्ति है उसकी क्रिया शक्ति अध्याहत है जो उनकी इच्छा का ही अनुसरण करती है उसकी इस शक्ति में कोई भी कार्य करने की शक्ति है।

९. ''चूंकि वह [ईश्वर] कर्मादि से निरपेक्ष [स्वतन्त्र] है, अपनी इच्छा के ही अनुसार कार्य करने वाला है, इसी कारण शास्त्र में उसे सभी कारणों का कारण कहा गया है।''

१०. मोक्ष

कोई प्रश्न कर सकता है कि दूसरे दर्शन में भी तो ईश्वर के ज्ञान से मोक्ष मिलता ही है, इस पाशुपत दर्शन में क्या विशेषता है हम कहेंगे कि ऐसा न कहे। अधोदत्त विकल्पों में यह सिद्ध नहीं होगा। निर्वाण या मोक्ष का कारण वास्तव में क्या है – ईश्वर के विषय में केवल ज्ञान प्राप्त कर लेना या उसका साक्षात्कार करना या यथार्थ रूप में तत्वों का निर्णय करना।

पहला विकल्प तो ठीक नहीं क्योंकि बिना शास्त्र के भी साधारण व्यक्तियों की तरह ''महादेव देवताओं के राजा हैं'' केवल इसी ज्ञान की उत्पत्ति से ही मोक्ष की सिद्धि हो जायेगी, शास्त्रों का अभ्यास करना निष्फल है। दूसरा विकल्प भी उचित नहीं है, अनेक प्रकार के मलों के समूह से भरे हुए मांस की आंखों वाले पशु, परमेश्वर का साक्षात्कार कर सकेंगे यह असम्भव है। तृतीय विकल्प को स्वीकार करने के लिए हमारे दर्शन में ही आना पड़ेगा। पाशुपत शास्त्र के बिना तत्वों का यथार्थ निश्चय नहीं हो सकता। इसी को आचार्यो ने इस प्रकार कहा है-

''यदि ज्ञानमात्र से [मोक्ष मिलता] तो शास्त्र व्यर्थ हो जायेंगे। ईश्वर का साक्षात् दर्शन करना दुर्लभ ही है तत्वों का यथार्थ निश्चय पञ्चार्थ के बिना हो ही नहीं सकता।''

इसलिए पुरुषार्थ की कामनावाले उत्तम पुरुषों को पांच पदार्थों का प्रतिपादन करने वाले पाशुपत शास्त्र का आश्रय लेना चाहिए-यही उचित है।

इस प्रकार श्रीमान सायणमाधव के ''सर्वदर्शन संग्रह''
में नकुलीश पाशुपत दर्शन [समाप्त हुआ]॥

डॉ. आलोक मणि त्रिपाठी

वरपार, देवरिया (उ.प्र.) में जन्में डॉ. आलोकमणि त्रिपाठी विगत 16 वर्षों से विभिन्न संस्थाओं की स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्यापनरत रहकर अध्यापन कार्य में सन्नद्ध हैं।

सम्प्रति आप डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद के इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग में रीडर के पद पर हैं।

आप निरन्तर अध्यवसायी तथा चिन्तनपरक व्यक्तित्व के धनी हैं। धर्म-दर्शन के अध्ययन एवं अध्यवसाय में आपकी विशेष अभिरुचि है।

ISBN : 81-85268-71-1

प्रतिभा प्रकाशन
PRATIBHA PRAKASHAN
(Oriental Publishers & Book-Sellers)
29/5, Shakti Nagar, Delhi-110007

SVP
S.N
Sub
Pu
Su